RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 48
लखनऊ, रविवार, 6 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




साइबर हमले से सावधान
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

www.dailypioneer.com

# सरकार ने मांगा वक्त, नौ को फिर होगी बैठक

**किसान आंदोलन**

● पांचवे दौर की बातचीत में नहीं टूटा गतिरोध, समाधान के लिए ठोस प्रस्ताव लेकर आएगा केंद्र

● एमएसपी पर फिर दिया भरोसा, भारत बंद के ऐलान पर कायम किसान नेता



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को किसान नेताओं के साथ पांचवें दौर की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीयूष गोयल।

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**विज्ञान** भवन में कृषि कानूनों पर किसानों और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच करीब पांच घंटे तक चली पांचवें दौर की बातचीत के बाद भी गतिरोध नहीं टूटा। सरकार ने किसान संगठनों से एक ठोस प्रस्ताव पेश करने के लिए वक्त मांगा तथा किसानों संगठनों के आह्वान पर 'भारत बंद' के एक दिन बाद नौ दिसंबर को एक और बैठक करने का अनुरोध किया।

किसान नेता कृषि कानूनों को रद्द करने की अपनी मांग पर अडिग हैं। उन्होंने नए कानूनों से विवादित प्रावधानों को संशोधित करने के सरकार के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। बैठक के दौरान किसान नेताओं ने सरकार से कहा कि वह साफ बताए कि वह कानून को रद्द करेगी या नहीं। किसान नेताओं के मुताबिक सरकार उनकी मांग का कोई संतोषजनक समाधान नहीं दे पाई और प्रतिनिधिमंडल ने साफ कर दिया है कि यदि सरकार ने तीनों कानूनों को खत्म नहीं किया तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सरकार ने भी स्पष्ट किया कि वह कृषि कानूनों को रद्द करने नहीं जा रही है लेकिन उनकी मांगों के मुताबिक प्रावधानों को संशोधन के लिए तैयार है। जबकि किसान नेताओं ने कहा कि उन्हें एक समाधान या प्रतिबद्धता चाहिए। इसके बाद मंत्रियों ने कहा कि आपस में विचार-विमर्श के बाद वे एक ठोस प्रस्ताव लेकर आएंगे।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि नौ दिसंबर को दिन में 11 बजे अगली बैठक का प्रस्ताव दिया गया है। लेकिन यह भी कहा कि सरकार बैठक में मौजूद 40 किसान नेताओं से उनकी मुख्य चिंताओं पर कुछ स्पष्ट सुझाव चाहती हैं और उम्मीद है कि उनके सहयोग से कोई समाधान निकल आएगा। बैठक के बाद तोमर ने कहा कि हमने सभी पहलुओं (कानून के) पर विस्तृत चर्चा की और हम एक समाधान ढूंढ़ने के इच्छुक थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हम नौ दिसंबर को फिर मिलेंगे। यह आसान होता यदि आज ही वे कुछ ठोस सुझाव देते। हम उनके सुझाव का इंतजार करेंगे। आंदोलनरत किसानों को विरोध का रास्ता छोड़ना होगा और बातचीत के लिए आना होगा। सरकार उनकी सारी चिंताओं को सुनने के लिए तैयार है। कृषि मंत्री ने इस बात पर जोर देकर कहा कि सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर आश्वस्त किया है और मंडियों को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमने कहा है कि एमएसपी जारी रहेगी, उसे कोई खतरा नहीं (शेष पेज 7)

## बैठक में 'मौन व्रत' पर रहे किसान

**नई दिल्ली।** सरकार के साथ पांचवें दौर की बातचीत में किसानों का समूह 'मौन व्रत' पर रहा और उसने तीनों नये कृषि कानूनों को वापस लेने की अपनी मुख्य मांग पर 'हां' या 'नहीं' में जवाब मांगा। किसान नेताओं ने यह जानकारी दी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक में किसान नेताओं ने सरकार से साफ-साफ 'हां' या 'नहीं' में इस बारे में जवाब देने को कहा कि वह कानूनों को निरस्त करेगी या नहीं। पंजाब किसान यूनियन के कानूनी सलाहकार गुरलाभ सिंह महल ने कहा कि किसान नेता सरकार से 'हां' या 'नहीं' में जवाब चाहते हैं। बैठक में मौजूद कुछ किसान नेता अपने होठों पर अंगुली रखे हुए और 'हां' या 'नहीं' लिखा कागज हाथ में लिये हुए दिखे।

# एप बताएगा कहां होगी फ्री कोरोना जांच



प्राथमिक विद्यालयों में चयनित शिक्षकों को अपने सरकारी आवास पर नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (समाचार पेज 2)

● मुख्यमंत्री ने लांच किया नया मोबाइल एप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** की जांच कराने के इच्छुक लोगों को अब जांच केंद्र ढूंढने में परेशानी नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मोबाइल एप मेरा कोविड केंद्र का लोकार्पण किया। इस ऐप के जरिए पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित नि:शुल्क कोविड परीक्षण केंद्र का पता लगाया जा सकता है।

स्मार्ट मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर कोई भी व्यक्ति आसानी से जान सकेगा कि उसके घर के आसपास पांच किलोमीटर में कोरोना जांच केंद्र कहां हैं। यही नहीं जिले भर में कहां-कहां पर कोविड टेस्टिंग सेंटर हैं, इसके बारे में भी जानकारी मिल सकेगी। एप लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के खिलाफ जारी लड़ाई में हमारी जीत तय है। बस सावधानी और सतर्कता बनी रहे।

सीएम ने कहा कि 23 मार्च को जब केजीएमयू, लखनऊ में पहले दिन आरटीपीसीआर जांच हुई थी, तब हम महज 72 टेस्ट कर सके थे लेकिन दिन रात, सम-विषम परिस्थितियों में एकजुट होकर हमारी टीम ने काम किया। नतीजा, कि आज यूपी ने दो करोड़ टेस्ट पूरे कर लिए। अब हम रोज डेढ़ से पौने दो लाख कोविड टेस्ट कर रहे हैं। इसमें भी 40 फीसदी आरटीपीसीआर टेस्ट हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश मे सर्वाधिक कोविड (शेष पेज 7)

## जरूरत के अनुसार आईसीयू बेड की संख्या बढ़ाएं: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड19 की वर्तमान स्थिति के परिप्रेक्ष्य में आईसीयू के बेडों की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई जाए। उन्होंने प्रदेश में अब तक कोविड19 के 2 करोड़ टेस्ट होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस संक्रमण के खिलाफ लगातार सतर्कता बरती जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को कोविड19 के प्रति जागरूक किया (शेष पेज 7)

**नेशनल हेराल्ड मामला**

## स्वामी ने गवाहों को तलब करने के लिए अदालत का रुख किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में गवाहों को तलब करने का अनुरोध करते हुए शनिवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ यह मामला दायर किया है। अदालत में दायर अर्जी में स्वामी ने उच्चतम न्यायालय के सेक्रेटरी जनरल संजीव एस कलगांवनार, उप भूमि एवं विकास अधिकारी रजनीश कुमार झा, आयकर उपायुक्त (सर्किल-1) साकेत सिंह और दो नंबवर 2012 को प्रेस विज्ञप्ति जारी करने वाले कांग्रेस के एक पदाधिकारी को तलब करने का अनुरोध किया है। आरोप तय करने से पहले साक्ष्य दर्ज करने की कार्यवाही के तहत अदालत में शिकायतकर्ता स्वामी की जिरह के लिए मामले की सुनवाई निर्धारित है। आवेदन में कहा गया, यह मामला दस्तावेजी साक्ष्य का एक उत्कृष्ट मामला है। इस तथ्य के कारण कि कई दस्तावेज शिकायतकर्ता के मुख्य परीक्षण के लिए संलग्न किए गए हैं, जो सार्वजनिक दस्तावेज हैं। इन दस्तावेजों को मार्क किया गया है और ये सार्वजनिक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां हैं। अर्जी में कहा गया, इन दस्तावेजों को मार्क किए जाने की वजह से इन्हें उचित गवाहों की गवाही के माध्यम से साबित करने की जरूरत है। यह दोहराया जाता है कि शिकायतकर्ता का मामला दस्तावेजी साक्ष्य का एक उत्कृष्ट मामला है, इसलिए इन्हें गवाहों द्वारा साबित किए जाने की जरूरत है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार पांडेय ने शनिवार को इस मामले की सुनवाई 23 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी क्योंकि आरोपी पक्ष के वकील प्रत्यक्ष रूप से सुनवाई में शामिल नहीं हुए और उन्होंने मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। इससे पहले अदालत ने दोनों पक्षों से कहा था कि कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए सुनवाई के तरीके का समाधान तलाशें। उल्लेखनीय है कि स्वामी ने अदालत में गांधी परिवार और अन्य के खिलाफ निजी आपराधिक शिकायत दर्ज कराई (शेष पेज 7)

# स्नातक क्षेत्र चुनाव में भाजपा और सपा को दो-दो सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● लखनऊ में भाजपा प्रत्याशी आगे

**विधान** परिषद में शिक्षक कोटे से की छह में से तीन पर कब्जा करने वाली बीजेपी ने स्नातक खंड में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पांच में दो बीजेपी और दो सपा को मिली है जबकि लखनऊ स्नातक खंड की मतगणना चल रही है जिसका परिणाम रविवार सुबह तक आने की उम्मींद है। इस सीट पर बीजेपी के प्रत्याशी की जीत दिखाई पड़ रही है।

आठवें चरण में भाजपा के उम्मीदवार अवनीश कुमार निर्दलीय कांति सिंह से 2747 वोटों से आगे चल रहे थे। चुनाव आयोग के अनुसार इलाहाबाद-झांसी स्नातक खंड में सपा के डॉ. मानसिंह यादव, आगरा खंड स्नातक में डॉ. मानवेंद्र सिंह बीजेपी, वाराणसी खंड स्नातक में सपा के आशुतोष सिन्हा और मेरठ स्नातक खंड में बीजेपी के दिनेश कुमार गोयल विजय घोषित कर दिए गए हैं। स्नातक क्षेत्र के चुनाव में भी शर्मा गुट को तगड़ा झटका लगा है। लम्बे समय से काबिज निर्दलीयों का भी पत्ता साफ हो गया है। स्नातक खंड में कोई भी निर्दलीय विजय नहीं हो पाया है। हालांकि अभी लखनऊ स्नातक खंड का परिणाम का इंतजार है। लखनऊ में अभी नौंवे राउंड की काउंटिंग जारी हैं। हालांकि यहां भी भाजपा का ही परचम लहराता दिखाई दे रहा है। आगरा खंड शिक्षक सीट पर बीजेपी हार गई थी लेकिन स्नातक खंड निर्वाचन में बीजेपी चुनाव जीत गई है।

प्रथम वरीयता के लिए स्नातक सीट पर शुरू हुई मतगणना में तीसरे नंबर पर चल रही भाजपा पांचवें राउंड में पहले नंबर पर आने के बाद फिर जीत ही हासिल की। द्वितीय वरीयता का परिणाम शनिवार सुबह आया जिसमें कमल खिलने की घोषणा हुई। भाजपा के मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सपा के असीम यादव को 6095 वोटों से हराया। मेरठ में खंड शिक्षक सीट पर दिग्गज ओम प्रकाश शर्मा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा ने स्नातक सीट भी अपने नाम की। भाजपा के प्रत्याशी दिनेश कुमार गोयल ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष हेम सिंह पुंडीर को शिकस्त दी है। भाजपा प्रत्याशी ने सर्वाधिक वोट प्राप्त किए लेकिन निर्धारित कोटा प्राप्त नहीं किया है। लखनऊ में स्नातक खंड निर्वाचन चुनाव की मतगणना के छठे चरण में बड़ा उलटफेर हुआ। पांच चरणों से पीछे चल रहे भाजपा के उम्मीदवार अवनीश कुमार सिंह ने विधान परिषद सदस्य निर्दलीय कांति सिंह पर बढ़त बना ली। इसके बाद से सातवें, आठवें चक्र में इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह पटेल की बढ़त बनी रही। नौवें चरण की काउंटिंग जारी है। वाराणसी विधान परिषद स्नातक कोटे की सीट पर सपा के आशुतोष सिन्हा ने जीत दर्ज की है। सपा प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के केदार नाथ सिंह को शिकस्त दी। इलाहाबाद-झांसी सीट पर यहां से चार बार के भाजपा विधायक यज्ञदत्त शर्मा चुनाव हार गए। उनको सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने हराया। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक सीट पर 24 वर्ष तक राज करने वाली भाजपा को सपा ने करारी शिकस्त दी है।

(संबंधित समाचार पेज 3)

## टीका लगवाने वाले हरियाणा के मंत्री अनिल विज को कोरोना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/नई दिल्ली



**ट्रायल** के दौरान नवंबर में ही कोरोना का देसी टीका कोवैक्सीन लगवाने वाले हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। विज के यह खबर देते ही कोवैक्सीन को लेकर सवाल खड़े होने लगे। यह देश का पहला ऐसा केस है जिसमें टीका लगने के बाद व्यक्ति संक्रमित हुआ है। वैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक ने इस पर सफाई भी दी और दावा किया कि उसकी वैक्सिन सुरक्षित और प्रभावशाली है। विज को अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल के वीआईपी वार्ड में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने उनके संपर्क में आए लोगों से कोरोना टेस्ट कराने का निवेदन भी किया है। विज के भाई राजेन्द्र विज सहित परिवार के सदस्य पहले कोरोना संक्रमित हुए थे। वहीं भारत बायोटेक की तरफ से कहा गया है कि कोवैक्सीन क्लीनिकल ट्रायल दो डोज शेड्यूल आधारित है जो 28 दिन के अंतराल पर दिए जाते हैं।

# कोरोना टीके के जनवरी तक आपात उपयोग की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● महामारी से निपटने के लिए कोवैक्सीन और कोविशील्ड को दी जा सकती है सीमित मंजूरी: गुलेरिया

**कोरोना** महामारी का शीघ्र खात्मा करने के लिए देश में बन रही दो वैक्सीन के टीकाकरण को आपातकालीन स्वीकृति दी जा सकती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन आगामी जनवरी तक भारत में आपातकालीन उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकती हैं। दोनों ही वैक्सीन इस समय ट्रायल के तीसरे चरण से गुजर रही हैं।

गुलेरिया का बयान यूनाइटेड किंगडम (यूके) के फाइजर इंक की वैक्सीन को मंजूरी दिए जाने के बाद आया है। गुलेरिया कोविड-19 प्रबंधन पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स के सदस्य भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वैक्सीन सबसे पहले कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहे फ्रंटलाइन स्वयंसेवकों और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों को दिया जाएगा। विशशज्ञों ने यह भी कहा कि दवा नियामक डीसीजीआई के वैक्सीन की प्रभावकारिता के प्रति आश्वस्त होने के बाद ही टीका उपलब्ध होगा। काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन के राम विश्वकर्मा ने कहा कि भारत में आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण प्रक्रिया यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के समान है।

यदि फाइजर भारत में नियामक के लिए आवेदन करती है तो उसे कुछ दिनों या हफ्तों के भीतर मंजूरी मिल सकती है। हालांकि यह इस पर निर्भर करेगा कि ड्रग कंट्रोलर डेटा से कितना संतुष्ट होता है। यदि नियामक को लगा कि स्थिति के हिसाब से इसकी जरूरत है तो उसके पास यह शक्ति कि वह इसे हरी झंडी दे सकता है। इसके लिए भारतीय डेटा की भी उसे जरूरत नहीं है। यदि भारत को वैक्सीन के आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल जाती है, तो इसका मतलब यह (शेष पेज 7)

## किसानों की आमदनी बढ़ाने को गोबर से सीएनजी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आत्मनिर्भर पैकेज का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को समय से प्राप्त हो। निवेशकों को सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अच्छा माहौल देकर ही हम प्रदेश के सर्वांगीण विकास के सहभागी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों के दृष्टिगत कुशल जनशक्ति तैयार की जाए। उन्होंने जीएसटी संग्रह के सम्बन्ध में बैठक करने के निर्देश देते हुए कहा कि यूपी एक बड़ा राज्य है, अत: यहां पर 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का जीएसटी संग्रह हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों में किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उनका भुगतान 72 घण्टे के अन्दर सुनिश्चित किया जाए। देर होने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गन्ना किसानों से गन्ने की खरीद समय (शेष पेज 7)


## चुनाव पर्यवेक्षक पद पर तैनात आईएएस अजय कुमार सिंह का निधन

**लखनऊ।** वाराणसी में खंड स्नातक और शिक्षक चुनाव में पर्यवेक्षक के पद पर तैनात भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय कुमार सिंह का दिल का दौरा पड़ने से शनिवार सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र करीब 50 वर्ष थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह अधिकारियों के साथ हो रही बैठक रोककर सिंह के निधन पर मौन रखा और शोक व्यक्त किया। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सिंह चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में वाराणसी आए थे और शुक्रवार सुबह मतगणना स्थल पर जाते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा, उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। (पेज 6 भी देखें)

# मोदी 10 को रखेंगे नए संसद भवन की आधारशिला

● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिया प्रधानमंत्री को निमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कुछ ऐसा होगा नया संसद भवन।

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 दिसंबर को नए संसद भवन के निर्माण के लिए आधारशिला रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संसद का नया भवन 64,500 वर्गमीटर क्षेत्र में होगा और इसके निर्माण पर कुल 971 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

बिरला ने प्रस्तावित भवन के बारे में विवरण पेश करते हुए कहा कि लोकतंत्र का वर्तमान मंदिर अपने 100 साल पूरे कर रहा है। यह देशवासियों के लिये गर्व का विषय होगा कि नए भवन का निर्माण हमारे अपने लोगों द्वारा किया जाएगा, जो आत्मनिर्भर भारत का एक प्रमुख उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि नए भवन के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित होगी। आशा है कि आजादी के 75 साल पूरे होने पर संसद का सत्र नए भवन में आयोजित होगा।

लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार, संसद की नयी इमारत भूकंप रोधी क्षमता वाली होगी और इसके निर्माण में 2000 लोग सीधे तौर पर शामिल होंगे तथा 9000 लोगों की परोक्ष भागीदारी होगी। उन्होंने बताया कि नए संसद भवन में 1224 सांसद एकसाथ बैठ सकेंगे और मौजूदा श्रम शक्ति भवन (संसद भवन के निकट) के स्थान पर दोनों सदनों के सांसदों के लिए कार्यालय परिसर का निर्माण कराया जाएगा। बिरला ने कहा कि संसद के वर्तमान भवन को देश की पुरातात्त्विक संपत्ति के तौर पर संरक्षित रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण की आधारशिला संबंधी कार्यक्रम के लिए सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया जाएगा। कुछ लोग (शेष पेज 7)

**ये होंगी विशेषताएं**

- 64,500 वर्गमीटर में बनेगा नया भवन।
- भूकंप रोधी होगी नयी इमारत।
- 1224 सांसद एकसाथ बैठ सकेंगे।
- वायु और ध्वनि प्रदूषण भी होगा नियंत्रित।
- आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से युक्त होगा।
- मौजूदा संसद भवन को किया जाएगा संरक्षित।

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,079 | |
| निफ्टी | 13,258 | |
| सोना | 48,813 | /10g |
| चांदी | 63,343 | /kg |

**क्विक न्यूज**

## असुरक्षित इंजेक्शन से उन्नाव में बढ़े थे एचआईवी के मामले

**नई दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने कहा किउन्नाव जिले में 2017-18 में एचआईवी संक्रमण के मामले बढ़ने की वजह पिछले पांच साल में उपचार में असुरक्षित इंजेक्शन का जोखिम और इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन लगाया जाना है। आईसीएमआर ने उन्नाव के जिला अस्पताल स्थित एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र में आने वालों मे 2017 मे एचआईवी केमामले तेजी से बढ़ने पर एक अध्ययन के परिणामों को जारी किया। इससे साबित हुआ कि पिछले पांच साल में उपचार के दौरान असुरक्षित इंजेक्शन का जोखिम होना और इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन लगाए जाने का स्वतंत्र रूप से एचआईवी सीरो-रिएक्टिव की स्थिति से संबंध है।

## बड़े बोल पछताएं

देश की मायानगरी में हर कोई हुनर आजमाने का मौका चाहता है और अगर बात किसी सरकार के मंत्री और उनके अधिकारियों की हो तो हर कोई दम-खम आजमाने में पीछे नहीं रहना चाहता है। बीते दिनों उप्र में फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर एक शो मायानगरी में रखा गया। सरकार के कुछ चुनिंदा अफसर और मंत्रियों की टीम भी गई। इस टीम में ऐसे भी अधिकारी थे जिन्हें पिछली सरकार में ऐसे शो आयोजित करने का अनुभव प्राप्त है। अब जब इस शो का आयोजन मायानगरी के आलीशान होटल में आयोजित किया गया तो हर किसी को अपनी काबलियत साबित करने का मौका चाहिए था। इस शो में महाराज जी और फिल्मी सितारों के साथ फोटो खिचाने की होड़ में अधिकारियों ने कई ऐसे वायदे भी कर दिए जो सरकार के बस के नहीं हैं। अब लखनऊ लौटकर साहब लोग चिंता में है कि क्या किया जाए।



## यहां भी नारद


अपने मैनेजमेंट गुरु के दरबारियों में हरिराम नाई की भरमार है। आप कोई भी बात करें पांच मिनट भी नही बीतेगा यह बात स्वाभाविक रूप से सम्बंधित जगह पहुंच जाएगी। अब बात यह समझ में नही आ रही है कि नियुक्ति के समय एडमिनिस्ट्रेशन के खिलाफ कोई भी जानकारी मिलने पर तुरन्त शेयर करने को लेकर गीता की कसम दिलाई गई है या फिर यह उनके स्वाभाविक नेचर में है। आप मजाक भी करें तो भी आपकी बात आका तक सीरियस रूप में पहुंचाई जाएगी। जैसे मानो दो देशों के बीच युद्ध शुरू करने की स्थिति हो। फिलहाल कैम्पस में इस नारद मुनि के चर्चे बहुत हैं। इस नारद मुनि को परखने के लिए कई बार ऐसे मौके आये जिनसे इनकी शिनाख्त की गई। अब ऐसे में नारद मुनि को अपने पर ध्यान देना चाहिए वरना खेल के इस खेल में कहीं खेल न बन जाय।

## काटे नहीं कटते दिन....

एक समय था जब खां साहब का जलवा था। सारे नियम कानून ताक पर रख कर खां साहब जो चाहते थे वह करते थे। किसी की हिम्मत नहीं थी कि उनके सामने मुंह खोल सके। लेकिन समय बदला। परिस्थितियां बदलीं। आज वह अपनों को ही मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं क्योंकि उनके द्वारा किए गए अन्याय की सजा उनके साथ ही साथ उनके अपने लोग भोग रहे हैं। खां साहब नौ महीने से अंदर पड़े हुए हैं। बाहर आने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ऐसा नहीं कि उनके द्वारा बाहर आने का प्रयास नहीं किया जा रहा है लेकिन योग हठ उन पर इतना हावी है कि उनके सभी प्रयास विफल होते जा रहे हैं। यही नहीं लगातार उन पर विपत्तियां बढ़ती जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बाहर बैठे उनके सहयोगी जो अखिल साम्राज्य चला रहे हैं, इस इंतजार में हैं कि उनका अच्छा समय आएगा और उन्हें राजगद्दी मिलेगी। तब वह खां साहब को बाहर निकालेंगे।

## अतीत की दहशत

इन दिनों राज्य की सत्ताधारी पार्टी भाजपा के मुख्यालय में योगी सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी पर चर्चा के साथ-साथ अपने-अपने तरीके से शोध चल रहा है। कोई उनकी काबिलियत तो कोई उनके अतीत के साथ सरकारों के भाग्य का जिक्र कर रहा है। चाहे बसपा की सरकार रही हो या फिर सपा की अथवा भाजपा की इन तीनों ही सरकारों में शुरूआती उपेक्षा के बाद इस अधिकारी को अहमियत मिलती रही है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि इस अधिकारी को अहमियत और बेहतर काम करने के बावजूद पिछली दोनों की सरकारों को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी है। योगी सरकार में भी अब यह अधिकारी अहम जिम्मेदारी पर है और भाजपा नेता अतीत के नतीजों को आधार बनाकर योगी सरकार के भविष्य पर सवाल खडे कर रहे है। आईएएस पर चर्चा का गलियारा बने भाजपा मुख्यालय के एक नेता का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सत्ता की बागडोर संभालने के बाद जिन अधिकारियों को एकदम पसंद नहीं करते थे उनमें से एक अधिकारी यह भी हैं। ऐसे ही बसपा के सत्ता से बाहर होने पर सपा सरकार बनने पर तत्कालीन सीएम अखिलेश यादव भी इस अधिकारी को पसंद नहीं करते थे लेकिन बाद में यही अधिकारी उनकी सरकार में अहम भूमिका में आ गये थे। ठीक इसी तरह यह अधिकारी साढ़े तीन साल के वनवास के बाद अधिकारी योगी सरकार में अहम जिम्मेदारी पर हैं। उनके काम को योगी जी ने पसंद किया है। खैर जो भी हो लेकिन अतीत के अनुभवों के आधार पर भाजपा नेता सहमे हुये हैं।




## सबसे बड़े खिलाड़ी

नगर निगम म्युनिसिपल बॉड जारी होने के बाद बड़े साहब ने ली राहत की सांस। वैसे भी बड़े साहब को आए कई महीने बीतने के बाद यह बड़ा मौका था जब सीएम साहब के साथ मंच साझा किया। अब तो साहब की कॉलर और भी ऊंची हो गयी। हालांकि इससे पहले कुछ मामलों में बड़े साहब पर भी सत्ताधारी महिला पार्षद ने दबाव बनाने का खेल शुरू कर दिया था लेकिन बड़े साहब ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। एक सांसद से फोन तक करा डाला और जब नहीं बनीं बात तो पार्षद ने सीधे आरोप कर्मचारियों पर लगाकर साहब से क्षेत्र में हाउस टैक्स की फाइलों को जांचने की मांग तक कर डाली। लेकिन साहब तो निकले खिलाड़ियों के खिलाड़ी। दबाव के आगे झुकने के बजाए विभागीय जांच करा कर मुंह बंद कर दिया। अब तो 200 करोड़ के बांड की सफलता ने बड़े साहब को नगर निगम के कामयाब अधिकारी की पदवी दिला दी। नगर निगम ने पहले कई बार ऐसे भागीरथ प्रयास किये लेकिन सफल नहीं हुए। लेकिन प्रदेश के पहले नगर निगम लखनऊ ने यह उपलब्धि हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया।



## खाकी नहीं सुहाती

वेस्ट यूपी के एक जिले में पिछले दिनों ऐसा वाकया हुआ जिसने महकमे के कर्णधारों को चिंतित कर दिया है। दरअसल मेरठ में ज्वाइनिंग से पहले ही 33 आरक्षियों ने नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। वजह यह रही कि इनमें से ज्यादातर को प्राइमरी स्कूल में शिक्षक के पद पर नियुक्ति मिल गई। इन युवाओं ने खाकी को तवज्जो देने के बजाए मास्टर बनना ज्यादा बेहतर समझा। अब महकमे के वे आला अफसर जो कि कल तक बहुत इतरा कर प्रचारित करते थे कि उच्च शिक्षित युवक पुलिस की नौकरी को प्राथमिकता दे रहे हैं,मेरठ के घटनाक्रम के बाद से काफी हैरान परेशान हैं। अगर देखा जाए तो युवाओं का खाकी से यूं ही मोह भंग नहीं हो रहा। इसके पीछे नौकरी की कुछ सेवा शर्तें भी जिम्मेदार हैं। न नौकरी के घंटे और न छुट्टी तय। घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर रहना सहना। कभी गृह जनपद में नौकरी नहीं कर सकते। वहीं शिक्षक आसानी से घर के समीप वाले स्कूल में तैनाती पा जाता है। मोटा वेतन। कुछ घंटे की नौकरी। पूरे साल में 100 के करीब छुट्टियां और तो और 10 साल की नौकरी के बाद मास्साब का हेड मास्साब भी बनना तय ही है।


# लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शी तरीके से काम करना चुनौती: योगी

## सीएम ने नवनियुक्त शिक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग में कोर्ट की लम्बी लड़ाई के बाद नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौपकर उनका हौसला बढाया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ईमानदारी पूर्वक तरीके काम करना अपने आप में एक चुनौती हो जाती है, इसे पूरा करने में पग.पग पर बाधाएं आती हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 36,590 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने 16 अगस्त को 31,227 सहायक स्कूल शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया था। 69,000 शिक्षक भर्ती अभियान 2020 के तहत शनिवार को 36,950 शिक्षकों को उनके नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुये कहा है कि उप्र सरकार ने शुचिता, पारदर्शिता के साथ बिना भेदभाव और सिर्फ मेरिट के आधार पर नौकरी देने का जो संकल्प लिया है, आज उस



कड़ी में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस 69 हजार शिक्षक चयन की प्रक्रिया को जनवरीए 2020 में ही पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थों और कुत्सित राजनीति से प्रेरित होकर चंदा वसूली कर जैसे.तैसे हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक इसे उलझाए रखा लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उप्र सरकार की रीति और नीति को ही सही माना। नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। इनकी दी हुई शिक्षा जीवन भर साथ रहती है, काम आती है। नवचयनित शिक्षकों को यह जिम्मेदारी समझनी होगी। दुनिया में जहां भी जो कुछ भी सुंदर है, उत्तम है, उससे अपने स्कूल के बच्चों तक पहुंचाएं। अब यही आपका धर्म है। सीएम योगी ने कहा कि अभी जबकि कोविड काल में स्कूल बंद हैं, यह शिक्षक स्कूलों की ओर जरूर जाएं, वहां अभिभावकों से मिलें, बच्चों की मंडली से भेंट करें। उन्हें कुछ न कुछ नयाए अभिनव सिखाते रहें।

## कोरोना वैक्सीन स्टोरेज के लिए क्षमता बढ़ायें

**लखनऊ( पीएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता और आवश्यक कोल्ड चेन की स्थापना के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टोरेज क्षमता को 15 दिसम्बर तक बढ़ाकर 2 लाख 30 हजार लीटर करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद तथा मण्डल स्तर पर कोरोना वैक्सीन के स्टोरेज के लिये कोल्ड चेन की व्यवस्था की जाए। अपने आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वैक्सीन की सुरक्षा के सभी इन्तजाम किये जाएं, ताकि वैक्सीन की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि वैक्सीन स्टोरेज स्थल की सुरक्षा बिल्कुल उसी प्रकार से सुनिश्चित की जाए, जिस प्रकार से चुनाव के दौरान ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने वैक्सीन लगाने के लिये बड़ी संख्या में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में मौजूद कोल्ड चेन की क्षमता 90 हजार लीटर है, जिसे अब बढ़ाकर 2 लाख 30 हजार लीटर करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में तेजी से कार्यवाही की जा रही है।




राजधानी में शाहमीना शाह रोड राजकीय बालिका इंटर कालेज से स्वच्छता को लेकर एनसीसी कैडेट्स की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

## भाजपा के जीत के दावे अनैतिक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद चुनाव में वाराणसी शिक्षक एवं स्नातक सीट तथा झांसी.प्रयागराज खण्ड स्नातक सीट पर जीते समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों को कोटि.कोटि धन्यवाद दिया है। वाराणसी से शिक्षक सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल बिहारी यादव, झांसी खण्ड स्नातक सीट पर डॉ मान सिंह यादव तथा वाराणसी सीट पर आशुतोष सिन्हा ने जीत दर्ज की है। मान सिंह यादव ने चार बार के भाजपा विधायक यज्ञदत्त शर्मा को पराजित किया है। आशुतोष सिन्हा ने निवर्तमान विधायक केदार नाथ सिंह को शिकस्त दी हैं। विधान परिषद के चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत और अपनी हार से बौखला, भाजपाईयों ने मतगणना में घपले की कोशिश में झांसी की पुलिस



पर जानलेवा हमला किया। इन हमलावरों की तुरन्त गिरफ्तारी होनी चाहिए। इसी तरह आगरा में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के विरूद्ध सरकारी तंत्र साजिशों से बाज नहीं आया। हजारों मतपत्र मनमाने तरीके से रद्द कर दिए गए हैं। इससे जनता में भारी आक्रोश है। यह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पराजित करने का षडयंत्र है। इन तरीकों से भाजपा के जीत के दावे अनैतिक और अवांछनीय है। शिक्षक स्नातक चुनावों में सत्ता के खुले दुरूपयोग, फर्जीवाड़े के बाद भी झांसी से लेकर प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र काशी तक भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है।


**SBC EXPORTS LIMITED**

CIN: U18100UP2011PLC043209

Regd. Off.: HOUSE NO.-20, LOHIYA TALAB, CHOTI BASAHI P.O.: VINDHYACHAL MIRZAPUR UP 231307 IN

Tel: 0120-2895246, Email: info@sbcexportslimited.com, Website: www.sbcexportslimited.com

**Notice of 9th Annual General Meeting**

1. Shareholders may note that the 9th Annual General Meeting of the members of the Company will be held on Saturday the 26th day of December, 2020 at 10:00 a.m. at the registered office of the company at House no.-20, Lohiya talab, Choti basahi P.O.: Vindhyachal, Mirzapur - 231307, Uttar Pradesh to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.
2. Electronic copies of the Notice of the AGM along with the Annual Report for financial year 2019-20 will be sent to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company/ Depository Participant(s).
3. Manner of registering/updating email addresses:
   Shareholders holding share(s) in dematerialized form, are requested to register their email address and mobile numbers with their relevant depositories through their depository participants.
4. The notice of the 9th AGM and Annual Report for financial year 2019-20 will also be made available on the Company's website at www.sbcexportslimited.com websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com.
5. The 9th AGM Notice will be sent to the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email addresses in due course.
6. A Member entitled to attend and vote is entitled to appoint a proxy to attend and vote on a poll, instead of him/her self and the proxy need not be a member. A person can act as proxy on behalf of members' up to and not exceeding fifty and holding in the aggregate not more than ten percent of the total share capital of the company. Further, a member holding more than ten percent of the total share capital of the company carrying voting rights may appoint a single person as proxy and such person shall not act as proxy for any other person or member. The instrument appointing proxy must be deposited at the registered office of the company not less than 48 hours before the time of holding the meeting.
7. Corporate members are requested to send a duly certified copy of the board resolution, pursuant to Section 113 of the Companies Act, 2013, authorising their representative to attend and vote on their behalf at the Meeting.
8. During the period beginning 24 hours before the time fixed for the commencement of the meeting and ending with the conclusion of the meeting, members would be entitled to inspect the proxies lodged, at any time during the business hours of the Company, provided not less than 3 days written notice is given to the Company.
9. Members/Proxies/Authorised Representatives should bring the duly filled Attendance Slips enclosed to attend the meeting.
10. The Register of Members & share Transfer Books of the Company will remain closed from Friday, 18th December, 2020 to Saturday, 26th December, 2020 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting (AGM)
11. Annual Report for the financial year 2019-20 including notice of 9th AGM along with Attendance Slips and Proxy Forms are being sent on Email IDs of those members whose E-mail IDs are registered with the Depository Participant(s)/Company, unless a member has requested for a physical copy of the same. The Documents shall be sent through permitted mode to all members holding shares in physical mode.
12. Documents referred to in the notice and the explanatory statement shall be kept open for inspection by the members at the registered office of the Company on all working days (Monday to Saturday) from 10.00 a.m. to 01.00 p.m. except holidays, upto the date of the meeting.

For and on behalf of the Board
For SBC Exports Limited
Sd/-
Hariom Sharma
Company Secretary

Date: 28.11.2020
Place: Sahibabad


## निर्दलीय प्रत्याशी हरिकिशोर तिवारी ने की जांच की मांग

**लखनऊ।** आगरा स्नातक खण्ड से निर्दलीय प्रत्याशी कर्मचारी नेता इं हरिकिशोर तिवारी इटावा ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार नई दिल्ली, मुख्य चुनाव अधिकारी यूपी और रिर्टनिग अधिकारी आगरा को मतगणना में हेराफेरी और इटावा तथा औरैया के बैलेट पेपरों में धांधली का आरोप लगाते हुए जॉच की मांग की है। तिवारी ने सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी को जिताने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरूप्रयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भाजपा द्वारा लगातार चुनाव प्रक्रिया का उल्लंघन एवं प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों द्वारा किए गए उत्पात की वह लगातार शिकायते करते रहे है। आयोग और रिर्टनिग अधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से मांग है कि आगरा स्नातक खंड निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना सहित समस्त कार्यवाहियों की निष्पक्ष जॉच कराई जाए। यह भी देखा जाए कि जो बैलेट पेपर गिने गए है उनके पीछे पीठासीन अधिकारी की मोहर और हस्ताक्षर अंकित है या नही ?

## किसान संगठनों के भारत बंद को प्रसपा का समर्थन: शिवपाल

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यदि कृषि बिल पर किसानों की बात नहीं मानी गई तो 8 दिसम्बर को किसान संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद को प्रसपा का समर्थन है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कृषि बिल के विरुद्ध किसानों की आज सरकार के साथ पांचवें दौर की बैठक जारी है। अन्नदाता उम्मीद भरी आस से देख रहा है। सरकार को तारीख पर तारीख देने का खेल खत्म करना चाहिए। अगर किसानों की बात नहीं मानी गई तो प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया 8 तारीख को किसान संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद का समर्थन करेगी। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रसपा 21 दिसंबर को मेरठ से चुनावी रथ यात्रा निकालकर 2022 विधानसभा चुनाव का बिगुल बिगुल फूंके गी। इसके साथ ही 7 दिसंबर सोमवार से प्रदेश भर में जनविरोधी मुद्दों पर तहसील व मुख्यालय स्तर पर प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन सौंपेगी। इसके उपरांत 24 दिसम्बर से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में गांव-गांव पद यात्रा अभियान चलाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सहादतनगर, वि0ख0 मिश्रिख-सीतापुर**

पत्रांक - मेमो./नि.पत्रा./2020-21 दिनांक : 04.12.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वि0 ख0 मिश्रिख की ग्राम पंचायत सहादतनगर में 14वों वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति करने के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबन्द निविदाएं दिनांक 08.12.2020 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत (लाख में) | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) शिशुपाल के मकान से मनोहर के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 100/- | 2,48,500/- | सीमेन्ट, मौरंग बालू, ईंटा, पत्थर गिट्टी आदि |
| (2) कमर बेग के मकान से शिशुपाल के मकान तक सी.सी. रोड व नाली मरम्मत कार्य। | 100/- | 2,23,500/- | सीमेन्ट, मौरंग बालू, ईंटा, पत्थर गिट्टी आदि |

प्रधान सचिव


## कांग्रेस ने की मिर्जापुर तिहरे हत्याकांड की न्यायिक जांच कराने की मांग

### ● राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, पीड़ित परिवार को मिले 30.30 लाख रुपए का मुआवजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मिर्जापुर** जिले के लालगंज थाना अंतर्गत ग्राम बामी में पिछले दिनों हुई तीन बच्चों की हत्या के मामले में कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को इस मामले में राज्यपाल से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

बीती 1 दिसंबर को सम्भ्रांत एवं साधारण परिवार के 3 बच्चों हरिओम तिवारी पुत्र मुन्ना तिवारी, शिवम उर्फ शशांक तिवारी पुत्र राकेश तिवारी एवं सुधांशु उर्फ विनय तिवारी पुत्र राजेश तिवारी की



निर्ममतापूर्वक नृशंस हत्या कर दी गई थी।

राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ललितेश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष, उण्प्रण् कांग्रेस कमेटी, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, प्रशासन प्रभारी, उण्प्रण् कांग्रेस कमेटी, अशोक उपाध्याय, उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर तथा भारतेन्दु यादव शामिल थे । इस अवसर पर प्रमोद तिवारी सदस्य, कांग्रेस वर्किंग कमेटी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को 30-30 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए तथा पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के कार्यरत न्यायाधीश की निगरानी में इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच करायी जाए अन्यथा प्रकरण की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। राजभवन से प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया गया है कि इस संदर्भ में यथोचित करवाई की जायेगी।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद मुईदुस सलाम से बदल कर मोहम्मद मोइदुस सलाम रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता-105/138, सईदाबाद, चमनगंज, कानपुर।



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी, फतेहपुर**

पत्रांक-815/रा0वि0/2020-21 दिनांक-02.12.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना/2020-21**

विकास खण्ड तेलियानी फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में चतुर्थ/पंचम राज्यवित्त योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य में प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत टिन नं0 धारक निर्माण आपूर्ति कर्ता फर्मो ईट विक्रेताओ/सप्लायर्स से (सीमेन्ट, महीन बालू, मोटी बालू, ब्रिक बैलास्ट, 20एम0एम0 स्टोन ग्रिट, एस0ओ0बी0, ईट प्रथम श्रेणी, एम0एस0 बार, साइनबोर्ड एवं शिफ्टिंग लोकल मैटेरियल व अन्य) सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 02.12.2020 से 17.12.2020 को अपरान्ह 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमंत्रित किये जायेगें जो उसी दिन अपरान्ह 3 बजे तक विकास खण्ड तेलियानी में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 02.12.2020 से 17.12.2020 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 590/- रु0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है**

| क्र.सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन में सामग्री लागत लाख रु0 में | एफ.डी.आर. | निविदा मूल्य +18% GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चतुर्थ राज्यवित्त/पंचम् राज्यवित्त | विकास खण्ड परिसर खण्ड विकास अधिकारी की आवास की बाउन्ड्री का निर्माण | 2.64 | 5280 | 500+90=590 |
| 2 | चतुर्थ राज्यवित्त | विकास खण्ड परिसर में कार्यलय के सामने पार्क का निर्माण | 1.35 | 2700 | 500+90=590 |
| 3 | चतुर्थ राज्यवित्त | विकास खण्ड परिसर में प्रसिक्षण केन्द्र के सामने पार्क का निर्माण | 1.81 | 3620 | 500+90=590 |
| 4 | चतुर्थ राज्यवित्त | नया पुरवा से गंगा घाट तक खण्डजा नवीनीकरण | 3.85 | 7700 | 500+90=590 |

नियम एवं शर्तें : 1. निर्धारित मात्रा में मानकीय श्रेष्ठ गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर स्वीकार की जायेगी। 2. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली-भाँति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा। 3. न्यूनतम दरों वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। 4. सामग्री आपूर्ति में उल्लिखित दरों से अतिरिक्त कोई व्यय भार देय न होगा। 5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पेपर पर 1 रू० रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा। 6. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ0डी0आर/टी0डी0आर/एन0एस0सी0/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है, जो खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी के नाम अनुबन्धित होगी। टेण्डर स्वीकृति के पश्चात 8 प्रतिशत धनराशि जमानत चेक/डी0डी0 द्वारा कार्यालय में जमा करनी होगी। 7. आपूर्ति आदेश के अधिकतम 15 दिन के अन्दर सामग्री आपूति निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 8. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताये भी टेण्डर को निरस्त करते हुए जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। 9. शासकीय नियमानुसार सभी करों आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 आदि की कटौती बिलो से की जायेगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता आपूर्ति के समय निर्देशो के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
तेलियानी, फतेहपुर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## गंदगी से भड़के नगर आयुक्त, जांच के दिए आदेश

# कार्यदायी संस्था कर्मियों की छुट्टी

### जोनल अधिकारी से मांगी सफाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सफाई** व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा अलीगंज क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नेहरू बाल वाटिका, निराला नगर, चेतना सेक्टर ईऔर आईटी कालेज व विश्वविद्यालय मार्ग का जायजा लिया। चेतना सेंटर के पास नियमित सफाई न मिलने पर क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों से कड़ी नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी को स्पष्टीकरण और खाद्य निरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही सफाई संस्था के कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया है।

शनिवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी सफाई व्यवथा का जायजा लेने अलीगंज सहित विश्वविद्यालय मार्ग पर पहुंचें। अलीगंज के चेतना सेंटर, आई टी कालेज सहित दूसरे क्षेत्रों में जायजा लिया, जहां चेतना सेंटर के पास भारी गंदगी पायी गयी। नगर आयुक्त ने स्वयं किए दौरे में अनियमितता पाए जाने पर जोनलअधिकारी राजेश सिंह, पर्यवेक्षक सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से कड़ी नाराजगी जताई। यही नहीं नाराज नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी राजेश सिंह को स्पष्टीकरण और खाद्य एवं सफाई निरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। वहीं चेतना सेंटर पर कार्य कर रहे मदर संस्था के कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

**लखनऊ वन ऐप पर दर्ज होगी कर्मियों की उपस्थिति:** शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए नगर आयुक्त ने लखनऊ वन ऐप का प्रयोग करने का आदेश दिय है। वार्डों में कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों की लापरवाही पर नगर आयुक्त खासे नाराज दिखे। नगर आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन वार्डों के नाम, पर्यवेक्षक का नाम और सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति लखनऊ वन ऐप पर दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही लखनऊ वन ऐप से लापरवाही बरतने वाली संस्था के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐप से चालान और कर्मचारियों की समस्याएं अपलोड करने के लिए कहा है।

# हत्या में बेटों के साथ ही मां को भी उम्रकैद

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हत्या** के एक आपराधिक मामले में सत्र अदालत ने मुल्जिम सफी अहमद, इस्माईल व रानी उर्फ छोटी बिटिया उर्फ नफीसुन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज हरेंद्र बहादुर सिंह ने सफी पर 60 हजार जबकि अन्य दोनों मुल्जिमों पर 50.50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

सरकारी वकील जेपी सिंह के मुताबिक पांच जुलाई, 2016 को इस मामले की एफ्आईआर मृतक मो. फैज के पिता नसीम अहमद ने थाना काकोरी में दर्ज कराई थी। उस रोज उनका बेटा फैज अपने दोस्त मो. आतिफ के साथ नमाज पढ़कर लौट रहा था, तभी नफीस के साढ़ू सफी ने उसे बुलाया। कहा अपनी खाला को समझा दो, वह मुझसे लड़ रही है। इस पर फैज अपने दोस्त के साथ घर के अंदर गया। लेकिन वहां सफी अपनी पत्नी को मारने लगा। अपनी खाला को पिटते देख फैज ने एतराज जताया। इस पर रानी ने कहा, इसे भी मारो। तब रानी के बड़े बेटे इस्माईल ने फैज को पकड़ लिया और छोटे बेटे सफी ने तंमचे से गोली मार दी। रानी के कहने पर आतिफ पर भी गोली चलाई लेकिन वह बच गया और चिल्लाते हुए वहां से जान बचाकर भागा। इधर, इलाज के दौरान फैज की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।



### नमक घोटाले में तीन मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। नमक घोटाला मामले में शनिवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में मुल्जिम रजनीश दीक्षित, धीरज कुमार देव व रघुवीर प्रसाद के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया गया। बीते 25 नवंबर को मुल्जिम आशीष राय के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। यह सभी मुल्जिम न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। शेष मुल्जिमों के खिलाफ विवेचना अभी प्रचलित है। 11 अगस्त, 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में मोंटी गुर्जर समेत सात मुल्जिमों को आईपीसी की धारा 506, 471, 468, 467, 420, 419 व 120बी के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में नामजद किया गया था। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक मुल्जिमों पर नमक सप्लाई का ठेका दिलाने के एवज में छ:ह करोड़ छ:ह लाख की ठगी का इल्जाम है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र में एक ग्रहणी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घरवालों ने उसका शव फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिकए थाने पर कोमल सोनकर पुत्री स्वर्गीय पप्पू सोनकर निवासी पांचवी गली ने सूचना दी कि 4 दिसंबर को शाम करीब 5रू00 बजे बाद एक इवेंट में गई थी। पूछताछ की तो उन लोगों ने बताया कि उसकी मां मैना सोनकर ;51 ने घर के अंदर कमरे में छत में लगे कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। जिससे उनकी मौत हो गयी।

### अश्लील फोटो वायरल करने वाला शोहदा गिरफ्तार

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभूति खंड पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लड़की के अश्लील और आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साइबर** क्राइम सेल और हजरतगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूस भी बरामद करने का दावा किया है। पकड़ा गया आरोपी पैसे मांगने पर ठगी का शिकार बेरोजगारों को जान से मारने की धमकी देकर डराता था।कमिश्नर के निर्देश में अपराधियों की धरपकड़ राजधानी लखनऊ में लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य सोमेन वर्मा, पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त साइबर सेल और सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज के निर्देशन में साइबर सेल और हजरतगंज की संयुक्त कार्यवाही के चलते अभियुक्त प्रशांत मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम सिमरी थाना कोतवाली लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, ठगी के संबंध में गिरजा शंकर मिश्रा निवासी विशाल खंड गोमती नगर ने 4 दिसंबर को हजरतगंज पुलिस में उपस्थित होकर सूचना दी कि प्रशांत मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा ने



जिनका कार्यालय दिलीपपुर टावर लखनऊ में है। उसने मेरी पत्नी और 1012 अन्य बेरोजगारयुवकों हंस दत्त जोशी, अमित जयसवाल, राघवेंद्र सिंह, सुधाकर त्रिपाठी, मुकुंद मिश्रा, आनंद कुमार तिवारी, सुनील मिश्रा, ज्ञानेंद्र शुक्ला, अफ्गान, राजन तिवारी, उपेंद्र और रसूल खान को अपनी दिलीपपुर टावर स्थित कंपनी की आड़ में शिक्षा विभाग, बिजली विभाग में चपरासी व ग्राम विकास अधिकारी के पद व अन्य पदों पर भर्ती कराने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए।

**जालसाजों ने रिटायर्ड चीफ़ मैनेजर के खाते से निकाले 27,500 रुपये:** लखनऊ। साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड चीफ़ मैनेजर के दो खातों से 27, 500 रुपये निकाल लिया। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जानकीपुरम के आलीशानगर सेक्टर आई निवासी अशोक कुमार वर्मा इफ्को फूलपुर से चीफ मैनेजर के पद से रिटायर्ड है। अशोक ने बताया कि उनका इलाहाबाद बैंक जानकीपुरम व आईओबी इलाहाबाद में बचत खाता है। बुधवार को उन्होंने पेटीएम से दोस्त को कुछ रुपये भेज था। जिसका कन्फर्म मैसेज तो आ गया लेकिन उनके पास भेजे गए रुपये नही पहुंचे। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन पेटीएम कस्टमर केयर का नम्बर निकाल कर शिकायत करने के लिए फोन किया। वह फोन पर शिकायत दर्ज करा ही रहे थे कि उनके मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज आने लगा। मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता चला। जालसाजों ने उनके दो खातों से 27500 रुपये निकाल लिया। पीड़ित ने बैंक व पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवती का पर्स लूट कर हुए फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने शनिवार दोपहर सरेराह युवती से पर्स लूट की वारदात को अंजाम दे फरार हो गए।पीड़िता के शोर मचाने पर उपस्थित लोगों ने कंट्रोल रूम नंबर पर पुलिस को सूचना दी। वहीं पीड़िता ने मानक नगर थाने पर पहुंचकर लिखित शिकायत की है।कृष्णा नगर के कनौसी में रहने वाली रंजना पुत्री सुरेन्द्र कुमार शनिवार दोपहर मानक नगर ओवरब्रिज के निकट स्थित ब्यूटी पार्लर से निकलकर अपने घर के लिए निकली थी इसी दौरान अवध चौराहा की ओर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक तेज रफ्तार में झपट्टा मार युवती के हाथ से पर्स छिन फरार हो गए। वहीं युवती के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने कंट्रोल रूम नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने स्थानीय थाने मानक नगर पहुंच कर लिखित शिकायत की है।पीड़िता के मुताबिक उसके पर्स में चार हजार रुपये नगद , एक वीवो का मोबाईल फोन व अन्य दस्तावेज थे। वहीं आशियाना क्षेत्र के नाबार्ड बैंक के निकट शुक्रवार रात बाइकसवार तीन बदमाशों ने सेक्टर जी मे रहने वाली अंशु पुत्री प्रकाश पैदल घर जाते समय झपट्टा मारकर मोबाईल फोन लूटकर फरार हो गए पीड़िता के मुताबिक मोबाइल के कवर में चार हजार रुपये नगद रखे थे जिसे लुटेरे छीन ले गए है। आशियाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आजम के बेटे की मुसीबत कम नहीं

# अब अब्दुल्ला से होगी 65 लाख की वसूली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** सांसद मोहम्मद आजम खां के पुत्र अब्दुल्ला आजम खां की मुसीबत कम नहीं हो रही है। विधान सभा की सदस्यता समाप्ति के बाद अब विधानसभा सचिवालय के मुख्य लेखा अधिकारी ने अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर विधायक रहते हुए वेतन और भत्ते के रूप में लिए गए 65 लाख रुपये जमा करने का आदेश दिया है।विधानसभा सचिवालय के उप सचिव और मुख्य लेखाधिकारी अनुज कुमार पांडे ने अब्दुल्ला आजम को नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि उन्होंने विधायक रहते हुए वेतन भत्ते और अन्य सुविधाओं के रूप में 65 लाख 68 हजार 713 रुपये का इस्तेमाल किया है। इस धनराशि की वसूली होनी है। इसे तीन माह के अंदर जमा कर दें। अब्दुल्ला से जो राशि की वसूली होगी उस रकम को सरकारी कोष में जमा कराया जाएगा। अब्दुल्ला खान ने 2017 में हुए विधानसभा में स्वार विधानसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और विधायक बने थे। इसके बाद अब्दुल्ला खान पर फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर चुनाव लड़ने का आरोप लगने लगा। उपचुनाव के दौरान बसपा प्रत्याशी रहे नवाब काजिम अली खान उर्फ नवेद मियां ने हाईकोर्ट में एक रिट दायर की थी। कोर्ट ने अब्दुल्ला की उम्र कम मानते हुए 16 दिसंबर 2019 को उनकी विधायकी रद कर दी। बाद में 27 फरवरी 2020 को उनकी विधानसभा में सीट भी रिक्त घोषित कर दी गई।

### रीता बहुगुणा ने किया सरेंडर, वारंट निरस्त

विधि संवाददाता। लखनऊ।वर्ष 2012 में चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करने व वर्ष 2015 में धरना.प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ व पुलिस बल पर हमला करने आदि के मामले में शनिवार को रीता बहुगुणा जोशी ने एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया और वारंट रिकाल करने की गुहार लगाई। विशेष जज पवन कुमार राय ने वारंट रिकाल करते हुए उन्हें दोनो मामलों में 50-50-20 हजार के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया।

# प्रदर्शन की आड़ में न होने पाए बड़ी घटना: डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** की खुफिया विभाग ने प्रदेश में आठ दिसम्बर को होने वाले देशव्यापी किसान आंदोलन में हिंसा होने की आंशका व्यक्त की है। इसे दृष्टिगत रखते हुए डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पश्चिमी यूपी के पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा है कि किसान आंदोलन की आड़ में हिंसा की बड़ी घटना न होने पाए। पश्चिम प्रदेश के जिला गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, मथुरा, मेरठ आदि से किसान पिछले कुछ दिनों से आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। उनको रोकने के लिए भारी पुलिस बल को लगाया गया है। वहीं, आठ दिसम्बर को देशव्यापी आंदोलन को लेकर खुफिया विभाग ने हिंसा की आशंका को लेकर पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरते जाने की सलाह दी है। डीजीपी ने एनसीआर क्षेत्र और पश्चिमी यूपी के जिलों में पुलिस बल के साथ पीएसी को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। जोन व रेंज स्तर के पुलिस अधिकारियों के अलावा पुलिस कप्तानों को सतर्क रहने के अलावा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने को कहा है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। किसी भी हालत में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगड़ने न दिया जाएगा।

**जर्जर स्कूल की हुई नीलामी:** संवाददाता। माल। माल विकास खंड की लतीफ्पुर पंचायत स्थित जर्जर प्राथमिक विद्यालय भवन की पुनर्निर्माण के लिये नीलामी कराई गई। निश्चित सरकारी नीलामी राशि के सापेक्ष डेढ़ गुना से भी अधिक पर बोली छूटी। क्षेत्र की लतीफ्पुर पंचायत का प्राथमिक विद्यालय का भवन बीते कई वर्षों से जर्जर था। जिसमें बीते कई महीनों से शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षण के लिये खुले में बैठाया जा रहा था। शिक्षा विभाग को शिक्षकों और ग्राम प्रधान द्वारा कई बार भवन निर्माण हेतु पत्राचार किया जा चुका था। जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी की स्वीकृति के बाद जर्जर भवन को टेंडर प्रक्रिया के द्वारा पुरानी वैल्डिंग की नीलामी सम्पन्न की गयी। तीन कंस्ट्रक्शन कम्पनियों ने टेंडर डाले थे। सरकारी नीलामी की राशि 8,254 रुपये रखे थे। जिसके सापेक्ष बोली तेरह हजार पर ललित कन्ट्रेशन के नाम पर छूटी।

# राजधानी में कोरोना के 256 नए केस

### शनिवार को 2230 संक्रमित किए गए डिस्चार्ज,सूबे में 1940 मरीज और मिले

**लखनऊ( पीएनएस )।** शनिवार को राजधानी में कोरोना के 256 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1940 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 22245 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3393 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7900 मरीजों की और राजधानी में 1024 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 545112 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2230 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 522,867 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 11338 लोगो के सैम्पल लिये गये है। आज इंदिरा नगर 27, गोमती नगर 32,रायबरेली रोड 18 , चौक 10, आशियाना 16 , आलमबाग 10 , महानगर 10, विकासनगर 10 एकैंट 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 104रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 104 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 54 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 50 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

# अंतरराज्यीय गांजा तस्कर दबोचा

### गिरोह के सरगना के दो साथी भी चढ़े हत्थे पांच कुंतल माल हुआ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने बरेली के प्रेम नगर क्षेत्र से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अतराज्यीय गैंग के सरगना सहित तीन सदस्यों को 5 कुन्तल गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार बरामद गांजा की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब एक करोड रुपए है। एसटीएफफील्ड यूनिट, मेरठ की टीम को सर्विलान्स एवं मुखबिरों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उड़ीसा से मादक द्रव्य पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है, जो वहां से आने वाले ट्रकों व कैन्टरों में लाए जा रहे सामान में छिपाकर लाया जा रहा है तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा एंव दिल्ली एनसीआर के विभिन्न जिलो में गांजा बेचा जा रहा है। इसी क्रम में ज्ञात हुआ कि एक ट्रक नं. यूपी .25 एटी .7840 रूद्रपुर, उत्तराखण्ड से पावर पलान्ट (ट्रांसफार्मर का सामान) लेकर रायपुर छत्तीसगढ़ गया हैं



तथा वहां से सामान खाली कर उड़ीसा जायेगा और उड़ीसा से भारी मात्रा में गांजा लेकर छत्तीसगढ जबलपुर होते हुए बरेली आ रहा है। जिसकी सप्लाई वेस्ट यूपी, हरियाणा एंव दिल्ली एनसीआर के विभिन्न जनपदों में की जानी है। सूचना पर एसटीएफ की टीम थाना प्रेमनगर बरेली की पुलिस और एनसीबी लखनऊ को साथ लेकर मूर्ति चौराहा के पास जाहदपुरा की तरफजाते हुए बरेली से अभियुक्तों को 5 कुन्तल गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मयंक व सूरज ने संक्षिप्त पूछताछ पर बताया कि सनम निवासी उझानी बदायूं ने हमको इस गाड़ी पर नौकरी पर रखा हुआ हैं तथा एक चक्कर के हमें 20.20 हजार रुपए दिए जाते हैं। सनम के कहने पर हम लोग रूद्रपुर , उत्तराखण्ड से पावर पलान्ट (ट्रांसफार्मर का सामान) लेकर रायपुर छत्तीसगढ गए थे और वहां पर सामान उतारकर उड़ीसा पहुंचे थे। उड़ीसा में सनम ने किसी टुन्ना नामक व्यक्ति से फोन पर बात करायी तथा माल (गांजा) भरने के लिए कहा। इस पर हम लोगों ने ट्रक के अन्दर 5 कुन्तल गांजा भरकर उसके चारों तरफ खुला नारियल से ढक दिया, ताकि किसी को पता न चल सके। वहां से माल भरकर हम जबलपुर होते हुए बरेली आए। बरेली आने पर हमारे पास अंकुर मिश्रा नामक व्यक्ति का फोन आया और हमसे मिलकर माल चेक करते हुए मण्डी में उतारने को कहा था। अंकुर मिश्रा ने पूछताछ पर बताया कि माल (गांजा) उड़ीसा से सनम उझानी के माध्यम से मैं मगंवाता हूं तथा माल आने के बाद मैं मण्डी में उतरवाकर रातोरात विभिन्न जनपदों में सप्लाई कर देता हूं।


**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**

प्लाट नं. 453 डा0 शंकर सिंह अस्पताल के पास, चंदौली - 232104

कब्जा सूचना (स्थावर सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, निम्न उधारकर्ताओं एवं गारंटीकर्ताओं को उनके नाम के सामने दिये गये रकम तथा ब्याज की सूचना जारी करते हुए 60 दिनों के अन्दर उल्लिखित राशि तथा ब्याज के पुन:भुगतान हेतु सूचित किया था ।

चूँकि उधारकर्ता इस रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहे, अत: उधारकर्ता/गारंटीकर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 व 9 के साथ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूमि हित का प्रवर्तन (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है । उधारकर्ता/गारंटीकर्ता और विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह नीचे वर्णित संपत्ति के सम्बन्ध में व्यवहार न करें और संपत्ति में किसी भी प्रकार का व्यवहार इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रभार के अधीन होगा ।

| उधारकर्ता/गारंटीकर्ता/बंधककर्ता का नाम और पता | खाते का विवरण | प्रतिभूतियों के विवरण | कब्जा सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|
| श्री अभिषेक कुमार सिंह पुत्र अवधेश सिंह ग्राम - बरियारपुर, पोस्ट - खखरा, तहसील - चकिया, जिला - चंदौली | माँग सूचना दिनांक 11.06.2020 बकाया राशि रु. 11,06,678.17 + ब्याज एवं अन्य प्रभार 31.05.2020 से | समस्त सम्पत्ति का भाग प्लाट नं. 31 ख, मौजा - चंदौली, परगना - मझवार, तहसील व जिला - चंदौली, बिक्री विलेख दिनांक 17.11.14 के माध्यम से जो कि पुस्तक नं. 1 खंड नं. 5409 में पृष्ठ 335 से 352 दस्तावेज नं. 12928 जो कि एस आर चंदौली के कार्यालय में 17.11.14 को पंजीकृत है, भुखंड का कुल क्षेत्रफल 1467.5 वर्ग फुट अर्थात 136.38 वर्ग मीटर, उक्त सम्पत्ति श्री अभिषेक कुमार सिंह (उधारकर्ता) के नाम पर है चौहद्धी : पूर्व - रास्ता, पक्का 14 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिम : वासदेव की जमीन, उत्तर : कपिलदेव का मकान, दक्षिण : मीरा देवी का मकान। | 01.12.2020 |

दिनांक : 05.12.2020 स्थान : चंदौली

प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

# स्नातक चुनाव में कड़ा मुकाबला

## आठवें राउंड तक भाजपा उम्मीदवार 2747 वोटों से आगे



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्नातक** चुनाव की मतगणना के छठे चरण में भाजपा के उम्मीदवार उलटफेर करते हुए आगे हुए। पांच चरणों से पीछे चल रहे भाजपा के उम्मीदवार अचानक छठे चरण की मतगणना में शनिवार को दोपहर के बाद निर्दलीय कांति सिंह से 513 वोट से आगे हो गए। इस राउंड के नतीजे के बाद भाजपा उम्मीदवार के खेमे में उत्साह का माहौल नजर आया। वहीं नवें चरण की मतगणना शनिवार की देर रात तक चलती रहेगी। स्नातक लखनऊ खंड निर्वाचन चुनाव की मतगणना के छठे चरण में बड़ा उलटफेर हुआ। पांच चरणों से पीछे चल रहे भाजपा के उम्मीदवार अवनीश कुमार सिंह अचानक छठे चरण की मतगणना में शनिवार को दोपहर के बाद निर्दलीय कांति सिंह से 513 वोट से आगे हो गए। इस राउंड के नतीजे के बाद भाजपा उम्मीदवार अवनीश कुमार सिंह के खेमे में उत्साह का माहौल नजर आया। छठे चरण में इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह को 5050 मत प्राप्त हुए। उनको कुल 24538 मत मिले। वहीं कांति सिंह को छठे चरण में 3786 मत मिले। उनको कुल 24025 मत मिले हैं।

वहीं मतगणना के दौरान तीन बजे करीब फिर से हंगामा हुआ भाजपा के अवनीश कुमार के टेबल एजेंटो और निर्दल कांति सिंह के समर्थको के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने काफी देर की मशक्कत के बाद मामला शांत कराया। वहीं शाम को मतगणना के आठवें चरण में भाजपा के उम्मीदवार अवनीश कुमार निर्दलीय कांति सिंह से 2747 वोटों से आगे हो गए। अब नवें चरण की मतगणना शनिवार की देर रात तक चलती रही। गौरतलब है कि पांचवें चरण में निर्दलीय उम्मीदवार कांति सिंह भाजपा के अवनीश कुमार सिंह से आगे चल रही थीं। चौथे चरण में 1149 मतों से कांति सिंह भाजपा उम्मीदवार से आगे चल रही थीं। शनिवार को सुबह पांचवें चरण में भी 740 वोटों से उनसे आगे रहने से एक ओर जहां कांति सिंह के समर्थकों में उत्साह नजर आ रहा था दूसरी ओर भाजपा के उम्मीदवार अविनाश कुमार के खेमे में मायूसी छाई हुई थी। हर राउंड खत्म होने के साथ ही अगले राउंड की शुरुआत करने से पहले मतगणना को लेकर कार्यकर्ताओं में मंथन किया जा रहा था। ठंड के बावजूद दोनों ही पक्ष के एजेंट मतगणना स्थल पर डटे रहे। कभी मतपत्रों की गिनती को लेकर तो कभी प्रशासनिक लापरवाही को ले कर हंगामा हो रहा था। सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मतगणना चलती रही।

## होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर रैतिक परेड में सीएम होंगे शामिल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री गार्ड आफआनर स्वीकार कर परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मियों के आश्रितजनों को अनुग्रह राशि के चेक भी प्रदान किए जाएंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय भवनों का लोकार्पण एवं होमगार्ड्स स्मारिका का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर जनपद कानपुर नगर के बिकरू काण्ड में घायल होमगार्ड व गाजियाबाद की महिला होमगार्ड को डीजी कमेण्डेशन डिस्क प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डा आंबेडकर अस्थि कलश परिसर, विधान सभा मार्ग, लखनऊ पर भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित विशेष श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डा आंबेडकर अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित करेंगे तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा डॉ. आंबेडकर और जोगेन्द्रनाथ मण्डल पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।



किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के क्वीन मैरी के स्थापना दिवस समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते आगरा के डॉ. जयदीप मल्होत्रा व डॉ. प्रभा मेहरा

## सेल्फी लेने पर हंगामा, हटाए गए नायब तहसीलदार

**लखनऊ।** शुक्रवार की देर रात स्नातक चुनाव की मतगणना में लगे नायब तहसीलदार रमन द्वारा निर्दल उम्मीदवार कांति सिंह के पति व पूर्व एमएलसी एसपी सिंह के साथ सेल्फी ले लिया। इस पर भाजपा के समर्थकों ने जहां इसका विरोध किया वहीं जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने मामला बढ़ता देख उन्हें मतगणना स्थल से हटा दिया। भाजपा उम्मीदवार अवनीश कुमार का आरोप है कि नायब तहसीलदार स्ट्रांग रूम में सेल्फी ले रहा था। सवाल ये उठता है कि वह वहां कैसे गया, प्रशासन को इसकी जांच कर कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार कांति सिंह का कहना था कि ये लगातार पीछे चल रहे हैं इसकी वजह से ये बौखला गए हैं। किसी के साथ सेल्फी लेना या किसी के सम्मान करने को मतगणना में बाधा बताना तर्कसंगत नहीं लगता है। कांटे के मुकाबले में तीसरे राउंड की समाप्ति के साथ निर्दलीय प्रत्याशी कांति सिंह भाजपा के अवनीश कुमार सिंह से महज 657 वोटो से आगे थीं। हालांकि पहले राउंड में एक हजार का अंतर था, जो तीसरा राउंड आते आते घट गया। कुल नौ राउंड की गिनती के बाद परिणाम सामने आएगा। गुरुवार देर रात तक मतदान पत्रों की गड्डी बनाई गई और शुक्रवार तड़के मतगणना शुरू हो गई। अवैध व वैध मतपत्रों की संख्या के मुताबिक, कांति सिंह ने पहले राउंड में भाजपा प्रत्याशी से एक हजार मतों से बढ़त बना ली थी। कर्मचारियों की शिफ्ट बदलने के कारण करीब 45 मिनट तक मतगणना रोकनी पड़ी। सभी प्रत्याशी देर रात तक समर्थकों के साथ डटे रहे। इस दौरान बीच बीच मे हंगामा भी होता रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल मुस्तैद हैं। तीसरे और चौथे चक्र की मतगणना केदौरान आरओ टेबल और कंप्यूटर का डेटा मिसमैच कर गया। तो सभी उम्मीदवारों के मतों में के फीगर में भी अंतर आ गया। किसी के मत बढ़ गए तो किसी के मत घट गए। बाद में अधिकारियों ने खुद ही डेटा जोडना शुरू किया और सही करने के बाद ही घोषणा की।

## गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए तेजी से होगा भूमि अधिग्रहण

### ● यूपीडा के चेयरमैन ने की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एशिया** के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण का काम सरकार विधान सभा चुनाव 2022 में जाने से पहले शुरू करना चहती है। सरकार ने अगले साल जून में इस बड़ी परियोजना का शिलान्यास की घोषणा की है। यह कार्यक्रम तो शिलान्यास का होगा लेकिन अपरोख रूप से पूरा राजनीति कार्यक्रम होगा जिसमें केंद्र से लेकर योगी सरकार के मंत्रिमंडल सदस्य शमिल होंगे। बीजेपी का यह एक बड़ा शो होगा जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण काफी तेजी से करना है। इसके लिए यूपीडा के चेयरमैन अवनीश अवस्थी ने शनिवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए उन सभी जिलों के डीएम से बात की जहां से होकर यह एक्सप्रेस गुजरेगा। इस बैठक में श्री अवस्थी ने बताया कि यूपीडा के पत्र के साथ परामर्शी द्वारा उपलब्ध कराए गए भू-अभिलेखों की 3 प्रतियां जनपदों में उपलब्ध कराई जाएंगी जिसमें 1 प्रति जिला मुख्यालय पर 1 प्रति संबंधित तहसील में और 1 प्रति संबंधित लेखपाल को जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। अभिलेख प्राप्त होने के तुरंत बाद तहसील कर्मचारी, अधिकारी अभिलेखीय और स्थलीय सत्यापन अनिवार्य रुप से करेंगे उसके बाद जो भी प्रस्ताव जिला समिति द्वारा तैयार किया जाए। उसका अनुमोदन मण्डलायुक्त से कराकर यूपीडा को भेजा जाए। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण गंगा एक्सप्रेसवे के नाम से एक ग्रुप बनाया गया हैए जिसमें जनपद तथा शासन एवं यूपीडा के संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी जुड़े होंगे। इस ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन सूचनाओं का आदान-प्रदान और उनका समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

श्री अवस्थी द्वारा सभी को यह निर्देशित करते हुए कहा गया कि 4-4 जिलों के राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम स्तर तक के अधिकारियों को लखनऊ यूपीडा मुख्यालय बैठक के लिए बुलाया जाएगा।

## श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में कोरोना काल के बाद नौकरियों के भविष्य विषय पर वेबिनार का सफल आयोजन

**लखनऊ।** श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस द्वारा छात्र-छात्राओं के लिये कोरोना काल के बाद नौकरियों के भविष्य विषय पर एक वेबिनार आयोजन किया गया। जिसमे सेकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन भाग लिया इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्रो एच पी माथुर बैंक चेयर प्रो एवं समन्वयक प्लेसमेंट सेल बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय एवं प्रो. संजय मेधावी हेड डिपार्टमेंट ऑफ़बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन लखनऊ विश्वविद्यालय थे इस अवसर पर बोलते हुए प्रो एच पी ?माथुर ने कहा कि पूरे विश्व में कोरोना महामारी की वजह से कई करोड़ लोगों को अपनी नौकरी गवानी पड़ी है इसलिए जो भी परिवर्तन हो रहे है उनके हिसाब से स्किलसेट को तैयार करना होगा जिससे भविष्य में नौकरियों के सन्दर्भ में होने वाली परेशानी से बचा जा सके इस अवसर पर प्रो संजय मेधावी ने कहा कि सारी चीज़े डिजिटल हो रही है तथा मानव संसाधन के प्रयोग घट रहे है अत: छात्र-छात्राओं को डिजिटल होना पड़ेगा क्योंकि आनेवाला भविष्य काफ़ी कुछ इस पर ही निर्भर करेगा कार्यक्रम के अंत में दोनों विशेषज्ञों ने छात्र.छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दिया एवं संस्था द्वारा वक्ताओं एवं अन्य उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## कैंपस सलेक्शन में 150 विद्यार्थियों को प्रदान किये गये प्लेसमेंट ऑफर

**लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल ग्रुप ने स्थापित किया कैंपस सिलेक्शन में प्रथम दिन का नया कीर्तिमान वर्ष 2020-2021 में क्षेत्र में सर्वोच्च प्लेसमेंट का रिकॉर्ड स्थापित कर चुके श्री रामस्वरूप मेमोरियल गुप ने वर्ष 2020-2021 के कैंपस प्लेसमेंट की शानदार शुरुआत करते हुए पहले ही दिन रिकॉर्ड विद्यार्थिओं का चयन शीर्ष ब्रांड में करवाकर नए आयाम स्थापित कर दिए हैं आईटी क्षेत्र की सबसे बड़ी दिग्गज कम्पनियाँ कॉग्निजेंट इन्फोर्मेटिका एवं नावेलवॉक्स आदि द्वारा लगभग 150 विद्यार्थिओं को प्लेसमेंटऑफर प्रदान किये गए हैं। श्री रामस्वरूप मेमोरियलग्रुप के प्रतिनिधियों के अनुसार उक्त कंपनियों द्वारा प्रथम दिन किये जाने वाले प्लेसमेंट के मध्य पूर्व उत्तर प्रदेश में यह सर्वश्रेष्ठआंकड़े हैं। प्लेसमेंट में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिएए श्रीरामस्वरूप मेमोरियल ग्रुप अपने बुनियादी प्रशिक्षण प्रणाली विशेष कॉर्पोरेट टाई.अप शैक्षिक वातावरण और विश्व स्तर के मानकों के लिए सुविधाओं के सुधार और व्यापक बनाने के लिए कई तरह के गहन प्रयास कर रहा है। श्री रामस्वरूप मेमोरियल गुप के अधिकारियों ने अवगत कराया की संस्था के पास प्लेसमेंट एवं कॉर्पोरेट रिलेशन के ऐसी टीम एवं समितियाँ हैं जो छात्रों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रेरित करती हैं । प्लेसमेंट की यह टीम अच्छी मेंटरशिप तथा करियर सपोर्ट सुनिश्चित करती है । ग्रुप केअधिकारियों ने यह भी बताया की प्लेसमेंट हेतु संस्था के छात्रों को रेडी टू वर्क के अंतर्गत तैयार किया जाता है जिसके चार प्रमुख नियम हैं सर्वप्रथम है इंडस्ट्री ट्रेनिंग जिसके माध्यम से छात्र इंडस्ट्री की वास्तविक समस्याओं एवं जरूरत के बारे में जान पाते हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव का ऑनलाइन आयोजन सीएमएस में कल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का भव्य आयोजन 7 दिसम्बर, सोमवार को अपरान्ह: 4.00 बजे से ऑनलाइन किया जायेगा। इस अवसर पर देश-विदेश के छात्रों से प्राप्त विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं की प्रवष्टियों को ऑनलाइन प्रदर्शित किया जायेगा। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' के विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु कई देशों के छात्रों ने विश्व शान्ति एवं विश्व एकता का सन्देश देती प्रविष्टियाँ भेजी हैं। यह आयोजन 'प्रमोटिंग यूनिटी एण्ड फेलोशिप एमंग द ह्यूमन रेस' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी विश्व समाज का नया स्वरूप गढ़ने को उत्सुक है और यही वह समय है जब हमें इस नयी पीढ़ी को रचनात्मक मार्गदर्शन हेतु प्रोत्साहित करना है, इसी उद्देश्य को लेकर 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे एक्प्रेशन्स (कार्ड डिजाइनिंग प्रतियोगिता), माइराइट ह्यूज (पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता), फोटोमोन्टेज (कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता) एवं पोएट्र इन वॉइस (कविता पाठ प्रतियोगिता) की शानदार प्रविष्टियों को ऑनलाइन प्रदर्शित किया जायेगा तथापि निर्णायकगणों द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। प्रविष्टियों के चयन में ख्याति प्राप्त लेखक, आर्टिस्ट, शिक्षाविद् व वैज्ञानिकों आदि निर्णायकों की भूमिका निभा रहे हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं तीन वर्गों में आयोजित की गई हैं, जिनमें प्राईमरी वर्ग, जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के छात्रों शामिल हैं। श्री शर्मा ने विश्वास व्यवक्त किया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव में छात्रों की प्रतिभा को निखारने का भरपूर अवसर मिलेगा, साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रचार-प्रसार भी होगा।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए मारामारी शुरू

**लखनऊ।** दो व चार पहिया गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए मारामारी शुरू हो गई। आलम यह है कि एचएसआरपी के लिए ऑनलाइन आवेदन पर 30 दिन की वेटिंग मिल रही है। ऐसे में गाड़ी मालिक ऑनलाइन आवेदन की रसीद दिखाकर अब आरटीओ में वाहन संबंधी काम करा सकते है। इसके लिए परिवहन विभाग ने पोर्टल को अपडेट कर दिया है। वाहन पोर्टल अपडेट नहीं होने पर रसीद दिखने के बाद भी वाहन संबंधी काम नहीं हो रहे थे। शनिवार को वाहन का पोर्टल अपडेट होने पर 35 वाहन संबंधी आवेदन और 30 फिटनेस संबंधी आवेदन स्वीकार किए गए। तब जाकर वाहन मालिकों ने राहत की सांस ली। आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी बताते है कि शुरूआत में परेशानी होती है। आवेदकों की शिकायतों पर खामियां दूर की जा रही है। फ्लिहाल जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगा है उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं। इन समस्याओं से जूझ रहे आवेदक: बुकमाईएचएसआरपी डॉट कॉम पर आवेदन के दौरान आवेदक गलतियां कर रहे है। दो पहिया के बजाय चार पहिया वाहन का नंबर प्लेट बनवाने के लिए गलती से आवेदन कर दे रहे है। ऐसे में उनका आवेदन तभी रद्द होगा। जब वाहन के कंपनी को ई मेल करके अपनी परेशानी दर्ज कराएगे। यही वजह है कि गलत आवेदन पर वाहन मालिकों को टाइम स्लाट भी नहीं मिल रहा है।

## लखनऊ से गई सतर्कता विभाग की टीम ने बांदा में किया अवैध खनन का खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सतर्कता** विभाग की लखनऊ से गई टीम ने बांदा में छापा मारकर अवैध खनन का खुलासा किया है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि शासन को प्राप्त हो रही अवैध खनन से संबंधित शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में उप्र शासन के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान द्वारा सतर्कता अधिष्ठान की एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्रवाई के लिए भेजा गया। सतर्कता अधिष्ठान की टीम द्वारा खनिकर्म विभाग की टीम के साथ तहसील नरैनी थाना नरैनी के ग्राम नसैनी स्थित नदी केन के किनारे व टीलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तो नदी के किनारे टीलों से मौरंग का अवैध खनन एवं अवैध खनन के फ्लस्वरूप लगभग 1763.50 घनमीटर (लगभग 200 ट्रक) बाजार मूल्य रुपए 20 लाख की अवैध मौरंग रखी पायी । इस अवैध खनन एवं भण्डारण में स्थानीय चार लोगो की संलिप्तता पायी गयी है तथा स्थानीय लोक सेवकों की संलिप्तता प्रतीत होती है। इस संबंध में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 तथा भादंसं 0 की धारा 379 व 411 तथा लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम एवं 7/7 ए भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

## कोरोना वारियर्स को किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**खुशी** फाउन्डेशन के तत्वाधान में शनिवार को इंदिरानगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अपनी जान को जोखिम में डालकर कोरोना संक्रमितों की सेवा में जुटे कर्मचारी, सफाईकर्मी एवं एम्बुलेंस चालक शामिल रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि रहे लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अमिताभ श्रीवास्तव ने सभी वारियर्स को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित हुए सभी वारियर्स को उनके द्वारा दी गयी सेवाओं के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर फाउन्डेशन की ऋचा द्विवेदी ने कहा कि इस आपात काल में जहां हर कोई कोरोना को लेकर भयभीत है वहीं अपनी जान को जोखिम में डालकर अनवरत सेवा में जुटे स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना हर किसी का फर्ज बनता है । इसी क्रम में फाउन्डेशन ने इन कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी छुट्टी न मिल पाने के कारण आज कार्यक्रम में नहीं आ पाए, उन्हें उचित समय पर प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । फाउन्डेशन ने इस मुश्किल वक्त में अपना फर्ज निभाने में जुटे पत्रकारों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित करेगी। कार्यक्रम के दौरान सोशल डिस्टेंशिंग के साथ ही सुरक्षा के अन्य प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में नार्थ इंडिया जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन एइंस्टिट्यूट ऑफ़ ह्यूमन रिसर्च रिसोर्स एन्ड डेवलपमेंट एगोल्डन फ्रेंड्स इण्डिया,उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन,वन वॉयस संस्था ने भी सहयोग प्रदान किया । इस मौके पर फाउन्डेशन की ऋचा द्विवेदी ,डॉ. आशीष शिवहरे एजयंत कुमार, लखनऊ व्यापार मंडल से अमिताभ श्रीवास्तव के साथ निशांत निगम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार व संघ की समन्वय बैठक में आगामी चुनाव पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व यूपी के प्रभारी राधा मोहन सिंह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर हुई समन्वय बैठक में शामिल हुए। यूपी की जिम्मेदारी मिलने के बाद यह उनकी पहली बैठक थी जिसमें सरकार व संगठन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक समेत अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। दिसंबर में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्ड के दो दिन लखनऊ प्रवास कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। जेपी नडडा इस माह के अंत में दो दिन लखनऊ प्रवास पर रहेंगे जिसमें पंचायत चुनाव के साथ-साथ विधान सभा चुनाव 2022 को लेकर कार्यक्रमों पर मंथन किया जाएगा जो कि 15 जनवरी के बाद से शुरू हो जाएंगे। बैठक में उप चुनाव और विधान परिषद चुनाव में आए परिणाम पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। सूत्रों की मानें तो योगी ने इस बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा की, योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान तथा कमला रानी वरुण के निधन के कारण दो जगह खाली हैं जबकि अन्य नये चेहरों को भी मंत्रिमंडल में मौका देने की तैयारी है। बीजेपी अब यूपी में विधानसभा चुनाव 2022 की जोरदार तैयारी में है। माना जा रहा है कि अब शीघ्र ही होने वाला योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल का विस्तार अंतिम होगा। इसके बाद सरकार तेजी से विकास के कामों को अंजाम देगी। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल में छह से सात नये चेहरों को मौका मिल सकता है।

## सीएम योगी ने आईएएस अजय सिंह के निधन पर जताया शोक

**पायनियर सममाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजय सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। ज्ञातव्य है कि श्री सिंह खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए ऑब्जर्वर बनाकर वाराणसी भेजे गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पंजाबी अकादमी के सदस्य गुरविन्दर सिंह छाबड़ा विक्की के पिता के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय कुमार सिंह के असामयिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुये गहरी संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार को इस महान दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है।

## किसान विरोधी कानून वापस ले सरकार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पान किसान यूनियन के महासचिव छोटेलाल चौरसिया ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनमाने ढंग से लागू किए गए तीनों कृषि कानूनों के विरोध में देश के समस्त किसान संगठनों द्वारा चलाए जा रहे किसान आंदोलन का देश एवं किसानों के हित में राष्ट्रीय पान किसान यूनियन पुरजोर समर्थन करती है। कृषि मंत्री से अनुरोध करती है कि किसान विरोधी तीनों कृषि कानूनों को तत्काल वापस लेकर, किसान संगठनों से व्यापक चर्चा कर किसानों की सहमति से ही कोई कृषि कानून लागू करें।

## निजी बसें चलाने के फरमान पर रोडवेज यूनियनें हुईं एकजुट

**लखनऊ।** प्रदेश के राष्ट्रीयकृत यानी परिवहन निगम के रूटों पर निजी बसें चलाने के फरमान पर रोडवेज यूनियनें एक जुट हो गई हैं। उन्होंने सरकार के इस फैसले को निजीकरण की ओर बढ़ावा देने का विरोध किया है। इस संबंध में सात सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने एलान किया है कि सरकार अपने फैसले 29 दिसंबर तक वापस लें। वरना 30 दिसंबर को प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन की धमकी दी है। मोर्चा से जुड़े रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश मिश्रा ने कहा कि सात सूत्री मांगों को लेकर 25 नवंबर को धरना दिया गया था। बावजूद निगम प्रबंधन और शासन की ओर से मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया। ऐसे में संयुक्त मोर्चा से जुड़े अन्य पदाधिकारियों में कर्मचारी संघ के रमाकांत सचानए वर्कशाप कर्मचारी संघ के जसवंत सिंह व मजदूर सभा के राजमणि यादव की ओर से आर-पार की लड़ाई के लिए प्रमुख सचिव परिवहन और प्रबंध निदेशक को नोटिस सौंपी है।

## इंडियनऑयल ने शुरू किया तेल भरो कार जीतो अभियान






**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडियन** ऑयल, जो देश में पेट्रोलियम ईंधन का सबसे बड़ा खुदरा विक्रेता है, ने आज लखनऊ में तेल भरो कार जीतो अभियान शुरू किया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय.1, डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य, मुख्य महाप्रबन्धक (रिटेल सेल्स), उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय.1, श्री सुब्रत कर, की उपस्थिति में गोमती नगर स्थित इंडियनऑयल के कम्पनी स्वामित्त्व वाले और कम्पनी द्वारा ही संचालित कोको पर इस अभियान का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। तेल भरो कार जीतो अभियान 31 दिसम्बर, 2020 तक चलेगा। इस अभियान में 4 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2020 के बीच इंडियन ऑयल के पेट्रोल पम्पों (रिटेल आउटलेट) से एक ही बिल पर रु. 400 या इससे अधिक की राशि का पेट्रोलध्डीजल (ईंधन) खरीदने पर, अंतिम ड्रॉ निकलने पर भाग्यशाली ग्राहक को एक ब्रांड.नई एसयूवी कार का बम्पर पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में आशुतोष तिवारी चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के आई. सी. एस.ई. सेक्शन के गणित शिक्षक आशुतोष तिवारी ने द वर्ल्ड टीचर्स क्विज-2020 में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था टीसीसियन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि शिक्षकों के लिए आयोजित इस बेहद प्रतिष्ठित क्विज प्रतियोगिता में पूरे विश्व से 11633 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिसमें आशुतोष तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। तथा अपनी शिक्षणेतर प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है।

# मानव व्यापार पीड़ितों को सशक्त बनाएं

## जब तक मानव व्यापार के चंगुल से छुड़ाए गए लोगों को अपने अधिकार वापस पाने एवं जमीनी स्तर पर कार्यालयों से जवाबदेही मांगने के लिए सशक्त नहीं बनाया जाता तब तक कानून कागजों पर ही सीमित रहेंगे और मानव व्यापार पर असर नहीं पड़ेगा।

**रूप सेन**
(लेखक एक शोधकर्ता तथा मानव व्यापार विरोधी भारतीय नेतृत्व फोरम के सलाहकार हैं।





वर्ष 2018 में, जब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक नया कानून, व्यक्तियों का व्यापार (निषेध, संरक्षण एवं पुनर्वास) विधेयक लोकसभा में पारित किया था, तब सदन व उसके बाहर जोरदार बहस छिड़ी थी। जबकि कुछ लोग इसके पारित होने के पक्ष में थे, अन्यों ने इसका कड़ा विरोध किया था। जिनके लिए यह विधेयक सराहनीय था उसका कारण यह है कि इसका उद्देश्य सभी प्रकार के मानव व्यापार को एकल विधायन के द्वारा संबोधित करना है तथा वर्तमान परिदृश्य में सुधार करना है जहां अपराध के प्रत्येक पहलू, अपहरण, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, बलात् श्रम एवं बंधुआ मजदूरी को कानून की विविध धाराओं के तहत पृथक-पृथक रूप में देखा जाता है। इसक कारण कानूनों का प्रयुक्तीकरण टुकड़ों में बंट जाता है और अभियोजन पक्ष विफल हो जाता है जैसा कि प्रत्येक वर्ष मानव व्यापार के प्रचलन, अभियोजन एवं सजा संबंधी एनसीआरबी के आंकड़ों से सिद्ध होता है। इस विधेयक के समर्थकों का तर्क था कि साझा कानून के द्वारा लिंग, श्रम एवं मानव व्यापार के अन्य स्वरूपों के बीच मनमाना विभेद दूर हो जाएगा, जो वेश्यावृत्ति एवं श्रम व्यापार में उत्पीड़न एवं प्रताड़नाओं के विरुद्ध नैतिक पूर्वाग्रह का उत्पाद है। उनका तर्क है कि नया विधेयक, हालांकि दोषों से मुक्त नहीं है, मगर भारत में मानव व्यापार संबंधी वर्तमान विधिक व्यवस्था में सुधार का परिचायक है।

इसका विरोध करने वालों का तर्क था कि यह विधेयक केवल कानून में मौजूद वर्तमान कानूनों को मजबूत करता है तथा उन्हें और पेचीदा बना देता है। इसमें यह समझने का प्रयास करने के बजाय कि मानव व्यपार सामाजिक-आर्थिक समस्याओं, पलायन के लिए विवश करने वाली तथा सहयोग व्यवस्था मुहैया न कराने वाली क्षेत्रों के बीच असमानताओं का परिणाम है, ज्यादा कठोर अपराधीकरण दृष्टिकोण पर बल देता है। एक्टिविस्टों को भय है कि पहले से ही विद्यमान राहत-पुनर्वास दृष्टिकोण, जिसने पुलिस को गिरफ्तार करने तथा शरणस्थलों में ऐच्छिक सेक्स वर्करों को गिरफ्तार करने एवं जेल में डालने का अधिकार दिया है, नए विधेयक में भी कायम रखी गई है, तथा ऐसा लगता है कि अतीत की विफलताओं से सबक नहीं सीखा गया। तीसरे समूह ने, जो विधेयक के विरोध में है, उल्लेख किया कि नए कानून बनाने से अदक्षतापूर्ण कानून क्रियान्वयन और उलझ जाता है और न्यायिक व्यवस्था पर बोझ और ज्यादा बढ़ता है। अतः मानव व्यापार का दमन करने, निर्बल समुदायों, मुक्त कराए गए लोगों एवं कानून लागू करने वालों एवं उनकी नीतियों के लिए नए कानून सकारात्मक परिणाम नहीं देते। बाल न्याय एवं घरेलू, यौन एवं जाति आधारित हिंसा पर किए गए विविध सामाजिक विधानों का हवाला दिया गया। नए कानून बनाने के बजाए, सरकार को बजट आवंटित करने एवं खर्च करने, भारतीय दंड संहिता की उन धाराओं के क्रियान्वयन तथा निगरानी को मजबूत करने की आवश्यकता है जो मानव व्यापार, अनैतिक व्यापार निरोधक कानून, 1986, तथा बाल न्याय कानून एवं बंधुआ मजदूरी कानून से संबंधित हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मानव व्यापार पर कानून लाने का अपना इरादा दोहराया है और वह विधेयक का पुनरावलोकन करने में लगा हुआ है। एक बार जब विधेयक का प्रारूप टिपपणियां एवं सुझावों के लिए सार्वजनिक रूप से रखा जाएगा, क्या भागीदार उन मूलभूत सवालों को लेकर फिर लिप्त होने लगेंगे जो सदैव विभिन्न राजनीतिक एवं नैतिक वैचारिकताओं के लोगों के बीच अवरोधों का कारण बने हैं? इस बहस में केंद्रीय मुद्दा संभावित रूप से सेक्स वर्करों के नियमितीकरण तथा यौन व्यापार एवं सेक्स वर्कर के बीच प्रभेद, मानव व्यापार के जाल से मुक्त कराए गए लोगों के पुनर्वास संबंधी दृष्टिकोणों, निरोधक दृष्टिकोणों तथा पलायन अधिकारों पर इसके प्रभाव के इर्द-गिर्द रहने की संभावना है।

क्या भारत को मानव व्यापार पर नए कानून की जरूरत है? अनैतिक व्यापार निषेध कानून (आईटीपीए), जो 1956 में बना था और अंतिम बार 1986 में संशोधित हुआ था, यौन व्यापार पर अंकुश लगाने में विफल रहा है। यौन व्यापार से निबटने का आईटीपीए का दृष्टिकोण संगठित वेश्यावृत्ति के अपराधीकरण एवं उत्तरजीवियों को संस्थागतीकरण मुहैया कराने एवं शरणस्थलों में उनके पुनर्वास पर केंद्रित है। कानून सेक्स वर्करों को प्रत्यक्ष रूप से अपराधी नहीं ठहराता, सिर्फ सार्वजनिक स्थानों पर उकसाने के कृत्य को छोड़कर। हालांकि, भारत में कहीं भी किसी राज्य से इस कानून के सकारात्मक परिणामों की जानकारी नहीं मिली है, न

**आईटीपीए और बंधुआ मजदूर कानून तथा भारतीय दंड संहिता मानव व्यापार में लिप्त लोगों को सजा दिलाने में बुरी तरह विफल रहे हैं। ग्लोबल ट्रैफिकिंग इन परसन रिपोर्ट, 2020 में टिप्पणी की गई है कि, 'सरकार ने अवैध मानव व्यापार करने वालों की जांच, अभियोजन एवं सजा सुनिश्चित करने में कटौती कर दी है। दोषियों के बच निकलने की दर बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है।'**

महिलाओं, बच्चों के देह व्यापार में कमी को लेकर, उन ग्राहकों को सजा मिलने को लेकर जो यौन क्रीड़ा के लिए बच्चों की मांग करते हैं न ही मानव व्यापार के संजालों को सजा मिलने को लेकर यौन उत्पीड़न के लिए पीड़ितों स्रोत-गंतव्य प्रवाहों को तोड़ने के मामले में। दूसरी ओर, बचाए गए लोग, जो कानून के प्रावधानों से हाकर गुजरे हैं, उन्होंने शरणस्थलों में जबरन संस्थागतीकरण के कारण जबर्दस्त वेदनाओं से गुजरने की जानकारियां दी हैं। गैर-औपचारिक शिक्षा प्रदान करने वाले शरणस्थलों में बेहतर शैक्षिक योग्यता हासिल करना संभव नहीं होता। किताबों में जिल्द करना, सिलाई, दर्जीगीरी अथवा आभूषण निर्माण संबंधी उद्देश्यपरक कार्यक्रमों से टिकाऊ रोजगार सृजन नहीं होता और जब वे घर वापस लौटते हैं, तो उन्हें कलंक और गरीबी एवं खराब स्वास्थ्य के साथ जीने के लिए छोड़ दिया जाता है। मानव यौन व्यापार से बचाए गए लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति पर 2014 में हुए एक शोध, जो महाराष्ट्र, दिल्ली, तेलंगाना और कर्नाटक से छुड़ाकर लाए गए थे, में पाया गया कि जिनके मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए उनमें से 86 प्रतिशत भीषण अवसाद, व्याकुलता से ग्रसित पाए गए थे, जो कि पोस्ट ट्रामैटिक तनाव डिसआर्डर का उपचार न होने के परिणाम हैं। इससे शरणस्थलों में मनो-सामाजिक काउंसेलिंग के अपर्याप्त होने का संकेत मिलता है।

भारत में श्रमिकों के व्यापार से संबंधित कोई कानून नहीं है। यद्यपि आईपीसी की धारा 370 में मानव व्यापार की समग्र परिभाषा दी गई है, उसमें उत्पीड़न की परिभाषा में बलात श्रम को शामिल नहीं किया गया है। भारत में अवैध श्रम व्यापार से बचाए गए लोगों ने जानकारी दी है कि उन्हें श्रम व्यापार के पीड़ितों अथवा बंधुआ मजदूरों का दर्जा दिए जाने का काफी विरोध होता है। यद्यपि ईंट के भट्ठों छोटे कारखानों एवं मिठाई की दूकानों, निर्माण स्थलों पर बंधक बनाए जाने वाले प्रवासी श्रमिकों का सूद चुकाने के नाम पर, धमकियों, लालच देकर व हिंसा के बल पर सुव्यवस्थित ढंग से उत्पीड़न किया जाता है, जिला प्रशासन और पुलिस इसे अवैध व्यापार मानने पर राजी नहीं होते और इसका अर्थ वे श्रमिकों के साथ अनुचित बर्ताव के तौर पर लगाते हैं।

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है मानव व्यापार से बचाए गए लोगों के पुनर्वास की कोई परिभाषा न होना और यह भी नहीं कि बचकर निकला व्यक्ति उपचार एवं पुनर्वास के लिए दावा कर सकता है या नहीं। आईटीपीए तीन वर्ष के लिए शरणस्थलों में कैद हो जाने की पेशकश करता है और मकान के भीतर सेवा मुहैया कराने की, वो भी बहाली, रोजगार अथवा पुनः एकीकरण के प्रति सेवा प्रदाता की किसी प्रकार की जवाबदेही के बगैर। बंधुआ मजदूरी कानून बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिए एक केंद्रीय सेक्टर योजना मुहैया कराता है, जिसमें वित्तीय लाभों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, और क्षतिपूर्ति, स्वदेश वापस भेजने, पुनः एकीकरण अथवा श्रम व्यपार के पीड़ितों विधिक प्रतिनिधान के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इस तरह एक ऐसी व्यवस्था बन जाती है जो अवैध व्यापार के चंगुल से छुड़ाए गए लोगों के भविष्य के प्रति किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी से यह दावा करके बच सकता है किउसने पुनर्वास सेवाएं मुहैया करा दी हैं लेकिन पीड़ित लोग उनका लाभ उठाने में समर्थ नहीं हैं।

आईटीपीए और बंधुआ मजदूर कानून तथा भारतीय दंड संहिता मानव व्यापार में लिप्त लोगों को सजा दिलाने में बुरी तरह विफल रहे हैं। ग्लोबल ट्रैफिकिंग इन परसन रिपोर्ट, 2020 में टिप्पणी की गई है कि, ''सरकार ने अवैध मानव व्यापार करने वालों की जांच, अभियोजन एवं सजा सुनिश्चित करने में कटौती कर दी है। दोषियों के बच निकलने की दर बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है।''

भारत में लगभग 90 प्रतिशत मानव व्यापार अंतरराज्यीय, तथा गांवों व छोटे कस्बों से शहरों की ओर होता है। गृहमंत्रालय ने 2008 में एक एकीकृत तथा समग्र जांच प्रणाली सृजित करने की आवश्यकता को माना था जब उसने जिला स्तर पर मानव व्यापार निरोधक इकाइयों (एएचटीयू)को निर्देश जारी किए थे, जो राज्यों के बीच जांचों को आगे बढ़ा सकते हैं। इस तरह सामान्य पुलिस थानों से बोझ हट जाएगा। हालांकि, एक हालिया रिपोर्ट, एएचटीयू वाच, में पाया गया था कि वर्तमान में विद्यमान एएचटीयू में से 10 प्रतिशत से कम अधिसूचित एवं क्रियाशील हैं, जहां प्रभारी अधिकारी मौजूद हैं। एएचटीयू का अधिसूचन न होने का अर्थ होता है कि उनके पास जांच करने की शक्तियां नहीं होती हैं। परिणामस्वरूप, मानव व्यापार संबंधी अधिकतर मामलों की जांच सामान्य पुलिस थानों में तैनात अधिकारियों द्वारा की जाती है जो आपने क्षेत्र के अंतर्गत ही जांचों को सीमित रखते हैं। उदाहरण के लिए, एक पुलिस टीम जो पुणे से किसी मानव व्यापार पीड़ित को बचाकर लाती है वो स्थानीय स्तर तक ही अपनी जांच व अभियोजन को सीमित रखती है और स्रोत राज्य के अवैध व्यापार करने वाले लोगों को पकड़ नहीं सकती जहां से पीड़ित को अपहृत किया गया था। परिणामस्वरूप, ऐसे अभियोजन कमजोर जांचों पर आधारित होते हैं जिन्हें बचाव पक्ष के द्वारा आसानी से चुनौती दी जा सकती है। एएचटीयू को किसी भी विधायन के तहत अब तक मान्यता नहीं दी गई है और राज्य सरकारें उनकी सलाहों को मानने के लिए बाध्य नहीं होतीं।

कानून की अपर्याप्तताओं के चलते सबसे बुरा प्रभाव स्वयं मानव व्यापार के चंगुल से बचकर निकले लोगों पर पड़ता है। जब तक मानव व्यापार के चंगुल से छुड़ाए गए लोगों को अपने अधिकार वापस पाने एवं जमीनी स्तर पर कार्यालयों से जवाबदेही मांगने के लिए सशक्त नहीं बनाया जाता तब तक कानून कागजों पर ही सीमित रहेंगे और मानव व्यापार पर असर नहीं पड़ेगा।

# किसानों से टकराव उचित नहीं

## किसान कुछ मांगने के बजाय कृषि उदारीकरण के अनियोजित एजेंडे की गलतियां बताने दिल्ली आए हैं। सरकार को उनकी बातें सुन कर उनमें विश्वास पैदा करना चाहिए।

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं)





भारत और हमारी खाद्य व्यवस्था का भविष्य किसानों की उस शांतिपूर्ण सेना में है जिसने फिलहाल दिल्ली पर घेरा डाल रखा है। उन्होंने सीमाएं बंद कर दी हैं और वे अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं। नागरिकों के मन में खाद्य पदार्थों व सब्जियों की कीमतें बढ़ने के कारण भय व्याप्त है और नए कृषि कानूनों के कारण अवैध न होने के बाद जमाखोर मुनाफा कमा रहे हैं। पुलिस भी अपने भाइयों पर लाठीचार्ज की इच्छुक नहीं है। उन्होंने शहर के चारों ओर अनावश्यक रोड ब्लाक लगाए हैं जिससे ट्रैफिक जाम व उसकी गति धीमी होने जैसी समस्यायें सामने आई हैं।

भयानक जाड़े में अन्नदाताओं को वाटर कैनन और आंसू गैस का सामना करना पड़ा है। परेशानी के समय में भी उन्होंने आत्मनियंत्रण बनाए रखा है और वे 'नए कंपनी राज' का विरोध करते हुए अपने उत्पादों का उचित मूल्य पाने के लिए हमेशा की तरह एकजुट हैं। यह स्थिति बड़े कृषि निगमों के खिलाफ एक युद्ध में बदल गई है जो कार्पोरेट मीडिया के माध्यम से प्रचार द्वारा जनता को आश्वस्त कर रहे हैं। लेकिन किसान खेती में लागत बढ़ने के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्यों-एमएसपी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनको लगता है कि खुले बाजार में प्रतियोगिता के कारण उनके उत्पादों के दाम और गिर सकते हैं। उनके कुछ वैध और व्यावहारिक सरोकार हैं जिनकी अनदेखी सरकार लंबे समय तक नहीं कर सकती है। ट्विटर पर किसान आंदोलन के परिदृश्य के अनुसार सरकार संभवतः यूनियनों को तोड़ने की पुरानी 'बांटो और राज करो' की नीति पर चल रही है, जबकि किसान प्रतिनिधियों ने वार्ता के दौरान सरकार का अतिथि सत्कार तक स्वीकार नहीं किया है। सरकार ने अब तक 'पंजाब की 32 यूनियनों' से बात की है तथा बाकी को बाहर रखा है।

सरकार संभवतः एक यूनियन नेता को दूसरे यूनियन नेता की तुलना में ज्यादा पसंद कर विमर्श की जटिलता सामने रख रही है। इस प्रकार वह समय बिताने का प्रयास कर रही है ताकि परस्पर विरोध करने वाले नेता अंतिम चरण में कुछ 'हड़ताल तोड़कों' का सामना करने पर मजबूत हो जाएं। इसके अलावा कुछ अवस्थापना-समर्थक किसान समूह और बड़े कार्पोरेट किसान सरकार के साथ समझौता कर मामला समाप्त कर सकते हैं। लेकिन यदि यह मामला नियंत्रण से बाहर हो जाता है तो पंजाब में 'खालिस्तान आंदोलन' उभरने की अफवाहों पर विराम लगाना और यह बताना कठिन हो जाएगा कि कैसे कुछ किसान यूनियनों की हमदर्दी खालिस्तान के साथ थी। कुछ लोग आंदोलन को नस्ली उभार के रूप में पेश करने के प्रयास कर रहे हैं।

वर्तमान गतिरोध पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि किसान अपनी फसलों के लिए एमएसपी की मांग कर रहे हैं जिससे सरकार सहमत है। सरकार से ऐसे वादे की उम्मीद नहीं करनी चाहिए जिसे लागू करने में वह अक्षम हो। कानूनी अधिकार के रूप में एमएसपी मान लेने के बाद स्वतः तीनों कृषि कानून निरर्थक हो जाएंगे क्योंकि बड़ी फर्में संरक्षित बाजार में खरीदारी नहीं करेंगी। यह भी बड़ा सवाल है कि सरकार स्थानीय स्तर पर ग्रामीण बाजार में एमएसपी कैसे लागू करेगी। एमएसपी के 1960 के दशक में लागू होने के बाद से थोड़े किसानों को ही इसका लाभ हुआ है। सरकार एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाने के बजाय 'ग्रेडिंग' अवधारणा का प्रयोग कर कह सकती है कि एमएसपी केवल ग्रेडेड उत्पाद पर मिलेगा। लेकिन इसे स्वीकार करने पर भारतीय किसान भी अमेरिकी किसानों की तरह नुकसान उठाएंगे। अमेरिका में 'फार्म टु फोर्क' की फैक्ट्री-फार्मिंग वाली अबाधित श्रृंखला ने ग्रामीण समुदायों का सफाया कर दिया है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में हुई थी जब औद्योगिक प्रक्रियाओं से विश्व

**भयानक जाड़े में अन्नदाताओं को वाटर कैनन और आंसू गैस का सामना करना पड़ा है। परेशानी के समय में भी उन्होंने आत्मनियंत्रण बनाए रखा है और वे 'नए कंपनी राज' का विरोध करते हुए अपने उत्पादों का उचित मूल्य पाने के लिए हमेशा की तरह एकजुट हैं। यह स्थिति बड़े कृषि निगमों के खिलाफएक युद्ध में बदल गई है जो कार्पोरेट मीडिया के माध्यम से प्रचार द्वारा जनता को आश्वस्त कर रहे हैं। लेकिन किसान खेती में लागत बढ़ने के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्यों-एमएसपी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।**

खाद्य बाजार पर कब्जे का सपना पैदा हुआ, जोतों को मिलाया गया तथा नकदी फसलों को प्राथमिकता मिली। लेकिन जल्द ही अति-उत्पादन के कारण किसानों को सही दाम नहीं मिले और वे कर्ज में डूब गए। ऐसे में उनके सामने अपना धंधा बंद करने और जमीने बेचने के सिवा कोई और रास्ता नहीं बचा। आज अमेरिका के कुल कृषि उत्पादन में किसानों का हिस्सा एक चौथाई है। इस प्रकार 'प्रगति' के वादे पर वे विशाल कंपनियों के सहायक बन कर रह गए। पंजाब और हरियाणा को छोड़ कर किसानों के लिए एमएसपी एक सपना है। यदि कुछ राज्य एमएसपी को कानूनी अधिकार बना भी दें तो निगमों के सामने ज्यादातर खरीद दूसरे राज्यों से करने का विकल्प खुला रहेगा। किसानों का जीवन बहुत कठिन है। रोज तड़के उठ कर खेतों की ओर दौड़ लगाना आसान नहीं है ताकि सिंचाई के लिए सही समय पर बिजली का प्रयोग हो सके। किसानों का दिन खेतों में जुताई, निराई, बिजाई व फसलों की सुरक्षा में बीतता है जबकि उनका परिवार कर्ज और भुगतान की चिन्ता से परेशान होता है। फसल पैदा होने पर उचित दाम न मिलने के कारण और नुकसान होता है। वर्तमान समय में फायदा बिचौलियों का होता है, जबकि बाद में इनकी जगह कार्पोरेट ले लेंगे। किसान को दोनों स्थितियों में लेनदेन की कोई शक्ति नहीं मिली। आमदनी न होने पर किसान कीटनाशक पीकर या अन्य तरीकों से आत्महत्या कर लेता है। एक दशक में 3,00,000 से अधिक कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इस प्रकार किसानों को भ्रमित कहना ठीक नहीं है क्योंकि वे कठोर यथार्थ का सामना कर रहे हैं। पेप्सिको ने गुजरात में किसानों के खिलाफ मुकदमा कर दिया था और वे आज भी गन्ना कीमतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे जानते हैं कि निगमीकरण ने उनका भविष्य नहीं बदला है और उनको अंततः सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत पड़ती है। धैर्य टूटने के कारण शहरी लोग उनको जंगली बताते हैं और उनकी बुद्धि का मजाक उड़ाते हैं, पर उनके साहस का सामना नहीं कर सकते हैं। नीति निर्माताओं को उनके सवालों के जवाब देने चाहिए।

2015 में 2.5 लाख करोड़ का दाल घोटाला हुआ था जिसके कारण उपभोक्ता आज भी 210 रुपये किलो अरहर की दाल खरीद रहे हैं। इसका कारण कृषि बिजनेस कंपनियों का एक कार्टेल था जिसने सप्लाई श्रृंखला से सस्ते दामों पर दाल खरीदी तथा उसे विदेशों में जमा कर नकली कमी वाली स्थिति पैदा की। भारतीयों को ऊंचे दाम पर दाल बेच कर उनको भारी मुनाफा हुआ। सरकार ने आवश्यक वस्तु कानून-ईसीए का प्रयोग कर जमाखोरों पर कार्रवाई की तथा 75,000 मीट्रिक टन दाल जब्त की। लेकिन भंडारण पर ईसीए की सीमा नए कानून में समाप्त की गई है और यह कुछ आपात स्थितियों में ही लागू होगी। हिमाचल प्रदेश में सेब स्थानीय किसानों के लिए नकदी फसल है। पिछले दो दशकों में तीन बड़ी भारतीय विशाल कृषि बिजनेस कंपनियों ने बाजार में अपनी पकड़ मजबूत की है। वे राज्य में पैदा होने वाले लगभग सारे सेब खरीद लेती हैं, मूल्यों पर नियंत्रण करती हैं तथा उन्होंने अपना एकाधिकार कायम कर लिया है। हालांकि, कुछ छोटे व्यापारी उनके नेटवर्क से बाहर हैं, पर उनकी संख्या बहुत कम है।

तकनीकी-आक्रामक शब्दावली के बावजूद किसान और उनके नेता अपने ऊपर मंडरा रहे संकट से परिचित हैं। वे जानते हैं कि वार्ता बेकार है और उनकी किस्मत का फैसला हो चुका है। वे जानते हैं कि यह आंदोलन उनका अंतिम बलिदान और देश की चेतना जगाने की सामूहिक आत्महत्या है। वे दिल्ली कोई भीख का कटोरा लेकर नहीं, बल्कि अनियोजित कृषि उदारवादी एजेंडे की कमियां बताने के लिए आए हैं। निसंदेह वे भ्रमित और उत्तेजित नहीं हैं। उनके लिए अपने बच्चों, अपनी पैतृक जमीनों और हमारी सभ्यता के लिए यह नैतिक विद्रोह जरूरी हो गया है। यदि भारतीय सभ्यता को बचाए रखना है तो किसानों के साथ न्यायोचित व्यवहार जरूरी है। उनके बिना एक नई कार्पोरेट बीमारी पैदा होगी जो सारे भारत को और बरबाद कर देगी। गांधीजी ने कहा था, 'शक्ति का जन्म शारीरिक क्षमता से नहीं होता, बल्कि यह अदम्य इच्छाशक्ति से पैदा होती है।' हमारे किसानों में यह इच्छाशक्ति भरी है और हमें उनकी बात सुननी चाहिए।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 6 दिसंबर, 2020



# स्नातक सीट पर सपा के आशुतोष ने लहराया परचम

● सपा ने स्नातक सीट पर बीजेपी के केदारनाथ सिंह को हराकर कब्जा किया

● आशुतोष सिन्हा ने केदारनाथ को 2666 वोट से किया पराजित

● सपा के आशुतोष को 25351 वोट वहीं बीजेपी के प्रत्याशी केदारनाथ को 22685 मत मिले

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**पीएम के** संसदीय क्षेत्र में एक बार फिर स्नातक के अधिकृत सपा प्रत्याशी आशुतोष सन्हा ने भाजपा के तीन बार से विधान परिषद सदस्य रहे केदारनाथ सिंह को भारी षिकस्त देकर वाराणसी के स्नातक क्षेत्र पर सपा ने कब्जा कर लिया।विधान परिषद स्नातक कोटे की सीट पर सपा के आशुतोष सिन्हा चुनाव जीत गए हैं। शनिवार दोपहर करीब सवा बारह बजे परिणाम सामने आया। सपा प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के केदार नाथ सिंह से 2666 वोट की बढ़त बनाकर आगे रहे। 21 राउंड की गिनती में आशुतोष को 25351 वोट व केदारनाथ सिंह को 22685 वोट मिले हैं । अब तक 20 प्रत्याशी एल्मिनेट हो चुके हैं। सिर्फ 21वां प्रत्याशी के रूप में केदार नाथ सिंह को एल्मिनेट होना बाकी है। स्नातक सीट पर 22 प्रत्याशियो ने भाग्य आजमाया था।अंतिम प्रत्याशी के द्वितीय वरीयता के वोट सपा प्रत्याशी में ट्रांसफर होंगे। जीत के लिए 39 हजार निर्धारित कोटा प्रत्याशी की ओर से नही पाया जा सका। सर्वाधिक वोट पाने वाले के कारण आशुतोष चुनाव जीत चुके हैं। आयोग से अनुमति के बाद करीब 3 बजे परिणाम घोषित किया जाएगा। सपा प्रत्याशी ने एल्मिनेट 20 प्रत्याशियों के द्वितीय वरीयता के वोट में अच्छी सेंधमारी कीए इसलिए जीत सुनिश्चित हो सही। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने कहा कि आयोग से अनुमति मांगी गई है। इससे पूर्व एमएलसी वाराणसी खंड शिक्षक कोटे की सीट का परिणाम शुक्रवार दोपहर को घोषित किया गया था। कांटे की लड़ाई में सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव 7766 मत पाकर विजयी रहे।

# हिंदूराष्ट्र के लिए परमहंस ने किया राष्ट्रहित महायज्ञ

● हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित हुआ तो गांधी जयंती 2021 के दिन परमहंसदास मां सरयू की गोद में लेंगे जल समाधि



**अयोध्या।** आचार्य पीठ तपस्वी छावनी रामघाट में शनिवार को महंत परमहंस दास के संयोजन में राष्ट्रहित महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संतों ने यज्ञशाला में आहुतियां डाली। इस मौके पर परमहंस ने कहा कि हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने, जनसंख्या नियंत्रण कानून, गौ को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने समेत सात सूत्रीय मांगो को लेकर पहले ही मेरे द्वारा राष्ट्रपति को पत्र भेजा जा चुका है। हमारी सप्त सूत्रीय मांगो को पूरा किया जाए। नही तो मुझे इच्छा मृत्यु की अनुमति दें। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूवर तक हमें केंद्र सरकार के फैसले का इंतजार है। अगर हमारी मांगे नही पूरी की गई। तो 2 अक्टूवर 2021 गांधी जयंती के दिन मैं सरयू नदी में जल समाधि ले लूंगा। यह हमारा सरकार को अल्टीमेटम है। राष्ट्रहित सर्वोपरि है राष्ट्र के लिए जीना और मरना संयासी का एकमात्र धर्म है। हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसकी पूर्ति के लिए राष्ट्रहित महायज्ञ का आयोजन हुआ। वहीं महायज्ञ में मौजूद भारत महापरिवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बरीश देव गुप्ता ने कहा कि परमहंस दास की सात सूत्रीय मांग राष्ट्रहित में है। संत राष्ट्र का सबसे बड़ा चिंतक और सुधारक होता है। इसलिए इनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाना चाहिए। जो राष्ट्रहित में व सबके लिए है।

# आर्थिक विषमता को दूर करना होगाः एनएमपी वर्मा

● डॉ. अम्बेडकर निरंतर से ही समाज के विपन्न वर्ग के लिये संघर्ष करते रहेः प्रो. अजय प्रताप सिंह

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अम्बेडकर चेयर अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ललित कला फाईन आर्ट्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के 64 वें महापरिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत शीर्षक डॉ. अम्बेडकर का आार्थिक चिन्तन एवं विपन्न समूह रहा तथा पोस्टर प्रतियोगिता का शीर्षक सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए हुआ। विभागीय छात्र छात्राओं द्वारा इस अवसर पर कुलगीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एनएमपी वर्मा, पूर्व कुलपति बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ ने ने कहा कि आज भी समाज का विपन्न वर्ग अपने विकास एवं जीवन स्तर में सुधार को लेकर व्याकुल एवं व्यथित हैं आज भी समाज की अधिकांश संपत्तियां कुछ लोगो के हाथों में फँसी हुई है, आवश्यकता इस बात की हैं कि यदि हम आर्थिक विशमता को दूर करना चाहते हैं, तो हमें आय एवं संपत्ति का वितरण समान करना होगा जिसे समाज का विपन्न वर्ग चाहे वो जिस भी जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय का हो जीवन स्तर ऊँचा उठ सकता हैं। यही बाबा साहेब अम्बेडकर के लिये सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कला संकायाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर निरंतर से ही समाज के विपन्न वर्ग के लिये संघर्श करते रहे हैं। उनका निरंतर यह प्रयास रहा है कि समाज में आर्थिक समानता में वृद्धि होनी चाहिए तथा समाज का कोई भी व्यक्ति भूखा, नंगा एवं कुपोषित ना रहे आज की पीढ़ी को इस दिशा में सोचना है कि हम डॉ0 अम्बेडकर के आर्थिक विचारों को मूर्ति रूप प्रदान कर सकें। विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ये बताया की आज के दिन इस विशय को चुनना वास्तव में विपन्नों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा है कोविड.19 महामारी के कारण आज समाज का अधिकांष विपन्न वर्ग बेकारी, भुखमरी एवं विकास के निम्नता की स्थिति को झेल रहा हैं। आज हम लोगो की नैतिक जिम्मेदारी बनती हैं की हम बाबा साहब के आर्दर्षों के अनुरूप आर्थिक उन्नयन का प्रयास करें, जिससे संपूर्ण समाज का विकास सुनिश्चित हो सके प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि माननीय कुलपति आचार्य रविशंकर के नेतृत्व में अम्बेडकर चेयर अर्थषास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग विपन्न वर्ग से सम्बन्धित गांव को चिन्हित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत स्वावलम्बन के साथ उनके विकास हेतु प्रयास करेगा तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों के अन्तर्गत उनको विकसित होने के लिए उत्प्रेरित करेगा।

## रैन बसेरों को सुव्यवस्थित करने का निर्देश

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा निर्देशित किया गया है शीतलहर व ठंड से बचाव हेतु गुणवत्तापूर्ण रूप से रैन बसेरों का संचालन किया जाये साथ ही उपयुक्त स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने उक्त आदेश के अनुपालन में रैनबसेरों में आश्रय ले रहे आगंतुकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के मूल्यांकन हेतु एक फीडबैक फार्म पर प्रत्येक तहसील, नगर निगम एवं नगर पंचायतों द्वारा संचालित रैन बसेरों में आ रहे आगंतुकों से फीडबैक प्राप्त कर उसका दस्तावेजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जनपद में शीतलहर से बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों से संबंधित सूचना प्रत्येक दिवस आनलाइन गूगल शीट के माध्यम से प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित किया है।

# निर्वाचन के प्रेक्षक अजय कुमार सिंह का हृदयघात होने से निधन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वाराणसी** खंड शिक्षक निर्वाचन के प्रेक्षक आईएस अजय कुमार सिंह का शनिवार सुबह शुभम अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अंतिम संस्कार मर्णिकाघाट पर शाम 4 बजे होगा। अंतिम दर्शन के लिए शव सर्किट हाउस में रखा गया है। परिवार के सभी सदस्य आ चुके हैं।

अजय कुमार सिंह (48) को शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे अचानक सर्किट हाउस में बेहोश होने के बाद शुभम हास्पिटल लाया गया थाए जहां उन्हे वेल्टीनेटर पर रखा गया था। डॉक्टरों ने शुक्रवार शाम जारी मेडिकल बुलिटेन में उनकी हालत चिंताजनक बताई थी। आइएएस अजय कुमार की पत्नी और पूर्व गृह सचिव आइएएस नीना शर्मा आगरा खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन की प्रेक्षक बनायी गयी थीं। पति की गम्भीर हालत के बाद शासन द्वारा उन्हें कन्नौज से हेलीकाप्टर से वाराणसी भेजा गया था।

पटना के रहने वाले अजय कुमार सिंह 1998 बैच के आइएएस आफिसर थे। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश सरकार में खादी ग्रामोद्योग विभाग के सचिव के पद पर तैनात थे ।उनकी पत्नी नीना शर्मा इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। एक 15 वर्ष का पुत्र है। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने बताया कि आज शाम 4 बजे मणिकर्णिका घाट पर अजय कुमार सिंह की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ कि जायेगी। आब्जर्वर अजय कुमार की तबीयत शुक्रवार की सुबह अचानक बिगड़ गई थी आनन-फानन उन्हें मकबूल आलम रोड स्थित शुभम अस्पताल में एडमिट कराया गया था। शनिवार सुबह से ही उनको दिल्ली ले जाने की कवायद शुरू हो गई थी। हास्पिटल से एयरपोर्ट ले जाने के लिए बीएचयू की एम्बुलेंस भी हास्पिटल पहुंच गई थी।

## छात्रावास खोलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे बीएचयू छात्र

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**लम्बे समय** तक शांति के बाद बीएचयू परिसर में छात्र अधिकारों को लेकर आंदोलन शुरू हुए हैं। छात्रावास खोलने की मांग को लेकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र शनिवार को कुलपति आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। छात्रों के धरने पर बैठने के चलते होलकर भवन आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लॉकडाउन खुलने के बाद भी बीएचयू छात्रावास नहीं खोले जाने से छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के लिखलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कुलपति आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। छात्र नेता शुभम त्रिपाठी के मुताबिक अगर जल्द से जल्द छात्रावास नहीं खोला गया तो आंदोलन उग्र होगा। राजाराम हॉस्टल और मुना देवी छात्रावास के छात्र कुलपति आवास के सामने धरने पर बैठे हैं।

# बब्लू हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**गन्ना तोड़ने** को लेकर हुए विवाद में हुई युवक की हत्या के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की देर शाम को गमगीन माहौल में चहोडा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि इस मामले में बसखारी पुलिस ने घटना के 36 घंटे के अंदर ही अपनी सक्रियता दिखाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।।घटना की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार की दोपहर को क्षेत्राधिकारी ने भी थाना अध्यक्ष बसखारी श्रीनिवास पांडे के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। बता दे कि बीते बृहस्पतिवार की देर शाम को गन्ना तोड़ने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक दलित युवक की पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया था। इस पिटाई में मरणासन्न युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। इसी मामले में मृतक के चचेरे भाई पप्पू पुत्र उमाकांत ने दिलीप पुत्र पूनवासी,राम पूजन पुत्र वीरधारी, रामसूरत पुत्र वीरे, व राकेश पुत्र राम मगन के ऊपर अपने भतीजे की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हत्या व दलित उत्पीड़न से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिस मामले में बसखारी पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए बीते शुक्रवार की देर शाम मामले में वांछित आरोपी दिलीप कुमार, राम पूजन को डोडो तिराहे से तथा शनिवार की सुबह राम मूरत व राकेश को भिदूण डडियवा से गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि मामले में वांछित चारों आरोपियों को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# 62 सहायक अध्यापकों को डीएम ने वितरित किए नियुक्ति पत्र



**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 69000 पदों के सापेक्ष शेष 36590 चयनित सहायक अध्यापकों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जनपद में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा 62 सहायक अध्यापकों को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सौभाग्य से शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त होता है ।उन्होंने कहा कि शिक्षक के पुनीत और नेक कार्य से छात्रों का पथ प्रदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को सरल भाव से अध्ययन कराते हुए एक अच्छे मार्ग पर चला कर उन्हें कामयाबी दिलाने में शिक्षक का अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्कूल के प्रति बच्चों का भाव टूटने न पावे। शिक्षक गण इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को एक नेक पथ पर चला कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाया जा सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह, नवनियुक्त सहायक अध्यापक तथा संबंधित विभाग के अधिकारी,कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**प्रयागराज।** पिछले बीस वर्षों में आर्म्ड फोर्स में देश की सेवा के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। विजय दिवस के रूप में नमन परियोजना का लोकार्पण किया गया। जो 1971 के बांग्लादेश युद्ध में भारत को जीत दिलाने एवं भारतीय सैनिकों के बलिदान को याद करने के लिए सोलह दिसंबर को हर साल मनाया जाता है। देश की सुप्रसिद्ध कंपनी श्री सीमेंट की अनोखी सेवा पहल का लेफ्टिनेंट जनरल आलोक क्लेर पीवीएसएम वीएसएम जीओसी इन सी दक्षिणी पश्चिमी कमान भारतीय सेना ने औपचारिक रूप से प्रोजेक्ट नमन का उद्घाटन किया। यह परियोजना श्री सीमेंट की राष्ट्रीय पहल है। जिसके जरिए भारतीय आर्म्ड फोर्स के परिवारों को मुफ्त सीमेंट प्रदान किया जायेगा। संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशांत बांगड़ ने कहा की घर बनाने के लिए उच्च क्वालिटी के सीमेंट की सबसे ज्यादा जरुरत होती है। इसलिए हमें लगा कि नमन योजना शहीदों के परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहद मददगार साबित होगा।

# हेड. लेखपाल संघ अध्यक्ष बोले क्षमता भर ही करेंगे कार्य

● सृजित पदों के सापेक्ष कानूनगो, लेखपाल व नायब तहसीलदार नियुक्त किये जाने की मांग

संवाददाता। पाटन

| सृजित पद | तैनाती |
|---|---|
| लेखपाल- 58 | 25 |
| कानूनगो- 9 | 1 |
| नायब तहसीलदार- 2 | 00 |

**कार्यक्षेत्र के** अनुरूप कर्मचारी न होने से काम के बोझ तले दबे लेखपाल अब अपनी क्षमता भर ही कार्य करेंगे। उच्चाधिकारियों और सुरक्षा व्यवस्था न होने पर अब वे शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे।

यह बात आज तहसील बीघापुर लेखपाल संघ अध्यक्ष सतीश सिंह ने पायनियर से बातचीत के दौरान कही। अध्यक्ष का कहना था कि लेखपालों की संख्या कम होने से काम का अतिरिक्त बोझ करीब सभी लेखपालों पर है। सरकार जन समस्याओं का निस्तारण समयान्तर्गत चाहती है लेकिन यात्रा भत्ता के नाम पर उन्हें आज भी साइकिल का खर्च दिया जा रहा है। ऐसे में आयए जातिए निवासए उत्तराधिकार व अन्य मामलों में समय से सत्यापन में अपने वेतन के धन से उन्हें खर्च करना पड़ रहा है। सतीश सिंह ने बताया कि यहाँ तक तो ठीक है लेकिन विवादित मामलों में जब उन्हें मौके पर जाते समय कानूनगो व नायब तहसीलदार की जरूरत होती है तो यहाँ उनकी भी तैनाती नहीं है। ऐसे में किसी भी निर्णय पर उनके साथी अकेले जिम्मेदार होते हैं। तहसील अध्यक्ष ने समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए तहसील में पर्याप्त संख्या में कानूनगो, लेखपाल व नायब तहसीलदार नियुक्त किये जाने की मांग की है।

## हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आर्ट समिट का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**हेमवती** नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में शनिवार को लिटरेरी फेस्ट एवं फइन आर्ट समिट का शुभारंभ महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब संस्कृत तथा हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय के पुस्तकालय में किया गया। जहां पुस्तकालय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा के संरक्षण में प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुनंदा चतुर्वेदी द्वारा साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो मुस्ताक अली ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने भारतीय साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के जीवन से जुड़ी रोचक तथ्यों को साझा किया।

## जीएम ने किया निरीक्षण रेलकर्मी सम्मानित

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने रेल म्यूजियम का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एके पाण्डेय, मुख्य कारखाना इंजीनियर बीएस दोहरे, मुख्य कारखाना प्रबन्धक एसी बेसरा महाप्रबन्धक/सचिव डीके खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबन्धक/सामान्य ओमकार नाथ सिंह सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं रेल म्यूजियम कर्मचारी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने रेल म्यूजियम में रखे गये फोटो गैलरी का अवलोकन किया तथा यहां प्रदर्शित फोटोग्राफ्स के उचित रख-रखाव का निर्देश दिया। रेल म्यूजियम में रखे विभिन्न ऐतिहासिक उपकरणों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे और बेहतर ढ़ंग से प्रदर्षित किये जाने का सुझाव दिया। श्री त्रिपाठी ने रेल म्यूजियम में रखे ऐतिहासिक महत्व के सन् 1890 की बंगाल एण्ड नाथ वेर्स्टन रेलवे की ईटें, मीटर गेज के कोच माडल, लार्ड लारेन्स इंजन, मीटर गेज की क्रेन, स्टीम इंजनों में पानी भरे जाने हेतु वाटर कॉलम इत्यादि का अवलोकन किया तथा इन धरोहरों के समीप लगे सूचना पट्ट को और आकर्षक बनाने हेतु दिशा-निर्देश दिया।

# शिक्षा पद्धति को किया जाएगा और मजबूतः जल शक्ति मंत्री

● नवनियुक्त अध्यापकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित, नियुक्ति पत्र पाकर अध्यापकों के खिले चेहरे

**उन्नाव।** बेशिक शिक्षा विभाग में नवनियुक्त 69ए000 शिक्षकों की द्वितीय चरण की भर्ती प्रक्रिया के तहत निराला प्रेक्षागृह में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप्र सरकार के जल शक्ति मंत्री विभाग के मंत्री महेंद्र सिंह ने जनपद के 145 शिक्षकों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। इस कार्य में एक शिक्षक की अहम भूमिका होती है। नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है उसका पूरी सत्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। भारत की शिक्षा को विश्व की सबसे सर्वोच्च बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा गत वर्ष में भर्ती किए गए 1ए37000 शिक्षकों को मिशन प्रेरणा से जोड़कर विद्यालयों के साथ शैक्षिक व्यवस्था का भी कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद उ प्र द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षा व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बेसिक शिक्षा में शिक्षण देना शिक्षक के लिए सौभाग्य की बात है।उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। डीएम रविंद्र कुमार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराना है।इसके लिए सरकार कृत संकल्पित है। राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाने का जिम्मा युवाओं पर होता है।उन्हें रोजगार के अभाव में भटकना न पड़े सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। विधायक सफीपुर बंबालाल दिवाकर ने नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। विधायक सदर पंकज गुप्ता ने कहा कि सभी शिक्षकों को संकल्प लेना चाहिए कि जिस भी विद्यालय में शिक्षा दान करने का अवसर मिले वहां बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि वह अपने माता-पिता अपने गुरुजन,,अपने देश का नाम रोशन करे।

## बेटियों के हाथ पीले करने में मददगार बनी सूबे की सरकारः श्रीकांत कटियार

● सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूजे के हुए 11 जोड़े, नव दंपतियों को क्षेत्रीय विधायक ने दी शुभकामनाएं

**फतेहपुर चौरासी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित समारोह में 11 युगलों ने एक दूसरे के साथ विवाह सूत्र में बंधकर जीने मरने की कसमें खाई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने नव दंपतियों को शुभकामनाएं दी। नव दंपतियों को शासन स्तर से निर्धारित 51 हजार की धनराशि में से 35 हजार रुपये की चेक प्रदान की गई। शेष धनराशि समाज कल्याण विभाग द्वार प्रति नवदम्पत्ति को सामान व तैयारियों पर खर्च किये गये।

ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 11 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फेरे लिए। समारोह में बाघ खेड़ा निवासी सोनी का विवाह सूरज प्रकाश, हुसैन नगर पट्टी निवासी मीरा का विवाह रामकिशोर, भदेहरा दबौली निवासी मनीशा का सन्दीपए सुब्बा पुरवा दबौली निवासी अनीता का अजय, गंगेहरा निवासी कुन्ती का सुनील, जाजामऊ निवासी अंजू का अनन्तराम के साथ हिन्दू रीतिरिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार नें कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए खुशियों की सौगात है। बेटियों के हाथ पीले करने में धन का अभाव बाधा न बने इसके लिए सूबे की सरकार निर्धन व बेसहारा परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने अनुदान की धनराशि को बढ़ाने के लिए शासन में सिफारिश करने की भी बात कही। खण्ड विकास अधिकारी रुक्मिणी वर्मा नें कहा सामूहिक विवाह योजना समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने में भी हितकारी साबित हो रही है।

## क्विक न्यूज

### प्रभारी मंत्री ने दिया शिक्षकों को नियुक्ति पत्र



**गोरखपुर।** उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत बेसिक शिक्षा विभाग में 36590 चयनित सहायक अध्यापकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से विडियो-कान्फ्रेंसिग से किया गया। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के नव नियुक्त शिक्षकों से संवाद स्थापित किया। प्रदेश के समस्त जनपद अपने जिले के एनआईसी के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री ने समस्त नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुक्ति में आरक्षण के मानकों का भी भरपूर पालन किया गया है, नियुक्ति प्रक्रिया सूचितापूर्ण, पारदर्शी एवं योग्यता के अनुरूप कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। गोरखपुर के सर्किट हाउस एनेक्सी सभागार में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री ने जनपद के 10 नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने नव कहा कि शिक्षक भविष्य निर्माता होता है, बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ायें ताकि बेहतर समाज का सृजन हो। इस अवसर पर सदर सांसद रविकिशन, राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद, महापौर सीता राम जायसवाल, विधायक संत प्रसाद, फतेह बहादुर सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, संगीता यादव, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह आदि उपस्थित रहें।

### चोरी की मोबाइलों के साथ तीन व मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए चोरी की दस मोबाइलों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में से दो सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जबकि एक मालीपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसके अलावां सम्मनपुर पुलिस ने आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस ने सैदापुर बाजार से मो0 इमरान निवासी रसूलपुर बाकरगंज थाना मालीपुर व मो0 सलमान निवासी आदीपुर तथा लालचंद्र निवासी रामनगर नरसिंह थाना सम्मनपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दस मोबाइलें बरामद की। इसके साथ ही धर्मदेव निवासी भेदौरा थाना अहिरौला जिला आजमगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक हीरो ग्लैमर व पैशन प्रो मोटर साइकिल बरामद की है।

### जिले में कोरोना से एक और मौत

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना संक्रमण से एक महिला की मौत हो गई जबकि शनिवार को हुई जांच में एक व्यक्ति में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जलालपुर तहसील क्षेत्र के मछली गांव निवासी 60 वर्षीय पियारी देवी को बुखार, खांसी व सांस फूलने की शिकायत पर राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मौत के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या 40 हो गई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग केवल जिले में कोरोना से 37 मौतों की पुष्टि कर रहा है। तीन दिन पूर्व हुई एक महिला की मौत को स्वास्थ्य विभाग ने अम्बेडकरनगर में जोड़ने से इनकार कर दिया था।

### सपा की विधान सभावार किसान पदयात्रा 7 से

**गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, संचालन जिला महासचिव अखिलेश यादव ने किया। बैठक में भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर 07 दिसम्बर से जनपद में किसान यात्राओं के आयोजन के संदर्भ में, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़वाने और कटवाने में बूथों पर पार्टी नेताओं की भागीदारी पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कल 7 दिसंबर से विधानसभा वार किसान पदयात्रा का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि कालाधन, बेरोजगारी, नोटबन्दी, जीएसटी, स्मार्टसिटी, कोरोना, लॉकडाउन, दो करोड़ रोजगार, विकास, अर्थव्यवस्था, महिला सुरक्षा इत्यादि तमाम बातों पर पीएम मोदी ने देश की जनता से हमेशा झूठ बोला व जनता को गुमराह किया। अन्त में पार्टी नेता धर्मराज यादव के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान अखिलेश यादव, यशपाल रावत, विजय बहादुर यादव, अवधेश यादव, प्रहलाद यादव, मनुरोजन यादव, साधु यादव, रुपावती बेलदार, मिर्जा कदीर वेग, जितेंद्र सिंह, जयप्रकाश यादव दूधनाथ मौर्य संजय पहलवान सुनील सिंह पंकज शाही रामनाथ यादव मैना भाई कालीशंकर, राघवेंद्र तिवारी राजू, संजय सिंह सैंथवार, देवेंद्र भूषण निषाद, अशोक चौहान, सत्येंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में दो गिरफ्तार



**गोरखपुर।** बांसगांव थाने की पुलिस टीम ने मारपीट व हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस क उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़, अपराध पर लगाम लगाने एवं घटना के अनावरण में क्षेत्र में मामूर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना एवं उसके इशारे पर गिरजेश पुत्र रामकरन, श्री नारायण पुत्र स्व. पतरू निवासीगण ग्राम जयन्तीपुर थाना बांसगांव, को जगदीशपुर डिघवा पान की दुकान के पास गिरफ्तार किया। पकडे गये व्यक्तियो से मुकदमा 690/2020 के घटना के बारे में पुलिस के पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि साहब हम लोगों द्वारा उक्त घटना के दिन प्रेमनारायण को मारा पीटा गया था जिससे उसको गम्भीर चोटे लग गयी थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. रणजीत सिंह बघेल, का. मुकेश प्रजापति, मोहम्मद सपाम आदि शामिल रहें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत


**पाटन।** बीघापुर थाना क्षेत्र में बीती रात एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। युवक की तीन दिन पहले ही शादी हुई थी। घटना शुक्रवार देर रात उन्नाव रायबरेली राजमार्ग पर अकवाबद के पास हुई। थाना क्षेत्र के बेहटा भवानी निवासी सत्यम पुत्र अशोक पांडेय रात 11 बजे करीब घर से मोटरसाइकिल ले कर निकला था। अकवाबाद के निकट ढाबे के पास पहुंचा था कि मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।दुर्घटना में सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक माता पिता की इकलौती संतान था।गत 2 दिसंबर को गौरी बीघापुर निवासी कल्लू तिवारी की पुत्री राखी के साथ उसकी शादी हुई थी। उसकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# देश में शनिवार को कोविड-19 के उपचाराधीन मामलों की संख्या 136 दिन में सबसे कम रही

## हाल में संक्रमणमुक्त हुए लोगों के कारण कुल उपचाराधीन मामलों में 6,393 की कमी आई है

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या शनिवार को कम होकर 4,09,689 हो गई जो 136 दिन में सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि देश में उपचाराधीन मामलों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 4.26 फीसदी है। हाल में संक्रमणमुक्त हुए लोगों के कारण कुल उपचाराधीन मामलों में 6,393 की कमी आई है। इसमें कहा गया, भारत के कुल उपचाराधीन मामले आज घटकर 4.10 लाख (4,09,689) रह गए। यह संख्या 136 दिन बाद सबसे कम है। इससे पहले कुल उपचाराधीन मामले 22 जुलाई को 4,11,133 थे। मंत्रालय ने कहा कि बीते आठ दिन से देश में संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या संक्रमण के प्रतिदिन सामने आने वाले नए मामलों से अधिक बनी हुई है। इसमें कहा गया, बीते 24 घंटों में



संक्रमण के 36,652 नए मामले सामने आए हैं। इसी अवधि में कुल 42,533 लोग संक्रमण मुक्त हुए तथा उन्हें अस्पतालों से छुट्टी मिली। मंत्रालय ने कहा, स्वस्थ होने वाले लोगों की बढ़ती संख्या के चलते ठीक होने वाले लोगों की दर भी आज बढ़कर 94.28 फीसदी हो गई। स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या 90,58,822 है। संक्रमित लोगों और उपचाराधीन मामलों में करीब 86.50 लाख का अंतर है। इसमें बताया गया कि स्वस्थ होने वाले 78.06 फीसदी लोग महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ से हैं। देश में शनिवार को कोविड-19 के एक दिन में 36,652 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमण के कुल मामले 96.08 लाख के पार चले गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक कुल 90,58,822 लोग कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके हैं जिससे ठीक होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर 94.28 फीसदी हो गई। मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 96,08,211 मामले हैं। इसके मुताबिक बीते 24 घंटे में देश में 512 संक्रमितों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर।,39,700 हो गई है। कोविड-19 के कारण मरने वालों की दर 1.45 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 4,09,689 लोगों का इलाज चल रहा है जो संक्रमण के कुल मामलों का 4.26 फीसदी है।



नई दिल्ली में शनिवार को गाजीपुर के पास दिल्ली-नोएडा सीमा पर केंद्र की नए किसान कानूनों के विरोध प्रदर्शन के चलते पसरे सन्नाटे के बाद एनएस-9 रोड पर क्रिकेट खेलते बच्चे

# भारत कोविड-19 टीके की 1.6 अरब खुराक खरीदने वाला सबसे बड़ा खरीदार होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

● हर्षवर्धन ने नवंबर में कहा था कि जुलाई-अगस्त 2021 तक भारत में (25 से 30 करोड़) लोगों के लिए कोविड-19 की 40-50 करोड़ खुराक उपलब्ध हो जाएगी।

**वैश्विक** विशेषज्ञों के विश्लेषण के मुताबिक भारत 1.6 अरब खुराक के साथ दुनिया में कोविड-19 टीके का सबसे बड़ा खरीदार होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतने टीके से 80 करोड़ लोगों या आबादी के 60 प्रतिशत हिस्से का टीकाकरण हो जाएगा और हर्ड इम्युनिटी विकसित करने के लिए भी इतनी संख्या पर्याप्त होगी। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी के ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन सेंटर के मुताबिक भारत ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के टीके की 50 करोड़ खुराक, अमेरिकी कंपनी नोवावैक्स से एक अरब खुराक और रूस के गमालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट से 10 करोड़ खुराक खरीदने वाला है।

हर दो सप्ताह पर अद्यतन किए जाने वाले लॉँच एंड स्केल स्पीडोमीटर विश्लेषण से पता चलता है कि भारत ने तीनों टीके की 1.6 अरब खुराक खरीदने की पुष्टि की है। विश्लेषण के मुताबिक अग्रिम खरीदार के तौर पर कोविड-19 टीका खरीदारों के मामले में भारत शीर्ष पर है। इसके बाद यूरोपीय संघ है जो 1.58 अरब खुराक खरीदेगा। संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित अमेरिका एक अरब से ज्यादा खुराक की खरीदारी पर मुहर लगा चुका है। हर देश अपनी आबादी को कोरोना वायरस से सुरक्षित करने के लिए नई रणनीति अपना रहे हैं। ड्यूक यूनिवर्सिटी ने कोविड-19 टीके की खरीदारी के लिए वैश्विक स्तर पर हुए समझौते के संबंध में विश्लेषण जारी किया है। हालांकि अब तक टीकाकरण की शुरूआत कहीं पर भी नहीं हुई है। ड्यूक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने विश्लेषण में उल्लेख किया, भारत और ब्राजील जैसे निर्माण क्षमता वाले देशों ने बाजार में टीके के आने के पहले ही अग्रणी टीका निर्माताओं के साथ इसको लेकर समझौते कर लिए हैं। विषाणु विज्ञानी शाहिद जमील ने बताया, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध तथा अधिकारियों से बातचीत के आधार पर यह आंकड़ा तैयार किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने नवंबर में कहा था कि जुलाई-अगस्त 2021 तक भारत में (25 से 30 करोड़) लोगों के लिए कोविड-19 की 40-50 करोड़ खुराक उपलब्ध हो जाएगी। जमील ने बताया कि भारत ने जिन कंपनियों के टीके के लिए अग्रिम तौर पर आदेश दिया है उसमें ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका तथा नोवावैक्स के टीके को पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया तथा स्पूतनिक वी के टीका को हैदराबाद के डॉ रेड्डी लैब में तैयार किया जा रहा है। अशोका यूनिवर्सिटी में त्रिवेदी स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज के निदेशक जमील ने कहा, भारत बायोटेक और जायडस कैडिला भी वर्ष में करीब 40 करोड़ खुराक उपलब्ध कराएगी। हम उम्मीद कर सकते हैं 2021 में 25 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो जाएगा। बाकी लोगों को उसके अगले साल टीके की खुराक दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि 1.6 अरब खुराक से 80 करोड़ लोगों या भारत की आबादी के 60 प्रतिशत हिस्से का टीकाकरण हो जाएगा। विषाणु विज्ञानी ने कहा कि टीके की इतनी खुराक हर्ड इम्युनिटी विकसित करने के लिए पर्याप्त होगी। उन्होंने कहा कि पहली 50 करोड़ खुराक अग्रिम मोर्चे के कर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आपात सेवा और सुरक्षा सेवा के लोगों को दी जा सकती है। पहले से गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोग और 65 से ज्यादा की उम्र के लोग भी प्राथमिकता में रहेंगे।

# तृणमूल कांग्रेस का भारत बंद को नैतिक समर्थन

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों द्वारा आठ दिसम्बर को बुलाए गए भारत बंद को अपना नैतिक समर्थन देने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी किसानों के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए तीन दिनों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विरोध कार्यक्रम आयोजित करेगी।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बंगाल में अपने विरोध कार्यक्रमों के दौरान उनकी पार्टी कृषि कानूनों को तुरंत वापस लेने की मांग करेगी। पार्टी की मांग है कि सभी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद नए विधेयकों को संसद की स्थाई समिति या प्रवर समिति को भेजा जाना चाहिए। बंदोपाध्याय ने कहा, हमारी नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसानों के आंदोलन को पूरा समर्थन देने का वादा किया है। कल, उन्होंने एकजुटता में सड़क पर विरोध प्रदर्शन के लिए तीन दिन के न्यूनतम कार्यक्रम की घोषणा की। हम तत्काल कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हैं।

हालांकि उन्होंने कहा कि कि सत्तारूढ़ पार्टी राज्य में विरोध के दौरान कहीं भी बंद नहीं करेगी या सड़कों को जाम नहीं करेगी। केन्द्र सरकार ने सितंबर में तीन कृषि कानूनों को मंजूरी दी थी। सरकार का कहना है कि इन कानूनों का मकसद बिचौलियों को खत्म करके किसानों को देश में कहीं भी अपनी फसल बेचने की अनुमति देकर कृषि क्षेत्र में सुधार लाना है। किसानों को चिंता है कि इन कानूनों से उनकी सुरक्षा कवच मानी जानी वाली न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था और मंडियां खत्म हो जाएंगी। सरकार का कहना है कि एमएसपी जारी रहेगी और नए कानूनों से किसानों को अपनी फसल बेचने के और विकल्प उपलब्ध होंगे। किसानों ने आठ दिसंबर को भारत बंद का भी आह्वान किया है। बंदोपाध्याय के साथ संवाददाता सम्मेलन में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा भी मौजूद थे। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के साथ एक बैठक करने के लिए अपनी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ यहां मौजूद चंदूमाजरा ने कहा कि ए नए कानून किसानों के लिए चिंता की बात हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने इन कृषि कानूनों के खिलाफ लगातार आंदोलन चलाने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि राजनीतिक दल हमारे पक्ष में आएं ... आंदोलनकारी किसानों के साथ खड़े हों।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को दिल्ली-हरियाणा सीमा पर आंदोलनकारी किसानों से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ लगभग चार घंटे बिताए थे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से फोन पर बात कराई थी।

# सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग पर भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चिंता जताई

**भाषा।** नई दिल्ली

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग पर भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को सभी निजी टीवी चैनलों से कहा कि वे आय के अवसर या वैकल्पिक रोजगार विकल्प के तौर पर ऐसे विज्ञापन दिखाने से बचें।

परामर्श के अनुसार निजी टेलीविजन चैनलों को 24 नवंबर को जारी भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा, जो 15 दिसंबर से लागू होंगे। इसमें कहा गया है, सभी प्रसारकों को सलाह दी जाती है कि एएससीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाए और टेलीविजन पर प्रसारित विज्ञापन एएससीआई के दिशानिर्देशों का पालन करते हों। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विज्ञापन ऐसी किसी भी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देने वाले हों जो विधि या कानून द्वारा निषिद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि ऑनलाइन गेमिंग, काल्पनिक खेल (फैंटेसी स्पोर्ट्स), पर बड़ी संख्या में विज्ञापन टेलीविजन पर दिखाई दे रहे हैं। उसने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे विज्ञापन भ्रामक प्रतीत होते हैं। मंत्रालय ने कहा कि चर्चा और परामर्श के बाद, यह सहमति हुई कि विज्ञापनों के पारदर्शी होने और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विज्ञापनदाताओं और प्रसारकों के लाभ के वास्ते एएससीआई उचित दिशा-निर्देश जारी करेगा। एएससीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार 18 साल के कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को धन कमाने के लिए ऑनलाइन गेम खेलते हुए या यह दूसरों को इस तरह का गेम खेल सकने का सुझाव देते हुए नहीं दिखाया जाए। परामर्श के अनुसार विज्ञापनों के द्वारा ऑनलाइन गेमिंग को आय के अवसर या वैकल्पिक रोजगार विकल्प के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए।

# लोगों को भड़काने का प्रयास कर रही भाजपा : मलय

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के श्रम मंत्री मलय घटक ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा समस्या खड़ी करने के लिए द्वारे सरकार अभियान के खिलाफ लोगों को भड़काने का प्रयास कर रही है। हालांकि, भाजपा ने इस आरोप को खारिज किया है। घटक ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में सहायता के लिए चलाए जाने वाले द्वारे सरकार कार्यक्रम के तहत राज्यभर में 759 शिविर का संचालन किया जा रहा है और लाखों लोग अब तक इसका लाभ उठा चुके हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हालांकि, भाजपा की तरह कुछ राजनीतिक दलों के नेता समस्या उत्पन्न करने के लिए कई स्थानों पर लोगों को भड़का रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा को कुछ भी अच्छा दिखाई नहीं दे सकता है। वे नहीं चाहते कि जनता को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि भगवा दल के कार्यकर्ता द्वारे सरकार अभियान में किसी तरह की बाधा पहुंचाने में शामिल नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसको लेकर तृणमूल कांग्रेस में ही अदरुनी कलह है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि द्वारे सरकार कार्यक्रम अगले साल अप्रैल-मई में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस की प्रचार की कवायद है। ममता बनर्जी सरकार ने इस कार्यक्रम की शुरुआत जनता को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली 11 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद के लिए की है। अभियान अगले साल 30 जनवरी तक चलेगा।

# भारतीय किसान संघ ने कृषि कानूनों में चार संशोधनों का सुझाव दिया

**भाषा।** जोधपुर

**आरएसएस** से संबद्ध भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने शुक्रवार को तीन विवादास्पद केंद्रीय कृषि कानूनों में चार संशोधनों का प्रस्ताव देते हुए इसे किसान हितैषी बनाने और उन आशंकाओं का समाधान करने का प्रस्ताव रखा, जिनके कारण इन कानूनों का विरोध हो रहा है।

बीकेएस के महासचिव बद्री नारायण चौधरी ने कहा, नए कानूनों को खत्म करने के बजाय जैसा कि कुछ संगठन मांग कर रहे हैं, हम इन कानूनों में चार संशोधनों का प्रस्ताव रखते हैं। संशोधन ये हैं कि थोक बाजारों या बाहर में न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे कोई खरीद नहीं होनी चाहिए, सभी व्यापारियों का पंजीकरण एक सरकारी पोर्टल पर किया जाना चाहिए, जिससे सभी तक पहुंचा जा सके, बैंक गारंटी के माध्यम से किसानों को निर्धारित समय में भुगतान किया जा सके और अपने गृहनगर में ही किसानों के विवादों के समाधान के लिए कृषि अधिकरणों की स्थापना की जा सके।

बीकेएस ने नए कानूनों का स्वागत करते हुए कहा था कि ये बहुप्रतीक्षित थे। चौधरी ने कहा कि संगठन लंबे समय से एक राष्ट्र-एक बाजार के लिए जोर दे रहा था।

# पाकिस्तान ने अग्रिम सीमा चौकियों को निशाना बनाकर गोलीबारी की

**भाषा।** जम्मू

● रक्षा प्रवक्ता ने कहा, पाक ने सुबह करीब 11 बजकर 40 मिनट पर, पुंछ के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी तथा मोर्टार से गोलाबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

**पाकिस्तानी** सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ और कठुआ जिलों में नियंत्रण रेखा तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगी अग्रिम चौकियों तथा गांवों को निशाना बनाकर गोलीबारी की तथा मोर्टार से गोले दागे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सीमा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की गई तथा मोर्टार से गोले दागे गए, जिसका भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान ने सुबह करीब 11 बजकर 40 मिनट पर, पुंछ के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी तथा मोर्टार से गोलाबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि बाद में पाकिस्तान ने चार बजे से जिले के कस्बा तथा किरनी सेक्टर में अग्रिम इलाकों में गोलाबारी की। प्रवक्ता ने कहा, भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष को किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं मिली है। इससे पहले अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी रेंजर्स ने कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगी अग्रिम चौकियों तथा गांवों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि हीरानगर सेक्टर के पानसर सीमा चौकी क्षेत्र में सीमापार से शुक्रवार रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर गोलीबारी शुरू हुई।

हालांकि, इस गोलीबारी का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने माकूल जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि तड़के तीन बजकर 35 मिनट तक दोनों तरफ से गोलीबारी जारी थी, लेकिन भारतीय पक्ष में किसी तरह की क्षति की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने गुरनाम और करोल कृष्णा सीमा चौकी क्षेत्रों में भी कुछ मिनट तक गोलीबारी की।

# पेज 1 का शेष

## सरकार ने...

है। यह आधारहीन संदेह है। इसके बावजूद यदि किसी को इस पर संदेह है तो सरकार उसका भ्रम दूर करने के लिए तैयार है।' तोमर ने संगठनों से यह भी अपील की कि वे बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को प्रदर्शन स्थल से वापस घर भेज दें। सूत्रों ने कहा कि एमएसपी जारी रखने पर लिखित आश्वासन, उच्च अदालतों में वाद दायर करने संबंधी अनुमति समेत सरकार किसानों को बड़ी रियायतें देने को तैयार है। किसान संगठनों के आठ दिसंबर को भारत बंद के आह्वान पर मंत्री ने कहा कि वे फिलहाल संगठनों के कार्यक्रमों पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, वे किसानों से अनुरोध करना चाहेंगे कि वे आंदोलन का रास्ता छोड़कर बातचीत के लिए आगे आएं। बैठक में रेलवे, वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश तथा सचिव (कृषि) संजय अग्रवाल भी मौजूद थे। किसान संगठनों के अनुरोध पर सरकार ने एक और तीन दिसंबर को हुई बैठकों का लिखित ब्योरा उन्हें दिया। किसान नेताओं के मुताबिक केंद्र सरकार ने कहा कि वह उन्हें नौ दिसंबर को एक प्रस्ताव भेजेगी। किसानों ने कहा 'इस बारे में हम आपस में चर्चा करेंगे उसके बाद उस दिन हम उनके साथ बैठक करेंगे। किसान नेताओं ने विवादित नए कानूनों के बारे में 39 बिंदुओं वाला प्रेजेंटेशन भी दिया। एआईकेएससीसी (आल इंडिया किसान संघर्ष कोआर्डिनेशन कमेटी) की कविता कुरुघंती ने कहा कि सरकार किसान नेताओं के सवालों का सीधा जवाब नहीं दे रही है। किसान नेताओं ने कहा कि वे आगे कोई चर्चा नहीं चाहते और सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि सरकार ने उनकी मांगों पर क्या फैसला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र को पिछली बैठक के बारे में बिंदुवार लिखित जवाब देना है जिस पर सरकार सहमत है। किसान नेताओं ने कहा कि वे अपना विरोध प्रदर्शन तभी बंद करेंगे जब सरकार विवादित कृषि कानूनों को 'पूरी तरह से वापस' लेने का वादा करेगी। एक किसान नेता ने कहा ' हम कानूनों की वापसी चाहते हैं। हम कानूनों में संशोधन के सरकार के प्रस्ताव को नहीं मानेंगे।' किसानों ने सरकार से कहा ' यदि सरकार यह चाहती है कि हम सड़कों पर रहे तो हमें कोई समस्या नहीं है। हमने अहिंसा का रास्ता अपनाया है। खुफिया ब्यूरो आपको बता देगा कि हम प्रदर्शन स्थल पर क्या कर रहे हैं।' आल इंडिया किसान सभा ने बाद में एक बयान में कहा कि वह बातचीत को जानबूझकर लंबा खीचने की कोशिश की निंदा करती है और आरोप लगाया कि सरकार कारपोरेट की ओर से काम कर रही है। पांचवें दौर की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नरेंद्र सिंह तोमर तथा पीयूष गोयल उपस्थित थे। इस दौरान किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों पर चर्चा की गई तथा किसानों द्वारा आंदोलन तेज करने और आठ दिसंबर को भारत बंद पर भी बातचीत की गई। इसके कुछ घंटों के बाद किसानों के 40 प्रतिनिधियों के साथ विज्ञान भवन में बैठक हुई। बैठक से पहले आल इंडिया किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि कृषि कानूनों को खत्म करने के बाद ही गतिरोध समाप्त होगा। फिलहाल हमें ट्रांसपोर्ट यूनियन, थोक व्यापार और अन्य संगठनों का समर्थन हासिल है। एआईकेएस वित्त सचिव कृष्णा प्रसाद ने कहा ' हमारा आंदोलन केवल किसानों के लिए ही नहीं है।'

## एप बताएगा...

टेस्ट करने वाला राज्य है। अगर किसी को कोई पूर्वाग्रह नहीं है तो उत्तर प्रदेश के कोविड मैनेजमेंट को सभी ने प्रेरणास्पद कहा है। डब्ल्यूएचओ से लेकर नीति आयोग तक ने यूपी की नीति को सराहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारी पूरी टीम ने एकजुट होकर काम किया। हमने न केवल टेस्ट और हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया, बल्कि लोगों की जीविका को सुरक्षित रखने की कोशिश में भी सफलता हासिल की। इस कोरोना काल में उत्तर प्रदेश ने चुनौतियों का सामना करने की अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया है। इससे लोकार्पण समारोह में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने स्वागत करते हुए कोविड की लड़ाई में यूपी के शानदार प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार ने किया। आयुष कोविड कवच एप और घर बैठे टेस्ट रिपोर्ट जानने की सुविधा देने के बाद अब प्रदेश सरकार ने श्मेरा कोविड केंद्र एप तैयार कराया है। मेरा कोविड केंद्र एप को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने तैयार किया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया की करीब दो महीने पहले कोरोना की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन जानने के लिए एप लांच किया गया था। अब तक 30 लाख लोग अपनी कोरोना जांच की रिपोर्ट घर बैठे ही ऑनलाइन हासिल कर चुके हैं। अब उन्हें एक कदम आगे बढ़कर कोविड टेस्टिंग सेंटर के बारे में भी ऑनलाइन जानकारी मिलेगी।

## जरूरत के...

जाए। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ साथ मास्क पहनने और समय समय पर हैण्ड वॉशिंग के लिये प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। मरीजों की भर्ती में कोई समस्या न पेश आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिये हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का संचालन पूरी सक्रियता से किया जाए। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## स्वामी ने...

है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने महज 50 लाख रुपए का भुगतान करके धोखाधड़ी और धन का गबन करने की साजिश रची। इसके जरिए यंग इंडियन (वाईआई) प्राइवेट लिमिटेड ने महज 50 लाख रुपए देकर एसोसिएट जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से 90.25 करोड़ प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त कर लिया, जो उसपर कांग्रेस का बकाया था। एजेएल नेशनल हेराल्ड की प्रकाशक है। सभी सात आरोपियों- सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोती लाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडियन- ने इन आरोपों का खंडन किया है।

## कोरोना टीके...

होगा कि कंपनियों को कोरोना महामारी के संकट से उबरने के लिए टीकाकरण की सीमित समय के लिए अनुमति मिलेगी। औपचारिक अनुमति लेने के लिए कंपनी को दवा की प्रभावकारिता, साइड-इफेक्ट और प्रतिकूल घटनाओं से संबंधित सभी तरह का डेटा डीसीजी आई के पास जमा करना होगा। इसके बाद यह नियामक पर निर्भर करेगा कि वह उसे मंजूरी देता है या नहीं।

## किसानों की...

से की जाए। उन्होने कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से प्रदेश के सभी जनपदों में संवाद किया जाए। उनसे आगामी 8 दिसम्बर को प्रस्तावित बन्द के सम्बन्ध में भी वार्ता की जाए। राज्य सरकार किसानों के हितों को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को एमएसपी दिया जा रहा है। साथ ही, उन्हें बीज, खाद व सिंचाई की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए गोबर से सीएनजी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। जिन गोआश्रय स्थलों में 1 हजार गोवंश हैं, वहां सीएनजी बनाने के लिए इण्डियन आयल कारपोरेशन से बात की जाए। सीएनजी के उत्पादन से ये गोआश्रय स्थल आय के केन्द्र बन सकते हैं। इसे ध्यान में रखकर योजना बनाई जाए। योगी ने कहा कि 6, 7 व 8 दिसम्बर को विभिन्न प्रकार के संगठनों द्वारा प्रदेश में आन्दोलन या बन्द प्रस्तावित हैं। अतः इनके दृष्टिगत सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक पूरी सतर्कता बरतें। इन तीनों दिनों में विशेष सतर्कता बरती जाए और निरन्तर पेट्रोलिंग की जाए।

## मोदी 10...

मौके पर मौजूद होंगे तथा अन्य लोग डिजिटल माध्यम शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में कोरोना वायरस से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन होगा। बिरला ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी को इस कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण दिया। नियमों के मुताबिक, लोकसभा का अध्यक्ष संसद भवन का संरक्षक भी होता है। नए भवन के निर्माण के दौरान वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। बिरला का कहना है कि नए संसद भवन में सभी सांसदों के लिए अलग कार्यालय होंगे जो आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से युक्त होंगे तथा यह 'कागज रहित कार्यालय' बनाने की दिशा में कदम होगा। नए संसद भवन में एक विशाल संविधान कक्ष होगा, जिसमें भारत की लोकतांत्रिक धरोहर को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही सांसदों के लिए एक लॉन्ज होगा। उनके लिए पुस्तकालय, विभिन्न समितियों के कक्ष, भोजन कक्ष और पार्किंग क्षेत्र होगा। इस भवन के लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के बैठने की क्षमता होगी, जबकि राज्यसभा कक्ष में 384 सदस्य बैठ सकेंगे। यह भविष्य में दोनों सदनों के सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी किए जाने की संभावना को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। मौजूदा में समय में लोकसभा के 543 और राज्यसभा के 245 सदस्य हैं। गत सितंबर महीने में 861.90 करोड़ रुपये की लागत से नए संसद भवन के निर्माण का ठेका टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड को मिला था। यह नया भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत है और इसे वर्तमान संसद भवन के नजदीक बनाया जाएगा।

## नारायणन से स्वर्ण पदक पर लिया गया कस्टम शुल्क होगा वापिस

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि भारतीय शतरंज खिलाड़ी श्रीनाथ नारायणन को पूरा पैसा वापिस दिया जाएगा जिन्हें फिडे आनलाइन शतरंज चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण पदक पर कस्टम शुल्क देने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट के अनुसार नारायणन को स्वर्ण पदक लाने के लिए 6300 रूपए कस्टम शुल्क देना पड़ा।

## गोवा और केरल ब्लास्टर्स की नजरें सत्र की पहली जीत पर

**मडगांव।** एफसी गोवा और केरल ब्लास्टर्स की टीमें रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट जब एक-दूसरे का सामना करेंगी तो उनकी कोशिश सातवें सत्र में पहली जीत दर्ज करने की होगी। दोनों टीमों के नाम तीन-तीन मैचों में एक समान दो अंक है। गोवा की टीम तालिका में आठवें जबकि केरल की टीम नौवें पायदान पर है। गोवा एफसी और केरल ब्लास्टर्स ने 12 बार एक-दूसरे का सामना किया है जिसमें गोवा की टीम ने आठ मैचों में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

## ओडिशा के खिलाफ मुंबई सिटी की नजरें जीत की हैट्रिक पर

**बम्बोलिम (गोवा)।** इंडियन सुपर लीग के सातवें सत्र में लगातार दो जीत के साथ शानदार शुरूआत करने वाली मुंबई सिटी एफसी की टीम रविवार को ओडिशा एफसी के खिलाफ मुकाबले में शानदार लय को बरकरार रख जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेगी। ओडिशा के खिलाफ टीम का प्रदर्शन एक बार फिर से स्ट्राइकर एडम ले फोंड्रे और बार्थोलोम्यू ओगबेचे के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। फोंड्रे ने गोवा के खिलाफ मैच का इकलौता गोल करने के बाद ईस्ट बंगाल के खिलाफ भी गोल दागा था।

## रितु ने चौथा एमएमए चैम्पियनशिप खिताब जीता

**सिंगापुर।** भारतीय पहलवान और मार्शल आर्ट फाइटर रितु फोगाट ने लगातार चौथा एमएमए चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। भारत की इस पहलवान ने फिलीपीन की जोमारी टोरेस को वन चैम्पियनशिप के पहले दौर में तकनीकी नॉकआउट में हराया।

## नपोली ने माराडोना के नाम पर स्टेडियम का नाम रखा

**नेपल्स।** इतालवी क्लब नपोली ने अपने पूर्व कप्तान डिएगो माराडोना के नाम पर स्टेडियम का नामकरण किया है। नेपल्स शहर परिषद ने स्टेडियम सान पाओलो का नाम स्टेडियो डिएगो अर्मांडो माराडोना रखा है। क्लब ने संक्षिप्त आनलाइन बयान में कहा , नपोली आज के फैसले से खुश है।

# जडेजा बिन भी भारत का पलड़ा भारी

**● आस्ट्रेलिया से दूसरा टी-20 आज**

**भाषा।** सिडनी



पहले मैच में शानदार जीत के बाद हरफनमौला रविंद्र जडेजा की गैर मौजूदगी में भी रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का पलड़ा भारी रहेगा और विराट कोहली की टीम की नजरें श्रृंखला अपने नाम करने पर लगी होंगी।

टेस्ट श्रृंखला से पहले टी20 श्रृंखला जीतने से भारतीय टीम का मनोबल बढेगा। कैनबरा में तीसरा वनडे और पहला टी20 जीतने के बाद अब भारतीय टीम सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर लौटी है जहां उसे आस्ट्रेलिया ने पहले दो वनडे में हराकर श्रृंखला जीती थी। पहले टी20 में जडेजा को सिर में चोट लगने के बाद कनकशन विकल्प के तौर पर आए युजवेंद्र चहल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। भारत को निचले क्रम पर जडेजा की आक्रामक बल्लेबाजी की कमी खलेगी लेकिन इस प्रदर्शन के बाद टीम का आत्मविश्वास बुलंद है। जडेजा ने 23 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। कोहली हालांकि उम्मीद कर रहे होंगे कि शीर्ष पांच बल्लेबाज ही इतना अच्छा प्रदर्शन करें कि निचले क्रम तक पहुंचने की जरूरत ही नहीं पड़े। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर फिट नहीं है और भारतीय खेमा दुआ करेगा कि फार्म में चल रहे विरोधी कप्तान आरोन फिंच भी पूरी तरह से फिट नहीं हों। डार्सी शॉर्ट पहले टी20 मैच में सहज नहीं दिखे और चहल ने उनकी कमजोरियां भांपकर आफ स्टम्प से बाहर गेंदबाजी की। स्टीव स्मिथ टेस्ट और वनडे के महान बल्लेबाज हैं लेकिन टी20 में उसे प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाते। ग्लेन मैक्सवेल की भी कमजोरियां है जो आखिरी वनडे और पहले टी20 में जसप्रीत बुमराह और टी नटराजन ने उजागर की। भारत को शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी खासकर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन से जो पहले वनडे के बाद से चल नहीं पाए हैं। कप्तान कोहली असाधारण प्रदर्शन नहीं कर सके हैं जिसका असर टीम पर पड़ा है।उनसे एक दमदार पारी की उम्मीद होगी। यह भी देखना है कि मनीष पांडे को उतारा जाता है या नहीं जो एडम जाम्पा की गेंदें नहीं खेल पा रहे थे। इसके बाद भारत की रनगति धीमी हो गई थी। संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या का काम आखिरी छह ओवर का फायदा उठाना है लेकिन सैमसन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभावित नहीं कर सके हैं। आस्ट्रेलिया ने अनुभवी टेस्ट विशेषज्ञ नाथन लियोन को टी20 टीम में शामिल किया है। अब देखना है कि क्या वह टीम में मिशेल स्वेपसन की जगह ले पाते हैं। स्वेपसन ने कोहली का विकेट लिया लेकिन दोनों ओवरों में शॉर्ट गेंदबाजी की।

## पहले अभ्यास मैच के साथ टेस्ट प्रारूप में ढलने उतरेगी टीम इंडिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ रविवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय अभ्यास मैच में भारत को अपनी टेस्ट एकादश तलाशनी होगी क्योंकि इसी दिन उसे दूसरा टी20 मैच भी खेलना है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले खेले जाने वाले दोनों अभ्यास मैचों में भारत ए टीम उतरेगी। इन मैचों से भारत को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में सही संयोजन तलाशने में मदद मिलेगी। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर को एडीलेड में दिन रात के पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। बल्लेबाजी में मयंक अग्रवाल पारी की शुरूआत करेंगे लेकिन सवाल यह है कि उनके साथ पृथ्वी साव और शुभमन गिल में से कौन उतरेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में साव को तरजीह दी गईलेकिन आईपीएल में वह फार्म में नहीं थे। दूसरी ओर गिल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 440 रन बनाए और तीसरे वनडे में वह लय में दिखे। दूसरा विकल्प केएल राहुल है जो जबर्दस्त फार्म में हैं और किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मयंक के साथ पारी की शुरूआत कर चुके हैं लेकिन आखिरी बार उन्होंने टेस्ट सितंबर 2019 में खेला था। विकेटकीपिंग के लिए रिधिमान साहा और ऋषभ पंत में से चयन होगा। आईपीएल में चोटिल हुए साहा को अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। पंत विदेश में टेस्ट में भारत की पहली पसंद रहे हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी और अब टेस्ट में जगह बचाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले टेस्ट के बाद कप्तान विराट कोहली पितृत्व अवकाश पर जा रहे हैं और चोटिल रोहित शर्मा का खेलना तय नहीं है। ऐसे में अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और हनुमा विहारी पर महती जिम्मेदारी होगी। कोहली की गैर मौजूदगी में रहाणे कप्तानी कर सकते हैं। पुजारा और विहारी भी खेलने को बेताब होंगे जिन्होंने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच कोरोना काल से पहले खेला था। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह को पहले टी20 में आराम दिया गया और वह टेस्ट प्रारूप में ढलने के लिए अभ्यास मैच खेल सकते हैं। टेस्ट में बुमराह और मोहम्मद शमी नई गेंद संभालेंगे। तीसरे गेंदबाज के लिए मोहम्मद सिराज पसंद हो सकते हैं जो आईपीएल में अच्छे फार्म में थे। उमेश यादव के पास 46 टेस्ट का अनुभव है लेकिन आईपीएल में खेले दोनों मैचों में वह फार्म में नहीं थे। रविंद्र जडेजा सिर में चोट लगने के कारण अगले दो टी20 नहीं खेलेंगे औंर देखना है कि वह टेस्ट के लिए भी फिट हैं या नहीं। जडेजा के नहीं खेलने पर आर अश्विन का फार्म काफी महत्वपूर्ण हो जाएगा और कुलदीप यादव के लिए भी रास्ते खुल जाएंगे। आस्ट्रेलिया के लिए सभी की नजरें युवा विलियम पुकोवस्की पर होंगी जो डेविड वॉर्नर के चोटिल होने के कारण पारी की शुरूआत कर सकते हैं।शेफील्ड शील्ड में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और कोच जस्टिन लैंगर ने साफ तौर पर कहा है कि अभ्यास मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले को ही टेस्ट टीम में जगह मिलेगी।

## भारत के पास शानदार गेंदबाजी आक्रमण, उन्हें दबाव में डालने की कोशिश करेंगे: हेड



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा कि वे भारत के अविश्वसनीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपने कौशल का परीक्षण करना चाहेंगे और रविवार से शुरू होने वाले पहले अभ्यास मैच में उन्हें दबाव में डालने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरु होने वाली चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया ए टीम भारत ए के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगी जिसमें टेस्ट विशेषज्ञ मैदान पर उतरेंगे। भारत के खिलाफ 2018 टेस्ट श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे हेड पहले अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया ए का नेतृत्व करेंगे।

### पहले टी2० में अपनी गेंदबाजी से निराश हूं : स्वेपसन

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन ने स्वीकार किया कि भारत के हाथों पहले टी20 क्रिकेट मैच में मेजबान टीम की 11 रन से हार में अपने प्रदर्शन से वह निराश हैं। स्वेपसन को चोटिल स्पिनर एश्टोन एगर की जगह टीम में शामिल किया गया।उन्होंने दो ओवर में 21 रन देकर विराट कोहली का विकेट लिया। उन्होंने सोनी नेटवर्क से कहा , मैं अपनी गेंदबाजी से थोड़ा निराश हूं। उन्होंने हालांकि कहा कि पहले ओवर में कोहली का विकेट मिलने से राहत मिली। उन्होंने कहा , मेरी पहली तीन गेंदें अच्छी नहीं थी। चौथी गेंद पर कोहली का विकेट मिलने से दबाव हट गया।

### जडेजा अधिक सम्मान के हकदार: कैफ

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि रविन्द्र जडेजा के हरफनमौला कौशल को कमतर आंका जाता है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के बचे हुए दोनों मैचों में टीम को उनकी कमी खलेगी जडेजा ने लगातार दो मैचों में साबित किया कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के लिए इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं। वह टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करते हैं।

## न्यूजीलैंड की पारी से जीत की राह में खड़े ब्लैक्वुड और जोसेफ



**हैमिल्टन।** जर्मेन ब्लैकवुड और अलजारी जोसेफ ने सातवें विकेट के लिए नाबाद शतकीय साझेदारी करके पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड टीम के पारी के अंतर से जीत दर्ज करने की राह में बाधा खड़ी कर दी। न्यूजीलैंड पारी से जीत की ओर बढ रही थी जब कप्तान केन विलियमसन ने 381 रन की बढत लेने के बाद मेहमान टीम को फॉलोआन खेलने भेजा। न्यूजीलैंड के पहली पारी के सात विकेट पर 519 रन (घोषित) के जवाब में वेस्टइंडीज टीम 138 रन पर आउट हो गई थी। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी के छह विकेट भी 86 रन पर गंवा दिए और लग रहा था कि वह एक ही दिन में दो बार आउट होने वाली टेस्ट इतिहास में पांचवीं टीम बन जाएगी। विकेटकीपर शेन डोरिच ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सकते थे यानी वेस्टइंडीज के पास नौ ही विकेट हैं। ऐसे में ब्लैकवुड और जोसेफ ने 107 रन की नाबाद साझेदारी की। न्यूजीलैंड अभी भी 185 रन से आगे है लेकिन इस जोड़ी ने उसका जीत का इंतजार लंबा कर दिया और वेस्टइंडीज को और शर्मिंदगी से बचाया। ब्लैकवुड 80 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल हैं। वहीं जोसेफ ने नाबाद 59 रन बना लिए हैं। दोनों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए सौ रन की साझेदारी 111 गेंद में पूरी की।

### यार्कशर के पूर्व स्टाफ ने कहा, एशियाई होने के कारण पुजारा को बुलाते थे स्टीव

**लीडॅस।** नस्लवाद के आरोपों से घिरी यॉर्कशर काउंटी के खिलाफ क्रिकेटर अजीम रफीक के दावों का समर्थन करते हुए उसके पूर्व कर्मचारियों ने कहा कि भारत के चेतेश्वर पुजारा को भी एशियाई होने और चमड़ी के रंग के कारण स्टीव बुलाया जाता था। वेस्टइंडीज के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टीनो बेस्ट और पाकिस्तान के राणा नावेद उल हसन ने रफीक के आरोपों के समर्थन में सबूत पेश किए हैं। उनके आरोपों की जांच चल रही है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार यॉर्कशर के दो पूर्व कर्मचारियों ताज बट और टोनी बाउरी ने क्लब में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ सबूत दिए हैं।

## चहल का खेलना नियमों के तहत लेकिन मैं कनकशन विकल्प के नियम से सहमत नहीं : गावस्कर

**भाषा।** सिडनी



महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रविन्द्र जडेजा की जगह कनकशन विकल्प के तौर पर युजवेंद्र चहल के मैदान में उतरने पर नियमों के तहत कुछ भी गलत नहीं लग रहा है लेकिन उनका मानना है कि बाउंसर का सामना करने में नाकाम रहे बल्लेबाज की जगह किसी और को मैदान में उतरने का मौका नहीं मिलना चाहिए। भारतीय पारी के दौरान आखिरी ओवर में गेंद जडेजा के सिर पर लगी जिसके बाद कनकशन विकल्प के तौर पर गेंदबाजी के समय चहल आए और उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाकर मैच जीतने में अहम भूमिका निभाई। कैनबरा में खेले गए इस मैच को भारतीय टीम ने 11 रन से अपने नाम किया। गावस्कर ने कहा, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैच रैफरी एक पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड बून है। उन्हें जडेजा के विकल्प के तौर पर चहल के के आने से कोई परेशानी नहीं थी। नियमों के तहत जैसा खिलाड़ी चोटिल होता है, उसका विकल्प वैसा ही होना चाहिए। चहल हालांकि हरफनमौला नहीं है। जब एक ऑस्ट्रेलियाई मैच रैफरी को इससे कोई आपत्ति नहीं है तो मुझे नहीं लगता कि इसे मुद्दा बनाया जाना चाहिए। वह हालांकि कनकशन विकल्प के नियम से सहमत नहीं है। मैं आपको पुराने ख्याल का लग सकता हूं। अगर आप बाउंसर नहीं खेल सकते है और गेंद आपके सिर में लगती है तो ऐसे में आप विकल्प लेने के लायक नहीं है।

### टेलर ने कनकशन नियम के दुरुपयोग के खिलाफ आगाह किया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने कनकशन विकल्प नियम के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए है और इसका उचित और जिम्मेदारी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को कैनबरा में पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में हरफनमौला रविन्द्र जडेजा की जगह कनकशन विकल्प के तौर पर आए युजवेन्द्र चहल ने 25 रन खर्च कर तीन विकेट चटकायक और भारत को 11 रन से जीत दिलाने मे अहम भूमिका निभाई।

## हरफनमौला कोरी एंडरसन ने क्रिकेट को अलविदा कहा, एमएलसी से करार


**भाषा।** क्राइस्टचर्च



चोटों से परेशान न्यूजीलैंड के हरफनमौला कोरी एंडरसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर अमेरिका की मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। एंडरसन ने न्यूजीलैंड के लिए 13 टेस्ट, 49 वनडे और 31 टी20 मैच खेले। वह पिछले दो साल से न्यूजीलैंड के लिए नहीं खेले हैं। उन्होंने विभिन्न प्रारूपों में 93 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दो शतक और 10 अर्धशतक समेत 2277 रन बनाए। उन्होंने 90 विकेट भी लिए। उन्होंने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ 2013 में बनाया था जब वह 36 गेंद में तिहरे आंकड़े तक पहुंचे थे। उनका रिकार्ड एक साल बाद एबी डिविलियर्स ने वेस्टइंडीज के ही खिलाफ 31 गेंद में शतक बनाकर तोड़ा। उन्होंने क्रिकबज से कहा , न्यूजीलैंड के लिए खेलना बहुत गर्व की बात रही। मैं और खेलना चाहता था लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता और अलग तरह के मौके आपको उस दिशा में मोड़ देते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी नहीं होता। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मेरे लिए जो कुछ भी किया, मैं उसका शुक्रगुजार हूं। एंडरसन आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए भी खेले। वह विश्व कप 2015 मे उपविजेता रही कीवी टीम के सदस्य थे। चोटों ने उनके कैरियर को काफी प्रभावित किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए आखिरी टी20 नवंबर 2018 में खेला था। यह आसान फैसला नहीं था। मैने खुद से कई सवाल पूछे कि अगले पांच , दस साल में क्या हासिल करना चाहते हो।

# बाइडन को राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए बहुमत सौंपा गया

**एपी।** वाशिंगटन



**कैलीफोर्निया** राज्य ने शुक्रवार को राष्ट्रपति चुनाव के अपने परिणामों पर मुहर लगा दी और डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन के पक्ष में मतदान के लिए प्रतिबद्ध 55 निर्वाचकों (इलेक्टर) की नियुक्ति करते हुए बाइडन की जीत के लिए जरूरी इलेक्टोरल कॉलेज में बहुमत उन्हें सौंप दी।

एपी एजेंसी की तालिका के अनुसार बाइडन की जीत पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एलेक्स पैडिला की औपचारिक मुहर लगने के बाद उन्हें अब तक 279 इलेक्टर का समर्थन मिल चुका है। यह आंकड़ा 270 के बहुमत के जादुई आंकड़े से अधिक है।राष्ट्रपति चुनाव में सामान्य तौर पर इन कदमों में औपचारिकताओं पर इतना बल नहीं दिया जाता। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्वाचन की गुप्त प्रणाली पर इस बार नए सिरे से नजर डाली गई है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप लगातार बाइडन की जीत को स्वीकार नहीं कर रहे हैं और अंतिम परिणामों से पहले इन्हें पलटने के लिए तरह-तरह के कानूनी कदम उठा रहे हैं। पिछले कई सप्ताह से यह साफ है कि बाइडन राष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में विधि के प्रोफेसर एडवर्ड बी फोले ने कहा कि बाइडन को 270 से अधिक इलेक्टर का समर्थन मिलना व्हाइट हाउस की तरफ उनका पहला कदम है। उन्होंने कहा, यह एक कानूनी स्तर है और पहला स्तर भी है जिसका आधार है। इससे पहले तक सब कुछ अनुमानों पर आधारित था। शुक्रवार को जिन इलेक्टरों की जीत की घोषणा की गई वे 14 दिसंबर को अन्य राज्यों के अपने समकक्षों के साथ बैठक करेंगे और अगले राष्ट्रपति के लिए औपचारिक मतदान करेंगे। इलेक्टोरल कॉलेज वोट के परिणाम प्राप्त होने के बाद कांग्रेस इन पर छह जनवरी को अंतिम मुहर लगाएगी। वैसे सांसद इस परिणाम पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, लेकिन इस स्तर पर बाइडन को रोक पाना लगभग असंभव होगा।




गीतांजलि राव हाईस्कूल की छात्रा व वैज्ञानिक जिनको टाइम मैगजीन के कवर पेज पर जगह मिली

# राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह बहुत हदतक ऑनलाइन सम्मेलन की तरह होगा : बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** अगले राष्ट्रपति के तौर पर निर्वाचित जो बाइडन ने कहा कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद का शपथ ग्रहण समारोह और उससे जुड़े उत्सव बहुत हद तक ऑनलाइन सम्मेलन की तरह होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार शपथ ग्रहरण समारोह छोटे पैमाने पर आयोजित होगा जबकि सामान्य दिनों में इस समारोह को देखने के लिए लाखों लोग कैपिटल हिल पर जमा होते हैं।

डेलावेयर के विलमिंगटन में शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जब राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह की योजना के बारे में बाइडन से पूछा गया तो उन्होंने सलाह दी कि समारोह की जगह इसका आयोजन बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सम्मेलन की तरह होना चाहिए जैसा अगस्त महीने में डेमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। बाइडन ने कहा, हम शपथ ग्रहण समारोह की योजना पर प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नेतृत्व से चर्चा कर रहे हैं, खासतौर पर वे दो लाख लोगों की भीड़ कैसे संभालेंगे, लेकिन मेरा मानना है कि यह समारोह पहले के बजाय ऑनलाइन सम्मेलन के करीब होगा।

## मेरा प्रशासन सबसे ज्यादा विविधताओं से भरा होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन मंत्रिमंडल से लेकर व्हाइट हाउस के भीतर अब तक की सबसे ज्यादा विविधताओं से भरा होगा।बाइडन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को शपथ लेंगे। अफ्रीकी-अमेरिकी समूह बाइडन से मांग कर रहे हैं कि वे विदेश मंत्री, वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री और अटॉर्नी जनरल में से एक पद पर इस समुदाय के व्यक्ति को नामित करें।समाज के अलग-अलग तबकों द्वारा प्रतिनिधित्व की मांग के संबंध में पूछे गए सवाल पर बाइडन ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, यह सबसे ज्यादा विविधताओं से भरा मंत्रिमंडल होगा और व्हाइट हाउस समेत मंत्रिमंडल के पद भी विविधताओं से भरे होंगे।

उन्होंने कहा, देखिए, इनमें से प्रत्एक समूह का काम दबाव डालना है, अपने नेताओं पर दबाव डालकर बड़ी विविधताओं को सुनिश्चित करना है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जब यह सारी चीजें कही गईं तो किया भी गया। मैंने जिन नाममों की घोषणा की है, आप देखेंगे और आने वाले अगले हफ्तों में भी ऐसा होने जा रहा है। बाइडन ने कहा कि वह यह तो नहीं बता सकते हैं कि वह किसी विभाग में क्या करने जा रहे हैं लेकिन उन्होंने वादा किया है कि नस्ल, रंग, लैंगिक आधार पर उनका मंत्रिमंडल अमेरिका का अब तक का सबसे ज्यादा विविधताओं से भरा मंत्रिमंडल होगा।

# कोर्ट का बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों की रक्षा के लिए डीएसीए की बहाली का आदेश

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कार्यकाल पूरा करने जा रहे मौजूदा ट्रम्प प्रशासन के फैसले को पलटते हुए संघीय अदालत ने नाबालिग अवस्था में , बिना वैध दस्तावेजों के, देश में दाखिल हुए अप्रवासियों को निर्वासन से बचाने के लिए राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में लागू योजना को पूर्ण रूप से बहाल करने का आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है ट्रम्प प्रशासन ने वर्ष 2017 में बाल्यकाल में आए लोगों के खिलाफ कार्वाई स्थगित करने की योजना (डीएसीए) को खत्म करने की कोशिश की थी लेकिन अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने इस कोशिश को इस साल जून में बाधित कर दिया था। अमेरिका के न्यूयॉर्क के पूर्वी जिला जज निकोलस गरौफिस ने शुक्रवार को आतंरिक सुरक्षा विभाग को डीएसीए लाभार्थियों पर कार्वई स्थगन की अवधि दो साल और बढ़ाने और सोमवार से नए आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिए। इसका अभिप्राय है कि सितंबर 2017 के बाद पहली बार वे लोग नए सिरे से आवेदन कर सकेंगे जो पहले इसके लिए पात्र नहीं थे। यह योजना उन अवैध अप्रवासियों को निर्वासन से सुरक्षा मुहैया कराती है जो अमेरिका में बच्चे के तौर पर दाखिल हुए थे।

## चीन के कोयला खदान में कार्बन मोनोक्साइड का स्तर बढ़ने से 18 मजूदरों की मौत

**बीजिंग।** चीन के एक कोयला खदान में कार्बन मोनोक्साइड का स्तर अधिक हो जाने की वजह से 18 मजदूरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि यह घटना चोंगकिंग नगर निगम के योगचुआन जिले स्थित दियाओशुइदोंग कोयला खदान में शुक्रवार शाम पांच बजे हुई। शिन्हुआ के मुताबिक कार्बन मोनोक्साइड का स्तर बढ़ने से 18 मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है। खबर के मुताबिक पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों सहित बचाव कर्मी खदान के उस हिस्से में पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं जहां मजदूर फंसे हुए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## अमेरका ने तिब्बत में पहुंच हासिल करने का दबाव डालने के लिए अन्य देशों से कानून बनाने की अपील की

**वाशिंगटन।** तिब्बत में चीन के कथित दमनकारी प्रशासन की आलोचना करते हुए अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने अन्य देशों से अपील की है कि वे अमेरिका के उस कानून जैसा ही कानून अपने यहां भी बनाएं जिसके तहत तिब्बत में विदेशी लोगों की यात्राओं पर रोक लगाने वाले चीनी अधिकारियों को अमेरिका में प्रवेश देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## संघर्षों को भूले शिक्षक, खुशी से झूमे


सीतापुर-नियुक्ति पत्र दिखाती छात्रा



सीतापुर-यादों को सहेजना किसे नहीं अच्छा लगता, चाहे आम आदमी हो या फिर खास। सबके जेहन में यादों का एक झरोखा होता है, अब देख लीजिए जीआईसी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मौका मिलते ही विधायक महोली शंशाक त्रिवेदी ने किस तरह विधायक लहरपुर सुनील वर्मा व रामकृष्ण भार्गव के साथ बिताए गए पलों को कैमरे में कैद किया। (फोटो-विपिन राजवंशी)


नियुक्ति पत्र दिखाती अभ्यर्थी

# प्रभारी मंत्री ने बांटे 1818 शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र

- 'पायनियर' से स्वाती सिंह ने कहा शिक्षिकाएं खुद को बेचारी न समझें
- शिक्षक-शिक्षिकाओं से किया आह्वान, ऐसा स्कूल बनाएं जो हमेशा याद रहे


सीतापुर-नियुक्त पत्र देती प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह, सांसद राजेश वर्मा, विधायक सुनील वर्मा, शंशाक त्रिवेदी


सीतापुर-नियुक्ति पत्र दिखाती छात्रा

संवाददाता। सीतापुर

**69 हजार** शिक्षक भर्ती में दो साल के लंबे संघर्ष के बाद शनिवार को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल रूप से और जिले की प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह ने जैसे ही प्रदेश में सर्वाधिक सीतापुर में 1818 शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियुक्त पत्र बांटे तो उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। वो अपने हक के संघर्षों को भूल गए और भविष्य की खुशियों में डूबे गए। इससे पहले पहली लिस्ट के 405 शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं। अब इनकी कुल संख्या 2223 हो गई है।

पहले जिले की प्रभारी मंत्री ने एनआईसी में पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे, फिर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित समारोह में जमैयतपुर विद्यालय के बच्चों के मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच उन्होंने अपने हाथों से बीस शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिये। नियुक्ति पत्र पाने के बाद पहले दिन के शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रभारी मंत्री के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई, लेकिन प्रभारी मंत्री ने किसी को निराश नहीं किया। पहले उन्होंने कार्यक्रम के बीच में ही मंच पर सभी के साथ सेल्फी ली, बाद में नियुक्ति पत्र बांटने के बाद उनके बीच पहुंचकर प्रभारी मंत्री ने भरपूर फोटो सेशन कराया। कार्यक्रम के दौरान सांसद राजेश वर्मा, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, महोली शशांक त्रिवेदी, हरगांव सुरेश राही, लहरपुर सुनील वर्मा, बिसवां महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सीडीओ संदीप कुमार, एडीएम विनय पाठक, एएसपी डॉ. राजीव दीक्षित, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट, बीएसए अजीत कुमार, डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार आदि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



सीतापुर-नियुक्ति पत्र पाने के बाद प्रभारी मंत्री के साथ सेल्फी लेती शिक्षिका

---

### कोतवाली सिधौली इलाके के गांव कुंवर गड्डी का मामला

## बेटी लापता, पुलिस पर पिता से ही रुपए ऐंठने का आरोप!

- 14 नवंबर से गायब युवती का पता नहीं लगा सकी पुलिस पीड़ित पिता का आरोप सुनवाई न करके केवल गुमराह कर रुपए ऐंठ रही पुलिस, कोतवाल रामप्रकाश ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

संवाददाता। सीतापुर

**कोतवाली सिधौली** इलाके में एक युवती के गायब होने का मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़ित पिता पुलिस पर खुद को गुमराह कर रुपए ऐंठने का आरोप लगा रहा है, जबकि पुलिस आरोपों को बेबुनियाद बता रही है। दरअसल मामला इलाके के गांव कुंवर गड्डी का है जहां के निवासी हरीश ने एसपी ऑफिस में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी बीते 14 नवंबर से गायब है। उसके गायब होने में गांव के ही हरिप्रसाद व उसकी पत्नी, अनुज और मुंडेरवा दुलारपुर के भानु का हाथ है। पीड़ित ने विपक्षी गणों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोपी भानु से पूछताछ के बाद एसआई मनोज व साथी गण उसे लड़की के गोवा में होने की बात कह कर उसे मध्यप्रदेश के इंदौर तक लेकर गए। यात्रा के दौरान उससे 20 हजार नकद, 5 हजार डिजिटल ट्रांसफर समेत करीब 40 से 45 हजार रुपए भी खर्च करवा दिए, लेकिन अभी तक न तो लड़की बरामद हुई है और ना तो कोतवाली जाने पर कोई सुनवाई की जा रही है। इस बाबत पीड़ित पिता ने एसपी ऑफिस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में जब कोतवाल राम प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आरोप बेबुनियाद है। मुकदमा दर्ज किया जा चुका है, तलाश के लिए एक टीम भेजी गई थी लेकिन अभी तक लड़की का पता नहीं चल सका है। जल्द ही पता लगा कर लड़की बरामद कर ली जाएगी।

---

### खेवटा रामपुर की तरफ पहुंचा तेंदुआ

## वन विभाग ने की तेंदुए की होने की पुष्टि, हड़कंप

संवाददाता। संदना सीतापुर



**सदना क्षेत्र** में अभी तक तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। बताते है 2 दिन पहले तेंदुआ गांव में जंगली जानवर ने एक नीलगाय के बछड़े को अपना निवाला बनाया था। जिसको वन विभाग द्वारा भेड़िया बताया गया था। वन विभाग की पकड़ से तेंदुआ दूर साबित हो रहा है। पहले भी संदना क्षेत्र में कई मवेशियों तथा एक आदमी को तेंदुआ अपना निवाला बना चुका है। गोमती नदी के किनारे बसे गांव चेरेताली व गुड़ियनपुरवा के ग्रामीणों को तेंदुए जैसा जंगली जानवर शाम को दिखा गया। खेतों में आलू और गेहूं की रखवाली कर रहे किसानों ने शोरगुल मचाया शोर गुल के दौरान आसपास के तमाम किसान इकट्ठा हो गए। ग्रामीण राहुल रामप्रकाश भानु प्रताप देवेंद्र सर्वेश आदि का कहना है शाम होते ही जंगल से निकल कर खेतों की तरफ तेंदुआ जैसा जानवर दिखा, लोगों ने आग जलाई और शोरगुल मचाया ग्रामीणों का कहना है तेंदुआ जंगल की तरफ भागते हुए गोडियनपुरवा की तरफ निकल गया। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 2 माह पहले भी तेंदुआ कैलाश आश्रम के जंगलों में देखा जा चुका है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय वन विभाग को दी। शनिवार के दिन वन विभाग टीम में शामिल एसएन शुक्ला ,अनिल सिंह आदि ने जंगली जानवर के पग चिन्हों के आधार पर तेंदुआ की होने की पुष्टि की है। रेंजर एस.एन. शुक्ला का कहना है क्षेत्र में पहले से ही पिंजरा लगा हुआ है। तेंदुए की पल-पल की अपडेट की जा रही है। उन्होंने तेंदुआ को रामपुर, खेंवटा गांव की तरफ निकल जाने की बात कही है।

---

### सूबे में 27 नवंबर को लागू होने के बाद सीतापुर में लव जिहाद का पहला केस

## 11 दिन बाद भी पीड़िता लापता, सात गिरफ्तार

- जांच के दायरे में थाना तंबौर धर्म परिवर्तन के लिए अगवा की गयी लड़की का मामला

संवाददाता। तंबौर सीतापुर

**थाना तंबौर** इलाके में धर्म परिवर्तन के लिए अगवा की गई लड़की मामले में पुलिस ने जांच के बाद उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। सूबे में बीते 27 नवंबर को लागू होने के बाद सीतापुर में यह पहला मामला है। एएसपी नार्थ डॉ राजीव दीक्षित ने मामले में 7 आरोपितों को गिरफ्तार करने का दावा किया है लेकिन सूचना के 11 दिन बाद अभी तक पुलिस के हाथ ना तो मुख्य आरोपी की गर्दन तक पहुंचे हैं और ना ही अभी लड़की बरामद कर पाई है। एएसपी नॉर्थ ने बताया कि मामले में थाना पुलिस द्वारा लापरवाही बरते जाने के आशय का जांच भी की जा रही है। आपको बता दें पिता द्वारा थाने में 24 नवंबर को पिता ने थाने में साथ में लकड़ी का व्यवसाय करने वाले जुब्राइल व साथीगण इजराइल व उसकी पत्नी, मोइनुद्दीन, रफीक, शमशाद और इब्राहिम की पत्नी के विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने के लिए बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कराए जाने की के 1 सप्ताह बाद पुलिस जब लड़की की बरामदगी नहीं कर पायी तो हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी केके सिंह ने एसपी आरपी सिंह से मिलकर कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। मामले में संज्ञान लेते हुए जिला पुलिस मुखिया ने एएसपी नार्थ डॉ राजीव दीक्षित को जांच सौंपते हुए उनकी अगुवाई में सात टीमें तलाश में लगाई थी। मामले में थाना पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने के चलते एसपी द्वारा थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया को अल्टीमेटम भी दिया गया था। इसके बाद से महकमे के शीर्ष अधिकारियों आवाजाही थाने से लेकर गांव तक बढ़ गई है। एएसपी ने जल्द ही लड़की की बरामदगी करने की बात कही है।

**जबरन धर्मान्तरण कराने वालों को 10 साल तक की सजा-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मसौदा अध्यादेश को मंजूरी देने के बाद 27 नवम्बर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 को लागू किया है। अध्यादेश के अनुसार जबरन धर्मांतरण के आने वाले मामलों में एक से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। सूबे में अब जबरदस्ती या दबाव डालकर किसी का धर्म परिवर्तन कराया जाना गैरजमानती अपराध होगा।

---

### क्विक न्यूज

#### खुशियों के माहौल में छाया मातम, मवेशियों को बचाने मे किशोर की हुई झुलस कर मौत

**महमूदाबाद सीतापुर।** इंसुलेटर का तार टूटने के कारण बिजली का करन्ट खम्भे में उतरने से हुआ हादसा।16 वर्षीय तेज प्रकाश पुत्र रामनाथ वर्मा करन्ट उतरे खंभे की चपेट में आई अपनी भैसो को झुलसता देख बचाने दौड़ा जिसकी चपेट में आने से उसकी भी हुई झुलस कर मौके पर मौत। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सीओ रविशंकर प्रसाद कोतवाल अनिल पांडे मय फोर्स मौके पर जा पहुंचे। ग्रामीणों की नराजगी देखते हुए सूचना पाकर एसडीएम पी एल मौर्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से वार्ता की एसडीएम मौर्य ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा 500000 की सहायता मृतक के परिजन को दी जाएगी जिसमें से 100000 शनिवार को तत्काल मुहैया कराया जाएगा एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन खत्म किया। मृतक के चचेरे भाई की 6 दिसंबर को जानी है बारात। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमद्वारी मजरे सिहरुखेड़ा का मामला।

#### विद्युत विभाग ने चस्पा की नोटिस

**सीतापुर।** दूसरों नियम-कानून की घुट्टी पिलाने वाले अफसरों का दामन दागदार है। अफसर कॉलोनी के बहुत कम ही ऐसे अधिकारी है, जिनपर बिजली का बिल बकाया न हो। 25 सरकारी बंगलों पर एक करोड़ से ज्यादा बिजली बिल बकाया है। पावर कॉर्पोरेशन ने बंगलों पर नोटिस लगा दी है। एसडीओ नगर शुभम सिंह की ओर से अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सीओ सदर आदि के बंगलों पर विद्युत कनेक्शन कराने की नोटिसें चस्पा की गई हैं। सरकारी बंगलों पर पावर कॉर्पोरेशन द्वारा नोटिसें लगाए जाने से चर्चा का माहौल है।

---

## पंचायत चुनावः गांवों में नई सरकार के गठन की तैयारियों में जुटी मशीनरी




- मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को

**सीतापुर।** गांवों में नई सरकार के गठन को उत्तर प्रदेश में चुनाव कराए जाएंगे। यह चुनाव कराने से पहले त्रिस्तीय पंचायतों की मतदाता सूचियों का अपडेशन होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के मुताबिक एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष या फिर इससे ऊपर आयु के लोगों के नाम मतदाता सूची में घ्सम्मिलित किए जाएंगे। 22 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में कार्यों के बेहतर संचालन के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाते हैं। इस चुनाव में संबंधित ग्राम पंचायतों की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना नुमाइंदा चुनती हैं। जिससे कि उनकी आवाज बुलंद कर उन्हें न्याय दिला सकें। वर्ष 2015 में सूबे में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पदों की निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई थी। सीतापुर जिले में ग्राम प्रधान, बीडीसी एवं जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुए थे। इनका पंच वर्षीय कार्यकाल 25 दिसंबर को खत्म हो रहा है। नए कार्यकाल के गठन के लिए प्रदेश में चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन देश में फैले कोरोना वायरस के चलते शुरू घ्की गई चुनावी प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया था। कोरोना प्रकोप थमने के बाद पहले बिहार राज्य समेत लोस-विस के उप चुनाव, फिर शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव कराए। इनके नतीजे आने के बाद अब योगी सरकार गांवों में नई सरकार के गठन के लिए चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है। ग्राम पंचायतों के परिसीमन के साथ ही मतदाता सूचियों के दुरुस्तीकरण कार्य भी शुरू कर दिया है। इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक 26 दिसंबर तक ड्राफ्ट नामावली को ऑनलाइन किया जाएगा। 27 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन, 28 दिसंबर से तीन जनवरी तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित नामावली की जांच की जाएगी। साथ ही आपत्तियों को भी शामिल किया जाएगा। चार से ग्यारह जनवरी तक आपत्तियों एवं दावों का निस्तारण होगा। निस्तारण के बाद निर्वाचन की पूरी सूची को अंतिम चरण में बारह जनवरी से इक्कीस जनवरी तक समाहित किया जाएगा। बाइस जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 29 दिसंबर को होगा निर्वाचन क्षेत्रों का फाइनल प्रकाशन ग्राम, क्षेत्र व जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन 29 दिसंबर से दो जनवरी 2021 के बीच कर दिया जाएगा। इससे पहले एक से सात दिसंबर तक ग्राम पंचायत पंचायतवार जनसंख्या की अवधारणा सुनिश्चित की जाएगी। आठ से 17 दिसंबर तक त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों की प्रस्तावित सूची तैयार की जाएगी। 18 से 22 दिसंबर तक आपत्तियां ली जाएगी और 23 से 28 दिसंबर तक इनका निस्तारण किया जाएगा।

---

## हादसाः साइकिल सवार युवती को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**मछरेहटा थाना** क्षेत्र के अंतर्गत मछरेहटा से जलालपुर मार्ग बरचनपुर गांव के निकट साइकिल सवार युवती के पीछे से जोरदार ट्रक वाहन ने मारी टक्कर युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई क्षेत्र की आंचल पुत्री स्वर्गीय उमाशंकर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जट पुरवा की रहने वाली युवती शनिवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे अपने घर से कोचिंग में बच्चों को पढ़ाने के लिए निकली थी वही पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा खाली ट्रक वाहन जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवती के सिर में काफी चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई ट्रक ड्राइवर यह देख मौके से ट्रक छोड़कर खलासी के साथ भाग निकला ग्रामीणों ने मौके पर ही पहुंच कर देखा युवती बेसुध पड़ी थे मछरेहटा पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसआई विजय पाल सिंह मैं हमराही के साथ पहुंचकर युवती को कब्जे मैं कर यूपी 112 नंबर के गाड़ी से सीएससी अस्पताल मछरेहटा भेजा जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया बताते चलें कि आंचल अपनी चार बहनों में सबसे छोटी बहन थी जिनमें तीन बहनों की शादियां हो गई जिससे अपनी मां की देखरेख करने की यही एक मात्र सहारा थी कोचिंग कर घर का पालन पोषण करती थी वहीं जब थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है टीम गठित कर ड्राइवर की तलाश जारी है।

---

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष दिवस का हाल

## कहीं ताले लटके तो कहीं जिम्मेदार ही गायब

संवाददाता। सीतापुर

**चुनाव आयोग** के फरमान पर चलाए गए मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विशेष दिवस पर शनिवार को कहीं पर बूथ पर ताला लटका मिला तो अधिसंख्य बूथों पर बीएलओ, पदाभिहीत अफसर गैरहाजिर पाए गए। जिन बूथों पर बीएलओ, पदाभिहीत अधिकारी उपस्थित मिले, वहां पर वोटर लिस्ट में नए लोगों के नाम बढ़वाने, स्थानांतरित एवं मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के लिए आवेदन लिए गए। शनिवार को 'पायनियर' की टीम ने अभियान के तहत आयोजित विशेष दिवस पर बूथों पर जाकर वहां पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया तो अधिसंख्य बूथों पर सन्नाटा पसरा नजर आया।


रेउसा-मतदाता पुनरीक्षण में मौजूद बीएलओ

- **'पायनियर' संवाददाता अम्ब्रीश मिश्रा** ने रेउसा के त्रिभुवन दत्त इंटर कॉलेज पहुंचकर मतदाता सूची के कार्यों का हाल जाना। यहां केबूथ नम्बर 124 पर दुर्गेश नंदनी,125 पर गुड़िया पाल,126 पर विनीता बाजपेई, 127 पर रामदेवी,128 पर दुर्गा और बैजनाथ मौजूद थे। बूथों पर फार्म छह की कमी बताई गई। इससे नए लोगों के नाम बढ़ाने में दिक्कतें आईं। पांच बूथों पर कुल 39 फार्म भरे गए।

- **सिधौली से 'पायनियर' संवाददाता राजेश यादव** ने तहसील क्षेत्र के बूथों पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के कार्यों का जायजा लिया। ग्रामपंचायत बाड़ी के बूथसंख्या 181 पर रामदेवी तथा पदाभिहीत संजीव कुमार तथा 182 पर सुमन मिश्रा, बूथ संख्या 183 पर सीमावर्मा अनुपस्थिति रही। जबकि अलादातपुरबूथ संख्या 187 व बूथ संख्या 188 बीएलओ आराधना सिंह व कमलेश कुमारी उपस्थित मिली। इसी प्रकार फिरोजपुर बूथ संख्या 217 पर संगीता देवी, ग्रामपंचायत बासखेरा मे बूथ संख्या 343 व 344 कुसमा देवी व पूनम सिंह उपस्थित रही। ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में बूथ पर ताला लटका पाया गया।

- **मिश्रिख से 'पायनियर' संवाददाता आलोक वर्मा** ने मिश्रिख तहसील के बूथों पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यों का हाल जाना। शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय ज्ञान सागर में बीएलओ ज्ञानवती अनुपस्थित मिली, फोन पर जानकारी की गई तो बताया कि वो अभी भी वहां से आई हैं। वहां पर उपस्थित प्रधानाचार्य रेनू वर्मा व सहायक शिक्षिका प्रिया रस्तोगी उपस्थित मिली। बताया कि फार्म छह के दो फार्म आए हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर में बूथ संख्या 367 रेशमा बानो,368 निर्मल कुमार,369 पर गोविंद गुप्ता,370 पर नेहा गुप्ता उपस्थित मिली। यहां के सभी बूथों पर वोट बनाने के लिए महज चार लोगों के आवेदन आए थे। इसी प्रकार ब्लॉक परिसर में अनीता वर्मा,बीएलओ मनुदेवी व सरोज उपस्थित मिली। 344 बूथ पर दो, 345 बूथ पर 8, 343 बूथ पर एक आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिक विद्यालय खाकी की सराय 3 बजे बीएलओ अनुपस्थित मिले,प्रधानाचार्य द्वारा कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। प्राथमिक विद्यालय तरसावां में बूथ 174 पर कामिनी देवी, बूथ 176 पर सीमा देवी उपस्थित मिली। जबकि बीएलओ सुनील अनुपस्थित मिले। उधर, उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक ने मारी राहगीर को टक्कर, अस्पताल में मौत

● दूसरे हादसे में युवक घायल

संवाददाता। मैलानी-खीरी





**थाना मैलानी** क्षेत्र की पुलिस चौकी संसारपुर के अंतर्गत ग्राम बोझिया के पास तेज रफ्तार बाइक ने मेहमानी में आये युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बाइक सवार को पकड़ लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जनपद कन्नौज के ग्राम सादिकपुर निवासी साहब लाल (30) पुत्र सियाराम अपनी बहन के घर चौरैया आया था। कल शाम साहब लाल संसारपुर से पैदल चौरया जा रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने साहब लाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साहब लाल फिर उठ ही नहीं पाए। बाइक चला रहे सुनील कुमार पुत्र जानकी प्रसाद को लोगों ने मौके पकड़ लिया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

घटना की तहरीर पुलिस चौकी संसार पुर में देदी गयी है। वही दोपहर में मैलानी कस्बे गौतम नगर सर्वेश कुमार (20) पुत्र हरि शंकर अपने घर से बाइक लेकर जा रहा था। जैसे ही रोड पर पहुंचा कि पलिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

सूचना पाकर पहुंची स्थानीय भी मौके पर पहुंची परिजनों द्वारा घायल सर्वेश कुमार को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से फरार चालक व बस की तलाश शुरू कर दी है।

# सीएम ने वितरित किये वर्चुअल नियुक्ति पत्र

संवाददाता। फतेहपुर



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के द्वितीय फेस में 36590 नव नियुक्त शिक्षकों को वर्चुअल नियुक्ति पत्र वितरित किये और जनपद-हरदोई, रामपुर, महोबा, बदांयू आदि में नव नियुक्त शिक्षकों से बात की। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विभिन्न चुनौती का सामना करते हुए उनहत्तर हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न की गयी है। हमारी सरकार ने अभी तक पारदर्शिता के साथ 3.50 लाख सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि जिन विद्यालयों में नियुक्त हो वहाँ हर वर्ग के छात्रों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ईमानदारी के साथ दे। अच्छी शिक्षा की आधारशिला से प्रदेश/देश मजबूत होगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवनियुक्त शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की बुकलेट प्रदान की जाए ताकि अध्ययन करके आसानी से शिक्षा दे सके। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम का सरलीकरण किया जाय ताकि बच्चे आसानी से समझ ले। इस क्रम में जनपद में जिले के विधायक अयाह विकास गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नवनियुक्त शिक्षक आलोक कुमार सिंह, निवासी-फतेहपुर को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हुए युवक ने कई दिनों तक चले इलाज के बाद निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी 45 वर्षीय करण सिंह पुत्र केदार सिंह ठाकुर की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 18 नवंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। मृतक के घर वालों ने बताया कि घटना वाले दिन करण सिंह घर के पास ही पैदल अपने किसी परिचित से मिलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई बाइक उसे टक्कर मारकर फरार हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसके घर वालों को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। मृतक के एक भाई की लगभग 2 माह पूर्व ही बीमारी के चलते मौत हुई थी। उसकी भी अस्पताल में मौत के बाद घर में मातम छा गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और टक्कर मारने वाली बाइक की तलाश शुरू कर दी।

# पलिया विधायक को कैबिनेट में जगह देने की उठी मांग

● समाजसेवा को लेकर भी बेहतर छवि है पलिया विधायक की

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**उत्तर प्रदेश** में भाजपा की योगी आदित्यनाथ की सरकार में होने वाले विस्तार में जनपद खीरी की पलिया विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक रोमीसाहनी को शामिल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। नेपाल की सीमाओं से लगी हुई पलिया विधानसभा का क्षेत्र है इस क्षेत्र के जन जन में लोकप्रिय और गरीबों के मसीहा तथा सुख-दुख के साथी विधायक रोमी साहनी ने अपने क्षेत्र के अलावा नागरिकों की मदद में खड़े होने के चलते उनकी पहचान एक हंसमुख विधायक के रुप में होती है। इसलिए ऐसे विधायक को उप्र की भाजपा सरकार में जगह मिली तो एक बार फिर जनपद खीरी की आठों सीटें भाजपा की झोली में जाना सुनिश्चित है। पलिया व गोला तथा निघासन व खीरी की जनता ने प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि वह अपने मंत्रिमंडल में होने वाले विस्तार में जगह देकर जनपद खीरी का सम्मान करने पर एक बार विचार अवश्य करें।

# राष्ट्र व समाज निर्माण में शिक्षकों की बड़ी भूमिका:सांसद

● खीरी में 1561 नवनियुक्त परिषदीय शिक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र

● नियुक्ति पत्र पाकर खिले शिक्षकों के चेहरे

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शनिवार को** निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में चयनित सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र हेतु जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने सीडीओ अरविंद सिंह की मौजूदगी में दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल सभी नवचयनित शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं शुभाशीष प्रदान किया। बीएसए बुद्ध प्रिय सिंह ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले को द्वितीय चरण में जनपद खीरी के लिए द्वितीय चरण में 1716 पदों पर शिक्षकों का आवंटन हुआ। जिसके सापेक्ष आज 1561 परिषदीय शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें 100 नवनियुक्त अध्यापकों को जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। वही शेष 1461 नवनियुक्त अध्यापकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में जनपद खीरी में बेसिक शिक्षा का परिवार सबसे बड़ा है। आज 05 लाख 38 हजार नौनिहालों की जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर दी जा रही है। आप सभी पूरी उर्जा एवं लगन के साथ अपने परिवार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सवारने का भी काम करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नामांकन में पूरे प्रदेश में जनपद लखीमपुर खीरी प्रथम स्थान पर है। यह जिले के लिए बड़ी ही गौरव की बात है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अम्बरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं नवनियुक्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# 1166 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

● शिक्षक बनना सौभाग्य की बातः सुरेश खन्ना

संवाददाता। शाहजहांपुर



**शनिवार को** गांधी भवन प्रेक्षागृह में जिले में 1421 नवनियुक्त अध्यापकों में से प्रथम चरण में 255 एवं द्वितीय चरण में आज 1166 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहे। कार्यक्रम में नव नियुक्त अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा षिक्षक बनना सौभाग्य की बात है षिक्षक के रूप में सेवा देने का अवसर मिले तो एक महान कार्य है। इसलिए हर दिन स्कूल निकलने से पहले यह सोचकर जाया जाए कि सबकुछ धर्म कर्तव्य हमारा यही है। । उन्होंने कहा कि षिक्षक पूरे समाज का रोल मॉडल है। इसलिए षिक्षा देते समय अपने जीवन में अनुषासन रखना बहुत जरूरी है। जिस क्लास के बच्चों को हम बढ़ाएं उस क्लास के बच्चे अनुषासन के क्षेत्र में, षिक्षा के क्षेत्र में और नैतिकता के क्षेत्र में आगे हों। श्री खन्ना ने कहा है कि जनपद में 1421 नवनियुक्त अध्यापकों में से प्रथम चरण में 255 एवं द्वितीय चरण में आज 1166 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। नवनियुक्त अध्यापकों गांधी भवन प्रेक्षागृह, गर्वमेन्ट इण्टर कालेज, गुरूनानक पब्लिक स्कूल, इस्लामियाँ इण्टर कालेज, मॉडल स्कूल अकरा रसूलपुर, बी.आर.सी लालपुर, मॉडल स्कूल किला, मॉडल स्कूल ददरौल, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी कार्यालय, बी.आर.सी भावल खेड़ा आदि स्थानों पर नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। गांधी भवन प्रेक्षागृह में जनप्रतिनिधियों द्वारा 300 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। उन्होंने कहा है कि जनपद में 1421 नवनियुक्त अध्यापकों में से 690 महिला एवं 731 पुरूष है और इसी में 106 षिक्षा मित्र षामिल होने के साथ ही इस जनपद के 477 नवनियुक्त अध्यापक भी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव एवं तिलहर विधायक रोषन लाल वर्मा, पुवायां विधायक चेतराम, ददरौल विधायक मानवेन्द्र सिंह एवं पार्टी जिला अध्यक्ष हरि प्रकाष वर्मा ने आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञाप किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा षर्मा, जिला बेषिक षिक्षा अधिकारी राकेष कुमार इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे ।

# बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मिशन का हुआ शुभारंभ

**बरेली।** बालिकाओ को आत्मरक्षा के लिए स्वावलंबी बनाने के लिए मिशन स्वावलंबन का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार से पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरूनगला द्वितीय मे खेल अनुदेशको तथा व्यायाम शिक्षको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इसमे 200 खेल अनुदेशक और व्यायाम शिक्षक को ट्रेनिंग दी गई। यह लोग विद्यालय स्तर पर 45000 बालिकाओ को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस दौरान डीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होने व्यायाम शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसके अंतर्गत सरकारी, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालयो की 45000 छात्राओ को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। जिन स्कूलो मे अनुदेशक अथवा व्यायाम शिक्षक नही है वहां बाहरी ट्रेनर की मदद से सेल्फडिफेंस का कोर्स कराया जाएगा। इस मौके पर सीडीओ चंद्र मोहन गर्ग, बीएसए विनय कुमार, बीईओ देवेश राय, डीसी बालिका शिक्षा चंद्रभान सिंह भी मौजूद रहे।

# बेटियों को करें शिक्षित तभी थमेगा उन पर अत्याचार



**पुवायां।** सरकार द्वारा चलाई जा रहा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को डीपीओ वरुण सिंह के दिशा निर्देश पर पुवायां ब्लाक के गांव चौढ़ेरा ग्राम मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बच्चियों को बताए गए उनके अधिकार बताते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रय की शुरुआत करते हुए वन स्टाप सेंटर केस वर्कर नमिता यादव ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बताया कि हमें अपनी बेटियों को इतना शिक्षित करे कि वह समाज में बोझ न लगे।और खुद पर निर्भर हो सके। तीन बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिल रहा है।इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत अन्य लाभ मिल रहा है।इसको लेकर गांव की आशा,आगंनबाडी, एएनएम को भी ड्यूटी सौपी गई है।जिला समन्वयक अमृता दीक्षित ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही है मिशन शक्ति योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बेटियों को उनके अधिकार मिल सके।बेटियां शिक्षित होगी तभी वह समाज के लिए मिशाल बनेगी।बेटियों को पढ़ाई के साथ साथ हुनरमंद होना चाहिए।सिलाई कढ़ाई में मे भी हुनर रखना चाहिए।रोटी से हटकर भी पढ़ाई करे बेटियां।तभी एक शिक्षित समाज बनेगा।और बेटियों पर तभी अत्याचार, जुर्म कम होगे।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका साधना शर्मा,निधि मिश्रा,संतोष कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बोर्ड की बैठक में पास हुए कई प्रस्ताव



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक पालिका सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें नगर के विकास के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। पालिका सभागार में हुई बोर्ड बैठक में पालिकाध्यक्ष ने 15वां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से पब्लिक इंटर कालेज, पंजाबी कालोनी नाला, मेला मैदान का नाला, पुलिया निर्माण, वार्डों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ कराने के लिए पेयजल पाइप लाइन डलवाया जाना स्वीकृत किया गया। बैठक में उपस्थित पालिका सदस्य राजेश प्रजापति ने सदर चैराहे पर अटल चौक/अटल की मूर्ति स्थापना, मुखर्जी पार्क में पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्ति स्थापना, नानकचंद वर्मा ने भारत भूषण कालोनी गेट निर्माण मिल की कालिख पर रोक लगवाने, राजेश वर्मा ने विकास चौराहा उच्चीकरण, अंकुश माहेश्वरी ने सदर चौराहे की सफाई, मरम्मत कार्य अनीष अहमद ने बाईपास रोड पर से मौरंग, गिट्टी हटवाने व रामकिशोर बाल्मीकि ने वाल्मीकि गेट के पास के मूत्रालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा। उक्त प्रस्तावों पर प्रभारी कार्यवाई हेतु स्वीकृत किया गया। संचालन प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिषासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, नगर पालिका परिषद के सदस्य रेनू देवी, शशिप्रभा, अनीष अहमद खां, सुशील कुमार, पीयूष कुमार, नानकचंद वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, सचिन गुप्ता, अंकुश माहेश्वरी, रामकिशोर बाल्मीकि व राजेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# सात दिसंबर से किसान यात्रा

● भाजपा सरकारें किसानों का अपमान कर रहीः तनवीर

संवाददाता। शाहजहांपुर




**सपा की** मासिक बैठक बिजलीपुर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश मैं 7 दिसंबर से शुरू होने वाली किसान यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारे किसान जो देश का अन्नदाता है उसका खुला अपमान कर रही है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माव अखिलेश यादव ने 7 दिसंबर से पूरे उत्तर प्रदेश में किसान यात्रा का आव्हान किया है जिसके तहत शाहजहांपुर में सबसे पहले तिलहर विधानसभा के ब्लाक सिधौली से शुरुआत होगी। उसके बाद पुवायां, नगर विधानसभा, जलालाबाद विधानसभा, ददरौल विधानसभा व कटरा विधानसभा में प्रतिदिन किसान यात्राएं कर जनता का समर्थन जुटाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि देश का किसान खुशहाल नहीं होगा तो देश खुशहाल नहीं हो सकता। किसानों की दोगुनी आए की बात करने वाली भाजपा सरकारे अपने वादे से मुकर रही हैं। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणंजय यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा 7 दिसंबर से शुरू होने वाली किसान यात्रा से भाजपा सरकार हिल जाएगी। इस मौके पर सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने कहा कि भाजपा सरकारों ने अभी तक पिछला बकाया किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं कराया है। इस मौके पर सपा के पूर्व प्रदेश सचिव उपेंद्र पाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकारे किसानों को लगातार धोखा दे रही है देश के प्रधानमंत्री रेलवे और रोडवेज को भी निजीकरण कर रहे है। इस मौके पर सपा महिला सभा की अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस इस मौके पर राजेश वर्मा, सैयद रिजवान अहमद, इम्तियाज मंसूरी, मिश्री लाल पटेल, रामवीर सिंह सोमवंशी, अशोक यादव, सरदार जगजीत सिंह टांडे, महेंद्र पाल सिंह, सुखवीर सिंह चौहान, महावीर यादव, आजाद सिंह, अब्दुल सत्तार, हफीज अंसारी, अवधेश पाल आदि ने विचार रखे। बैठक में मुख्य रूप से अतिउल्ला सिद्दीकी,मोनू इदरीसी, सर्वेश कुमार राठौर, सचिन यादव, अनुराधा मिश्रा, फकीरे लाल वर्मा, शिशाक गुप्ता, संतोष पाल, शादाब खां, देवेश प्रजापति, अंकित कश्यप, वीरपाल वर्मा, नरेश वर्मा, आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। बिन्दकी (फतेहपुर)

**क्षेत्रीय विधायक** करण सिंह पटेल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा पूछताछ किया इस मौके पर बीजेपी के कई नेता भी मौजूद रहे। नगर के तहसील रोड स्थित जूनियर हाई स्कूल पहुंचे। विधायक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ किया और मौजूद बीएलओ साधना देवी, रितेश, आनंद, सुनीता सिंह, रूही बेगम, गिरीश द्विवेदी, तथा धनराज को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 5 से 15 दिसंबर तक चलेगा। इस मौके पर बीजेपी मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, भारती, आकाश साहू, रजत गुप्ता, मनी श्रीवास्तव, सुमित निषाद आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### शहबाज का चैंपियन निर्णायक मंडल में चयन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के शहबाज अली का द्वितीय एमके ओपन इंटरनेशनल चैंपियन निर्णायक मंडल में चयन किया गया है। उनके इस चयन पर खिलाडियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बताते चलें कि ताइक्कांडो के खेल में गोला नगर के शहबाज अली कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नगर, जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यह ब्लैक बेल्ट सेकंड डेन हैं। इस बार तीन दिवसीय चार दिसम्बर से छह दिसम्बर तक चलने वाली ताइक्कांडों की प्रतियोगिता एमके ओपन इंटरनेशनल चैंपियन निर्णायक मंडल में शहबाज अली चयन किया गया है। इससे पहले भी शहबाज अली ताइक्कांडों के खेल में कई राज्य व राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। शहबाज अली गोला गोकर्णनाथ में एलीट ताइक्कांडो एकेडमी में तमाम बच्चों को ताइक्कांडो का हुनर सिखा रहे हैं। अपनी उपलब्धियों का सारा श्रेय अपने गुरु जी एसएम आसिफ को देते हैं। इनकी इस उपलब्धि से एलीट ताइक्कांडो एकेडमी के सुरेखा, महमूद अली, स्नेहिल, लारेब अंसारी, गुलबिसा व गेसू शुक्ला सहित सभी सदस्योंने खुशी जताई।

### विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन



**निघासन-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्नातक व शिक्षक चुनाव में शिक्षक चुनाव के जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं का है। स्नातक चुनाव की काउंटिंग चल रही है। इसमें भी भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी काफी आगे चल रहे हैं। कार्यकर्ता काम के बलबूते आगे बढ़ सकता है। बताया कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सभी अधिकारियों को करना होगा। ग्राम पंचायत व जिला पंचायत का चुनाव नजदीक है कि जो कार्यकर्ता चुनाव लड़ना चाहते हैं तो पहले अवलोकन कर लेना कि गांव में मेरी छवि क्या है। बाद में पार्टी का सहारा लेना पार्टी उसकी मदद करेगी। सभी कार्यकर्ताओं को वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। वोट बढ़ाना सभी कार्यक्रताओं की जिम्मेदारी है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि बीएलओ से मिलकर वोट बढ़ाओ अभियान को सफल करें। पार्टी की विभिन्न प्रकार की नीतियों के बारे में टिप्स दिए। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष डीएस मौर्या, जिला महामंत्री विनोद लोधी, सोबरन चौहान व राम किशोर लोधी आदि विधानसभा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन पुत्रियों के बाद पुत्र जन्म की खुशियां मातम में बदलीं

**संडीला (हरदोई)।** तीन पुत्रियों के बाद पुत्र जन्म की खुशियां परिवार के लिए बेहद अल्पकालिक साबित हुईं। पत्नी को भोजन देकर वापस लौटते समय युवक को अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। ग्राम दुर्गाखेड़ा निवासी चौतीस वर्षीय छोटक्के सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह की पत्नी मीना लखनऊ रोड स्थित एक प्रायवेट नर्सिंग होम में भर्ती थीं तथा दो दिसम्बर को उसने पुत्र को जन्म दिया। चूंकि परिवार में पहले तीन पुत्रियों का जन्म हो चुका था। इसलिए पुत्र जन्म से सारा परिवार बहुत खुश था। चार दिसम्बर की रात छोटक्के सिंह नर्सिंग होम में भर्ती अपनी पत्नी तथा अन्य परिजन के लिए भोजन लेकर आया था तथा रात में लगभग नौ बजे वह बाइक से अपने घर वापस जा रहा था। जब वह हरदोई रोड पर नवीन तहसील के पास पहुंचा तो हरदोई की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक समेत उसे कुचल दिया। जिससे छोटक्के सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी।

### सर्राफ की दुकान से चोरी करने वाली दो महिलायें गिरफ्तार

**संडीला (हरदोई)।** सराफा की दुकानों से जेवर पार करने वाली दो शातिर महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बेनीगंज के अर्न्तगत् निवास करने वाली दो महिलाओं रिंकी तथा रुपरानी ने जनपद लखीमपुर के कस्बा उचौलिया के सराफमोनू गुप्ता की दुकान से विगत 18 नवम्बर को तीन जोड़ी कुन्डल चोरी कर लिये थे मगर सारी घटना सीसी कैमरे में कैद हो जाने के बाद दो महिलाओं की शिनाख्त हो गयी और पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण की रिपोर्ट

**संडीला (हरदोई)।** एक युवक पर शादी का झासां देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए युवती ने एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस को दी गयी तहरीर में एक युवती ने आरोप लगाया है कि ग्राम जामू निवासी एक युवक से विगत 12 वर्ष से उसका प्रेम प्रसंग था और उसने उससे विवाह करने का वादा भी किया था और तब से वह लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। युवती का आरोप है कि जब युवक ने दूसरी जगह अपना विवाह तय कर लिया तो उसने इसका विरोध किया इस पर उक्त युवक ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

### दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**बरेली।** पिता को खाना देने के लिए जा रहे एक युवक को रास्ते में पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।उत्तराखंड के पुलभट्टा थाना क्षेत्र के गांव वरा निवासी 23 वर्षीय सखावत अली पुत्र बूंदा शाह कि बीती रात बहेड़ी के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सखावत अली एक दिसंबर को गन्ना कोल्हू पर मौजूद अपने पिता को खाना देने के लिए पैदल ही घर से निकला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार मौके से फरार हो गई।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बरेली।** खरीदारी करने के लिए बाजार आई एक महिला को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भमोरा थाने के गांव मजारा निवासी राजपाल की 56 वर्षीय पत्नी रामसनेही की बीती रात इलाज के दौरान बदायूं रोड स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि रामसनेही के भांजे का विवाह आगामी छह दिसंबर को होना है। वह विवाह में जाने के लिए सामान खरीदने को देवचरा के बाजार आई थी। जहां से बाजार के पास ही जब वह सड़क किनारे खड़ी थी। तभी तेजी से आई एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक को रोकने की कोशिश की तो उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### किशोरी समेत दो ने खाया जहर

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत शनिवार की सुबह किशोरी समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला तुराबअली का पुरवा निवासी विजय कुमार मिश्रा ने आज सुबह अपनी 23 वर्षीय पुत्री नेहा मिश्रा को किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी पिताम्बर की 15 वर्षीय पुत्री पुष्पा को आज सुबह मां ने पढ़ाई न करने के पीछे डांट दिया। जिससे गुस्से में आकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

### ढाई लाख की स्मैक के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** शहर कोतवाली व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने शनिवार की सुबह पौने दस बजे स्मैक तस्करी के आरोप में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चार देशी बम वह दो हजार रुपए नगद बरामद किये है। बरामद स्मैक की कीमत लगभग ढाई लाख रूपये बतायी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रवीन्द्र श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि शनिवार की सुबह शहर के भिटौरा तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर कुछ दूरी पर खड़े दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर पूछताछ किया। एसएचओ ने बताया कि पकड़े गए युवकों ने अपने नाम अवधेश कुमार 27 वर्ष व जवाहिर 30 वर्ष निवासीगण भिटौरा बताया। जामा तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 31.80 ग्राम स्मैक व दो-दो देशी बम बरामद किये हैं। आरोपियों की निशानदेही पर बाकरगंज निवासी मुन्नी 60 वर्ष पत्नी रामचन्द्र के पास से 15 ग्राम स्मैक व दो हजार रुपए नगद बरामद किये।

### बिजली की चपेट में आने से गई नाबालिग की जान

**गाजीपुर (फतेहपुर)।** क्षेत्र के बड़ागाँव मछरिहा में आज करीब 2 बजे शिवम 16 वर्ष पुत्र सुनील त्रिवेदी की विजली करंट से मौत हो गई। बड़े भाई सत्यम ने बताया कि हैंड पाइप की मोटर ठीक करने के लिये घर के पीछे नाले में मोटर डाल कर चेक कर रहे थे। तभी मोटर में करंट उत्तर आने से करंट लग गया। जिसके बाद उनको उपचार के लिये बहुआ ले जा रहे थे। रास्ते मे मौत हो गई ।सबसे छोटा भाई सुन्दरम 14वर्ष को सदमा हो जाने से किसी से बात नही कर रहा है। माँ मंजू देवी व बहन गुड़िया का रो रोकर बुरा हाल है।

# टॉप टेन अपराधी छह साथियों समेत गिरफ्तार

संवाददाता। इटावा

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक इटावा आकाश तोमर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में एसओजी इटावा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस मुठभेड़ में हाईवे पर खड़े वाहनों से लूट डकैती करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना हिस्ट्रीशीटर व टॉप 10 अपराधी सहित सात सदस्यों को डकैती लूट की योजना बनाते हुए अवैध असलाह सहित किया गिरफ्तार।

एसपी सिटी रामयश सिंह ने बताया कि बीते कई महीनों से ऐसी कई घटनाएं संज्ञान में आ रही थी। जिसमें हाईवे पर देर रात खड़े वाहनों से लूट और डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित की गई थी। जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर एसओजी

## ● हाईवे पर खड़े वाहनों से लूट डकैती करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने कुछ शातिर किस्म के बदमाश दतावली नहर पुल से लोका सही नहर पुल की ओर बने बजरंगबली के मंदिर के पास एक बगीचे में डकैती लूट की योजना बना रहे थे।

बदमाशों द्वारा पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख भागने का प्रयास करने लगे। तभी पुलिस टीम जैसे ही उनकी तरफबढ़ी उन्होंने अपने अवैध असलाओं से पुलिस की ओर फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए बदमाशों को घेर कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार सभी बदमाशों की



तलाशी जब ली गई तो उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलाहए तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा इस पूरे मामले पर छानबीन की गई तो बीते कुछ समय पहले हाईवे पर तीन लूट जैसे घटनाओं को इन लोगों के द्वारा ही अंजाम दिया गया था जिसमें पुलिस पूछताछ पर पता चला कि 11 पेटी परचून की सामान जिसमें ब्रांडेड टूथपेस्ट व साबुन तथा नहाने का साबुन तथा अन्य घरेलू सामान बरामद किए गए भक्तों ने यह भी बताया कि हम लोग ग्रुप बनाकर रात में निकलते हैं तथा हाईवे किनारे खड़े वाहनों से व घरों से लूट व चोरी की घटनाएं करते हैं जिसे हम लोग सस्ते दामों में ग्राहक मिलने पर बेच देते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का पहले से ही लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। सनोज यादव पुत्र अमर सिंह निवासी नगला देवचंद थाना बेतवा जनपद इटावा। हिमांशु यादव पुत्र शिवराज सिंह यादव निवासी ग्राम चकवा खुर्द थाना बसरेहर जनपद इटावा। बीपी उर्फ कन्हैयालाल पुत्र श्री रामचंद्र निवासी नगला कुआं थाना चौबिया जनपद इटावा। शिवम यादव उर्फ आशू पुत्र राकेश यादव निवासी ग्राम नगला कुआं थाना चौबिया जनपद इटावा। मोनू और मोहन शर्मा पुत्र रामरतन निवासी मोहल्ला यादव गोरमी थाना गोरमी जनपद भिंड मध्य प्रदेश। ऋषि यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी नगला प्राण थाना इकदिल जनपद इटावा। पंकज यादव पुत्र सत्य सिंह यादव निवासी नगला प्राण थाना इकदिल जनपद इटावा। को गिरफ्तार किया गया है। बरामद किए गए चोरी के माल कि तकरीबन आठ लाख कीमत आंकी गई। जिसमें सत्येंद्र यादव प्रभारी एसओजी, कंप्यूटर ऑपरेटर शरद शुक्ला, सर्वेश कुमार, गजेंद्र मिश्रा, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, विपिन कुमार, सुशील कुमार, रविंद्र यादव, पवन, अंकित थाना प्रभारी फ्रेंड्स कॉलोनी नवरत्न गौतम ने इस पूरी घटना का खुलासा किया। वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए रु. 25000 का पुरस्कार देने की घोषणा की।

## छह दिसंबर को लेकर अलर्ट,सुरक्षा में लगे 17 प्रशासनिक अफसर

**फर्रुखाबाद।** छह दिसंबर को लेकर जिले में अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही किसी भी अप्रिय घटना पर नजर रखने के लिए 17 अफसरों के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। जिले को कई जोंन में बांटा गया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगाह रखने की हिदायत दी गयी है। कोई भी व्यक्ति अगर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीओ, थानेदार व चौकी प्रभारी से कहा गया है कि क्षेत्र में भ्रमण करने के साथ ही आलाधिकारियों को हालात की हर सूचना देंनें के भी निर्देश है। प्रभारी जिलाधिकारी नें जारी किये आदेश में कहा है कि 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद ढहाये जाने को लेकर मुस्लिम समुदाय काला दिवस और हिन्दू समाज से जुड़े लोग शौर्य दिवस के रूप में मनाते है। जिसके चलते कोई अप्रिय घटना ना हो। इसके पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। प्रभारी डीएम नें आदेश में कहा है कि जनपद में एक सुपर जोंन और 3 जोंन बनाये गयें है।

## क्विक न्यूज

### छत से गिरकर ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव पुरौरी निवासी हरिवंश का 32 वर्षीय बेटा किसी बेटा किसी काम से अपने घर की छत पर गया था। असंतुलित होकर पैर फिसलने के कारण वह नीचे जा गिरा। गंभीर रूप से घायल स्थिति में उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र लाया गया। जहां उसे ड्यूटी पर पर ड्यूटी पर पर मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को बिना सूचना दिए दुखी परिजन रोते बिलखते मृतक का शब लेकर अपने गांव वापस चले गए।

### धोखे में मासूम ने पी लिया कीटनाशक

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कस्बा कायमगंज के मोहल्ला मेहंदीबाग निवासी मनोज की 3 वर्षीय बेटी घर पर खेल रही थी। खेल -खेल में ही मासूम बच्ची ने घर में रखे कीटनाशक को धोखे से पी लिया। जब तक परिजनों को इसकी जानकारी हुई तब तक बच्ची की हालत काफी बिगड़ चुकी थी। घबराए परिजन मासूम को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां समाचार लिखे जाने तक उसका उपचार जारी था। डॉक्टर के अनुसार बच्ची की स्थिति स्थिति स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर, किंतु स्थिर बताई जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव अकबर पुर निवासी 38 वर्षीय नेमसिंह पुत्र इतवारीलाल -सिवारा कंपिल मार्ग पर किसी काम से जा रहे थे। अचानक निकले अनियंत्रित एवं तेज रफ्तार गति के किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल से घायल को उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से प्रथम उपचार के बाद उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

### स्नातक प्रत्याशी की जीत पर मनाया जश्न

**जसवंतनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह के आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत जाने की खुशी में यहां हाईवे चौराहे पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया और पटाखे फोड़े। विवरण के अनुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपाई नौजवान मोदी.योगी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बस स्टैंड हाईवे चौराहे पर पहुंचे और वहां पर आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत पर खूब खुशियां मनाईं और जमकर आतिशबाजी चलाई गई व पटाखे फोड़े गए तथा मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान ऐसे भी कई चेहरे खुशियां मनाने के लिए आ गए थे जो मतदान के दौरान भाजपा के विरोध में एक निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन कर रहे थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे। उपस्थित प्रमुख नेताओं में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश पाल, यादव बिंदु, विवेक शाक्य गुड्डू, अजय यादव टीडब्ल्यू, उमेश शाक्य, सुग्रीव धाकरे, अनिल राजपूत, बलवंत तोमर, आनंद राठौर, सुरेश गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्निहोत्री आदि शामिल रहे।

### कोरोना के 18 संक्रमित मरीज मिले

**कानपुर देहात।** शनिवार को जनपद में कोरोना के डेढ दर्जन नये संक्रमित मरीज मिले, जॉच रिर्पोट के बाद कोरोना संक्रमित मरीजों को आइसोलेट करने के साथ प्रभावित क्षेत्रों में सेनेटाइज की प्रक्रिया की जा रही है। सीएमओ राजेश कटियार ने बताया कि पुखरॉया की 38 वर्षीय महिला, जैनपुर का 29 वर्षीय युवक, उदयपुर का 57 वर्षीय व्यक्ति, निनाया गॉव का 55 वर्षीय व्यक्ति,मूसानगर, हसनापुर, मोहनपुर, बाघपुर, हिम्मापुरवा, झींझक किशोरी गॅज सहित कानपुर नगर के निवासी डेढ दर्जन लोग आरटीपीसी व एण्टीजन जॉच में कोरोना पाजीटिव पाया गया है। सीएमओ ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सेनेटाइज की प्रक्रिया के साथ पाजीटिव मरीजों को आइसोलेट किया जा रहा है।

### बेटी व पत्नी को आग की चपेट से बचाने में गृहस्वामी झुलसा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर दामोदर कटरा निवासी गणेश चंद्र शाक्य के घर में शुक्रवार की देर रात करीबन 11:30 पर अचानक आग लग गई देखते ही देखते घर में चारों तरफसे आग की लपटों से ग्रह स्वामी गणेश चंद शाक्य की 32 वर्षीय पत्नी चंद्रकला एवं पुत्री रागनी 8 वर्ष पूरी तरीके से चपेट में आ गई ग्रह स्वामी इन लोगों को बचाने के चक्कर में आग से झुलस गए दूदू कर जलते आग से काबू पाने के लिए मोहल्ले वाले लगे रहे। सूचना पाकर तत्काल मौके पर शमशाबाद थाने की पुलिस पहुंच गई दरोगा विक्रम सिंह एवं कांस्टेबल सिंधु सिंह ने कंबल ओढ़ कर प्राणों की चिंता ना किए हुए बिना आग में घुसकर मोहल्ले वासियों की मदद से झुलस रहे पति पत्नी एवं बच्चे को घर से बाहर निकाला तीनों को तत्काल एंबुलेंस से डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भेजा पत्नी चंद्रकला और पुत्री रागनी की हालत गंभीर बताई जाती है गणेश चंद्र अपने तीन पुत्रों एक बेटी पत्नी वृद्ध मां विद्या देवी के साथ रहते थे जिस वक्त आग लगी थी उस समय उसकी मां विद्या देवी पड़ोसी के यहां गई हुई थी तीनों बेटे भी बाहर थे घटना के बाद से मां विद्या देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

### सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व नगर अध्यक्ष रजत गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** भाई पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस नें सपा नेता रजत क्रांतिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला नवदिया निवासी विवेक महेश्वरी पुत्र राधारमन महेश्वरी नें पुलिस को तहरीर दी। विवेक नें आरोप लगाया कि उसका भाई रजत क्रांतिकारी दबंग और गुंडा प्रवत्ति का व्यक्ति है। आरोप है कि रजत नें अपने भाई विवेक की दुकान में ताला डाल दिया। जब ताला खोलनें को कहा तो उसने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से दो राउंड फायर किये। पुलिस नें तहरीर के आधार पर सपा नेता रजत के खिलाफधारा 307 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज होनें के साथ ही पुलिस नें उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी जप्त कर ली है। मुकदमे की विवेचना रहमत खां को दी गयी है। मामले की जानकारी होनें पर सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी, इलियास मंसूरी, नसीम खान व अकमल मंसूरी नें कोतवाली जाकर रजत से भेट कर हालचाल लिये। पुलिस नें लाइसेंसी रिवाल्वर दो खोखा और तीन जिंदा कारतूस भी पुलिस नें बरामद किये है।

### यात्रियों को अस्पताल की राह दिखा रहा पीएनसी का पिलर डिवाइडर



**घाटमपुर।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाइवे 86 ( मुगल रोड ) के क्रास पर यानी घाटमपुर चौराहा पर कानपुर रोड की ओर बना पिलर डिवाइडर आये दिन राहगीरों को अस्पताल की रह दिखा रहा है फिर भी टोल टैक्स के नाम पर करोड़ों रुपया प्रतिमाह वाहनों से वसूलने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की कार्यदायी संस्था पीएनसी ऑखें फेर हुए है। बताया जाता है कि चौराहे पर आये दिन जाम से निजात पाने के लिये करीब 5 साल पहले चौराहे से कानपुर की ओर जाने वाली सड़क पर पीएनसी ने यातायात नियंत्रंण के लिये पिलर रखकर डिवाइडर वनाया था, दुकानदारों ने बताया कि बनाये जाने के बाद कुछ दिनो तो लोगों को जाम से राहत मिली थी, पिलर डिवाइडर से आये दिन गिट्टी मोरंग के ट्रकों के टक्राते रहनें से पिलर अपना स्वरुप तक खो दिया है। और रात में अक्कसर वाहन भिडजाते है।

## अवैध प्रेम प्रसंग के कारण अपने पति की हत्या करने वाली महिला प्रेमी सहित गिरफ्तार

**इटावा।** थाना सैफई पर वादी मृतक का भाई गजाधर सिहं पुत्र दीनदयाल निवासी कुम्हावर द्वारा सूचना दी गयी कि रात्रि में उसके भाई की गला दबाकर कर हत्या मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी द्वारा कर दी गयी । इस सूचना पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना स्थल का निरीक्षण किया तो मृतक के गले पर कुछ निशान थे। इसके उपरान्त पुलिस टीम द्वारा परिवारीजनों से पूछताछ करने पर परिवारीजनों द्वारा बताया कि हम लोग अपने. अपने कमरों में सो रहे थे तभी अचानक रात्रि में मृतक की पत्नी द्वारा बताया कि राधेश्याम ;मृतकद्ध के पेट में दर्द हो रहा है तो परिजनों द्वारा जाकर देखा गया तो वह मृत पडा हुया था। पुलिस टीम द्वारा मृतक की पत्नी से कडाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्ता द्वारा अपने पति की हत्या अपने प्रेमी के साथ मिलकर करना स्वीकार किया गया।

## प्रभारी मंत्री ने छतेनी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बांटे स्वेटर

**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश व जनपद प्रभारी मंत्री महेश चंद्र गुप्ता द्वारा मलासा विकासखंड के छतेनी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का मां. सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर 2 बच्चों ने प्रभारी मंत्री, विधायक अकबरपुर रनियां, भोगनीपुर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, आदि के समक्ष शीर्षासन कर उपस्थित जनों को प्रसन्न किया और जिलाधिकारी व विधायक ने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। प्रभारी मंत्री महेश चंद गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे लक्ष्य बनाकर शिक्षण का कार्य करें और जो वह बनना चाहते हैं उस आधार पर लगन से पढ़ाई करें अगर कहीं समस्याएं भी आयें तो बच्चे अपने लक्ष्य से न भटके, सफलता उनके कदम अवश्य चूमेगी। वही प्रभारी मंत्री ने कई बच्चों से सवाल करते हुए कहा की बच्चे आप लोग क्या बनना चाहते हैं तो बच्चों ने अपने जवाब में अलग-अलग पुलिस, डॉक्टर, इंजीनियर बनने की अपनी इच्छा प्रकट की। इसी कड़ी में गर्भवती धात्री किशोरी जीरो से 5 वर्ष यह बच्चों के लिए ड्राई राशन वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को राशन वितरित किए। वहीं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ड्राई राशन वितरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विधायक अकबरपुर रनियां प्रतिभा शुक्ला, भोगनीपुर विनोद कटियार, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

## प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र

**कानपुर देहात।** प्रदेश में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्त के साथ वार्ता कर उनकी सफलता की शुभकामनाओं सम्बन्धी वीडियो कांन्फ्रेसिंग के द्वारा कलेक्टेउट एनआईसी में राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद के प्रभारी मंत्री महेश चंद्र गुप्ता व जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की मौजूदगी में मा0 मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन सुना गया।

वहीं उपरोक्त कार्यक्रम के पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग में प्रदेश स्तर पर जारी 69000 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के सापेक्ष 36590 नवनियुक्त चयनित शिक्षकों के नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी हॉल ईको पार्क माती कानपुर देहात में किया गया जिसमें जनपद में 36 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मुख्य अतिथि राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समारोह की अध्यक्षता



प्रभारी मंत्री महेशचन्द्रगुप्ता नवनियुक्त शिक्षक को जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों के साथ प्रमाण पत्र देते हुये

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक प्रतिभा शुक्ला, विनोद कटियार, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित व प्रार्थना कर किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक एक समाज सुधारक होता है और बेसिक शिक्षा में अच्छे एवं ज्ञानपरक शिक्षा देने वाले शिक्षकों से विद्या हासिल करने वाले छात्र आगे चलकर समाज में डाक्टर, इंजीनियर आदि उच्चाधिकारी तथा समाजसेवी बनकर उभरते है। उन्होने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शासन ने आप लोगों की ज्ञान क्षमता को ध्यान में रखते हुए इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है इसे सभी ईमानदारी से पालन करें और बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ नियमित विद्यालय जाये तथा बच्चों के अभिभावकों के सम्पर्क में अवश्य रहे और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहे।

## एक्सप्रेसवे पर किसानों का प्रदर्शन जाम में फंसे पूर्व मंत्री सतीश शर्मा

**ताखा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के चैनल नंबर 124 पर नाथूराम यादव जिला सचिव सीपीआई एम पूर्व जिला अध्यक्ष किसान सभा के अगवाई में लगभग 1000 किसानों ने एक्सप्रेस वे पर हाल ही में पास हुए कृषि कानून को लेकर धरना प्रदर्शन किया नाथूराम यादव ने बताया कि अभी हाल ही में हुए



किसान विरोधी कानून को हम सब वापस कराना चाहते हैं दिल्ली बॉर्डर पर डटे किसानों के ऊपर वाटर कैनन से पानी की बौछार की जा रही है उन्हें रोका जा रहा है किसानों के साथ जुल्म किया जा रहा है एक्सप्रेस वे पर धरना प्रदर्शन के कारण लंबा जाम लग गया इसी जाम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा भी फस गए लगे हाथ उन्होंने भी किसानों को संबोधित कर डाला उन्होंने किसानों के बीच में आकर मोदी सरकार की नीतियों को जमकर कोसा और मोदी सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि आज किसान मजदूर परेशान है और बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने की योजनाएं बनाई जा रही है उन्होंने इस प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया है नाथूराम यादव ने बताया कि जैसे ही सूचना पुलिस को लगी तत्काल मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सैफई और क्षेत्राधिकारी भरथना चंद्रपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे किसान नेता की पुलिस वालों से नोकझोंक भी हुई सीपीआईएम नेता अडानीअंबानी और भारत के प्रधानमंत्री का पुतला फूकना चाहते थे जिसको पुलिस ने नाकाम कर दिया और तत्काल धरना प्रदर्शन खत्म कराया जिससे आने जाने वालों को हो रही परेशानी से भी निजात मिल सके। इस मौके पर नाथूराम यादव जिला सचिव सीपीआईएम इटावा डॉ रघुवीर नारायण अमृत सिंह रामगोपाल राधेश्याम शर्मा अनंत देव विनोद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष सीपीआईएम ताखा और सुपात्री देवी सहित सभी कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।


## आबकारी विभाग ने तालाब से जब्त की अंग्रेजी शराब

**फर्रुखाबाद।** आगामी कलैण्डर की नव वर्ष के आरम्भ की समय सीमा कम होते ही नव वर्ष के जश्न को अवैध शराब माफियाओं द्वारा अपनी कमाई का हर वर्ष की भांति जरिया बनाया गया है। लेकिन शासन की मंशा के अनुरुप काम कर रहे जिले की आबकारी टीम इन शराब माफियाओं के मनसूबों को नाकाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। ऐसा ही एक मामला राजेपुर कस्बा में तालाब के किनारे कुछ ग्रामीण और कबाड़ी शराब गड्ढे में से निकाल रहे थे। जिसकी सूचना जब आबकारी को लगी तो आबकारी टीम ने राजेपुर पुलिस की सहायता से छापेमारी कर शराब को अपने कब्जे में ले ली।शनिवार को राजेपुर थाना क्षेत्र स्थित इटावा.बरेली हाइवे किनारे गांव गांधी में तालाब के किनारे एक गड्ढे में दबी शराब को कुछ ग्रामीण और कबाड़ी निकाल रहे थे। सूचना पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता व नीरज तिवारी और शरद कुमार के साथ मय राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंच जमीन में दबाये गये अग्रेंजी शराब के पौये को बरामद कर जब्त कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने पकड़ी गई अंग्रेजी शराब 72 पौवे सहित 17 हाफ तथा एक बोतल अग्रेंजी रम बरामद कर सीज किया है। आबकारी अधिकारी गुप्ता की इस कार्यवाही से अवैध शराब माफियाओं में पूरे दिन हड़कंप मचा हुआ है ।

## दुधवा नेशनल टीम को मिलीं चीते की तस्वीरें

**फर्रुखाबाद।** बीते दिनों राजेपुर कटरी क्षेत्र में पाये गये चीता के पंजों के निशान की सुराकसी में जुटी वन व पुलिस विभाग के सहयोग के लिये शुक्रवार को जिले में डेरा डाले दुधवा नेशनल टीम लखीमपुर ने शनिवार सुबह चीता की ताजा तस्वीरें जुटाकर ग्रामीणों से सचेत रहने की अपील की है।

अमृतपुर बीहड़ क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना खुले आम घूम रहे चीता को पकड़ने के लिए लखीमपुर दुधवा नेशनल टीम ने पीलीभीत फर्रुखाबाद वन विभाग कानपुर जू की टीम ने डेरा ड़ाला। मौके पर पहुंचे डॉ. आरके सिंह कानपुर जू, डॉक्टर दया लखीमपुर दुधवा नेशनल - टीम पीलीभीत, सुशांत सोमर समीर वन विभाग, रेंजर उदय प्रताप सिंह, मोहित शर्मा, मनोज कुमार, अमित, सचिन, लोकेश ने लगभग 10 किमी. गन्ने के खेत में कांबिंग की। जिसके बाद 30 कैमरों को खंगाला गया। कैमरा नंबर 3 में चीता की नई फोटो वन विभाग टीम को मिली है। वहीं वन विभाग टीम ने गन्ना मिल रूपापुर से संपर्क किया और जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को सूचित किया कि तत्काल गांव के निकट जो



### ● शांम के बाद घर से न निकलें ग्रामीण: डॉ. सिंह

गन्ने की फसल खड़ी है उसे तत्काल गन्ने की पर्ची रूपापुर से किसानों को भेजकर तत्काल गन्ना कटवाया जाए। वन विभाग टीम ने गांव में ग्रामीणों को मुखोटे वितरित किए हैं। वही डॉ. आरके सिंह ने ग्रामीणों से अपील की है कि अगर चीता सामने पड़ भी जाए तो उसके ऊपर कोई भी फायर नहीं करेगा। बचाव के लिए हवाई फायरिंग कर सकते हैंए वहीं लोगों से वन विभाग टीम अपील कर रही है कि खेतों में ज्यादा ना जाएं। अगर जाएं तो थाली कमंडल बजाते हुए गन्ने के खेत में जाएं जिससे आवाज होने पर चीता हमला नहीं करेगा और आप से 100 मीटर की दूरी पर रहेगा। वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## आकाश अग्रवाल की जीत से वित्तविहीन शिक्षकों में खुशी की लहर

### ● प्रधानाचार्य डॉ. अनुराग गुप्ता ने जताया मतदाताओं का आभार

संवाददाता। एरवाकटरा/औरैया

**निर्दलीय** प्रत्याशी आकाश अग्रवाल की जीत पर वित्तविहीन शिक्षक फूले नहीं समा रहे हैं। आकाश अग्रवाल की जीत में उन्हें अपने सुनहरे कैरियर की झलक दिखाई दे रही है। आज तीन इंटर कॉलेजों में उनकी जीत की खुशियां मनाई गई। डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अनुराग गुप्ता ने आकाश अग्रवाल का सहयोग करने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञातव्य हो कि आकाश अग्रवाल वित्तविहीन शिक्षकों की दम पर चुनाव मैदान में उतरे थे लेकिन बिटवीन शिक्षकों ने भी गजब की एकजुटता दिखाते हुए सत्ताधारी पार्टी की प्रत्याशी को धराशाही कर दिया। आकाश अग्रवाल के जीतने पर वित्तविहीन शिक्षकों में खुशी की लहर



दौड़ गई है और वे फूली नहीं समा रहे हैं। वित्तविहीन शिक्षकों का मानना है कि अब निश्चित रूप से आकाश अग्रवाल ही उनकी नैया पार लगाएंगे।

आकाश अग्रवाल की जीत पर आज डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज के संस्थापक मदन लाल गुप्ता और प्रधानाचार्य डॉ अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर जीत की खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद वित्तविहीन शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अनुराग गुप्ता ने कहा कि निश्चित रूप से यह वित्तविहीन शिक्षकों की एकजुटता की जीत है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह हम एकजुट रहे तो हमारा आने वाला कल निश्चित रूप से सुनहरा होगा। डॉ अनुराग गुप्ता ने इस अवसर पर आकाश अग्रवाल का समर्थन करने वाली सभी मतदाताओं के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज के संस्थापक मदन लाल गुप्ता ए प्रधानाचार्य डॉ अनुराग गुप्ता ए शिवराज सिंह ए योगेंद्र सिंह ए मोहम्मद जावेद ए पंकज शर्मा ए विनय कुमार ए शिवेंद्र सिंह चौहान ए कुलदीप मिश्रा ए अंकित यादव ए ममता कुमारी कौशल ए आशीष कुमार गुप्ता ए अंजली गुप्ता ए संजीव कुमार भट्ट ए शोभा गुप्ता आदि शिक्षक गण मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर जंगी सिंह इंटर कॉलेज दोबा के प्रबंधक सुखबीर यादव और प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी के नेतृत्व में कॉलेज के सभी शिक्षकों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। आकाश अग्रवाल की जीत पर पंडित जोधा प्रसाद उजागर लाल इंटर कॉलेज नगला भगत में दीपक ए मोहम्मद असलम सहित पूरे स्टाफ ने अभिभावकों का मुंह मीठा करा कर जीत की खुशियां मनाई। चौधरी बीरेंद्र सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज देईपुर में भी आकाश अग्रवाल की जीत पर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार ए सुनील कुमार ए मोहम्मद अखलाक ए महेंद्र पाल सिंह चौहान आदि शिक्षक गण मौजूद रहे। स्वामी रतनानंद इंटर कॉलेज पखनगोई में भी आकाश अग्रवाल की जीत पर लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर राम अवतार सिंह, रामकेश यादव, अंकित तिवारी आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

## एसपी का राजेपुर थाने में आकस्मिक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने राजेपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होने कार्यालय में रखे अभिलेखों व अपराध रजिस्टर को जांचा। वहीं कोविड से बचाव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तेज तर्रार एसपी अशोक कुमार मीणा ने बीती देर शांम औचक निरीक्षण को अचानक राजेपुर थाने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के आकस्मिक निरीक्षण से पुलिस कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए उन्होने सबसे पहले अपराधिक रजिस्टर को जांचा। जिसके बाद उन्होने कार्यालय में रखे सभी अभिलेखों को जाचां। वहीं आरक्षियों की बीट पुस्तिका को चेक कर बीट प्रणाली जांची। उन्होने कोविड महामारी से बचने के लिए सभी अधिकारीगण एंव कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोविड जैसी महामारी से बचने के लिए मास्क लगाना आवश्यक है सभी कर्मचारी मास्क का प्रयोग करें एंव कोई भी अपराधी एंव फरियादी थाने में आता है सबसे पहले उसे मास्क एंव सनेटाइजर का प्रयोग करके ही अंदर प्रवेश करें।

## सिफारिश और दबाव के पेंच में धान खरीद

### ● कंपनियों के खरीद केंद्र पर भी धान किसानों का जमावड़ा

**औरैया।** सरकार की सौ फीसदी सरकारी धान खरीद की योजना को पलीता लगाने वालों में वह स्थानीय मठाधीश और अलंबरदार आड़े आ रहे हैं जो अपनी सिफारिश और दबाव में सीमांत किसानों की बिकवाली में रुकावट डाल रहे हैं। हालांकि प्रशासन का कहना है कि फरवरी के आखिर तक धान की खरीदारी लगातार की जाएगी और किसी भी किसान का धान शेष नहीं रहेगा।

शुक्रवार को स्थानीय मंडी समिति एवं विपणन केंद्र में धान खरीद की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे डिप्टी आरएमओ सुधांशु शेखर चौबे ने बताया कि सरकारी सरकारी व कंपनी आधारित खरीद केंद्रों पर लगातार धान की खरीद की जा रही है प्रतिदिन बड़ी मात्रा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। कहीं.कहीं बारदाना की समस्या आड़े आ रही है जिसके लिए कंपनी को आपूर्ति करने



का आदेश दिया गया है।जनपद में ज्यादातर धान की फसल की उठाई हो चुकी है और किसान ने अपना धान सुरक्षित कर लिया है। बमुश्किल 20: किसानों का धान ही अब खेत में है। किसानों को बिक्री की तिथि का टोकन वितरित कर दिया गया है। दी गई दिनांक पर किसान मंडी आकर आसानी से धान की बिक्री कर सकते हैं। प्रशासन की ओर से धान खरीद पर लगातार नजर रखी जा रही है उधर मंडी में मौजूद किसानों की माने तो निजी खरीद केंद्रों पर सिफारिश व दबाव के चलते सीमांत किसान अपनी फसल बेचने के लिए भटक रहा है। राजनैतिक व प्रशासनिक पदाधिकारियों की सिफारिशों के चलते उनके ट्रैक्टर खड़े रह जाते हैं और बाद में आने वाले माल की खरीद कर ली जाती है। शाहबदा के किसान चुनूं चतुर्वेदी ने बताया कि वह कई दिनों से धान बिक्री के लिए चक्कर काट रहे हैं। चपौली के बेटा लाल का कहना था कि धान खरीद में आने वालों के क्रम का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।करियापुर के राम भरोसे ने भी यही शिकायत दर्ज कराई। कुछ किसानों ने तो यहां तक कहा कि वह सारी रात ट्रैक्टर मंडी में खड़े कर अपने धान की बिक्री की बाट जोह रहे हैं। डिप्टी आरएमओ सुधांशु शेखर चौबे ने कहा कि ऐसी शिकायतें मिली हैं जिसकी लगातार जांच की जा रही है।जिन्हें पहले टोकन जारी किया गया है उन्हीं किसानों का धान पहले खरीदा जाएगा किसी की सिफारिश या दबाव में कम उपज वाले किसानों के हितों की बलि नहीं चढ़ने दी जाएगी। फरवरी के आखिर तक खरीद केंद्र लगातार किसानों के धान की खरीद करेंगे।

# शिक्षा ही हमे समाज में आगे बढ़ने के लिए करती है प्रेरितः सुब्रत पाठक

## नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

संवाददाता। कन्नौज



**नयी शिक्षा** नीति के संबंध में सभी नवनियुक्त शिक्षकों को पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए। आज 1150 नवनियुक्त शिक्षकों से जनपद में सभी एकल एवं शिक्षक विहीन विद्यालयों में आवंटन प्रक्रिया पूर्ण हुई है। समाज एवं देश के विकास में शिक्षकों का स्थान महत्वपूर्ण है। शिक्षक भर्ती पूर्ण पारदर्शिता से सम्पन्न मानक के अनुरूप ही योग्य शिक्षकों की भर्ती पूर्ण।

उक्त उद्गार आज सांसद/प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक जी ने क्रिस्ट ज्योति अकादमी प्रांगण में आयोजित बेसिक शिक्षा में प्रदेश में 36590 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते हुए उपस्थित नवनियुक्त शिक्षकों को व्यक्त किये। उन्होंनें कहा कि शिक्षा ही हमे समाज में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है, और इस शिक्षा के क्षेत्र में बेसिक शिक्षा के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ही अहम भूमिका होती है। उन्होंनें कहा कि आज जनपद में आज इस मंच के माध्यम से 1150 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है, और यह सभी से अपेक्षा की जा रही है कि आप सभी अपना पूर्ण सहयोग प्रदेश को समर्पित करेंगे। इससे पूर्व विधायक तिर्वा श्री कैलाश राजपूत जी द्वारा एन0आई0सी0 कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्ति 36590 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम में जानकारी देते हुये बताया कि इतनी बड़ी सांख्य में जनपद में शिक्षक प्राप्त होने से शिक्षा विभाग को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंनें कहा कि बहुत ही मेहनत के बाद आप लोगों की यह उपलब्धी प्राप्त हुई है अब आपको मेहनत करना है मेहनत के अतिरिक्त और कोई विकल्प नही है। उन्होंने बताया कि आज तक जनपद में कुल 141 एकल शिक्षक विद्यालय, 769 दो शिक्षक वाले विद्यालय एवं 213 तीन शिक्षकों वाले विद्यालय हैं, और आज 1150 नवनियुक्त शिक्षकों की भर्ती के उपरांत अब कोई भी विद्यालय शिक्षकों के अभाव में अकस्माक बंद नहीं होगा।

# नवागत एसपी को चोरों ने दी चुनौती

## सराफा समेत पांच दुकानों में सेंध लगाकर उड़ाया लाखों का माल

**कन्नौज।** पुलिस की निष्क्रियता के कारण चोर बेखौफ हैं। एक बार फिर चोरों ने सराफ समेत पांच दुकानों के शटर व एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। सुबह जानकारी हुई तो इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मौके पर जाकर दुकानदारों से पूछताछ की।

शनिवार सुबह मानीमऊ रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुशवाहा मार्केट में चोरों ने मियांगंज निवासी आशीष स्वर्णकार की सराफ की दुकान का ताला तोड़कर रात में आभूषण चोरी कर लिए। दुकानदार ने बताया कि चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। दंदौरा खुर्द निवासी आदित्य सिंह की किराने की दुकान से भी चोरों ने सामग्री व 30 हजार की नकदी चोरी कर ली। वहीं, दंदौरा निवासी आकाश कुशवाहा, धर्मपाल व जलालपुर सरवन निवासी राशिद खान, जसौली निवासी मैनूस की दुकान का ताला तोड़ दिया, मगर कोई सामान नहीं ले जा पाए। इसके बाद मानीमऊ स्टेशन के पास ही बने रायपुर निवासी इकबाल के मकान का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे करीब दस लाख रुपये कीमत के जेवरात व 50 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। इकबाल ने बताया कि पत्नी को प्रसव हुआ था, इस वजह से वह मकान बंद कर गांव चले गए थे। रात में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक हार, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झाले, एक टीका, चार कंगन, दो चेन तथा चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। जानकारी पाकर सुबह सीओ सिटी शिवप्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक विकास राय, चौकी प्रभारी गौरव यादव मौके पर गए और दुकानदारों से पूछताछ की।

# दबंगों की गालीगलौच से मछली ठेकेदार को सदमा, चली गई जान

## मृतक के पुत्र ने थाने में दी तहरीर

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव में मछली ठेकेदार को दबंगों ने गाली गलौच की जिससे ठेकेदार को ऐसा सदमा लगा कि मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। कस्बे के बाराखंभा लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी हीरा रैक्यवार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रज्जू रैक्यवार (55) करगवां गांव में सरकारी पटटे पर मछली पालन करते है। साथ ही वह मछवारे संघ के जिलाध्यक्ष भी है। शनिवार की सुबह वह करगवां गांव में मछली का शिकार करने के लिये गया था। तालाब में गांव का मिथुन और एक युवक मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान गांव का एक युवक आया और तालाब में मछली पकड़ रहे युवकों को बुलाने लगा। जब उसने कहा कि उसके पिता आजेंगे तो वह उनके पास आयेंगा। बताया थोड़ी में उसके पिता तालाब में आ गये और मछली को दाना डालने लगे। फिर युवक आया और उसके पिता को तालाब से बाहर आने के लिये कहने लगा और तालाब से मछली पकडने के लिये मना कर गाली गलौज करने लगा। बताया जब उसके पिता किसी को फोन लगा रहे थे। तभी वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन फानन में वह पिता को सीएचसी ले गया। जहां डयूटि पर तैनात डा.भरत राजपूत ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्यवाही की जायेगी।

# बांदा में परिषदीय शिक्षा को लगेंगे पर, मिल गए 714 नए शिक्षक



**बांदा।** शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के परिषदीय विद्यालयों को 714 नए शिक्षक मिल गए हैं। अब प्राथमिक शिक्षा को पंख लगेंगे। शैक्षिक स्तर में सुधार के साथ मेधाएं भी आगे बढ़ेंगी। शनिवार को अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधन में नवनियुक्त शिक्षकों को दायित्वों का बोध कराया तथा ईमानदारी व लगन से शिक्षा को सुधारने की प्रेरणा दी।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआइसी सभागार में चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में शिक्षकों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन को शिक्षकों सहित सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी बबेरू विधायक चंद्रपाल कुशवाहा डीएम आनंद सिंह सीडीओ हरिश्चंद्र वर्मा और बीएसए हरिश्चंद्र ने सुना। दोपहर में राजकीय मेडिकल कॉलेज में सांसद आरके सिंह सहित विधायकों ने समारोह में सभी नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान सांसद ने कहा कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों ने ही नहीं सरकार ने भी पूरी मेहनत की है। तब कहीं जाकर आज सफलता मिली है। बुंदेलखंड की प्राथमिक शिक्षा में सुधार लेकर इसे देश में मॉडल बनाएं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सभी शिक्षको को बधाई दी और कहा कि समाज में शिक्षक ही है जिसकी सबसे अहम जिम्मेदारी होती है। इस दौरान सांसद व जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

# एसडीएम ने भेड़ी खरका खदान का किया निरीक्षण, पाया अवैध खनन

**सरीला ( हमीरपुर )।** मौरम खदानों में अवैध खनन को लेकर एसडीएम व खनिज विभाग ने भारी पुलिस बल के साथ बेतवा नदी के भेड़ी खरका खदान का औचक निरीक्षण किया। खण्ड में अवैध खनन पाया गया है। अग्रिम कार्यवाही के लिए इसकी सूचना जिलाधिकारी को भेजी गई है। शनिवार को एसडीएम जुबेर बेग व खनिज विभाग टीम ने जलालपुर थाना पुलिस के साथ बेतवा नदी की भेड़ी खरका मौरम खदान में औचक छापामारी की। एसडीएम ने बताया कि (राधिका ब्रदर्स भोपाल के नाम दर्ज है, जिसमे तीन गहरे गड्ढे मिले है। जिसमें पानी भरा पाया गया है। ज्यादा खनन किया गया जबकि खनन का मानक तीन मीटर गहराई तक है। आगे बताया कि 23 बटे 21 खदान में प्रथम दृष्ट्या अवैध खनन मिला है ।अग्रिम कार्यवाही के लिए इसकी सूचना जिलाधिकारी को भेजी गई है। उधर मोरम खदानों में रोज हो रही छापामारी से खदान संचालक सकते में है, जिसमे खदान के मालिक के विरुद्ध थाना जलालपुर में अवैध खनन व पर्यावरण प्रदूषण एक्ट का मामला दर्ज कराया गया है।मोके पर एसडीएम जुबैर बेग,केके राय खनिज अधिकारी, जितेंद सिंह खनिज इंस्पेक्टर आदि अधिकारी मौजूद रहे है।

# नशा उन्मूलन जागरूकता गोष्ठी




**बदौसा बांदा।** शनिवार को दुबरिया गाँव में राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान एनआईएसडी व गांव कनेक्शन फाऊँडेशन के द्वारा कार्यक्रम संयोजक शाहनवाज़ खान शानू के अगुवाई में एकदिवसीय नशा उन्मूलन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के युवाओं व ग्रामीणों को जादूगर संदीप ने नशे के नुकसान के प्रति सचेत करते हुए अपने जादूई कला के जरिए जागरुक करने का प्रयास किया और नशे के प्रति जागरूकता लाये जाने पर जोर दिया। इस मौके पर नशा उन्मूलन टीम के प्रमुख गाँव कनेक्शन के फ्हद मोहम्मद ने कहा कि युवाओं में असीम शक्ति निहित है लेकिन सही मार्ग दर्शन न मिलने के कारण नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं। नशा सम्पूर्ण जीवन का नाश कर देता है और आज का युवा ही देश का भविष्य है। उन्होंने ने नशा उन्मूलन पर जानकारी दी और कहा कि समाज में युवा वर्ग नशे की चपेट में है जिस कारण वह अपनी प्रतिभा का सही जगह उपयोग नही कर पा रहा है। उन्होंने बताया कि आज का युवा किस तरह तंबाकू शराब सिगरेट गुटखा व दूसरी तरह का ऐसा नशा कर रहा है जो धीमा जहर है और उन्हें अन्दर ही अंदर खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशे से दूर होना जरूरी है।

# रेलवे कर्मचारी की आत्महत्या पुलिस के लिए फांस बन गयी

## रेलवे कर्मचारी की दोबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला घोटकर हत्या के आये लक्षण, पुलिस असमंजस में पड़ी

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के तिन्दुही गांव निवासी रेलवे कर्मचारी की आत्महत्या पुलिस के फंास बन गयी है। आज दोबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोटकर हत्या साबित होने पर पुलिस असमंजस में पड़ गयी है। पुलिस के मुताबिक कल मौदहा क्षेत्र के तिंदुही गांव निवासी एवं रेलवे कर्मचारी रामलखन(46) जो क्षय रोग से पीड़ित था, परिवारीजनों का कहना है कि उसने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा ली है जब कल उसका पोस्टमार्टम कराया गया तो उसमे गला घोटकर हत्या के लक्षण सामने आये जिससे पुलिस मोहकमा संशय मे पड़ गया मगर मामला फंसते देख जिलाधिकारी के आदेश पर मृतक का तीन सदस्यीय डाक्टरों का पैनल बनाकर फिरसे पोस्मार्टम कराया गया जिसमें पहले वाले लक्षण ही दिखायी पड रहै है पैनल ने फिर से गला घोटकर हत्या किये जाने की रिपोर्ट दी है जब कि मौदहा पुलिस का कहना है कि परिवार वाले सभी सबूत पेश किये है कि युवक ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा ली है। पुलिस का मानना है कि गला घोटकर हत्या करने के मामले में कई कारण पोस्टमार्टम मे आते है मगर इसमें नायलोन की रस्सी से फांसी लगाने पर वह तुरंत कस जाती है आदमी मर जाता है मगर डाक्टर इसके अलावा कोई लक्षण स्पष्ट नही कर रहे है। मगर तकनीकि मामला होने के कारण पुलिस मनमार कर रह गयी है।

# राजस्व वसूली में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहींः डीएम

**कन्नौज।** क्षेत्रवार अमीनों से वसूली सुनिश्चित करायी जाये। वसूली में तेजी लाकर लक्ष्य की पूर्ति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाये। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही होगी।

उक्त निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एंव राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक करते हुये संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होनें मंडी, खनन, विभाग अधिशासी अभियंता विद्युत छिबरामऊ की वसूली खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि संबंधित के प्रकरणों की जांच के संबंध में स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करे तथा वसूली में तेजी लाने के लिये अमीनों द्वारा वसूली से संबंधित की जाने वाली कार्यवाही की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होनें खराब वसूली की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये सभी उपजिलाधिकारी एंव तहसीलदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने विभागीय कार्यों को न भूले बल्कि नियमित रूप से निगरानी करते हुये कार्यों को सम्पादित करें। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व के अन्तर्गत वसूली में तेजी लाने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि वह समय-समय पर कर-करेत्तर के कार्यों की समीक्षा कर स्थिति से अवगत करायें। उन्होनें वसूली की प्रगति खराब होने की दशा में अधिकारियों से सुधार लाने के निर्देश देते हुये कहा कि भविष्य में यदि सुधार नही होता है तो संबंधित अधिकारी कार्यवाही के लिये तैयार रहें। बडे बकायेदारों से वसूली यथासंभव सुनिश्चित की जाये। उन्होनें माह नवम्बर 2020 में वाणिज्यकर, परिवहन विद्युत, स्टाम्प आबकारी आदि से संबंधित वसूली के संबंध में निर्देश दिये कि अधिकारी वसूली पर विशेष ध्यान देते हुये राजस्व वसूली में प्रगति लाये तथा उसके निस्तारण की कार्यवाही शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, समस्त तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# किसानों की मांगें न मानीं तो दिल्ली कूच

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की अगुवाई में किसानों ने प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि लाखों की तादाद में किसान दिल्ली में विभिन्न मांगों को लेकर आन्दोलन कर रहे हैं। किसानों की बात सरकार नहीं मान रही है। चेताया कि किसानों की सभी मांगों पर उचित कार्यवाही न हुई तो पूरे बुन्देलखण्ड के किसान दिल्ली कूच करेंगे। शनिवार को बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की अगुवाई में किसानों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपकर कहा कि सरकार कह रही है किसान अपनी फसल कहीं भी बेंच सकता है। अध्यादेश में सरकार ने कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं किया है। उद्योगपति किसान की फसल सरकारी मंडी बाहर खरीदेगा। क्योंकि मंडी के अन्दर खरीदने पर टैक्स देना पड़ेगा। किसानों की खेती ठेके पर होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बने।

# धूम से मना पठान बाबा का सालाना उर्स, अकीदतमंदों ने मांगीं दुआएं



**राठ ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के पठान बाबा का उर्स धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष कोरोना के चलते कस्बे के चादर जुलूस नहीं निकाला जा सका। लेकिन अकीदतमंदों ने बाबा की दरगाह पर पहुंच चादरपोशी कर दुआएं मांगी।

प्रत्येक वर्ष पांच दिसंबर को राठ-जराखर मार्ग स्थित करगवां मौजा में पठान बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स धूमधाम से मनाया जाता है। साथ ही हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर कस्बे से पठान बाबा का चादर जुलूस भी निकालते है। लेकिन इस वर्ष कोरोना के कारण इन सभी आयोजनों को ग्रहण लग गया। कोरोना को देखते हुये पठान बाबा कमेटि के लोगों ने सभी आयोजन स्थागित कर दिये थे। शनिवार को शिवम पैलेस मझगवां रोड से अरविन्द्र सक्सेना के घर से बाबा के भक्त चार पहिया वाहन द्वारा चादर लेकर सीधे करगवां मौजा स्थित पठान बाबा की मजार पर पहुंचे और धूमधाम से चादर पोशी कर दुआएं मांगी। सैकड़ों की तादात में बाबा की दरगाह में पहुंचे अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ दुआएं मांगी। इस मौके पर कमेटी के प्रबंधक राजाराम सैनी, अध्यक्ष पप्पू सक्सेना, कोषाध्यक्ष अभिनाष साहू, प्रेमनारायण सैनी, नरसिंह यादव, यशपाल यादव, सभासद शिशुपाल यादव, सभासद जीतेंद्र यादव, बरकत अली, शरीफ वकील, बहीद, लाखन प्रधान, महेश तिवारी, अनिल, सोनू शिवहरे, बृजेश गुप्ता, सत्तू गुप्ता, ज्ञानी कुशवाहा, असलम उमन्रियां, उमेश चौरसिया, लालसिंह यादव, कमल, समीर मिर्जा सहित भारी संख्या में हिन्दू व मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

# युवाओं को स्थायी रोजगार मुहैया करा समृद्ध भारत की आधारशिला रख रही सूबे की योगी सरकारः आरके सिंह



नियुक्ति पत्र देते सांसद आर के सिंह पटेल।

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से द्वितीय चरण के तहत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 36 590 नवनियुक्त अध्यापकों को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इसी क्रम में चित्रकूट जिले में बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल और मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला ने एनआईसी और दिव्यांग विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त शिक्षक -शिक्षिकाओं को पत्र वितरित किया। इस दौरान सांसद श्री पटेल ने कहा कि सूबे की योगी सरकार प्रदेश का चहुमुखी विकास करने के साथ -साथ बेरोजगार शिक्षित युवाओ को स्थायी रोजगार मुहैया कराकर समृद्ध भारत की आधारशिला रखने का काम कर रही है।

शनिवार को आयोजित ऑन लाइन नियुक्ति पत्र वितरणसमारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं नवनियुक्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई देता हूं। बेसिक शिक्षा परिषद बड़ी चुनौती के साथ 69 हजार शिक्षकों की नियुक्ति पत्र देकर एक सराहनीय कार्य किया है। कहा कि यह भर्ती न्यायालयों से विजय प्राप्त करके आज पारदर्शी तरीके से भर्ती कर नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है जिससे पठन-पाठन में समस्या होती थी। बेसिक शिक्षा परिषद में कोविड-19 को देखते हुए यह नियुक्ति प्रक्रिया की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल में 50 लाख से अधिक बालक-बालिकाएं परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश लिया है। विद्यालयों पर हमारी सरकार के पहले कोई भी सरकारी बच्चों के प्रति ध्यान नहीं दिया था। हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है कि बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया कराएं। मिशन प्रेरणा, दीक्षा पोर्टल के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज जो नियुक्ति पत्र दे रहे हैं वह डेढ़ वर्ष से पहले दिया जाना था लेकिन समस्याओं के कारण नहीं हो पाया।

## क्विक न्यूज

### सभासद अनिल बने सेवादल नगराध्यक्ष

**जालौन (उरई)।** भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पांडेय की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने संजय कुमार उर्फगोल्डी अवस्थी लौना वाले को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नगर अध्यक्ष बनाये जाने पर सभासद अनिल यादव, कांग्रेस नगर गौरीश द्विवेदी, रामसिंह सेंगर, जाहिद उल्ला अंसारी, श्याम सिंह, लक्ष्मीकांत ने खुशी का इजहार किया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** दो वर्ष पुराने बलात्कार के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेज दिया है। पहलवान वाड़ा की महिला ने अपने से परिवार के एक सदस्य पर बलात्कार का आरोप लगाकर 2018 में मुकदमा पंजीकृत कराया था। बलात्कार के मामले में आरोपित के खिलाफन्यायालय से वांरट जारी होने के पुलिस वारंटी कुलदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सड़क निर्माण गुणवत्ता को लेकर सभासदों ने सांसद से की शिकायत

**कोंच (जालौन)।** नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा नगर के अन्दर कुल 6 किलोमीटर क्षेत्र में 98 लाख रुपये की लागत से डलवायी जा रही सड़क के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घोर अनियमिततायें बरते जाने व गुणवत्ता को ताक पर रखकर मानक विहीन निर्माण कार्य होने से आक्रोशित सभासद विशाल गिरवासिया, मुबारिक कुरैशी, सुशील, प्रतिनिधि छोटू टाईगर आदि ने उक्त मामले की शिकायत एई वीरेन्द्र कुमार व ईओ बीपी सिंह से की थी लेकिन फिर भी ठेकेदार अपनी मनमानी करने में लगा रहा। वहीं शुक्रवार को कैलिया चुंगी से गुजर रहे भाजपा सांसद भानुप्रताप सिंह वर्मा को उक्त सभासदों ने मौके पर रोक लिया और सांसद को घटिया सड़क निर्माण कार्य को दिखाया। कूड़ा कचरा को बगैर साफकिये ही सड़क निर्माण कार्य देख सांसद भी गुस्से में आ गये और सांसद ने मौके पर एई व ईओ को बुलाकर कहा कि जहां जहां निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गयी है वहां पुनः नये सिरे से सड़क डलवायी जाये अन्यथा भुगतान रोक दिया जाये। सांसद ने कहा कि विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### सतोह में शासन के निर्देश पर स्वीकृत आवासों की पीडी ने की जांच

**कोंच (जालौन)।** कोंच विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सतोह में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हाल ही में स्वीकृत किये गये आवासों में अपात्रों को लाभ देने की शिकायत गांव के ही सौरभ निरंजन ने शासन स्तर पर गृह सचिव से की थी।वहीं शनिवार को शासन स्तर से प्राप्त आदेश के अनुपालन में पीडी शिवाकांत दुबे ने गांव पहुंचकर सभी स्वीकृत 16 आवासों की जांच पूरी की।जांच के दौरान पीडी ने कहा कि 3-4 आवास अपात्रों को स्वीकृत हुए हैं जिसकी रिपोर्ट वह शीघ्र ही शासन स्तर पर भेजेंगे।इस दौरान बीडीओ शुभम बरनबाल, सचिव नरेन्द्र पटेल मौजूद रहे।

### स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत पर सपाइयों ने दागे गोले

**कोंच (जालौन)।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में पिछले चार बार से लगातार जीत रहे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के डॉ. यज्ञदत्त शर्मा को इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में हराकर समाजवादी पार्टी को पहली बार जीत दिलाने वाले डॉ. मानसिंह यादव को झाँसी में मतगणना के दौरान हुए बबाल के काफी देर बाद आखिरकार जीत का प्रमाण पत्र मिलने से खुश सपाईयों ने जश्न मनाते हुए गोले दागे और मिठाई बांटते हुए एक दूसरे को बधाई दी।पूर्व सपा जिलाध्यक्ष चौ धीरेन्द्र यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह गुर्जर,बरिष्ठ सपा नेता सरनाम सिंह यादव,क्रय विक्रय समिति के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र तिवारी, नगर अध्यक्ष छोटू टाइगर,बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी, पूर्व अध्यक्ष रहम इलाही कुरैशी, ताहिर कुरैशी, शान्तनु यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष द्वय राहुल तिवारी,डॉ मृदुल दांतरे,युवा नेता शादाब सिद्दीकी, रवि मेडिकल आदि ने डॉ. मानसिंह यादव की जीत को सत्य की जीत बताते हुए कहा कि मतगणना के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओंध्कार्यकर्ताओं ने बबाल करते हुए जो कृत्य किया वह लोकतंत्र के लिये कलंक है।

### नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**सुमेरपुर।** कस्बे के ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर सुमेरपुर में 6 दिसंबर रविवार को नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित होगा जिसमें जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डाक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। टीम प्रमुख डॉ राकेश गर्ग ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। मोतिया विंद से प्रभावित लोग जिन्हें लेंश प्रत्यार्पण कराना है वे लोग आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए। उन्होने बताया शिविर में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की जाएगी।

### पचास लाख की अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार

**बिवाँर (हमीरपुर)।** पुलिस ने विवार कस्वा से एक अधेड़ को डेढ़ किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया जिसकी कीमत पचास लाख बतायी जाती है। बीते शुक्रवार की शाम लगभग पाँच बजे मौदहा रोड़ पर दाता आश्रम तिराहा पर पुलिया के पास पुलिस ने कस्बा बिवाँर, शुक्लाना मुहल्ला निवासी इंद्रपाल पुत्र मइयादीन शर्मा को संदिग्ध हालत में खड़ा पाया। जिसकी तलाशी करने पर उसके थैले में एक किलो चार सौ ग्राम अवैध अफीम बरामद की। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि मुखबिर द्वारा इसकी सूचना मिली थी जिसपर उन्होंने कॉन्स्टेबल सुनील यादव व अन्य हमराहियों के साथ दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया कि आरोपी के साथ एक अन्य बाँदा के बंगाली पुरा मुहल्ला निवासी छोटे गुप्ता भी था जो मौके से फरार हो गया ,जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दफा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पकड़ी गई अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पचास लाख बताई।

### मौदहा में मिशन शक्ति योजना का कैंप

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा के बांकी तलैया मोहाल स्थित डाक्टर भीमराव अंबेडकर विद्यालय में आज श्रम विभाग द्वारा मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत कैंप का आयोजन कर पंजीकरण किये गए साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। जिला समन्वयक अधिकारी अशोक कुमार, मोहम्मद उबैस तथा सूरजभान की टीम ने इस कैंप में 152 श्रमिकों का पंजीयन किया साथ ही उन्हें भवन निर्माण, मातृ एवं शिशु हित लाभ योजना, मृत्यु एवं विकलांग सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, चिकित्सा सुविधा, पुत्री विवाह सहायता योजना एवं श्रमयोगी मानधन योजना की जानकारी दी गई है।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक आशाराम अहिरवार, मोहम्मद सहजादा चिस्ती, डाक्टर शाहिद अली,दुर्गा देवी, मोहम्मद जाकिर, सफाकतउल्ला राजू सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

### मौदहा में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** ससुरालीजनों ने मारपीट का नवविवाहिता को घर से निकाल दिया है।मौदहा कस्बा के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी नुजहत जहाँ पुत्री समसुद्दीन ने पुलिस को बताया कि उसके ससुरालजनों ने दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हुसैनगंज निवासी ससुरालीजनों अलाउद्दीन पुत्र शफी मोहम्मद, शोएब अहमद पुत्र सफी, नसीमुद्दीन पुत्र सफी, नज्जो पत्नी नसीमुद्दीन, बच्ची पत्नी शोएब अहमद व ननद हसीना बानो के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी 2015 में हुई थी जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था इसके बावजूद ससुराली जनी खुस नहीं हुए तथा दस लाख रुपए एवं एक चार पहिया गाड़ी की मांग करते रहे हैं। और दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ना देते हुए घर से निकाल दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुत्री की हत्या की कराएं सीबीआई जांच

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना के सेमरदहा गांव के शिवविजय पुत्र बुल्ली ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि नाबालिग पुत्री माधुरी उर्फसरोज के साथ गांव के दबंगों ने सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या को आत्महत्या का रुप दिया है। इस मामले की सीबीआई जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही न करने पर परिजनों समेत मुख्यमंत्री आवास के सामने अनशन करेगा। शनिवार को सेमरदहा गांव के शिवविजय पुत्र बुल्ली ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि उसकी पुत्री 22 अगस्त की रात लापता हो गई थी। अगले दिन सवेरे थाने में सूचना देने पर चचेरे भाई ने बताया कि पुत्री की लाश सहजन के पेड़ से लटकी हुई है। सभी लोगों ने देखा कि लडकी के दाडी व पैर में चोंट के निशान व सलवार खून से लथपथ थी। इससे साफजाहिर है कि पुत्री ने आत्महत्या नहीं की। बल्कि उसकी हत्याकर आत्महत्या का रुप दिया गया है। पीड़ित ने कहा कि इलाका पुलिस मामले को हल्के में ले रही है। पुत्री की हत्या की सीबीआई जांच कराकर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये।

### भूमाफियाओं के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

**चित्रकूट।** जिले के विभिन्न इलाकों में अवैध ढंग से चल रही प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। शनिवार को विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता नरेन्द्र कुमार थापक ने बताया कि उन्होंने तमाम भूमि विकास क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया है। विकास प्राधिकरण से बिना ले आउट बनवाये भूमि विकास करने वाले आधा दर्जन भूमाफियाओं के खिलाफनोटिस जारी की है। अन्य बचे स्थलों के निरीक्षण बाद गलत पाये जाने पर जल्द नोटिस जारी कर कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद भी अगर कार्य बन्द न हुआ तो भूमाफियाओं के खिलाफकानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# द्वितीय चरण में चयनित सहायक अध्यापकों को मिला नियुक्त पत्र

### ● अफसरों और जन प्रतिनिधियों ने दी बधाई

संवाददाता। सुलतानपुर

**सीएम** योगी अदित्यनाथ ने प्रदेश में द्वितीय चरण में चयनित 36,590 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कर शुभारम्भ किया गया और नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं तथा बधाईयाँ दी, जिसका सजीव प्रसारण प्रदेश के 75 जनपदों में कराते हुए एनआईसी वीडियो कान्फ्रेन्सिंग हाल में देखने के पश्चात विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, विधायक लम्भुआ देवमणि द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा एवं जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा पांच नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। तत्पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा द्वितीय चरण में प्रदेश स्तर पर की जा रही 36,590 शिक्षक भर्ती के अन्तर्गत जनपद सुलतानपुर को आवंटित 878 सीटों के सापेक्ष 854 नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को मुख्य अतिथि विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह द्वारा पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इससे पूर्व विधायक सुलतानपुर, विधायक लम्भुआ, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माॅ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।


अध्यापिका को नियुक्ति पत्र सौंपते विधायक सूर्यभान सिंह — पायनियर

### पुलिस अधीक्षक ने दी शुभकामना

**पुलिस** अधीक्षक शिव हरी मीना ने सभी नवनियुक्त सहायक अध्यापको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आज का यह दिन आप लोगों के लिये हर्ष एवं स्मरण का दिन है। एक सर्विसमैन दो तिथियों को नहीं भूलता है। प्रथम तिथि प्रथम नियुक्ति और द्वितीय तिथि सेवानिवृत्ति इन तिथियों को जरूर याद रखता है, जो आज का दिन आप लोगों के लिये हर्ष का दिन है। उन्होंने गुरू के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ''गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू अपने गोविन्द दियो बताय'' यहाँ पर गुरू की महत्ता गोविन्द से भी ऊपर बताया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतुल वत्स ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से कराने के लिये विशेष सहयोग रहा। उन्होंने जन प्रतिनिधिगण सहित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया तथा नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0 आर0 विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी के0के0 सिंह सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं नवनियुक्त शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग का चला सघन चेकिंग अभियान

संवाददाता। सुलतानपुर

**शनिवार** को विद्युत वितरण खंड लंभुआ में बाजार में विद्युत विभाग ने अधिशासी अभियंता लंभुआ एवं अधिशासी अभियंता परीक्षण खंड के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चला। चेकिंग के दौरान टीम ने जहां बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए वहीं विद्युत बिलों की वसूली भी की। इसके साथ की खराब मीटर दुरुस्त करने का निर्देश विद्युत कर्मचारियों को दिया गया। बिजली विभाग की चेकिंग के बिजली का अवैध तरीके से इस्तेमाल कर रहे लोगों में अफरा तफरी दिखी। उधर, विजलेंस टीम ने कादीपुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने जहां लाखों रुपये की वसूली की वहीं अवैध तरीके से बिजली का उपभोग कर रहे लोगों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया। विजलेंस टीम के चेकिंग अभियान से हड़कंप मचा रहा।

# बछरावां विधायक व डीएम ने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को बांटा नियुक्ति पत्र

### ● जनपद में 56 नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नवनियुक्त 36,590 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद प्रतापगढ़ की रहने वाली सरिता सिंह की नियुक्ति जनपद रायबरेली में होने पर नियुक्ति पत्र दिया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व बछरावां विधायक राम नरेश रावत ने एनआईसी में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद रायबरेली के नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को कलेक्ट्रेट के एनआईसी सभागार में 5 सहायक अध्यापको के पदों पर नियुक्त हुए सहायक अध्यापक हरशेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग सिंह, पवन कुमार, अभिषेक कुमार बाजपेयी, नवनीत सिंह को नियुक्ति पत्र वितरण किया तथा क्लेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में 50 सहायक अध्यापको को आयोजित कार्यक्रम जनपद में कुल 56 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष ने कहा कि मा0 विधायक व शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का क्रियान्वयन व नियामानुसार कार्यवाही करते हुए पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश द्वारा बछरावा विधायक राम नरेश रावत व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को स्मृति चिन्ह दिये गये। इस मौके पर सूचना विभाग के बड़े लाल यादव व मो0 राशिद रियाज असारी सहित बीएसए विभाग के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त सहायक अध्यापक उपस्थित थे



# नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे 211 नवनियुक्त शिक्षकों के चेहरे

संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** कलेक्ट्रेट तथागत हाल में शनिवार कों एन आई सी कक्ष एवं कलेक्ट्रेट तथागत हाल में 211 नवनियुक्त अध्यापकों को जिले के प्रभारी मंत्री खाद्य एवं रसद और नागरिक आपूर्ति मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फधुन्नी सिंह माननीय विधायक रामफेरन पांडे एवं जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने नियुक्त पत्र प्रदान किया। कलेक्ट्रेट तथागत हाल में नवनियुक्त शिक्षकों को जिले के प्रभारी मंत्री प्रदेश के खाद्य एवं रसद और नागरिक आपूर्ति मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान है इन्हें जैसे एक कुम्हार घड़े को तराश कर बेहतर घड़ा बनाता है ठीक उसी प्रकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनकी जिंदगी सवारना गुरुजनों की जिम्मेदारी है इसलिए अध्यापकगण अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनके भविष्य को संवारे ताकि वह बड़े होकर उच्च पदों पर आसीन हो सके। माननीय मुख्यमंत्री जी ने निष्पक्ष पारदर्शी ढंग से नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया जा रहा है यह एक ऐतिहासिक कदम है हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होने नवनियुक्त शिक्षको से नई शिक्षा नीति का अध्ययन अवश्य कर ले और जिस प्रकार पूराने स्कूलों को आपरेशन कायाकल्प योजना चलाकर उन्हें बेहतर और सुन्दर बनाया गया है और सभी सुविधायें मुहैया कराई गई है। ताकि बच्चों को विद्यालय में कोई दिक्कत न होने पावें। जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने अपने संबोधन में कहा इस जनपद में शिक्षा का प्रतिशत अन्य जनपदों की तुलना में बहुत कम है जो चिंता का विषय है। इसलिए सभी नवनियुक्त अध्यापकों के फर्ज बनता है कि वह अपने तैनाती स्थलों पर समय से पहुंचकर अपने बच्चों को बेहतर तालीम दे और यह भी ध्यान रखें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित ना रहने पाए । तथा उसे बेहतर शिक्षा देकर उसके भविष्य को सवारे। एनआईसी में जिल के प्रभारी मंत्री विधायक एवं जिलाधिकारी ने नवनियुक्त शिक्षक शशी प्रभा पाठक संगीता वर्मा विक्रम कुमार तिवारी अमर पाल असमतउल्ला खां को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार तथागत हॉल में भी विजय लक्ष्मी तिवारी विक्रम सिंह मुकेश मुनी राजेश कुमार जय शंकर यादव सहित कुल 211 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।




# नम आखों से जवान को दी गई अंतिम विदाई

### ● अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जन-सैलाब

संवाददाता। सुल्तानपुर

**गुरुवार** को सुबह महाराष्ट्र के पुणे में भारतीय सेना के जवान शशांक यादव की हृदय गति रुक जाने के कारण हुई मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ था। आज तीसरे दिन शनिवार को सुबह जवान शशांक की पार्थिव शरीर लेकर सेना के जवान तिरंगे में लिपटे हुए पैतृक गांव कठौतिया सरायजेहली थाना जयसिंहपुर पहुंचने पर गांव से लेकर के इर्द-गिर्द के लोग इकट्ठा होकर अपने गांव के लाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। पिता राम जगत ने पुत्र को मुखाग्नि दी। बताते चलें कि शशांक यादव पत्नी कंचन देवी के अलावा तीन बच्चे स्वेता 14, मुस्कान 10 व युग 5 को छोड़ गए। पत्नी की तबीयत बिगड़ने की जानकारी भी प्राप्त हो रही है। क्षेत्र के उमड़े जनसैलाब ने अपने वीर सपूत को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ में पुणे महाराष्ट्र से आए सेना के जवानों ने अपने साथी की अंतिम विदाई में संगीन की सलामी दी। इस अवसर पर संदीप सिंह (सोनू) समाजसेवी, दरपीपुर,धर्मेन्द्र सिंह सदस्य जिला पंचायत, पूर्व प्रधान संजय सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी,सुरेंद्र प्रधान सरायजेहली, विजय प्रकाश सिंह, सहित क्षेत्र व गांव के तमाम संभ्रांत लोगों की भारी भीड़ रही। सभी ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दी।


जवान का अंतिम दर्शन करते लोग — पायनियर

## होनहार, मेधावी छात्र के निधन से शोक में डूबा केवी

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के पिपरी गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक गोविंद नारायण शुक्ला के मझले बेटे राजकुमार उर्फ राजू शुक्ला के 16 वर्षीय बेटे आर्यन उर्फ हर्षित शुक्ला के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई हैं। विदित हो कि हर्षित शुक्ला केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ का कक्षा 10 का छात्र था जो पढ़ने लिखने में काफी अच्छा और खुशमिजाज था। जानकारी के मुताबिक बीते 1 दिसम्बर को अचानक आर्यन की तबीयत खराब होने पर परिजनों द्वारा आर्यन को राजधानी लखनऊ के अजंता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां हालत में सुधार न होता देख परिजनों ने आर्यन को मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

## अधिकारी का राशन ले जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा



**बछरावां रायबरेली।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत फत्तेहपुर लखनऊ बाईपास पर समोधा ग्राम के पास एक राशन की बोरियों से लदा ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर कई बार गोते खाते हुए पलट गया । घटनाक्रम के अनुसार फत्तेहपुर से अनाज की बोरियों से लदा एक ऑटो लखनऊ की ओर जा रहा था तभी कोहरे के कारण प्रात: समोधा ग्राम के पास स्पीड ब्रेकर से उछलकर अनियंत्रित होकर कई बार गोते खाते हुए पलट गया। जिसमें चालक अमृतलाल निवासी फत्तेहपुर एवं साथ में बैठे युवक सत्य प्रकाश पुत्र जगदीश निवासी फत्तेहपुर को हल्की-फुल्की चोटें आई गलीमत यह रही किसी किसी को जान माल का खतरा नहीं हुआ और दोनों बाल-बाल बच गए ।बताया जाता है कि यह अनाज से भरा राशन ऑटो द्वारा लखनऊ शरद कुमार कमिश्नर चित्रकूट के घर पहुंचाया जाना था। किंतु रास्ते में ही ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

# शिक्षक विधायक की जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की जीतः डॉ. अनुराग पांडे

संवाददाता। रायबरेली

**भारतीय** जनता पार्टी के समर्थन प्राप्त निर्वाचित शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी के सर्वप्रथम रायबरेली जिले के आगमन पर रायबरेली की सीमा चुरुवा बॉर्डर पर भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अनुराग पांडे बुद्धि लाल पासी पूर्व महामंत्री नागेंद्र सिंह पूर्व मंडल प्रभारी मंडल महामंत्री रामपाल सिंह सुरेंद्र चौधरी सभासद संजय सिंह विधायक प्रतिनिधि ,पुष्पेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष अंजू सिंह, महिला जिला अध्यक्ष योगिता सिंह महासचिव ,सतेंद्र शुक्ल उपाध्यक्ष ,कौशलेंद्र सिंह ब्लाक अध्यक्ष,अजित , नागेंद्र , अनिल , राजीव , सुरेंद्र , आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया उसके पश्चात जगह-जगह बछरावां में हरी कृष्ण पांडे हुआ मारुति मिश्रा पीके अवस्थी कुंदनगंज गंगागंज त्रिपुरा गोल चौराहा गणपति सोलन में भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण स्वागत के लिए उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवध क्षेत्र के वर्तमान क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव जी ने रायबरेली जनपद शिक्षक चुनाव में जिला प्रवासी के रूप में पूरे जनपद में शिक्षक समाज को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का कार्य किया है डॉक्टर पांडे ने सरेनी विधानसभा शिक्षक प्रवासी के रूप में कार्य किया तथा साथ में भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस जीत का श्रेय भारतीय जनता पार्टी इन कार्यकर्ताओं का है स्वागत समारोह के कार्यक्रम में अनुराग पांडे के द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया गया दिलीप यादव जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में प्रथम बार शिक्षक चुनाव में भागीदारी की और रायबरेली जनपद के साथ-साथ अवध क्षेत्र के सभी जिले भारतीय जनता पार्टी ने जीते । इसी क्रम में डॉ अनुराग पांडे जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें द्विवेदी जी को पार्टी में शामिल कराने के बाद ही शिक्षक समाज को सीधे पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया और पांडे जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के शिक्षक समाज की सभी समस्याओं को भारतीय जनता पार्टी चरणबद्ध तरीके से निदान करने के काम करेगी जनपद के सभी शिक्षकों को से अभिवादन जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करते हुए उमेश द्विवेदी जी को भारी मतों से विजई बनाया ।



## पूर्व विधायक ने निकाली किसान ट्रैक्टर यात्रा

**सुल्तानपुर।** पार्टी गाइडलाइन से हटकर जमोली से पूर्व विधायक अनूप सण्डा ने किसान ट्रैक्टर यात्रा निकाली। प्रशासन को जब इसकी भनक लगी तो टेढुई पर भारी संख्या में पुलिस बल लगाकर यात्रा को रोका गया। दोनों तरफ से काफी देर तक नोंकझोंक हुई। बाद में सपाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन लाया गया। जहां देरशाम बिना शर्त रिहा किया गया। गौरतलब हो कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिले में किसान यात्रा निकालने के लिए तिथि नियत की है। जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव को निर्देश दिया है कि सात दिसम्बर को हर तहसील मुख्यालय पर किसान यात्रा निकाली जाएगी। बावजूद इसके पूर्व विधायक अनूप सण्डा ने पार्टी गाइड लाइन से हटकर किसान टैक्टर यात्रा निकाली जो पार्टी में हटकर चर्चा का विषय रहा। सपाइयों ने पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में किसान बिल का विरोध करने के लिए नया तरीका निकाला सुल्तानपुर विधानसभा के आखिरी छोर पर स्थित जमोली सीमा से किसान ट्रैक्टर यात्रा निकाली गई जिसे सुल्तानपुर मुख्यालय पहुंचना था लेकिन किसान ट्रैक्टर यात्रा कार्यक्रम की भनक जिला प्रशासन को लग गई तो कोतवाली नगर के रतनपुर चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है यहां पर एसडीएम और क्षेत्र अधिकारियों ने बलपूर्वक सपाइयों को रोकने की कोशिश की काफी देर तक दोनों तरफ से ड्रामेबाजी चलती रहे लेकिन बात नहीं बनी इसके बाद सपाइयों को पुलिस लाइन लाया गया यहां पर कार्यक्रम में धार देने के लिए एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, पूर्व सांसद मोहम्मद ताहिर खान, जिला महासचिव सलाहुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष अफजाल अंसारी, डॉ उदय नाथ यादव, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, राम भवन यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष शहजाद भाई, नेता बृजेश यादव, नाम बताओ जमीर हाशमी, नगर महासचिव पिंटू,प्रधान त्रिजुगी यादव बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# अभियान चलाकर कराएं राजस्व वसूलीः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**शासन** द्वारा राजस्व वसूली के लिए विभागों को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष अभियान चलाकर वसूली कराई जाय तथा दिसम्बर माह के अन्त तक सभी विभाग अपने-अपने विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में प्रगति लाएं अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक में सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी की बैठक से बिना सूचना के अनुपस्थित खनन अधिकारी तथा प्रभागीय वनाधिकारी से जवाब तलब किया गया है। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, स्टाम्प रजिस्टेªशन, आबकारी, विद्युत, परिवहन, परिवहन निगम, मनोरंजन कर, स्थानीय निकाय, नजूल भूमि, वन विभाग, अलौह खनन, बैंक देय, श्रम विभाग, बांट एवं माप विभाग, मण्डी समिति, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, मुख्य देय तथा विविध देयों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में ज्ञात हुआ कि माह नवम्बर में 19 विभागों को मिलाकर कुल 7437.23 लाख रूपए की वसूली का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 6218.74 लाख रूपए की वसूली हुई है तथा वार्षिक कुल लक्ष्य 92265.76 लाख रूपए के सापेक्ष 43.08 प्रतिशत की वसूली हुई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं अभियान चलाकर राजस्व वसूली की जाय। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अभियान चलाकर अपने-अपने विभागों के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति माह अन्त तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने बांट माप अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराएं कि गन्ना तौल में कहीं भी घटतौली की शिकायत न आने पाए। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कूड़े के ढेर में आग कतई न लगाई जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, मनकापुर हीरालाल, तरबगंज राजेश कुमार, करनैलगंज ज्ञानचन्द्र गुप्ता, परिवीक्षाधीन एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, तहसीलदार सदर पैगाम हैदर, तरबगंज पुष्कर मिश्रा, करनैगलगंज बृज मोहन यादव आदि उपस्थित रहे।

### एक किलो 800 ग्राम गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा इकौना हौसला प्रसाद के निर्देशन में थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित द्वारा 5 दिसम्बर को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जगतजीत इन्टर कालेज इकौना के तिराहे के पास से अभियुक्तगण निजाम पुत्र इरशाद व अक्कन पुत्र गफ्फार निवासीगण पाँचपिरान कस्बा व थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के कब्जे से क्रमश 1किलो 200 ग्राम व 0600 ग्राम कुल 1 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया। अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना इकौना पर मुकदमा अपराध संख्या 343.344 धारा 8.20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया।

# एक किलो गांजे के साथ टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

### ● न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**पुलिस** अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। कप्तान के फरमान पर सक्रिय हुई हलियापुर पुलिस ने टॉपटेन बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही करके मजिस्टेªट के कोर्ट में पेश किया। जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अपराध व शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को हलियापुर पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस ने एक टाप-10 अपराधी को गांजे सहित धर दबोचा। एसओ अरशद खान ने बताया कि एसआई सुशील कुमार टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान काकर कोला गांव के पास संदिग्ध हालत में खड़े शातिर अपराधी रिंकू उर्फ कीर्ति सिंह पुत्र स्वर्गीय रामयग सिंह निवासी काकर कोला व थाना हलियापुर को 1 किलो 150 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करके मजिस्टेªट के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।


गांजे के साथ पुलिस हिरासत में बदमाश

# ओवरलोडिंग से बचें किसान बंधुः जीवी सिंह

### ● गन्ना ट्रॉलियों पर बजाज चीनी मिल ने लगवाये रेडियम

संवाददाता। गोंडा

**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दुरखी चीनी मिल गेट पर शनिवार को इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह एवं महाप्रबन्धक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से गन्ना लाने वाहनों जैसे ट्रक, ट्रॉली एवं ट्राला पर संभावित कोहरे एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के बावत रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाने का कार्य प्रारम्भ करवाया।

इकाई प्रमुख ने इस दौरान कृषकों से चीनी मिल को साफ-सुथरा, ताजा एवं जड़ पत्ती आगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील किया। उन्होंने कृषकों से कहा कि अच्छी पेड़ी की फसल पाने के लिए किसान बन्धु पौधे गन्ने की आपूर्ति 01 फरवरी के बाद ही करें। श्री सिंह ने यह भी कहा कि ओवरलोडिंग से दुर्घटना की सम्भावनाएँ बढती हैं। अत: किसान बन्धु गन्ने की ओवरलोडिंग करने से बचें। इकाई प्रमुख ने किसानों से कहा कि मोबाइल पर मैसेज प्राप्त होने पर ही गन्ने की कटाई करें। उन्होंने कोरोना महामारी के बावत सभी से सामाजिक दूरी बनाये रखने, मुँह एवं नाक को मास्क अथवा गमछे से ढक कर रखने एवं हाथों को सैनीटाइज करते रहने की सलाह दिया। इस मौके पर वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक अरूण सिंह, गन्ना प्रबन्धक एन0के0 सिंह, अपर गन्ना प्रबन्धक शशिकान्त दूबे, अजय कुमार सिन्हा, उप गन्ना प्रबन्धक राणा प्रताप सिंह, सुरक्षा अधिकारी जे0एन0 सिंह, गन्नाधिकारी राजेश सिंह, जेपी सिंह व अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


गन्ने की ट्रालियों में रेडियम लगवाते यूनिट हेड जीवी सिंह — पायनियर

# प्रभारी मंत्री ने सांसद व विधायकों को गिना डालीं अपनी उपलब्धियां

- सपा ने जिन चीनी मिलों को बंद किया उसे भाजपा चलवाएगी
- किसान आंदोलन को बताया कांग्रेस के दिमाग की उपज
- गड्ढामुक्त सड़कों की दुर्दशा पर साधी चुप्पी
- विधायक के उठाए सवाल पर कहा उनसे पहले मीडिया को बताया


नियुक्ति पत्र वितरित करते प्रभारी मंत्री — पायनियर

**संवाददाता।** बस्ती

**प्राथमिक** विद्यालयों में सहायक अध्यापक के द्वितीय चरण के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के बाद जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्रप्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह से जब पत्रकारों ने उनसे प्रभारी मंत्री के रुप में उपलब्धि जानना चाहा तो पहले सवाल को टालते रहे, फिर उन्होंने अपनी उपलब्धि को जिले के एक सांसद और पांच विधायक को बताया। बंद पड़ी मुंडेरवा चीनी मिल चलाने को भी प्रभारी मंत्री ने अपनी उपलब्धि बताया, जब कि इसका श्रेय मुख्यमंत्री और स्थानीय मामनीयों को जाता है। महिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट उपलब्ध न कराने के सवाल को टाल दिया। गड्ढामुक्त सड़कों और किसान आंदोलन से संबधित अधिकतर सवालों का सामना प्रभारी मंत्री को करना पड़ता। जब उनसे गड्ढामुक्त के सच को बताते हुए कहा गया पीडब्लूडी के दावे की पोल विधायक संजय प्रताप जायसवाल खोल चुके है, इस पर उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी पहले उन्हें न देकर मीडिया को दिया गया। फिर भी उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करने की बात कही गई। चल रहे किसान आंदोलन के बारे में प्रभारी मंत्री ने इसे कांग्रेस के दिमाग की उपच बताया, और कहा कि सरकार किसानों की बेहतरी के लिए सब कुछ कर रही है। कहा कि जितना पीएम मोदी ने किसानों के लिए किया किसी अन्य पीएम ने नहीं किया। कहा कि सरकार किसानों के बीच से बिचौलियों को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है, ताकि योजनाओं का लाभ किसानों को मिल सके। मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार को देखने की बात कही। जब उनसे यह पूछा गया कि एक तरफ सरकार षादी जैसे अन्य समारोह के लिए संख्या निर्धारित किया, वहीं नियुक्ति पत्र वितरण में सैकड़ों लोग मौजूद हैं, पर कहा कि यह देखना प्रशासन का काम है, कहा कि अगर कोई उनसे मिलने आ जाता तो क्या उसे मना कर देना चाहिए। आडिटोरिएम में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, सदर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल, मीडिया प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव, रुधौली विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी, डीएम आशुतोष निरंजन, एसपी हेमराज मीणा, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, पीडी डीआरडीए आरपी सिंह, बीएसए जगदीश शुक्ल सहित अन्य मौजूद रहे।

## आठ को जिले भर के चिकित्सक दो घंटे मरीज नहीं देखेंगे

**बस्ती।** आईएमए के जिलाध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव और सचिव डा. नवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देषभर के चिकित्सक सरकार के उन नीतियों का विरोध जताया है, जिसमें मार्डन चिकित्सा पद्धति में आर्युवेद, होम्योपैथ और योगा को एक साथ जोड़ने की बात कही गई है। मार्डन मेडिसिन ही पूरी तरह रिसर्च पर आधारित है। इसमें हर रोग का इलाज आधुनिक तरीके से होता है। आईएमए हर विद्या को स्वतंत्र रुप से विकसित करने की पक्षधर है। कहा कि पूरा विष्व कोरोना से लड़ रहा है, अभी तक इसकी कोई दवा नहीं आई, लेकिन एलोपैथ में काफी रिसर्च के बाद अनेक देषों में इसकी वैक्सीन तैयार हो रही है। आईएमए के दोनों ने कहा कि सरकार की मंषा आने वाले दिनों में चिकित्सकीय नीति में बदलाव का मार्डन चिकित्सा प्रणाली में आर्युवेद, होम्योपैथ और योगा को एक साथ जोड़ने की है। जिसे आईएमए ने खिचड़ी प्रणाली की संज्ञा दी है। कहा कि इस तरह की नीतियों में चिकित्सीय व्यवस्था में न सिर्फ डाक्टरों की विषेषज्ञता घटेगी, बल्कि किसी रोग के इलाज में कौन सी पद्वति काम की, इसकी जानकारी भी नहीं हो पाएगी। इसी का विरोध करने के लिए जिले सहित पूरे देष में आठ दिसंबर को दोपहर 12 से दो बजे तक सांकेतिक आंदोलन किया जाएगा। इसी तरह 11 को आवष्यक सेवाओं एवं कोविड सर्विस को छोड़कर सुबह छह बजे से सांय छह बजे तक सभी चिकित्सीय सेवाएं ठप्प रहेगी।

# सरकारी नौकरी का खुला पिटारा 571 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में हकदारों को मिल रही है सरकारी नौकरी : जय चौबे
- बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाएं नए शिक्षकः राकेश बघेल


नियुक्ति पत्र देते विधायक एवं जिलाधिकारी — पायनियर

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**69 हजार** शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत शनिवार को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद के परिसर में सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे एवं मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल ने 571 अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक का नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियो को बधाई देते हुए सेवाकाल के द्वारा अनुशासन तथा बच्चो के उज्वल भविष्य बनाने में अपना योगदान सही ढंग से प्रदान करने के लिए कहा। नियुक्ति पत्र मिलने पर अभ्यर्थियों ने हाथ उठाकर अभिवादन किया। सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने सहायक अध्यापक पद पर चयनित अभ्यर्थियों से बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। बेहतर शिक्षकों की नियुक्ति से छात्र-छात्राओं की शिक्षा में सुधार होगा तथा वर्तमान शिक्षा पद्धति में परिवर्तन आएगा। उन्होंने नियुक्ति पत्र पाए सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल ने कहा कि जो भी शिक्षक नियुक्ति पाए है वह विद्यालय पर जाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करे। उन्ही के कंधे पर नौनिहालों को संवारने की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता बनाने में आप सभी की सहभागिता बेहद जरूरी है। आप जिस भी विद्यालय पर जाएं, वहां पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। सीडीओ अतुल मिश्र ने कहा कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा ही बच्चों को मजबूत बनाती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में 69,000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 623 अभ्यर्थी की सूची आई थी। इसमें से 571 को नियुक्ति पत्र दिया गया है। इससे पूर्व प्रोजेक्टर पर लखनऊ से चल रहे मुख्यमंत्री के भाषण को भी सुनाया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी अतुल पांडेय, प्रभारी डॉयट प्राचार्य ज्ञानेंद्र सिंह, चंदन पाठक, बीईओ डॉ नरेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव, बीईओ प्रमोद तिवारी, अशोक राय, अनूप त्रिपाठी, बजरंगी लाल विश्वकर्मा, डीसी एमडीएम डीपी चंद, स्टेनो विजय कुमार, केसी सिंह, अरविंद चौधरी, वंदना सिंह, विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, ओम प्रकाश यादव, राजेश पांडेय सहित अभ्यर्थी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वर्तिका महिला मण्डल ने पढ़ाई के लिए की छात्रा की मदद




**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल द्वारा जहां एक तरफ ग्रामीणहित में समय.समय पर ग्रामीणो को वस्त्रए कंबल एचश्मा एवं दवाइयाँ आदि का वितरण किया जाता आ रहा है वही पर उन्होने एक कदम आगे बढाकर शनिवार को एक जरूरतमन्द छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान कर उसकी ऑनलाइन पढ़ाई को जारी रखने में मदद की है द्य परियोजना के समीपवर्ती ग्रामसभा नधीरा की डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा 8वी की छात्रा रूपा के पास ऑनलाइन पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन नहीं था द्य वर्तिका महिला मण्डल को जैसे ही इस बात की भनक लगी उन्होने शनिवार को वर्तिका महिला मण्डल सभागार कक्ष में छात्रा को बुलाकर उसे स्मार्टफोन प्रदान किया द्य यही नहीं वर्तिका महिला मण्डल ने चार अन्य विद्यार्थियों के वार्षिक शुल्क की धनराशि उनके विद्यालय में जमा भी किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा पद्मा आयंगर उपाध्यक्षा श्रीमती कृष्णा एवं माधवी रमेशए महासचिव रूपा सिंघाराय आदि के साथ.साथ वर्तिका महिल मण्डल की अन्य पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्यगण उपस्थित रहीं।

# शहरी मिशन प्रबंधक आरिफ जफर की जांच को बनी कमेटी

- सीडीओ की अध्यक्षता वाली कमेटी में एसडीएम सदर और ईओ शामिल
- भाजपा युवामोर्चा के उपाध्यक्ष और सदर विधायक के प्रतिनिधि ने की थी शिकायत

**संवाददाता।** बस्ती

**राष्ट्रीय** शहरी आजीविका मिषन के तहत संविदा पर कार्य करने वाले षहरी मिषन प्रबंधक आरिफ जफर खान की मुसीबतें बढ़ने वाली है। धन उगाही सहित अन्य अनियमित कार्यो की जांच के लिए डीएम आषुतोष निरंजन ने सीडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित की है। इस टीम में एसडीएम सदर और ईओ नगरपालिका षामिल है। पहले इनके अनियमित कार्यो की षिकायत सदर विधायक के प्रतिनिधि राजकुमार षुक्ल ने डीएम से करते हुए इन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग की गई। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष वेदप्रकाष ने सेवायोजन एवं समन्वयक विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से की। इसपर सूडा के डायरेक्टर ने डीएम को जांच कराकर आख्या भेजने को लिखा,ताकि विभागीय मंत्री को कार्रवाई से अवगत कराया जासके। इस पर डीएम दो दिसंबर को जांच कमेटी गठित करने का आदेष दिया। शहरी मिषन प्रबंधक आरिफ जफर खान पर इससे पहले भी कई आरोप लग चुके है। मगर कार्रवाई नहीं हो रही थी। प्रधानमंत्री आवास योजना षहरी के तहत आवास के लाभार्थियों एवं बेरोजगारों को बैंक से लोनिंग कराने के नाम पर धन उगाही करने का समय-समय पर आरोप लगते रहे है। की गई षिकायत में कहा गया है कि जो लाभार्थी धन नहीं देता था, उसका खाता फेल करने की धमकी देते थे। धन न देने वाले को उसके खातें में धन भेजने में महीनों लगा देने का आरोप है। इन पर नियम विरुद्व बस्ती में ही जमे रहने का आरोप है। कहा गया कि एक पद होने के बावजूद दो प्रबंधक कार्य कर रहे है। इसी के चलते इन्हें मुक्त करने की मांग की जारही है। इसकी षिकायत 17 जून 20 को ही विधायक प्रतिनिधि के द्वारा की गई, सीडीओ को कार्रवाई करने का निर्देष भी जारी हुआ। बताते चले डूडा के पीडी सीडीओ है।

### संविदाकर्मी ही कर रहे सबसे अधिक घोटाला

**सरकार** का आउट सोर्सिगं पर रखने का फार्मूला फेल होता जा रहा है। इन कर्मियों पर सबसे अधिक सरकारी धन का दुरुपयोग करने और अनियमित कार्यो में लिप्त रहने का आरोप लग रहा है। कारण इन्हें नौकरी खोने का डर नहीं रहता, यही सोच लेकर यह अपने कामों को अंजाम दे रहे है। संविदा कर्मी चाहे ब्लॉकों में तैनात तकनीकी सहायक हो या फिर रोजगार सेवक या फिर कम्पयूटर आपरेटर सभी पर अनियमित कार्यो में लिप्त होने का आरोप लग रहा है। कईयों के खिलाफ तो मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। जिला प्रोबेषन कार्यालय में कई संविदा कर्मियों पर लाखों रुपये का गोलमाल का आरोप साबित हो चुका है। एक अधिकारी का कहना है कि सरकार ने ऐसे संविदा कर्मियों के हाथों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं थमा दी है,जिसकी कोई जिम्मेदारी ही नहीं, अधिक से अधिक आप उनकी सेवा समाप्त कर सकते हैं, तब तक वह इसका कमा चुका होता है कि खुद का व्यापार कर सकता। जितने भी सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, उन सभी में कहीं न कहीं संविदा कर्मियों की भूमिका रहती है।

## डा. शालिनी को मिला रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार

**संतकबीरनगर।** महिला थानाध्यक्ष डा0 शालिनी सिंह को रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पुरस्कार मिलने पर उनके शुभचिन्तको ने बधाई दी है। जनपद में महिला थानाध्यक्ष डा0 शालिनी सिंह अपने बेहतर कार्यशैली से जानी पहचानी जाती है। आम जनमानस की सुरक्षा तथा महिलाओं से सम्बन्धित जुड़े समस्याओं को प्रथम प्राथमिकता स्तर पर निस्तारण करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसके पूर्व भी उन्हे कई ऐसे बड़े पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। यह पुरस्कार गोरखपुर जनपद में आयोजित कार्यक्रम में रामायण धारावाहिक में सीता का रोल अदा करने वाली दीपिका चिखलिया ने अपने हाथो से दिया है।


दीपिका से पुरस्कार प्राप्त करती महिला थानाध्यक्ष

# विधायक जय ने बूथ का किया निरीक्षण


मतदाता सूची पुनरीक्षण संशोधन का पत्र देते — पायनियर

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**मतदाता** सूची के पुनरीक्षण अभियान के निरीक्षण के लिए शनिवार को खलीलाबाद सदर के विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे जीपीएस इंटर कॉलेज खलीलाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बूथ नंबर 352, 353 व 354 का निरीक्षण किया और कहा कि जो लोग 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वह लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फार्म भरें। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का महत्वपूर्ण स्थान है। मतदाता ही सरकार बनाते है। ऐसे में जो युवा 18 वर्ष के हो गए हो या जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है, वह लोग अपना नाम दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि जिनके पास वोटर कार्ड है मगर वोटर लिस्ट में नाम नहीं है वह लोग भी मतदाता सूची में अपने नामों को देखकर चेक कर लें और फार्म छह भरकर तत्काल बीएलओ को देकर रसीद प्राप्त कर लें। उन्होंने आमजन से इस कार्य में सहयोग की अपील की है। बूथ निरीक्षण के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी, जिला उपाध्यक्ष दयाराम, अवधेश सिंह, रिंकू तिवारी, परशुराम गुप्ता, महेंद्र पासवान, अभय नंदन सिंह, सुभाष शुक्ला सहित बूथ बीएलओ उपस्थित रहे।

# पार्टी प्रत्याशी की जीत पर सपाइयों ने की आतिशबाजी



**संवाददाता।** मिर्जापुर

**समाजवादी** पार्टी से स्नातक एमएलसी सीट से आशुतोष सिन्हा एवं शिक्षक एमएलसी से लाल बिहारी यादव की ऐतिहासिक जीत पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के अगुवाई में शानदार आतिशबाजी की गयी तथा सभी को मिठाई खिलाकर इस एतिहासिक जीत के लिए सभी स्नातक मतदाताओ एवं शिक्षक मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक जीत को उप्र सरकार के नीतियों तथा कार्यक्रमो को फेल करार देते हुए 2022 में उव प्रव में समाजवादी पार्टी की सरकार माव राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व बनाने का आगाज बताया । दोनो सीट पर ऐतिहासिक जीत पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा उव प्रव में जिस प्रकार से शिक्षित मतदाताओ एवं स्नातको नवजवानो ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में अपना समर्थन एवं विश्वास व्याक्त किया है उससे उप्र में 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनन तय है । इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यक्रताओ ने जमकर आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर अपनी जीत का जश्न मनाया । इस दौरान रोहित शुक्ला ; लल्ल द्ध समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ; राजनेता द्ध आनन्द त्रिपाठी, रामगोपाल बिन्द, सुभाष पटेल, अभय यादव, सलीम बादशाह, रामजी यादव, रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आशिष कुमार दूबे, अब्दूल खालिद खान, अशोक यादव, रमेश ओझा, श्याम सुन्दर सोनकर, धन्नजय यादव, दुर्गा प्रसाद सिंह, पतलू यादव, धर्मेंद्र मौर्या, श्याम मोहन यादय, बमबम मिश्रा, सुशील कुमार पाण्डेय, रत्नेश विश्वकर्मा, राजकुमार साह, सरफराज अहमद इत्यादि सैकडो कार्यक्रता उपस्थित थे।

# 218 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

**सोनभद्र।** मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी के निर्देशानुसार ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में 69 हजार सहायक अध्यापकों के सापेक्ष पहले चरण में गत 31 अक्टूबर, 2020 को 31 हजार 277 चयनित सहायक अध्यापकों को नियुक्ति देने के साथ ही दूसरे चरण में 36 हजार 560 प्रदेश के नव नियुक्ति सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र जिलों में जनप्रतिनिधियों की नियुक्ति में वितरण कराया। सोनभद्र जिले में स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल चुर्क में जनप्रतिनिधिगणों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा समारोह पूर्वक जिले के चयनित 261 सहायक अध्यापको के सापेक्ष 218 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित बेसिक शिक्षा परिषद सोनभद्र के चयनित 218 सहायक अध्यापकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री एस0 राजलिंगम, पुलिस अधीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अजीत चौबे, अपना दल के जिलाध्यक्ष श्री सत्यनारायण पटेल, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अमरेश सिंह पटेल, मा0 सांसद राबर्ट्सगंज श्री पकौड़ी लाल कोल, मा0 विधायक ओबरा श्री



संजीव सिंह गौंड़ आदि ने दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

सहायक अध्यापक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को जिलाधिकारी श्री एस0 राजलिंगम, पुलिस अधीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अमित पाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, अपना दल के जिलाध्यक्ष श्री सत्यनारायण पटेल, अध्यक्ष जिला पंचायत अमरेश सिंह पटेल, सांसद राबर्ट्सगंज पकौड़ी लाल कोल, विधायक ओबरा संजीव कुमार गौंड़, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, प्राचार्य डायट श्री राम मनोहर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल आदि ने सहायक अध्यापकों की नियुक्ति पत्र जारी कराने और जिले में चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास परक कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान ने ज्ञापन सौंपकर मांग की सीबीआई जांच

**संवाददाता।** मिर्जापुर



**लालगंज** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित ग्राम बामी के तीन नाबालिग बच्चों की मौत की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराये जाने एवं पीडित परिवार को 20.20 लाख रूपये का मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. नारायण जी उपाध्याय एड. व राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय की अगुवाई में संस्थान के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संजय कुमार को सौंपा तथा इस जघन्य अपराध से कारित मौत की तत्काल पर्दाफाश करके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाये जाने की आवाज बुलन्द करते हुए चेतावनी दिया गया कि यदि इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा ढुलमुल रवैया अख्तियार किया गया तो अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान बृहद् स्तर पर आन्दोलन करेगी । प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. नारायण जी उपाध्याय एड. ने कहा कि. बामी काण्ड में नाबालिग बच्चों की हत्या की घटना से पूरा ब्राह्मण समाज आकोशित है । यदि 24 घण्टे के अन्दर हत्यारों की गिरफ्तारी एवं 20-20 लाख रूपये मुआवजा नहीं दिया गया तो संस्थान बृहद् आन्दोलन प्रदेशव्यापी करेगा । प्रदर्शन एवं ज्ञापन पत्र सौंपने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि. ष् बामी प्रकरण पर पुलिस प्रशासन का रवैया घटना का पर्दाफाश न करके घटना को दुर्घटना दिखाकर समाप्त करने की है जिसे संस्थान कदापि नहीं होने देगा । ष् कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रोहित शुक्ला उर्फ लल्लू ने कहा कि . बामी प्रकरण से ब्राह्मण समाज आन्दोलित एवं उद्वेलित है । यदि इस प्रकरण पर तत्काल उच्चस्तरीय जांच नहीं बैठाया गया तो संस्थान बृहद् आन्दोलन छेड़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय सचिव पं. शिव नारायण तिवारी ने कहा कि. ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार एवं हत्याओं पर उप्र के मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं । दुलमुल कानून व्यवस्था तथा ब्राह्मणों के प्रति असंवेदनशीलता के कारण प्रदेश में ब्राह्मणों पर अत्याचार घटनाएं बढ़ती जा रही हैं । उन्होंने ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग किया । प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पं. अजय नारायण पाण्डेय, पं. शिव नारायण तिवारी, पं. आनन्द तिवारी, पं. जय प्रकाश पाण्डेय, पं. सुशील कुमार पाण्डेय, पं. आशीष कुमार दूबे, पं. विकास कुमार दूबे, पं. अखिलेश्वर ओझा, पं. देव कुमार दूबे, पं. विष्णु सागर पाण्डेय ए पं. अंकित दीक्षित ए पं. रामकृष्ण मिश्रा, पं. सुरेन्द्र उपाध्याय, पं. विनय पाण्डेय, पं. विपिन पाण्डेय, पं. सुशान्त शुक्ला, पं. विनीत कुमार दूबे, पं. सुधीर कुमार दूबे, पं. सूरजदत्त द्विवेदी, पं. मनीष त्रिपाठी, श्रीनन्द दूबे इत्यादि सैकड़ों विप्र . बन्धु उपस्थित रहे ।

## वर्दीधारी लुटेरों पर हुई कार्रवाई

**जौनपुर।** एसपी जौनपुर राजकरन नय्यर ने जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए विभिन्न थानों में तैनात 21 आरक्षी मुख्य आरक्षियों को 15 दिन तक के लिए पुलिस लाइन में आमद करने का आदेश दिया है। एसपी ने जिन 21 आरक्षियों को 15 दिन के लिये पुलिस लाइन से सम्बंध किया है उसमें सबसे ज्यादा वो आरक्षी है जो थानों की कारख़ासी का काम करते है एसपी ने इनको 15 दिन के लिए एक बार फिर से ट्रेनिग पिटी सुसज्जित ड्रेस में पुलिस लाइंस में ट्रेनिंग करेंगें।

## रावण का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

**मल्हनी, जौनपुर।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा डमरूआ में भीम आर्मी चीफव आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद उर्फ़ रावण के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल प्रभारी डाण् एके गौतम व वाराणसी मंडल महासचिव जितेंद्र भारती ने केक काटकर श्री आजाद का का जन्मदिन मनाया। साथ ही उनके मिशन को आगे बढ़ाते हुये हरदम साथ खड़ा रहने का संकल्प भी लिया।

## 44 मुख्य आरक्षियों को कार्यमुक्त किया गया

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र द्वारा आज दिनांक 05011020 को जनपद देवरिया के विभिन्न थानों पर नियुक्त कुल 11 मुख्य आरक्षियों एवं 33 आरक्षियों को उनके स्थानान्तरण जनपद पर कार्य मुक्त किया गया।

## पुलिस कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त एएसआई एम श्रीमती विनोद कुमारी पाण्डेयए थाना बरहज पर नियुक्त मुख्य आरक्षी केदार सिंह यादव एवं डायल 112 में नियुक्त आरक्षी अनील कुमार द्वारा 50 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण किये जाने के उपरान्त स्क्रीनिंग कराकर पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर दिया गया है तथा संबन्धित को सूचित कर जनपद की सूची से इनके नाम निरस्त कर दिये गये हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी को किया सेवा से बर्खास्त

**देवरिया।** पुलिस लाइन्स में नियुक्त आरक्षी सुग्रीव कनौजिया जिसके विरूद्ध अनुशासनहीनता और बार.बार गैर हाजिर होने के कारण पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा इनके विरूद्ध प्रचलित विभागीय कार्यवाही में दोषी पाये जाने के उपरान्त इन्हें पुलिस सेवा से बर्खास्त किया गया।

## वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र विक्रम नहीं रहे, उमड़ा जनसैलाब

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सराय डिंगुर निवासी समाजसेवी सुरेन्द्र विक्रम सिंह का शनिवार को दिन में हृदय गति रुक जाने निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। श्री सिंह समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने के साथ गरीब मजलूम बेसहारा की सदैव मदद करते थे। वह अपने दो पुत्र विमल प्रताप सिंह व राजीव प्रताप सिंह समेत भरा.पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोग उनके पैतृक आवास सराय डींगुर पहुँचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनकी शव यात्रा उनके निवास से प्रारम्भ हुई। उनका अन्तिम संस्कार प्रयागराज के छतनाग घाट पर किया जाएगा।

## इन्सान नेक अमल से समाज में हरदिल अजीज बनता है : महफूज़ूल

**जौनपुर।** शिया जामा मस्जिद नवाब बागए इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यए हुसैनी फ्रेम इंडिया जौनपुर एवं समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय प्रभारी मोहम्मद मुस्लिम हीरा की इमामबाड़ा दलेल खां उर्दू बाजार में आयोजित मजलिसे सय्युम को इमामे जुमा मदरसा इमानिया नासिरया मौलाना महफूज़ूल हसन खां ने कहा कि इन्सान अपने नेक अमल से समाज में लोकप्रिय हो सकता है।

## बिना पराली जलाये गेहूं की बुवाई में कामयाब है हैप्पी सीडर

**केराकत,जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के भौरा गांव में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित केवीके जौनपुर द्वारा जनपद के अंतर्गत आने वाले 11 विकास खंडों में के अंतर्गत आने वाले 11 विकास खंडों में कृषि की नवीनतम तकनीकी के अंतर्गत रबी फसलों जैसे गेहूं, चना,मटर की बुवाई सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर मशीन द्वारा सीधी बुवाई केंद्र के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में कराई जा रही है।

# खिल उठे नए शिक्षकों के चेहरे

### 823 नवनियुक्त अध्यापकों को मिला नियुक्ति पत्र

### पारदर्शिता व निष्पक्षता की मापदंडों पर खरा उतरने के कार्य करें शिक्षक : श्रीराम चौहान

### श्रेष्ठ शिक्षक बनने हेतु अपने कर्तव्यों का पूरे निष्ठा के साथ कार्य करें शिक्षक : सदर सांसद

संवाददाता। देवरिया



**आज** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त अध्यापकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत आयोजित वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी एवं राज्यमंत्री उद्यान श्री राम चौहान द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया । टाउन हॉल ऑडिटोरियम में वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री चौहानए सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठीए सदर विधायक सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठीए सलेमपुर विधायक काली प्रसादए जिलाधिकारी अमित किशोर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलन कर किया ।आज जनपद में 823 नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि श्री चौहान ने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण का यह कार्यक्रम लोगों के चेहरे पर खुशियों का भाव देखने का दिन है पारदर्शिता व निष्पक्षता की मापदंडों पर खरा उतरने के कार्य के साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति हुई ।योग्य शिक्षकों के चयनित करने का सरकार का यह प्रयास रहा है । शिक्षक जैसा चाहे वैसा वातावरण सृजित कर सकता है जीवन में वह प्रेरणा भर सकता है शिक्षक का दायित्व समाज व देश के प्रति अहम है ऐसे में यह अपेक्षा है कि नवनियुक्त शिक्षक छात्रों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य करेंगे । संकल्प के साथ कार्य करते हुए बच्चों में सृजन का भाव उत्पन्न करेंगे। इस पर खरा उतरते हुए अच्छे लोगों को बनाने का कार्य करेंगे जिससे कि देश व समाज को समृद्धिशाली बनाने में उनका योगदान हो सके। उन्होंने सभी से कर्तव्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की कहा कि कर्तव्य पालन से अधिकार मिल जाते हैं । उन्होंने सभी नवनियुक्तो के शुभकामना व बधाई दी। सदर सांसद श्री त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन के नए क्षेत्र में संकल्प लेना होगा कि समाज को कैसे हम प्रेरणा दे सकेंगे । बाणी एवं व्यवहार से छात्रों को प्रेरणा देंगे उन्होंने सभी से श्रेष्ठ शिक्षक बनने हेतु अपने कर्तव्यों का पूरे निष्ठा के साथ पालन किए जाने को कहा। सदर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं इसके लिए उन्हें कार्य करने की जरूरत है। विधायक सलेमपुर श्री काली प्रसाद ने कहा कि कायाकल्प योजना चलाकर स्कूलों का जहां कायाकल्प हुआ वहीं अब नवनियुक्त शिक्षकों से शिक्षा का कायाकल्प होगा। विधायक बरहज सुरेश तिवारी ने कहा कि बच्चों का भविष्य आपके हाथ में है एक अच्छा नागरिक बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने कहा कि सुचिता व पारदर्शिता से शिक्षको की नियुक्ति करने का कार्य इस सरकार द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहां कि स्कूलों में तैनाती किए जाने हेतु काउंसलिंग में कोई शिकायत का अवसर न आये इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा । स्कूल आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी शिक्षकों से उन्होंने आह्वान किया कि स्कूल में तैनाती के उपरांत ग्रामीण बच्चों की जीवन शैली कैसे बदल सकेंगे इस पर उन्हें विशेष रुप से कार्य करना होगा। उन्होंने नवनियुक्तो को बधाई व शुभकामनाएं भी दी साथ ही काउंसलिंग में किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए मोबाइल नंबर 9450494933 को प्रचलित किया कहा कि इस नंबर पर यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो उस पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि काउंसिलिंग का अनुश्रवण किया जाएगा उस पर नजर रहेगी कहीं कोई अनियमितता व शिकायत मिलेगी तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। जनपद में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम दो जगह टाउन हॉल ऑडिटोरियम एवं कोआपरेटिव हाल में आयोजित किया गया। आज वितरण कार्यक्रम में 361 महिला एवं 462 पुरुष नवनियुक्त शिक्षकोंध् शिक्षिकाओ को नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि के हाथों नियुक्ति पत्र पाने वालों में ज्योति कुमारी, मणि चंद्र गुप्ता ,सोनू सरोज, बृजेंद्र कुमार मिश्र,बलवंत यादव, पूनम सिंहए शालू चौरसिया, सुधा चतुर्वेदीए खुशबू गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, अनामिका पांडेय, बबीता सिंह,रीति कुमारी, हेमा मिश्रा, रिचा शुक्ला, स्मिता बरनवालए इमराना सिद्दीकी, अरुणा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर जिलाधिकारी अमित किशोर,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित यादव एवं अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल

## जौनपुर में भी बंटे नियुक्ति पत्र

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में 36590 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्त पत्र वितरण समारोह प्रदेश के समस्त जनपदों में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में नियुक्त पत्र शिक्षकों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के अथक प्रयासों से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। लगभग 69000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया दो वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई थीए जिसमें समय-समय पर अड़चनें आती रही। मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चलता रहा। अन्तोगत्वा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पश्चात तथा सरकार के अथक प्रयासों से शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। आज द्वितीय चरण में प्रदेश में 36590 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार द्वारा लगभग साढे तीन लाख नवयुवकों को नौकरियां प्रदान करने का कार्य किया गया तथा यह प्रक्रिया आगे भी चलती रहेगी। जनपद में नवनियुक्त शिक्षकों को राज्य मंत्री आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चंद्र यादव द्वारा मां दुर्गा इंटर कॉलेज में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते



हुए कहा कि शिक्षक समाज एवं देश को एक नई दिशा में लेकर जाता है । जब बच्चा विद्यालय में आता है तो उसका मस्तिष्क एक कोरे कागज की तरह होता है। अध्यापक द्वारा ही उसके मस्तिष्क का विकास किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक विद्यालय में पेरेंट्स मीटिंगए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जायें एवं बच्चों को टूर पर ले जाया जाए एजिससे उन्हें अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। विधायक बदलापुर रमेश मिश्र ने कहा कि शिक्षक का देश की सेवा में अहम योगदान होता है। शिक्षक देश के भविष्य के निर्धारण में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं । उन्होंने कहा कि जिले के विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा हैए बच्चों को जूता . मोजाए स्वेटरए बैगएड्रेस मुफ्त में दिए जा रहे हैं एजिससे बच्चों को स्कूल जाने की प्रेरणा मिल रही है। विधायक जफराबाद डॉक्टर हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक बच्चों को सहजता से अपनी बातों को समझाते हुए उनके मन में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करें। जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि जिले में अब जनपद में अध्यापकों की कोई कमी नहीं रह जाएगी ।सरकारी शिक्षक कई परीक्षाओं को पास करने एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत नियुक्त किए जाते हैं जो कि प्राइवेट अध्यापकों से बेहतर होते हैं ।उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक संकल्प ले कि जिस भी गांव के विद्यालय में जाएंगे उस गांव को आदर्श शिक्षित गांव बनाएंगे।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य जारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पंचास्थानीय अमित किशोर ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा त्रिय स्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावलियो के पुनरीक्षण कार्य हेतु संशोधित समय सारणी निर्गत कर दी गई है। तय समय सारणी अनुसार 13 नवंबर से 26 दिसंबर तक ड्राफ्ट नामावलियो की कंप्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार किया जाएगा। ड्राफ़्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 27 दिसंबर को किया जाएगा । ड्राफ्ट के रूप में निर्वाचक नामावली का निरीक्षण 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक किया जा सकेगा। दावे एवं आपत्तियां 1 जनवरी 2021के अर्हता आयु 18 वर्ष के आधार पर 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। आपत्तियों का निस्तारण 4 जनवरी से 11 जनवरी तक किया जाना निर्धारित है निस्तारण उपरांत सूची की पांडुलिपि की तैयारी तथा मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्रवाई 12 जनवरी से 21जनवरी 2021 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियो का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2021 को होगी। डीएम ने तय समय सारणी अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ ही इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने हेतु आगाह किया है।

### जिले के सभी टैक्सी स्टैंड तत्काल प्रभाव से निरस्त : जिलाधिकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर ने जनपद के समस्त नगर निकायों में क्रियाशील समस्त टैक्सी स्टैंड की वसूली तत्काल प्रभाव से स्थगित किए जाने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा है कि यह वसूली नगर निकायों द्वारा टैक्सी स्टैंड की वसूली हेतु अपना कोई स्थान चिन्हित एवं शुल्क निर्धारित नहीं की जाती है तब तक के लिए स्थगित रखेंगे। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को इस निर्देश का अनुपालन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किए जाने तथा टैक्सी स्टैंड की वसूली हेतु स्थान एंव शुल्क निर्धारित कर सात दिन के अंदर अवगत कराए जाने का भी निर्देश दिया है। नगरपालिका सभागार में 15वें वित्त आयोग की बैठक में जनप्रतिनिधियो द्वारा यह अवगत कराया गया कि निकायों द्वारा मनमानी ढंग से टैक्सी स्टैंड, पड़ाव शुल्क की वसूली की जा रही है।

# किसानों को लाचार बनाना चाहती है सरकार : आलोक

### सपा नेता ने राज्य व केन्द्र सरकार के प्रति जतायी नाराजगी

संवाददाता। धर्मापुर, जौनपुर



जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता आलोक त्रिपाठी ने शनिवार को धर्मापुर बाजार में प्रेसवार्ता के दौरान सरकार के प्रति जमकर भड़ास निकाला। साथ ही विभिन्न गंभीर मुद्दों पर अपनी राय रखी। जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के नेता व प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा कि भारत गांवों का देश कहा जाता है। लगभग 70 प्रतिशत लोग गांवों में ही निवेश करते हैं। भले ही जीडीपी में कृषि कुछ कम हो परंतु भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में यह ग्रामीण भारत बड़ी मदद करता है। कोरोना वायरस के वजह से उपजी विषम परिस्थिति में शहरी अर्थव्यवस्था ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गयी। सारे शहरी गांव की ओर रुख किये जहां गांवों ने दोनों हाथ पसारकर सभी प्रवासियों का स्वागत भी किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसान की यह क्षमता है कि वह भले अपने लिए सुख.सुविधाओं को सहेज न पाये परंतु वह अपने अन्नदाता के विरूद्ध ;उपनामद्ध की रक्षा प्रति पल करते हुए देश के हर व्यति के लिए जीवनदायी अन्न का उत्पादन करता है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के लिए 3 विधेयकए वह भी अध्यादेश के माध्यम से लाये हैंए जिसको अब सदन की मंजूरी मिल चुकी है जिसका किसान विरोध कर रहे हैं। इस बिल से किसान अपनी नाराजगी पहले ही जता चुके थे। अपनी शंका और परेशानियां बता रहे हैं परंतु सरकार मानने को कत्तई तैयार नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि अब सोचने की बात यह है कि किसानों के इतने विरोध के बाद भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। क्या सरकार ने किसानों को लाचार बनाने की ठान रखी है। वादा तो किया था कि किसानों की आय दुगुना करेंगे। किसानों को मजबूत बनाने की बात की थी लेकिन अब उन्हें मजबूर बनाने पर लग गए हैं। इस दौरान प्रधान विनोद यादव, रामफ्ल यादव, ऋषि यादव, कैलाश यादवए विजयशंर यादव, राहुल यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर खेत मजदूर यूनियन ने किया धरना-प्रदर्शन



संवाददाता। मछलीशहर, जौनपुर

**अखिल** भारतीय खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्थानीय तहसील प्रांगण में अपनी मांगों के समर्थन में धरना.प्रदर्शन किया। मजदूर नेताओ ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित अपनी मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मछलीशहर अंजनी सिंह को सौंपा। इस मौके पर मजदूर नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार 3 काले कृषि कानून को रद्द करेए बिजली कानून 2020 वापस लिया जायए आयकर न देने वाले सभी गरीबों को 7500 रुपए भुगतान दिया जायए मनरेगा में काम करने वाले लोगों को 200 दिन के काम की गारन्टी देने के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने जैसी मांगे शामिल हैं। इस अवसर पर किरण शंकर सिंहए कामरेड सुभाष चन्द्र पटेल, कल्पनाथ गुप्त, सालिक राम पटेल, रघुवर प्रजापति, जयलाल सरोजए रवीन्द्र मौर्यए भूलना बौद्धए बसन्त लालए राजाराम सरोज, सत्य नारायण पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## उपचुनाव में समस्त प्रत्याशी अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत करें : उप निर्वाचन अधिकारी

**देवरिया।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया है कि 337देवरिया विधान सभा उप निर्वाचन2020 के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थीगण के संज्ञान में लाना है कि आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा विधि द्वारा अपेक्षित रीति ;आपको नामनिर्देशन पत्र दाखिल करते समय उपलब्धध्प्राप्त कराई गईं। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पुस्तिका फरवरी, 2019 में निर्दिष्ट प्रकार सेद्ध से परिणाम घोषणा की तिथि से 30 दिवस के अन्दर जिला निर्वाचन कार्यालय में दाखिल किया जाना है।यदि कोई अभ्यर्थी उक्त नियत अवधि के अनुरूप अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा विधि द्वारा अपेक्षित रीति से दाखिल करने में विफल होते हैं तो उनके संबंध में ष्लेखा दाखिल नहीं करने की अभियुक्ति के साथष् उक्त नियत अवधि 09.12.2020 के पश्चात रिपोर्ट आयोग को प्रेषित कर दी जायेगी और ऐसे अभ्यर्थी के विरुद्ध सुसंगत नियमों के तहत आयोग कार्यवाही कर सकता है।

# अब युवा मतदाता बदलेंगे राजनीतिक परिदृश्य: पवन



**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नव मतदाता बनाये जाने के लिए चलाये जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रुद्रपुर विधानसभा के राममलक्षन मण्डल के बर्दगोनिया सेक्टर के मिश्रौलीया गांव के बूथ संख्या 147 और 148 पर कैम्प लगाकर रिंकी चौहानए सोनू गुप्ताए मीनूए पूजा चौहानए पवन चौहानए संध्याए पूनमए निधिए ज्योति सहित 22 नए मतदाताओ का फार्म. 6 भरकर स्थानीय बी एल ओ प्रमोद कुमार को दिया गया । इस मौके पर उपस्थित बर्दगोनिया सेक्टर के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की उम्र को पूरा करने वाले सभी युवा मतदाताओ का नाम वोटर लिस्ट में बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा हैए उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में बड़ी संख्या में लोग मतदाता सूची में नाम न होने से मतदान से वंचित हो गए थेए इसलिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अपने अपने बूथों पर घर. घर जाकर वोटर लिस्ट में जिनका नाम छूट गया है। उनका फार्म भरवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के मतदान में भागीदारी से भारत की राजनीति में स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित होगा। और मण्डल मंत्री जे पी प्रजापति ने कहा कि रामलक्षन मण्डल के सभी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नव मतदाता बनाये जाएंगे।

## मऊ में सीएम के खिलाफ टिप्पणी के आरोप में सपा के राष्ट्रीय सचिव पर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। मऊ

करणी सेना के सदस्यों द्वारा मऊ जिले के सरायलखंसी थाने में दी गई तहरीर के आधार पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजीव राय के खिलाफ सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ टिप्पणी के आरोप में आईपीसी की धारा 504 व 505 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। वहीं प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रकट किया। सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजीव राय ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जुल्म व ज्यादती के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने कहा कि सत्ता के इशारे पर जिला प्रशासन सपा नेताओं को डराना चाहती हैए लेकिन वह अपना भ्रम निकाल दें। श्री राय ने कहा कि जिलाधिकारी जनता के कार्य करने के लिए बनाए गए हैं न कि जनता का उत्पीड़न करने के लिए।

## लाल बिहारी की जीत पर मनायी गयी खुशी

**जौनपुर।** वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के समर्थित उम्मीदवार लाल बिहारी यादव को वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत पर इंटेलेक्चुअल पब्लिक स्कूल एवं मदरसा दारुल इरफान बोदकरपुर में एमएलसी के प्रतिनिधि लाल चन्द्र विश्वकर्मा ने शिक्षकों को बधाई दिया। इस मौके पर सभी स्टाफद्वारा एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी गयी। इस दौरान श्री विश्वकर्मा ने दोनों संस्थानों के विकास हेतु सदैव अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर इंटेलेक्चुअल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक वसीउल्लाह अंसारीए शादाबए उम्म.ए.ताहिराए तहसीन फातिमाए मदरसा दारुल इरफान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मौलाना अल्तार्फुरहमान सलफीए मौलाना मुर्तजा हसन मदनीए मौलाना जकाउल्लाहए हाफिज नुरुल हुदाए मास्टर समीउल्लाह फ्लाहीए शाहीन आराए परवीन अंसारीए उम्म.ए.सलमाए सरफराज सलफीए अकबरए अब्दुल्लाह अंसारीए शमशादए सिबगतुल्लाह अंसारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रास्ते पर पानी बहाने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर गांव में लगे खड़ंजा पर उक्त गांव के यादव बस्ती के पास दबंग लोगों द्वारा गंदे पानी को सड़क पर बहाने को लेकर आए दिन विवाद हो रहे हैं। वहीं राहगीरों को कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। इसके बावजूद दबंगों द्वारा पानी बहाने से मान नहीं रहे हैं जिससे माहौल बिगड़ता चला जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के यादव बस्ती के कुछ लोग गंदे पानी को सड़क पर बहा रहे हैं। इसको लेकर आए दिन गांववासियों सहित राहगीरों से आये दिन तू.तू मैं.मैं हो रहा है परंतु इन दबंगों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। लोगों की मानें तो उपरोक्त परिवार को लेकर बीती रात को सैकड़ों की संख्या में गांवसभा की जनता ने गंदे पानी को बहाने को लेकर विद्रोह किया। साथ ही गांववासियों से काफी नोक.झोंक भी हुई लेकिन कुछ लोगों द्वारा समझाने.बुझाने पर मामला शांत हो गया। फिलहाल गांवसभा के लोग गंदे पानी को बहाने को लेकर काफी आक्रोशित हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया कि उक्त मार्ग पर गंदे पानी को दबंगों द्वारा बहाने से रोका नहीं गया तो किसी दिन गांवसभा के बीच कोई अप्रिय घटना घटने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## एनसीसी कैडेटों ने की ऐतिहासिक स्थलों की साफ-सफाई



**जौनपुर।** 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के तहत शनिवार को 5 यूपी ;स्वतंत्रद्ध कम्पनी एनसीसी जौनपुर के कैडेटों ने श्रमदान एवं जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। 15 दिनों के इस स्वच्छता पखवाड़े में कई कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इसके दौरान पौराणिकए सामाजिक स्थल सहित आस.पास के स्थानीय ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र सरकार द्वारा गठित स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शामिल किया गया है। 5 यूपी ;स्वतंत्रद्ध कम्पनी एनसीसी जौनपुर के कैडेटों ने श्रमदान करके जौनपुर के शाही किलाए एवं गोमती घाट सहित अन्य जगहों पर साफसफाई किया। इसके पहले रैली का शुभारम्भ समादेश अधिकारी लेण् कर्नल आरएस मोनी की अगुआई में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मेजर एसएन सिंहए हवलदार बालकनाथए नायक अर्जुन सिंहए प्रधानाचार्य विरेन्द्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिला पंचायत बूथ पर मतदान सूची का किया अध्ययन

**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा आज सभी बूथों पर मतदाता सूची पुनिरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर फार्म 6 भरकर वोटरों का नाम बढ़वाया गया।इसी के तहत सदर सांसद डाण् रमापतिराम त्रिपाठी और सदर विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने जिलापंचायत परिसर स्थित बूथ नण्272 पर मतदात सूची का अध्ययन किया और लोगो को मतदाता बनाने के लिये फार्म भरा।इस दौरान सदर सांसद डाण् रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि अधिक से अधिक लोग मतदान करें। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में सभी का नाम होना चाहिए। पार्टी के निर्देश पर 18 वर्ष की उम्र पार करने वाले युवाओं का भी नाम सूची में हो इसके लिये आज से भाजपा के कार्यकर्ता घर.घर जाकर लोगो का नाम जुड़वाने का काम करेंगे। सदर विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि नाम जुड़वाने के साथ .साथ इस पुनरीक्षण के दौरान वोटर लिस्ट में जो गलत नाम है उनका काटना भी अत्यंत आवश्यक है। नए मतदाताओं को जोडने का यह अभियान पार्टी द्वारा सघन रूप से शुरू किया गया है।

## शातिर पशु तस्कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, सात राशि गोवंश बरामद

**चकिया,चन्दौली ।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूसाखांड़ गांव के पास से एक पिकअप पर लदे सात राशि गोवंशों के साथ दो तस्करों को मुठभेड़ के बाद पड़ने में सफलता पायी है।बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के आदेशानुसार अपराध नियंत्रण के दिए गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रहमतुल्ला ह खान के द्वारा गठित टीम ने मुठभेड़ के बाद इस बरामदगी और गिरफ्तारी को की है।पकड़े गये लोगों के पास से पुलिस ने दो कट्टाएएक खोखाएएक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम राकेश केशरी निवासी बहुआर थाना जमालपुर मीरजापुर तथा संजय भारती थाना जमालपुर मीरजापुर बताये गये हैं।पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों को थाने लाने के बाद सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की टीम में उनिआलोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी शिकारगंजए उनिगिरीश राय चौकी प्रभारी रामपुर भभौराएहे कासुरेश कुमार सिंहएका सुरेन्द्र यादव,प्रदीप यादव,प्रियांशु प्रजापति शामिल रहे।

## आवंटियों को 13 साल बाद प्रशासन ने दिलायी जमीन

**सकलडीहा,चन्दौली।** हाईकोर्ट के निर्देश पर शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार और सीओ भवनेश चिकारा ने पुलिस फोर्स के साथ दस बीघा जमीन से अवैध अतिक्रमण हटवाया। 13 साल पूर्व आंवटित गरीबों को उनके भूमि पर कब्जा दिलाया। तहसील प्रशासन के इस योगदान का ग्रामीणों ने जमकर सराहना किया। इस मौके पर कई थाना की पुलिस पीएसी सहित क्राइम बांच के अधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। डेढ़ावल गांव में आराजी नम्बर 350,334 और 365 नम्बर की दस बीघा बंजर भूमि पर दूसरे गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। जिस पर बकायदे खेती किया जा रहा था। जबकि उक्त नम्बर पर गांव के एक दर्जन से अधिक गरीबों को वर्ष 2007 में 7 बीघा पट्टा आवंटन हुआ था।

# प्रभारी मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र



**संवाददाता।** अमेठी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नवनियुक्त 36590 सहायक अध्यापकों को द्वितीय चरण का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से पांच नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में जनपद अमेठी में राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याणए मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेशध्जनपद प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद अमेठी के नवनियुक्त 496 सहायक अध्यापकों को एन0आई0सी0 व जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी प्रकार जनपद की अन्य तहसीलों में माननीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनोद मिश्रा ने बताया कि गत 16 अक्टूबर को प्रथम चरण में 266 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे तथा आज द्वितीय चरण में 496 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2 से 4 दिसंबर के मध्य आयोजित काउंसलिंग में कुल 523 पदों के सापेक्ष कुल 496 ;जिसमें 221 महिला एवं 275 पुरुषद्ध अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों में जनपद अमेठी में कुल 762 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को लगातार रोजगार देने का कार्य कर रही हैए प्रदेश में पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती को लेकर आज दूसरे चरण में 36590 सफल पाए गए अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी अब आप लोगों के ऊपर हैंए आप लोग पूरी लगन व ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाएंए उनको अच्छी शिक्षा प्रदान करेंए इसी के साथ उन्होंने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने भी नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित किया।

# तिलोई तहसील परिसर छावनी में रहा तब्दील

## ● पांच अधिवक्ताओं को मामले में नामजद किया

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी

**तिलोई** तहसील में कल वरासत के मामले में हुए लेखपाल व लेखपालों के बीच हुई जंग के दूसरे दिन भी तहसील परिसर आज छावनी में तब्दील रही दोनों पक्षों में जहां जबरदस्त आक्रोश व्याप्त रहा तो वही खाकी वर्दी की के भय से तहसील गेट के अंदर वाद कार्य जाने का साहस नहीं जुटा पाए । घटना में जहां लेखपाल की तहरीर पर 5 वकीलों के खिलाफ मुकदमा नामजद दर्ज किया गया वहीं वकीलों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत ना होने के कारण अधिवक्ता संघ में काफी आक्रोश व्याप्त है जिसे लेकर के वकीलों ने आज एसडीएम तिलोई को ज्ञापन देकर के आर पार की लड़ाई लड़ने का की बात कही तो बार काउंसिल ने भी मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मामले को डीएम को अवगत कराया है वही लेखपालों के साथ तहसील के अमीर संघ ने भी उनका साथ देते हुए तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए वह मांग किया है कि जब तक दोषी के खिलाफ गिरफ्तारी नहीं होगी जब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा गौरतलब रहे कि कल शासकीय अधिवक्ता मनोज तिवारी व लेखपाल वेद प्रकाश यादव के बीच एक वरासत के मामले ने जंग का रूप धारण कर लिया लिया था जिससे स्थिति को नियंत्रण करने के लिए एसडीएम महात्मा सिंह को कई थानों की पुलिस फोर्स को बुलाना पड़ा था । घटना के संबंध में अधिवक्ता संघ का आरोप है कि लेखपालों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की वही यही नहीं ज्ञापन में बार एसोसिएशन ने तहसीलदार के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की मांग की है वहीं आज तहसील परिसर में लेखपालों के साथ संग्रह अमीन के अध्यक्ष जगरूप सिंह भी अमीनो के साथ धरने पर बैठ गए। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होगी जब तक लेखपाल संघ व अमीन सरकारी कार्य से विरत रहेंगे व धरना अनवरत जारी रहेगा वही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दलजीत सिंह ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आज एसडीएम तिलोई महात्मा सिंह को ज्ञापन देकर के दोषी लेखपालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है बार एसोसिएशन के महामंत्री धर्मेंद्र कुमार ने अध्यक्षता साथियों के साथ लेखपालों द्वारा किए गए बर्ताव की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए लेखपाल व तहसीलदार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है लेखपाल वेद प्रकाश पुत्र जगदंबा की तहरीर पर मोहनगंज थाने में अदरक का मनोज रामू पवन शुक्ला विजय शंकर शुक्ला श्याम मूर्ति यादव के खिलाफ धारा 147 353 332 323 504 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत करवाया है।

उधर मामले में नामजद भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम मूर्ति यादव ने कहा है कि घटना में मुझे वह मेरे अधिकता साथियों को फर्जी तरीके से फंसा कर वकीलों को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है श्याम मूर्ति ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है आज तहसील में जहां पूरी तरीके से सन्नाटा रहा वहीं थाना अध्यक्ष मोहनगंज विश्वनाथ यादव शिवरतनगंज धीरेंद्र कुमार सिंह जगदीशपुर राजेश सिंह थानाध्यक्ष कमरौली थाना अध्यक्ष फुरसतगंज थाना अध्यक्ष जायज सहित कई थानों की पुलिस फोर्स व क्षेत्राधिकारी सहित पीएसी के जवान भी तहसील परिसर में तैनात रहे जिससे किसी प्रकार की अनहोनी घटना ना होने पाए स्थानीय प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव ने बताया कि दोनों पक्षों पर प्रशासन की पूरी नजर कायम है कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

## लापता बुजुर्ग का शव बरामद

**बाराबंकी।** मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग का तालाब से शव बरामद होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।सभी बिंदुओं पर पुलिस गहराई से छानबीन करने में जुट गई है।मिले विवरण के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के नान्हूपुरवा गांव निवासी 75 वर्षीय सत्यपाल पुत्र स्वर्गीय गुरुप्रसादबीती रात घर से लापता हो गया जब वह लौट कर घर नहीं आया तो परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश शुरु कर दी मगर अंधेरा हो जाने के कारण सुबह खोजने की बात कहकर लोग सो गए शनिवार की सुबह उसका शवपड़ोस के गांव सदरापुरस्थित एक तालाब से बरामद हुआ। जिसके बाद सूचना पर पहुची पुलिस ने सत्यपाल के शव को कब्जे मे लेकर का पोस्टमार्टम कराया है।थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने तीन सौ नए शिक्षकों को दिए नियुक्तिपत्र

**संवाददाता।** बाराबंकी



**जिले** के बेसिक शिक्षा विभाग को शनिवार को 300 और नए शिक्षक मिल गए। प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने इन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिसके बाद शिक्षकों के चेहरे खिल उठे सभी ने सरकार को सराहा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री ने एनआईसी भवन पहुंचकरकी। उन्होंने सर्वप्रथम 5 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तत्पश्चात सांसद, विधायकों की मौजूदगी में हाइवे स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में बारी.बारी से नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जिसे पाकर शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया एवं सरकार को सराहा। नवनियुक्त शिक्षकों ने कहा कि देर आए दुरुस्त आए भले ही उन्हें नौकरी मिलने में समय लगा किंतु अब कोई संशय नहीं है। इस मौके पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत सहित विधायक गण एवं जिला अधिकारी डॉ आदर्श सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह भी मौजूद रहे। बता दें कि यह शिक्षक नियुक्ति का दूसरा चरण था इससे पूर्व प्रथम चरण में भी सैकड़ों नए शिक्षकों को प्रेरणा ऐप के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि वित्तीय चरण में 347 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने थे मगर 14 शिक्षकों के अभिलेखों में त्रुटि के कारण उन्हं नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किया गया वहीं 33 शिक्षक अनुपस्थित रहे शेष 300 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# प्राथमिक शिक्षा जीवन में सबसे महत्वपूर्णः विधायक

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**सांसद** संगम लाल गुप्ता, विधायक विश्वनाथगंज डा. आर.के. वर्मा, जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने आज एन.आई.सी. सभागार में उपस्थित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नव चयनित शिक्षक/शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। सजीव प्रसारण के पश्चात् सांसद, विधायक, जिलाधिकारी द्वारा ने 5 शिक्षिक/शिक्षिकाओं आकांक्षा यादव, कुमारी रूचि प्रजापति, चांदनी पटेल, हरीश दूबे, सुनील कुमार विश्वकर्मा को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इसी प्रकार क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधायक डा. आर.के. वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विधायक डा. आर.के. वर्मा, जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नव चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जनपद में 128 नव चयनित शिक्षकों के सापेक्ष 123 शिक्षकों ने उपस्थित होकर काउन्सलिंग करायी थी जिसमें से 94 शिक्षकों को आज नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। काउन्सलिंग के समय 29 नवचयनित शिक्षकों के अंक, नाम, मूल अभिलेख से मिलान के समय भिन्नता पाये जाने के कारण नियुक्ति पत्र नही दिया जा सके। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम के दौरान विधायक डा. आर.के. वर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत और परिश्रम करने के पश्चात् नवनियुक्त शिक्षक के रूप में जो नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है वह आपके लिये बड़े ही गौरव की बात है, इस सफलता के लिये आप सभी को बधाई देता हूँ। आज आप लोगों का सपना साकार हुआ है, गुरू को भगवान का दर्जा दिया गया है इसलिये आपके शिक्षण कार्य में जिन गुरूओं/अध्यापक द्वारा आपकी सफलता में सहयोग किया गया है उनका सम्मान सदैव आप लोग करते रहेगें। सबसे बड़ी चुनौती को स्वीकार करने की जिम्मेदारी अब आपके कन्धों पर है, प्राथमिक शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा है जो व्यक्ति के भविष्य की दशा और दिशा तय करती है।

# राज्यमंत्री ने किया नियुक्ति पत्रों का वितरण

**संवाददाता।** ललितपुर

**राज्यमंत्री** श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ की गरिमामयी उपस्थिति में, मुख्यमंत्री के कर.कमलों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन एनआई सीसेंटर ललितपुर में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा बटन दबाकर किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री सतीष चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों को छब्म्त्ज् पद्धति के पाठ्यक्रम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है। आज का एतिहासिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के द्वारा प्रेरणा लक्ष्य के तहत बुनियादी शिक्षा को लागू करने की व्यवस्था की गई है। भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। इसी दौरान बुनियादी शिक्षा पर आधारित एक डोक्युमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कर.कमलों द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गएण् साथ ही प्रदेश के जिलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 5 नवनियुक्त शिक्षकों से सीधा संवाद भी किया गयाए जिसका प्रसारण एनआईसी ललितपुर में भी किया गया। कार्यकम में मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सभी शिक्षक शासन की मंशानुसार कार्य करेंए साथ ही बच्चों के शैक्षिक विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा का ज्ञान ही बच्चों के शैक्षिक स्तर की नीव तैयार करता है। बच्चों का शैक्षिक स्तर ही देश के विकास की आधारशिला बनती है। बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक होना अत्यधिक सौभाग्य की बात है। माता.पिता के द्वारा दी गई शिक्षा के पश्चात बेसिक शिक्षा ही मनुष्य के विकास की प्रथम कड़ी है। बेसिक शिक्षा परिषद के 69000 शिक्षकों की नियुक्ति की चयन प्रकिया आज के दिन पूर्ण हो रही हैए यह हमारे लिए अत्यधिक हर्ष का विषय है। इस नियुक्ति प्रकिया में बेसिक शिक्षा परिषद ने चुनौतियों का सामना कर आज इस प्रक्रिया को पूर्ण किया है। यह नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण रुप से पारदर्शी है। विद्यालय में प्रत्येक बच्चे की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिएण् इसीलिए विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की शिक्षा से अधिकांश बच्चे बंचित रह जाते थेए बच्चों को बेसिक शिक्षा का लाभ बिना भेदभाव के दिलाये जाने के लिए सरकार द्वारा अथक प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार की मंशा इन बच्चों की प्रत्येक स्थिमि में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना है। आज 36590 शिक्षकों को प्रदेश भर में नियुक्ति पत्र वितरित किये गए हैं।

# पुल के नीचे से बरामद हुआ शव जताई जा रही हत्या की आशंका

**संवाददाता।** बाराबंकी

**जिले** के इब्राहिमाबाद गांव के पास कल्याणी नदी पुल के नीचे शनिवार की सुबह एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। राहगीरों ने शव देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची रामसनेहीघाट व असंद्रा पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में रामसनेहीघाट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पैंट की जेब में मिले कागज के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई।

रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में इब्राहिमाबाद गांव के पास कल्याणी नदी पुल के नीचे शनिवार की सुबह एक युवक का शव मिला। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने युवक का शव देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक युवक के शरीर पर चोट के कोई भी निशान नहीं है। रामसनेहीघाट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कल्याणी नदी पुल के नीचे युवक का शव देखकर ग्रामीणों ने घटना की सूचना रामसनेहीघाट व असँद्रा पुलिस को दी। कुछ ही देर में दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन दोनों के बीच सीमा को लेकर विवाद शुरू हो गया। करीब 1 घंटा तक दोनों थाने की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और विवाद को सुलटा कर कर शव का पंचनामा भरवाया।

मृतक की तलाशी के दौरान उसकी जेब से मुंबई स्थित ठाणे थाना अंतर्गत एक दुकान की स्लिप व दुकान मालिक का मोबाइल नंबर मिला प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद राय ने परिचय पर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर मृतक की शिनाख्त बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाना अंतर्गत गौरवा उस्मानपुर निवासी संदीप पाल पुत्र राम निहोर पाल के रूप में की। पुलिस ने इसकी सूचना परिवारी जनों को दी है।

# राज्यपाल से की गई न्यायिक जांच की मांग

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़

**कांग्रेस** विधानमण्डल दल की नेता एवं जिले की रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मिर्जापुर जिले मे तीन तीन बच्चों की नृशंसतापूर्वक जघन्य हत्या की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है। मासूम बच्चों की जघन्य हत्या से द्रवित विधायक मोना ने इसे प्रदेश की कानून व व्यवस्था के माथे पर कलंक ठहराया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना की अगुवाई मे पार्टी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने घटना को लेकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। राज्यपाल से मिलकर विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट के मौजूदा किसी न्यायाधीश की निगरानी मे न्यायिक जांच कराये जाने तथा मृतक मासूम बच्चो के प्रत्येक परिवार को तीस तीस लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग उठाई है। कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी के साथ गर्वनर से मुलाकात के दौरान आराधना मिश्रा मोना ने ज्ञापन भी सौपते हुए इस बर्बर घटना को लेकर प्रदेश सरकार को अविलंब कार्रवाई के लिए नीतिगत निर्देश दिये जाने का भी अनुरोध किया। वहीं सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने भी राज्यपाल को मिर्जापुर मे घटित हुई इस दिलदहला देने वाली घटना को लेकर पीडित परिवारो से मिले पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल के द्वारा सौपे गये तथ्यो की भी बिंदुवार जानकारियां दी। प्रतिनिधिमण्डल मे पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, मिर्जापुर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, भारतेन्दु यादव शामिल रहे। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति मे दी गई है।

# प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मृत गाय दफनाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत अमरा देवी के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मरी हुई गाय को दफ्न करने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है इसके संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है । दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत अमरा देवी के प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ने मिलकर के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में मरी हुई गाय को दफ्न कर दिया है जबकि विद्यालय के अंदर आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में मृतक गाय को गड़वा दिया है गांव के विरोध करने पर भी वह नहीं माने जिससे ग्रामीणों ने कहां है कि इससे गांव के स्कूल में बदबू फैलेगी बच्चों को स्कूल जाना व शिक्षा ग्रहण करना काफी मुश्किल हो जाएगा । जबकि ग्राम प्रधान किशोरी लाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पूर्व में कुछ छुट्टा मवेशियों को इस विद्यालय में ले जाकर बंद किया था जिसमें शेष मवेशियों को गौशाला भेज दिया गया वहीं जर्जर गाय किसी कारण बस पड़ी रह गई जिसकी मौत हो गई जिसे गड्ढा खोद वाकर नमक डालकर उसमें दफ्न कर दिया गया है 8 फीट गहरा गड्ढा होने के चलते बदबू आने का कोई प्रश्न नहीं उठता है

## आपस में ट्रैक्टर ट्राली टकराई, घंटो लगा रहा जाम

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के पुरनिया गांव के समीप ट्रक व ट्रैक्टर ट्राला की जोरदार टक्कर हो गई जिससे करीब 6 घंटे तक रास्ता जाम रहा दोपहर बाद जाम छूटने पर यातायात बहाल हो सका। बताते चलें कि सुबह करीब 8रू00 बजे रामनगर बदोसराय रोड पर रामनगर की ओर से ट्रक नंबर यूपी 42 बीटी 1736 बदोसराय की ओर से ईट लदे ट्रैक्टर ट्राला की जोरदार टक्कर हो गई जिससे ट्रक का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं ट्राला मौके से फरार हो गया ट्रैक के बीचो बीच रोड पर खड़े होने से भारी वाहनों की जाम करीब 1 किलोमीटर बदोसराय तक लग गई करीब 6 घंटे जाम से लोग जूझते रहे।

# क्विक न्यूज

## अपनी जगह दूसरे से आशा बहू करवा रही काम

**तिलोई,अमेठी ।** प्रदेश सरकार के मुखिया जहाँ एक ओर पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के चकाचक होने की बात करतें हैं तो वहीँ दूसरी ओर कर्मचारी उनकी इस बात को झूठा साबित करने में लगे हुए हैंद्यमामला तिलोई तहसील के मोहनगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोधवरिया का है जहाँ शिकायतकर्ता गाँव निवासी संतोष कुमार पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए लिखा है गाँव में आशा बहू के पद पर गाँव निवासी अविनाश तिवारी उर्फ़ विनय तिवारी की पत्नी शालिनी तिवारी की तैनाती है परन्तु शालिनी तिवारी की जगह पर क्षेत्र पंचायत सदस्य विमला देवी मीटिंग से लेकर फील्ड के सभी कार्य करतीं हैं और शालिनी तिवारी जो बीण्एडण्की पढाई भी आशा बहू की नौकरी के साथ कर रहीं घर पर ही रहती हैंद्यशिकायतकर्ता ने केंद्र अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए शालिनी तिवारी को उनके पद से मुक्त हुए कठोर कार्यवाही करने की मांग की हैद्यइस बाबत जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक तिलोई से बात की गयी तो उन्होंने बताया की जानकारी मिली है जांच करायी जायेगी जांच में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## अवैध असलहे के साथ एक गिरफ्तार

**तिलोई, अमेठी।** थाना शिवरतनगंज ने अवैध तमंचे एक साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के मुताबिक जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 तनुज कुमार पाल प्रभारी चौकी इन्हौना मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर इन्हौना स्थित दो सडका के पास से एक युवक को एक अवैध तमंचे 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।गिरफ्तार किये गए युवक की पहचान विनय सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत जेल भेज दिया गया है।

## प्रतापगढ़ में अब तक कोरोना से 65 मौत

**प्रतापगढ़।** जिले में करोना के मरीजों की संख्या जहां लगातार बढ़ती जा रही है वहीं दूसरी तरफ मरीजों के ठीक होने की संख्या भी बढ़ रही है। रानीगंज की महिला सहित जिले के छह लोगों में गुरुवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि की गई है। अब जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 5057 हो गई है। इसमें से 65 की मौत हो चुकी है जबकि 4741 लोग स्वस्थ घोषित किए जा चुके हैं।

## गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानाध्यापक की दुर्घटना मे मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के रामपुर भेडियानी मे जय प्रकाश रजक प्रधानाध्यापक थे। शुक्रवार को वह विद्यालय से सगरा सुंदरपुर बाजार आ रहे थे। अपरान्ह सगरा सुंदरपुर-डेरवा रोड पर लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल स्कूल के समीप अज्ञात बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे प्रधानाध्यापक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र लखनऊ मे सहायक अभियोजन अधिकारी एवं चंदापुर निवासी लवलेश कुमार ने पुलिस को अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इधर पीएम के बाद मृतक प्रधानाध्यापक का शव घर पहुंचा तो परिजनो मे चीखपुकार मच गई।

## पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बैरीकेटिंग तोडने के विवाद मे हुई मारपीट को लेकर पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व तोडफोड एवं जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के कोडरा मादूपुर निवासी शिवप्रताप सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ नवंबर को दिन मे साढे ग्यारह बजे गांव के रामशिरोमणि, धर्मेन्द्र, जीतेन्द्र, चोखा, राजकुमार ने कुल्हाडी तथा लाठी डंडे से लैस होकर उसकी बैरीकेटिंग तोड दिया। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात राजकुमार समेत पांच के खिलाफ कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई ।जिसमें दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग घायल हो गए ।मामला थाना लोनीकटरा के ख्वाजापुर ग्राम पंचायत का है ।इसी पंचायत के पंडित पुरवा का संदीप बाइक से पड़ोस में स्थित गांव ख्वाजापुर गया था ।जहां सामने से ख्वाजापुर के डालचन्द का लड़का आर्यन लकड़ी लेकर चला आ रहा था ।लकड़ी संदीप की बाइक से लग जाने से नाराज संदीप ने आर्यन को कई थप्पड़ मार दिए ।इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में शेरबहादुर, संदीप, सविता, नरायन, नीतीश, धीरज, सौरभ, अमित, अनुज व दूसरे पछ के डालचन्द घायल हो गए ।सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया ।इस सम्बन्ध में प्रभारीनिरीक्षक अशोक कुमार यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की गई है।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**सिद्धौर** बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र के इलिचपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी.डंडे चले जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग लहूलुहान हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमारए चंद्रशेखरए व द्वितीय पक्ष से शिवकुमार मुकेश समेत अन्य लहूलुहान हो गए हैं फिलहाल इस संबंध में दोनों पक्ष ने कोठी थाने में कार्रवाई की मांग की है तो वही कोठी थाना प्रभारी रितेश कुमार पांडे ने मामले की जांच करा कर कार्यवाही में जुटे हुए हैं

## बैठक स्थगित होने से भड़के प्रधान व बीडीसी

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** क्षेत्र पंचायत की अचानक बैठक स्थगित होने पर बी डी सी व प्रधान भड़क गए द्यमानदेय को लेकर हंगामा करने लगे द्यबी डी ओ के समझाने पर शान्त हुए। शनिवार को ग्यारह बजे बैठक ब्लाक परिसर में शुरू हुई ।बैठक मे मौजूद स्वास्थ्य शिक्षा, पशुपालन समाज कल्याण,बाल पुष्टाहार आदि विभाग के अधिकारी अपने अपने विकास कार्यो पर चर्चा कर रहे थे ।इसी दौरान प्रधान प्रतिनिधि शुशील जायसवाल ने कहा कि पंचायत मे सफाई कर्मचारी नही है ।कार्य काल समाप्त होने वाला है ।कर्मचारियों द्वारा सहयोग न करने से विकास कार्यो मे देरी हो रही है ।दो बजे बी डी ओ हरिबंश प्रसाद अचानक बैठक को सम्बोधित करने लगे और कहा कि कोरम का अभाव है इस लिए बैठक स्थगित की जा रही है। इसी बात पर प्रधान बी डी सी अपना मानदेय न मिलने पर भड़क गये ।हंगामा करनें लगे द्यअपना मानदेय मांगने बी डी ओ के पास पहुँच गये। बैठक में आये प्रधान भुंइयादीन,गया प्रसाद, रघुराजए पंकज रावत, परशुराम, पंकज जयसवाल, अरुण शुक्ल,कमलेश,उग्रसेन, प्रेम,भाई लाल, कमलेश, दुर्गेश,रतनेश, कमला , सुनीता, छोटेलाल आदि ने बीडी ओ से मानदेय दिलाने की मांग की ।इस सम्बन्ध में बी डी ओ हरिबश प्रसाद का कहना है कि जिन लोगों ने बैठक मे भाग लिया है उन लोगों के हस्ताक्षर देखकर मान देय दिलाया जायेगा ।

## निशुल्क भोजन वितरण दूसरे दिन भी जारी

**बाराबंकी।** समाजसेवियों द्वारा शुक्रवार से गन्ना संस्थान के बाहर अन्नदाताओं के लिए लगाया गया निशुल्क भोजन वितरण शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी एवं अधिवक्ता अजीत झा ने कहा कि हम लोग किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े है जब तक आन्दोलन चलेगा तब तक निशुल्क भोजन वितरण का कार्यक्रम भी चलता रहेगा।

पायनियर
रविवार, 6 दिसंबर, 2020

# एजेण्डा



आप सम्मोहनों से गुजरते हैं जहां आपको लगता है कि आप भी इस दुनिया के लिए संवेदनशील हैं, मैंने ऐसा महसूस किया है
- विनोना राइडर



# घर से काम?

## साइबर हमले से सावधान

**जिस प्रकार दुनिया वायरस के असर से जूझने में व्यस्त है, हैकरों ने इस स्थिति को उन नयी असुरक्षाओं को तलाशने के अवसर के रूप में देखा है जो बड़ी संख्या में घर से काम करने से उभरी हैं। व्यक्तियों व समूहों द्वारा विभिन्न साइबर जोखिमों को झेलने तथा उनसे निपटने के तरीके सुझाते हैं अजय सिंह**

कोविड -19 महामारी ने समूची दुनिया को तालाबंदी के कगार पर पहुंचाया है तथा घर से काम किए जाने को एक अपरिहार्य आवश्यकता बना दिया है। हालांकि यह व्यवसायों को सक्रिय बने रहने का अवसर देती है, मगर इसने संस्थानों के सामने विभिन्न नए खतरे पेश किए हैं, खासतौर पर उनके लिए जो उचित सावधानी बरतने में विफल रहते हैं। हालांकि जिस प्रकार दुनिया वायरस के असर से जूझने में व्यस्त है, हैकरों ने इस स्थिति को उन नयी असुरक्षाओं को तलाशने के अवसर के रूप में देखा है जो विशाल कार्यशक्ति के घर से काम करने से उभरी हैं।

दुनिया भर से विभिन्न रिपोर्टें साइबर अपराध में तीव्र तेजी का संकेत करती है भले ही कोविड-19 प्रमुख उथलपुथल का कारण बनी है और उसने हमें अपने काम करने के तरीके बदलने के लिए बाध्य किया है। इस संकट के दौरान, सक्रिय भूमिका में आए, सूचना प्रणालियों से संबंधित असुरक्षाओं व नए कारकों का फायदा उठाने के लिए अनेक देशों में साइबर अपराध में अप्रत्याशित तेजी आई है।

घोटालों, फिशिंग वेबसाइटें, मानचित्र मालवेयर से लदे हैं तथा कोरोना वायरस से जुड़े स्पैम मेसैजेज की दुनिया भर में चर्चा हुई है। डोमिनिक राब, ब्रिटिश फॉरेन सेक्रेटरी ने शूरूआती मई में पाया था कि '' हमेशा कोई होगा जो अपने खुद के आपराधिक व शत्रुवत मंसूबों के लिए संकट का दोहन करना चाहेगा। हम जानते हैं कि साइबर अपराधी व अन्य शातिर समूह कोविड -19 संबंधी घोटालों व फिशिंग ईमेल्स भेजने के जरिए व्यक्तियों, व्यवसायों, व अन्य संगठनों को निशाना बना रहे हैं।'' तभी से साइबर खतरे व हमले बढ़े ही हैं।

तालाबंदियों ने न केवल हमें घर से काम करने वाला बनाया है, बल्कि घर से खरीदारी करना, घर से पढ़ाई करना, घर से बैंकिंग काम करना, घर से मीटिंगों में भाग लेना इत्यादि काम करने वाला भी बना दिया है।

अध्ययनों ने भी दिखाया है कि लोगों के आनलाइन समय बिताने में जबरदस्त इजाफा हुआ है। संयोग से, वीडियो कांफ्रेंसिंग, बीवाईओडी(ब्रिंग योर ऑन डिवाइस), वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) तथा साझीदारीपूर्ण मंचों जैसी तकनीकें आज मौजूद हैं जो घर से काम करना संभव बनाती हैं। हालांकि, साइबर जोखिमों से सामना उल्लेखनीय स्तर पर बढ़ गया है साथ ही अप्रत्याशित ढंग से तथा मौजूदा सुरक्षा मानकों के साथ समझौता भी हुआ है। साइबर अपराधी ने तेजी से पता लगाया है कि घर से काम करने वाले कर्मचारियों की साइबर सुरक्षा, उनके आफिसों में काम करने के दौरान उपलब्ध साइबर सुरक्षा, की तुलना में कमजोर है। उन्होंने इस्तेमाल हुई विभिन्न तकनीकों में नयी कमजोरियों का फायदा उठाया है और लगातार हमलों की शुरूआत की है।

यह देखते हुए कि हम अपने जीवन का प्रमुख हिस्सा आनलाइन बिता रहे हैं और लगातार बिताएंगे, साइबर खतरों का एक व्यापक मूल्यांकन अपने अस्तित्व व आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक है क्योंकि हम व्यक्ति, परिवार, व व्यवसायों के स्तर पर उनके समक्ष होते हैं।

बड़ी संख्या में संगठनों ने पहले ही घोषणा कर दी है कि कुछ आफिस आधारित कर्मचारी निकट भविष्य के लिए और शायद स्थायी तौर पर किसी प्रारूप में घर से काम किया करेंगे।

घरेलू वातावरण से काम करने का यह बदलाव जिसे शुरूआत में एक अस्थायी समाधान के बतौर माना गया था, शायद नियमित अभ्यास बन सकता है। यह साइबर खतरों पर पूर्णतया पुनर्विचार अनिवार्य बनाता है और इसमें पारंपरिक साइबर सुरक्षा नजरियों से आगे बढ़ना शामिल होता है। साइबर सुरक्षा से संबंधित कोई भी नीतियां व प्रावधान, जिन्हें तब पेश किया गया था जब कंपनियों ने घर से काम करना तय किया था, शायद अल्पकालिक स्तर पर उनका हित साध सकते हैं, लेकिन जहां तक दूरगामी उपायों की बात करें तो एक गहन पुनर्मूल्यांकन कराए जाने की आवश्यकता है। तालाबंदी पाबंदियां हटने से, जब कर्मचारियों को घर से काम करने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाएगी, कहीं से काम करने के साइबर खतरों से निपटने के बड़े सवाल अधिक प्रासंगिक हो जाएंगे। कोरोना वायरस के बाद के दौर में व्यक्तियों, व्यवसायों व सरकारों के लिए सर्वोच्च साइबर सुरक्षा एजेंडा इसीलिए साइबर खतरों को निष्क्रिय करना तथा एक ज्यादा सुरक्षित व प्रतिरोधक साइबर तंत्र निर्मित करना होना चाहिए।

### लोग एवं साइबर खतरे


हम सभी किसी न किसी रूप में साइबर हमलों का निशाना बने हुए हैं, उदाहरण के लिए, उनमें से फिशिंग हमले, साइबर अपराधियों के फोन काल्स या संदेश ऐसे ही हमले हैं। वे आपके निजी डाटा, पासवर्ड्स, सोशल आईडी, बैंक जानकारी व सामाजिक संपर्कों... बुनियादी रूप से कुछ भी ऐसा जिससे कि उन्हें आपके डाटा से आर्थिक लाभ हो सकता हो या बड़ा हमले करने की शुरूआत करने में सहायता मिल सकती हो... की खोज में रहते हैं। साइबर हमलों से बचने का अर्थ होता है कि आप सतर्क, तैयार रहे हैं या सरल शब्दों में हमले से बचने के लिए पर्याप्त सौभाग्यशाली हों।

संयोगवश अनेक चीजें हैं जिन्हें हम बतौर व्यक्ति, कर सकते हैं जिससे कि हमारा आनलाइन अस्तित्व ज्यादा सुरक्षित हो जब हम घर से काम करते हों या इस मामले में कहीं किसी से भी काम करते हों। यह देखने से पहले कि हम क्या कर सकते हैं, ताजा नार्टन साइबर सिक्युरिटी इनसाइट्स रिपोर्ट की जानकारियों पर विचार करें, जो बताती है कि:

- 30 फीसदी लोग फिशिंग हमलों का पता नहीं लगा सकते और अन्य 13 फीसदी लोग असली संदेश और फिशिंग इमेल के बीच का अंतर नहीं बता सकते। यह दर्शाता है कि 10 में से 4 लोग असुरक्षित हैं।
- 86 फीसदी लोगों ने कहा कि वे शायद फिशिंग घटना का निशाना बने हैं।
- 70 फीसदी उपभोक्ता चाहते हैं कि उनके घर का वाई-फाई नेटवर्क ज्यादा सुरक्षित किया जा सकता है। हालांकि सिर्फ 27 फीसदी इसे संभावित मानते हैं कि उनके घर का वाई-फाई नेटवर्क हमले का निशाना बन सकता है।

यह दिखा देता है कि साइबर खतरे जब तथ्य के कारण जबरदस्त बढ़ गए हैं क्योंकि लोग आम तौर पर साइबर जोखिमों से अंजान हैं कि उन्हें इन्हें रोकना होगा और जिसके लिए खतरों को निष्क्रीय करने वाले प्रतिरोधी उपायों को अपनाना पड़ेगा। कुछ बुनियादी बातें जो घर से काम करते हुए बेहतर साइबर स्वच्छता बनाए रखने में योगदान करती हैं, इस प्रकार हैं:

- व्यक्तिगत उपकरणों के उपयोग के बजाय, कंपनी प्रदत्त कंप्यूटरों व लैपटॉप्स का उपयोग होना चाहिए।
- संस्था नेटवर्क से जुड़ने के लिए वीपीएन साफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है
- काम और आराम के लिए भिन्न उपकरणों का उपयोग करें
- सुदूर पहुंच रोकना जब तक कि यह अनिवार्य न हो
- डिफाल्ट पासवर्ड बदले जाने चाहिए
- उपकरणों व आनलाइन खातों के मजबूत पासवर्ड होने चाहिए। व्यक्तिगत व व्यवसाय खातों दोनों के लिए, जहां भी उपलब्ध हो, बहु-कारक प्रामाणिकता का उपयोग होना चाहिए।
- मीटिंग लिंक्स को किसी भी स्थिति में सार्वजनिक तौर पर या सोशल मीडिया मंचों पर साझा नहीं करना चाहिए।
- काम से जुड़े सहयोग हेतु भरोसेमंद एप्स या नियोक्ता द्वारा प्रस्तावित एप्स का उपयोग होना चाहिए।
- कंप्यूटरों व अन्य उपकरणों पर आपरेटिंग सिस्टम, एंटी वायरस व अन्य उपयोगों को नियमित अपडेट करते रहें।
- होम वाई-फाई व एडमिन पासवर्ड्स को ओपेन/फ्री वाई-फाई नेटवर्कों से बचते हुए, नियमित रूप से बदलते रहना चाहिए।
- नियोक्ता द्वारा निर्धारित साइबर -स्वच्छता दिर्शानिर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए।




> यह देखते हुए कि हम अपने जीवन का प्रमुख हिस्सा आनलाइन बिता रहे हैं और लगातार बिताएंगे, साइबर खतरों का एक व्यापक मूल्यांकन अपने अस्तित्व व आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक है क्योंकि हम व्यक्ति, परिवार, व व्यवसायों के स्तर पर उनके समक्ष होते हैं। बड़ी संख्या में संगठनों ने पहले ही घोषणा कर दी है कि कुछ आफिस आधारित कर्मचारी निकट भविष्य के लिए और शायद स्थायी तौर पर किसी प्रारूप में घर से काम किया करेंगे।

### संस्थाएं एवं साइबर जोखिम

आज, लगभग सारे व्यवसाय, चाहे वे किसी भी उद्योग क्षेत्र के हों या किसी भी आकार के हों, साइबर हमलों के लिए संवेदनशील है जो बिना किसी चेतावनी के, किसी भी समय हो सकता है। यह सभी क्षेत्रों व भौगोलिक आकारों के लिए सच है। महामारी ने मौजूदा, नए, व उभरते साइबर जोखिमों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद व्यापक साइबर सुरक्षा कार्यक्रम लागू करने की आवश्यकता को तेज ही किया है। साइबर 'पेरिमीटर' की अवधारणा जो एक समय किसी संस्थान या डाटा सेंटर की सीमाओं तक सीमित रहती थी, आज पूर्णतया खत्म हो चुकी है। सुरक्षा पेशेवर क्लाउड कंप्यूटिंग के आगमन तथा सांगठनिक उपकरणों में निजी उपकरणों को जोड़कर संगठनों द्वारा पोर्टेबल उपकरणों के इस्तेमाल के कारण पारंपरिक किलेबंदी वाली रणनीति छोड़ने के लिए मजबूर हो गए हैं जो पहले बहुत असरकारी हुआ करती थी। साइबर पेरीमीटर संस्थान की सीमाओं से अनंत रूप से आगे बढ़ गया है जो आज एक लचीला एवं विस्तारित वर्चुअल पेरीमीटर है। यह निम्न चार आयामों के साइबर जोखिमों व आवश्यकताओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग करता है:

- **तकनीकी आयाम:** आई टी प्रणालियों, उपयोगों, नेटवर्क, डाटा व उपकरणों की सुरक्षा करना।
- **लोग:** कर्मचारी व अन्य जो उपयोगकर्ता हैं और जिनकी संस्था की प्रणाली तक पहुंच होती है।
- **नीतियां:** प्रावधान व प्रक्रियाएं जो बिजनेस कार्यकलाप संचालित करने में उपयोग की जाती हैं।
- कानून, नियम एवं अनुपालन

निकट भविष्य में जबकि महामारी मौजूद रहती है, कुछ खास किस्म के साइबर जोखिम हैं जिनके लिए कंपनियों को विशेष रूप से तैयार व सुरक्षा संपन्न रहना होगा:

**रेनसमवेयर:** रेनसमवेयर ऐसा मालवेयर है जिसे सूचना को इन्क्रिप्ट करके कंप्यूटर सिस्टम या डाटा तक पहुंच रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और यह तब तक कब्जा जमाए रहता है जब तक कि इसके लिए उसे धन का भुगतान नहीं किया जाता। हाल के महीनों में रेनसमवेयर हमलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गयी है।

नियोजन तरीकों में सामाजिक रूप से व्यवस्थित मालवेयर या वेबलिंक युक्त इमेल शामिल हैं जो डाऊनलोड ड्राइव से सिस्टम में पहुंच जाते हैं। रेनसमवेयर हमलों से आपके सिस्टम को बचाने के कुछ तरीकों में सभी पहुंच बिन्दुओं पर डिफाल्ट पासवर्ड को बदलना, संदिग्ध ईमेल लिंक्स को पहचानने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना, अपटूडेट डाटा बैकअप बनाए रखना, यूएसबी ड्राइव के उपयोग को बंद करना, तथा समय समय पर आपरेटिंग सिस्टम्स व साफ्टवेयर को अपडेट करते रहना शामिल है।

**फिशिंग:** यह सोशल इंजीनियरिंग हमले जैसा है जहां हैकर्स पासवर्ड्स जैसी लॉगइन जानकारियों को चुराने या लोगों को मालवेयर इन्स्टाल करने के अनेक तरीकों से धोखा देने का प्रयास करते हैं। फिशिंग इमेल्स को पहचानने तथा बहुकारक प्रमाणन का उपयोग करने हेतु कर्मचारी प्रशिक्षण, फिशिंग विस्फोट का कारण बनने वाले ऐसे साइबर हमले से होने वाले नुकसान से बचने या रोकने में सहायता कर सकता है।

**बिजनेस ई मेल समझौते:** इस महामारी के दौरान, बड़ी संख्या में बिजनेस ई मेल समझौता प्रकरणों के मामले दर्ज किए गए हैं। यहां साइबर अपराधी कंपनी के किसी सप्लायर को नियत भुगतान को अपने खुद के बैंक खाते में डालने का पुनर्निदेश देने के लिए फर्जी ई मेल भेजते हैं (आम तौर पर उन्हें ऐसा दिखाते हैं मानो वे वैध स्रोतों से हैं।)। घर से काम के परिदृश्य में, जहां कर्मचारी स्पष्टता चाहने के लिए एक दूसरे के सामने नहीं होते हैं, इस प्रकार के साइबर हमले तेजी पर हैं। ऐसे हमलों की रोकथाम कर्मचारियों(खासतौर पर भुगतान प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों में ) में उच्च स्तरीय सतर्कता एवं स्थितिगत सजगता की मांग करती है। कर्मचारियों को ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क व सजग रहने तथा कोई भी कदम उठाने से पहले दोहरी जांच करने की सलाह दी जानी चाहिए। संस्थानों को इस संदर्भ में किसी भी गलती को रोकने के लिए अतिरिक्त पाबंदियां भी लागू करनी चाहिए।

>> पेज 3



भावनाएं खुले आसमान में बादलों की तरह आती और जाती हैं। सजग श्वांस मेरा सहारा है
- थिच न्हात हान्ह

# प्रमुख है मन का संतुलन



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद, अपने भटकते मन व स्वभाव प्रवृत्तियों को रोक न पाने को लेकर चिंतित, एक सज्जन ने आवश्यक मार्गदर्शन के लिए मुझसे संपर्क किया। उसने कहा, '' महोदय, लगभग एक दशक से, मैं पूरे मन से दो प्रशिक्षित गुरूओं के मार्गदर्शन में योग-आसन व प्राणायाम करता आया हूं। अभी तक, मैं सिर्फ अपनी कमजोरियों को ही पहचान पाया हूं। मैंने उन्हें दूर करने की कोशिशें की हैं मगर निकट भविष्य में मुझे इसमें कोई सफलता हासिल नहीं हुई है। मेरा बंदर की तरह भटकता मन लगातार विभिन्न विचारों व चिंतन में खोया रहता है, और इसलिए मैं अपनी प्राथमिक आवश्यकताओं के साथ न्याय नही कर पाता हूं। मैं नहीं जानता कि मैं किस प्रकार इस कोशिश में आगे बढ़ूं। कृपया कोई राह बताएं। ''

मैंने पूछा, '' वैसे, आध्यात्मिकता का उद्देश्य जीवन की जीवंत सच्चाईयों को समझना है, जो जब मन के गहन दायरों में आत्मसोत हो जाती हैं तो जीवन में तार्किक चुनाव करने व आसानी व सुविधा के साथ आचरण करने में सहायता करती हैं। आध्यात्मिक प्रक्रिया अपनाने में आनंद क्या है, यदि इसने आपकी चिंतन प्रक्रिया को पुनराकार देने में सहायता नहीं की?'' मैंने कहा, '' याद रखें, आपके स्तर पर सभी कार्य, चाहे वो आध्यात्मिक प्रक्रिया का पालन करना हो या भौतिक इच्छाओं की पूर्ति हो, मन द्वारा कराए जाते हैं। बेहतर है, मुझे अपने बारे में बताएं कि किस प्रकार आप प्रकिया का पालन कर रहे हैं ताकि प्रक्रिया में गायब सिरे का पता लगाया जा सके।'' खाता देखकर उन्होंने बताया, ऐसा लगता है कि वह अपने ऊर्जा केन्द्रों पर एकाग्र होकर मंत्रोच्चारण किया करते हैं। इस कारण, वह मशीनी ढंग से ऊर्जा स्तर पर काम करते आए हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी चिंतन प्रक्रिया पर काम करने की कम ही परवाह की है। उन्होंने आवश्यक मार्गदर्शन के लिए ज्ञानी जनों की लिखी अनेक किताबें पढ़ रखी हैं, जो उन्हें अकादमिक स्तर पर जागरूक करती है। लेकिन उनका मन, चंचल विचारों में गहरे लिप्त रहा है जो उन्हें शैक्षणिक जानकारियों को समझने के लिए आवश्यकत मानसिक अवसर प्रदान नहीं करते हैं लेकिन यह उनके आचरण में अभिव्यक्त नहीं होगा।

यहां मैं एक ज्ञानी आध्यात्मिक गुरू की बात याद करता हूं: '' आप ईश्वर, संत जनों व शिक्षकों की महिमा का आनंद ले सकते हैं। लेकिन यदि आपमें मन की सुंदरता का अभाव है तो आप ठूंठ या खंडहर में जा सकते हैं। '' जो हमारे लिए अपरिहार्य बनाता है कि हम आध्यात्मिक प्रक्रिया का पालन करने से पहले अपनी मानसिक स्थिति पर कार्य करें, वर्ना यह अपेक्षित परिणाम प्रदान नहीं करेगी। यहां यह उल्लेख करना अनुचित नहीं हो सकता कि मन की पांच अवस्थाएं होती हैं - अंधकारमय, खंडित, उठाने वाली, एकांगी और



एकाग्र। अज्ञानी मन अंधकारमय किस्म के होते हैं। बेतरतीब विचारों के साथ भटकते मन खंडित किस्म के होते हैं। वे लोग जो मानते हैं कि केवल एकाग्रचित्त मन सफलता की ओर ले जा सकता है, अपने भटकते मन को रोकने की कोशिश करते हैं, जो खुद को प्रेरित करने वाले मन के अंतरगत आता है। जैसे ही आप प्रक्रिया में आगे जाते हैं, आप एकांगी बन सकते हैं। वे फिर कश्मकश का शिकार बनते हैं। लेकिन सापेक्ष स्तर पर वे दूरगामी स्तर पर अपनी प्राथमिक आवश्यकताओं पर एकाग्र बने रहते हैं। जो लोग सहज भाव से लंबे समय तक एकाग्र रहने में सक्षम होते हैं, उन्हें एकाग्रचित्त मन का कहते हैं।

जो लोग आध्यात्मिक स्तर पर उन्नति करना चाहते हैं और यहां तक भौतिक स्तर पर प्रगति करना चाहते हैं, उसके लिए तैयार रहते हैं, कम से कम उन्हें यदि एकाग्रता नही तो एक-लक्ष्यता की स्थिति हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। फिर मैं उन्हें कहता हूं

कि वे तीन चरणीय ध्यान प्रक्रिया का पालन करें जैसा कि मैंने अपनी किताब: '' गॉड ऑर नो गॉड, अवेयरनेस इनरिच्स लाइफ।'' में बताया है।

फिर उन महाशय ने पूछा: '' महोदय, मैं आपकी किताब खरीद लूंगा और जो तरीका आपने बताया है उसका पालन करूंगा, लेकिन मुझे बताएं कि मेरी कुंडली में मेरी वर्तमान मानसिक दुर्दशा नजर आती हैं? क्या मुझमें आध्यात्मिक रूप से उभरने की संभावना है? ''

ज्योतिष संकेतकों को देखिए। आप प्रचंड राशि कन्या में जन्मे हैं, जो लग्न में शीशविहीन केतु के साथ मंगल ग्रह में अवस्थित है। मंगल भी दोनों नक्षत्रों - सूर्य और चन्द्रमा- के मामले में विपरीत अवस्था में है। चन्द्रमा की स्थिति वीनस के प्रति कमजोर है, जो आपको अत्यंत भावुक व संवेदनशील बनाती है। आप मामूली बातों को अनावश्यक तूल दे सकते हैं और उसमें बहुत ज्यादा बह सकते हैं जैसा कि प्रचंड मंगल की आक्रामक स्थिति दर्शाती है। पतित भाव में नक्षत्रों के निहितार्थों को एक साथ पढें, तो यह एक चिड़चिड़े, मूडी, गुस्सैल, व निष्ठुर चरित्र, व एकांगी मन होने की बात कहता है।

अब आते हैं आध्यात्मिक क्षमता की ओर, जन्म कुंडली में आज्ञाकारी बृहस्पति आपकी आध्यात्मिक समझ की स्पष्ट चर्चा करता है। सूक्ष्म स्तर से देखने पर, लग्न उपस्वामी राहु, जो अतीत से हासिल गुणों की परिचायक पांचवी संक्रांति का स्वामी माना जाता है। अर्जित गुणों के फलों में रूपांतरण का परिचायक नौवां उपस्वामी चन्द्रमा माना जाता है, जो राहु के उनलग्न स्थल पर काबिज है। इन सबको एक साथ रखें तो यह आपके मन में गहरे पैठे आध्यात्मिकता के बीज को इंगित करता है। चन्द्रमा की स्थिति हालांकि अपेक्षित परिणाम की अपेक्षा करने से पहले अपने मन को साधने के सम्मिलित प्रयासों की मांग करती है।

# स्थायित्व का सार

## राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि हमें साधारण जीवन जीना चाहिए और भयानक आपदा से दुनिया को बचाने के लिए आत्मसंयम का ज्यादा आचरण करना चाहिए

हालिया घटनाक्रम को देखने पर हम पा सकते हैं कि पर्यावरण किस तरह धीरे धीरे वैश्विक बदलाव देख रहा है। अब उस गंभीर खतरे का अहसास हो रहा है जो ओजोन परत में हुए छेद ने पेश किया है। ग्रीन हाऊस असर अब अल्ट्रा वायलेट रेडिएशन में बदलता दिख रहा है और धीरे धीरे ग्लोबल वार्मिंग, समुदों का स्तर बढ़ना और दुनिया के मानचित्र से तटीय देशों व द्वीपों का डूबना जेसे भयावह दुष्परिणाम दिखने लगे हैं।

इसलिए पर्यावरण के संरक्षण तथा विकास की योजनाबद्धता के संदर्भ में, स्थायित्व एक आधारीभूत शब्द बन गया है। और इसीलिए अब यह जोर दिया जा रहा है कि हमारा प्रयास वंचित देशों में लोगों के जीवन मानकों को बेहतर बनाना है, जो हमारे उत्पाद संसाधन भी हैं और आवागमन को प्राकृतिक संसाधनों की तबाही पर्यावरण की बर्बादी का परिणाम नहीं होना चाहिए। इसीलिए जब भी विकास की बात होती है तो ज्यादा जोर स्थायित्व शब्द पर दिया जा रहा है।




इस दिशा में अनेक कदम इसीलिए प्रस्तावित किए जा रहे हैं। हालांकि, इस समूची योजना में, जनसंख्या दर को घटाने की दिशा में बहुत ज्यादा सोचा व किया नहीं गया है, खास तौर पर कुछ एशियाई देशों में। यह महसूस नहीं किया जा रहा कि यदि इन देशों में जनसंख्या लगातार बढ़ती गयी, तो विकास के प्रयास, चाहे वे कितने भी धीमे व छोटे हों, निश्चित रूप से प्राकृतिक पर्यावरण के और ज्यादा नुकसान का कारण बनेंगे। भले ही यहां और अन्य विकासशील एशियाई देशों में औद्योगिक विस्तार बहुत ज्यादा नहीं हुआ है, मगर भारी आबादी और इसमें होती निरंतर वृद्धि अपने आपमें ग्रीन हाऊस असर में वृद्धि करेगी क्योंकि इंसान और पशु संसाधनों से मीथेन का उत्पादन होता है। इसके विपरीत, भले ही विकसित देश लगातार मानव जनसंख्या में वृद्धि पर नियंत्रण रखते हो, मगर इन देशों ` ऊर्जा और अनवीकरणीय, प्राकृतिक संसाधनों की पर केपिटा खपत पहले से अत्यधिक है जो निश्चित रूप से प्राकृतिक संसाधनों में गंभीर क्षरण का कारण बनेगी।

आटोमोबाइल व अन्य कारकों का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण पर घातक असर डालेगा। इस लिए इन देशों में जीवनशैलियों द्वारा पेश किया गया खतरा सामने है। लेकिन लोगों में उनकी उन रोजमर्रा आदतों में अपेक्षित बदलाव लाने की दिशा में लगभग कुछ नही किया जा रहा है जो पर्यावरण असंतुलन में प्रमुख योगदान करती हैं।

दुनिया में, अभी भी ठीक ढंग से महसूस नहीं किया जा रहा है कि यदि जनसंख्या लगातार बढ़ती गयी तो तो उस आबादी की सारी मांगें पूरी करने के लिए, विकासशील प्रयास भी जारी रहते हैं। जो पर्यावरण की बर्बादी की ओर ले जाएंगे। इसी तरह, यदि विकसित देशों के लोगों की जीवनशैली वैसे जारी रही जैसी कि आज है, तो प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण निश्चित रूप से बढ़ेगा।

दोनों कारकों को एक साथ जोड़कर कोई कह सकता है कि स्थायी विकास वास्तविकता के बजाय एक सपना बन गया है।

इसीलिए, यदि हम इन दो भयावह खतरों के कारण प्रमुख आपदाओं को रोकना चाहते हैं तो हमें लोगों को आत्मसंयम बरतने व साधारण जीवन जीने के लिए प्रेरित करना होगा और उसके लिए जीवन के प्रति आध्यात्मिक नजरिया अपनाना होगा। और उसके लिए हमें अपनी आध्यात्मिक पहचान और मूल्यों को महसूस करने की जरूरत है। ऐसी जागरूकता हमें स्वाभाविक प्राकृतिक प्रेमी बनाएगी और एक सकारात्मक ऊर्जा संचारित करेगी जो पुन: हममें प्राकृतिक तत्वों के साथ सद्भाव जागृत करेगी। अगर लोगों की एक खासी जमात इस आध्यात्मिक जागरूकता के साथ रहने लगती है तो प्रकृति अपने आप हमारी मित्र बन जाएगी और मानवता संदिग्ध भविष्य के बजाय सुनहरे की ओर देखेगी।

# परम दुविधा

## हालांकि कुछ विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि मास्क अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जबकि शोधकर्ता आगाह करते हैं कि वे केवल साठ प्रतिशत तक कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में मददगार हो सकते हैं

कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के अनेक प्रयास प्रत्यक्षतया इस सरल अवधारणा - मास्क पहनना - पर आ जाते हैं। लेकिन यह मसला एक जटिल मसला साबित हो गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपना दिशानिर्देश बदल दिया है कि किसे मास्क पहनना चाहिए और कब पहनना है। इस बात ने कुछ भ्रम यहां तक कि संदेह भी खड़े कर दिए हैं।

लेकिन जब से कोरोना वायरस पहली बार नजर आया, अधिकारियों ने बेहतर समझदारी हासिल की है कि यह कैसे फैलता है और कैसे मास्क उसके फैलाव को रोकने में मदद कर सकता है। यहां देखें कि किस प्रकार, यह हम जानते हैं, मास्क ने बदला है, और किस तरह सरकारी अधिकारी धीरे धीरे मास्क के उपयोग की अनिवार्यता के विचार के साथ लामबंद हो रहे हैं।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ: यूएस सेंटर्स फार डिजीज एंड कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने उन लोगों को मास्क पहनने की लंबी सलाह दी है क्योंकि वे उन लोगों को रोकने में मदद करते हैं जो कोरोना वायरस के फैलाव से संक्रमित हैं, चाहे उन्हें मालूम हो या न हो। लेकिन पिछले सप्ताह, सीडीसी ने नया कारण शामिल किया है- मास्क केवल पहनने वाले की भी सुरक्षा कर सकते हैं जो संक्रमित नहीं हैं, वो भी बहुत कम पैमाने पर।

एजेंसी ने जापानी शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन का हवाला दिया जिसने पाया कि मास्क साठ फीसदी वायरस को रोक सकता है जो संक्रमित व्यक्ति से फैलता है। जब मास्क पहने हुए एक असंक्रमित व्यक्ति दूसरे बिना मास्क पहने हुए संक्रमित व्यक्ति के करीब होता है, तो असंक्रमित व्यक्ति द्वारा सांस के जरिए ग्रहण किए जाने वाले वायरस की मात्रा 50 प्रतिशत तक कम हो होती है। लेकिन जब दोनों व्यक्ति मास्क पहने हों तो सर्वोत्तम नतीजे प्राप्त होते हैं। दूसरे व्यक्ति तक पहुंचने वाले वायरस कणों में कमी लगभग 70 फीसदी थी।

इसलिए विशेषज्ञ कहते हैं, यदि हर कोई मास्क पहनता है जब सोशल डिस्टेंसिंग संभव नहीं है, तो संक्रमण दर कम हो जाएगी।

एनल्स आफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित, डेनमार्क में किए गए एक अध्ययन सवाल उठाता नजर आया कि कब और किस हद तक मास्क पहनने वाले की सुरक्षा करता है। हालांकि



,अध्ययन में अनेक कमियां थीं, जैसा कि शोधकर्ताओं ने माना। उदाहरण के लिए, अध्ययन प्रतिभागी जिन्हें मास्क पहनने वाला माना गया, कभी कभी मास्क नहीं पहना। और यह उस समय किया गया जब डेनमार्क में कोरोना वायरस बहुत ज्यादा फैल नहीं रहा था- जिससे वहां नतीजा निकालने के लिए बहुत ज्यादा डाटा नहीं था।

प्रत्येक रूप में, विशेषज्ञ कहते हैं, मास्क हालांकि मददगार है, मगर सुरक्षा की गारंटी नहीं हैं। दूरी बनाए रखना, खुले हवादार क्षेत्रों में रहना, और हाथ धोना भी जोखिम घटाने के महत्वपूर्ण तरीके हैं।

जो पहले कहा गया है, उससे यह किस प्रकार भिन्न है?

सर्जन जनरल, यूएस, जेराम एडम्स ने 29 फरवरी को ट्वीट किया था '' सचमुच लोग- मास्क खरीदना बंद करें ! वे आम लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित होने से बचाने में असरकारी नहीं हैं। ''

लेकिन आज, एडम्स ने अपने ट्वीटर अकाऊंट में सबसे ऊपर एक दूसरी बात लिखी हुई है। 2 जुलाई को ट्वीट में एक वीडियो टेप के जरिए एडम्स कहते हैं, '' जब हम दूसरों से छह फीट की दूरी पर नहीं रह सकते हैं, तो कृपया मैं आपसे विनती करता हूं कि चेहरे को ढंक लें। '' और जुलाई में, सीडीसी ने जोर दिया कि कपड़े वाले मास्क कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण औजार हैं, खासतौरपर जब हर कोई उन्हें पहनता है।

इसी प्रकार, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले आम लोगों के लिए मास्क पहनने के विरूद्ध अनुशंसा की थी, यह कहते हुए कि वे सुरक्षा की झूठी भावना का शिकार हो सकते हैं और यह कि जो लोग नहीं जानते थे कि उनका उचित इस्तेमाल कैसे करें, वे खुद संक्रमित हो सकते थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जून में इस सलाह को बदल दिया। अब यह कहता है कि लोगों को मास्क पहनना चाहिए जब वे घर से बाहर भीड़ वाले इलाके में हों या जब वे सामाजिक दूरी नहीं अपना सकते हैं।

भले ही दुनिया भर में हर कहीं मास्क पहनने का नियम नहीं है, खासतौरपर अमरीका के कुछ राज्यों में, लेकिन कुछ देश, एशियाई देशों समेत, ने मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है, जिसमें सार्वजनिक स्तर पर हर कहीं, दुकानों व सार्वजनिक परिवहन में इनके इस्तेमाल की आवश्यकता का नियम बना दिया गया है।




# इस सप्ताह आपका भविष्य

## मधु कोटिया




### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह, आप अपने स्तर पर अपनी स्वास्थ्य दिनचर्या का खयाल रखें भले ही आप आलस महसूस करते हों। स्वास्थ्य स्तर पर आपके लिए आने वाले दिन अच्छे हैं। स्वास्थ्य बेहतर होगा और जो लोग जांच नतीजों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनके लिए खबरें शुभ होंगी। आपके लिए अब शांतिपूर्ण व सकारात्मक समय हो सकता है। जीवन के प्रति आपका सकारात्मक व नया नजरिया बेहतर जीवन जीने में आपका मार्गदर्शन करेगा। करियर मोर्चे पर, आप नयी ऊर्जा महसूस करेंगे जो आपको बहुत ज्यादा प्रयास किए बिना आगे बढ़ने व उत्तम परिणाम पाने के लिए प्रेरित करेगी।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** शुक्रवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आप सक्रिय रहेंगे और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप एकाग्रचित्त रहेंगे और रचनात्मक कार्यों में अपना समय बिताना चाहेंगे। आप नए विचारों व सोच से भरे हुए हैं। आपका जिज्ञासु मन आपके निरंत व्यस्त रखेगा। आपकी मासंपेशियां सक्रिय होने वाली हैं, नियमित व्यायाम करें। कार्य मोर्चे पर, आपको ठोस फैसले लेने की जरूरत है। व्यापार समझौतों के मामले में आक्रामक व सटीक रहें, वर्ना, आप कुछ अच्छे अवसरों को खो सकते हैं। छात्रों व पत्रकारों के लिए यह समय अच्छा है। भावनात्मक मोर्चे पर तस्वीर बहुत अच्छी नहीं है।

**शुभ अंक:** 30 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** मंगलवार


### मिथुन ( मई 22-21 जून )



कठिनतम हालातों से वापसी करने की आपकी योग्यता से अनेक लोग आपके प्रशंसक बनेंगे। अपनी सेहत का खयाल रखें। आखों का खयाल रखने की जरूरत पड़ सकती है। जरूरत हो, तो नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें। यह नियमित व्यायाम करने और थकाऊ दिनचर्या से अवकाश लेने का समय है। ध्यान एवं सुबह का टहलना अनोखे नतीजे प्रदान करेगा। कार्य मोर्चे पर, कुछ अप्रत्याशित स्थितियां आपको विचार करने व अपनी कार्यशैली में बदलाने के लिए मजबूर कर सकती हैं। कार्यस्थल पर विपरीत लिंगियों से अपने संवाद के दौरान सावधान रहें।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** सोमवार

### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



यह सप्ताह स्वास्थ्य में अनिश्चितता का संकेत करता है। स्वास्थ्य मामलों में अपने सहजबोध की सुनें। यदि को रोग निदान, चाहे सकारात्मक हो नकारात्मक, आपको उचित महसूस नहीं होता है या आप अपने डाक्टर से आराम महसूस नहीं करते हैं, तो नए डाक्टर या वैकल्पिक सलाह लें। इस सप्ताह आप अत्यधिक खातिरदारियों में लिप्त हो सकते हैं। अपनी शराब पीने पर ध्यान दें। यह दुनिया की महान आध्यात्मिक पुस्तकों तक पहुंच बनाने का शुभ समय भी है। कार्य मोर्चे पर, आप अपने रचनात्मक चरम पर हैं और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** गुरूवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



इस सप्ताह आपको अपने स्वास्थ्य का खयाल रखने की जरूरत है। आप अधिक व्यवस्थित ढंग से कामों को संपन्न कर सकते हैं। रोकथाम बेहतर है, चीजें नियंत्रण में हैं। योग, प्राणायाम, व ध्यान तरोताजगी प्रदान करेंगे। स्वयं डाक्टर न बनें। यदि किसी स्वास्थ्य रोग से जूझ रहे हैं तो बेहतर है उचित सलाह हासिल करें और दवा लेना शुरू करें। कार्य मोर्चे पर, कुछ लोगों के लिए पदोन्नति की संभावनाएं हैं। अधिकारियों के साथ अच्छे संबंधों से अत्यंत लाभ प्राप्त होगा। पढ़ने और भाषण देने के शौकीन लोगों को दोनों काम के लिए काफी समय मिलेगा।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** बुधवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह स्वस्थ एवं सकारात्मक वातारण आपके व्यक्तित्व व आकर्षण में चार चांद लगाएगा। आप शारीरिक व मानसिक दोनों स्तरों पर उन्नत होंगे। खुद को स्पा व मालिश से तरोताजा करने का यह अच्छा सप्ताह है। आप व्यक्तित्व विकास पर अपना खासा समय बिता सकते हैं। यह सप्ताह छात्रों के लिए खास तौर पर अच्छा है। कार्य मोर्चे पर, कुछ लोग घर/कार्यालय का स्थान बदल सकते हैं। साझीदारी व्यवसाय करने के लिए यह अच्छा सप्ताह नहीं है। आप अति प्रतिक्रिया कर सकते हैं, अपने वित्त और भटकते मन को काबू में रखें।

**शुभ अंक:** 7 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** रविवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



इस सप्ताह स्वास्थ्य आपके लिए चिंता कारण नहीं होना चाहिए। आपे अपने स्वास्थ्य और क्षमता वृद्धि के लिए जो कर रहे हैं उस पर विचार करने का यह अच्छा समय है। यदि आपको आराम या व्यायाम की जरूरत है तो उस पर विचार करें और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करें। करियर मोर्चे पर, आपके लिए सत्ता पद की संभावना है। अतीत में किए गए आपके सख्त फैसले आपको भारी लाभ प्रदान करेंगे। आप अपने पेशेवर कार्यभारों को पूरा करने तथा मित्रों व परिवार के साथ कीमती समय बिताने के बीच सदभावपूर्ण संतुलन हासिल करेंगे।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** काला **शुभ दिन:** शनिवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह आपको लग सकता है कि आपका स्वास्थ्य जबरदस्त ढंग से बदलता है। आप भारी निराशा से मुक्त होंगे। अप्रत्याशित समझदारी और परम आशावाद की भावना पुरानी शिकायतों से मुक्त होना और भविष्य के प्रति पुन: अच्छा महसूस करना संभव बनाती है। नयी सामग्री/ भोजन आजमाने व उनका आनंद लेने के भी संकेत हैं। कार्य मोर्चे पर, यह समय है जब आप नए अवसरों के उपस्थित होने की अपेक्षा कर सकते है। उन्हें हथियानें के लिए तैयार रहें। मीडिया जनों व राजनेताओं के लिए यह एक अच्छा सप्ताह बनने वाला है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** बुधवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



तनाव व बेचैनी इस सप्ताह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। व्यायाम, भोजन व पानी पीने में संतुलन तथा पर्याप्त आराम करने की अभी आवश्यकता है। प्राणायाम व ध्यान आपके लिए खासतौर पर उपयोगी हैं। यदि आप जांच नतीजों की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो कोशिश करें कि बहुत ज्यादा चिंतित न हों, सकारात्मकता पर ध्यान दें। सकारात्मक लोगों के बीच रहें। कार्य स्तर पर, सप्ताह या तो बोझिल या नीरस रहेगा और आप गतिरोध सा महसूस कर सकते हैं। आप अपने चारों तरह भारी अराजकता देख सकते हैं। खुद पर व ईश्वर पर भरोसा करें।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** सोमवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य बुलंदी पर होगा। आपको ऐसा उपचारक मिल सकता है जो आपको अच्छी उपचार विधि बता सकता है। आपके स्वास्थ्य के लिए क्या सर्वोत्तम है, इस संदर्भ में अपने सहजबोध की सुनें। आप खुद को स्वास्थ्य समस्याों संबंधी ताजा जानकारियों से लैस करेंगे। कार्य मोर्चे पर, आप तेजी से सीखते हैं और अपनी गलतियों को तेजी से दूर करेंगे। रहस्य आपको उत्तेजित करते हे। और इस सप्ताह आप उन्हें हल करने का भी प्रयास करेंगे। अपनी आक्रामकता व हड़बड़ी वाले उन फैसलों पर नजर रखें, जिनसे आपके व्यक्तित्व को हानि होती है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** शनिवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आपको देखभाल व उपचारक ऊर्जा की जरूरत है और मातृत्व सहयोग चाहते हैं। खुद से प्यार करें व अपना खयाल रखें, खासतौर पर यदि आप स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सकारात्मक ढंग से सोचें और सृष्टि की उपचारक ऊर्जा पर भरोसा करें। करियर मोर्चे पर, कार्यस्थल पर माहौल को अपने पक्ष में करने हेतु अपने रचनात्मक विचारों का उपयोग करें। अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करें। अगर आप किसी पद की तलाश कर रहे हैं, अब एक सकारात्मक समय है। आपके प्रयास मूल्यवान हैं। संबंध के मोर्चे पर, प्रेम दस्तक देने वाला है।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** मंगलवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस सप्ताह आप आध्यात्मिक, धार्मिक महसूस करते हैं और आपको समूह में काम करने के अपार लाभ प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य मामले में अपने गुरू से सलाह मांगने के संकेतक हैं। यदि आपके सामने स्वास्थ्य चुनौतियां हैं तो ऐसे में अनुशासन, क्रम एवं समर्पण की उपयोगी रास्ते हैं। आप डाक्टर से सलाह लेने के बजाय स्वयं उपचार करने की पारंपरिक विधि के साथ अधिक सहज महसूस करते हैं। कार्य मोर्चे पर, अपनी ऊर्जा को ऐसे काम में लगाएं जहां थोड़ी बहुत योजना पहले चल रही हो। अपनी क्षमताओं पर ध्यान दें। नए अवसर सामने आएंगे।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार

# गहरी नींद
# मीठे सपनों की नींद



**आपकी रोजमर्रा दिनचर्या में मामूली फेरबदल रात में आपको बेचैन कर सकता है। एक गहरी नींद की कमी दूरगामी तौर पर हमें किस प्रकार प्रभावित कर सकती है, इसकी चर्चा करते हैं निद्रा विशेषज्ञ डॉ. निमिश शाह। टीम वीवा की रिपोर्ट....**

**■ नींद की गुणवत्ता को कोई कैसे माप सकता है कि यह अच्छी है या खराब?**

अच्छी क्वालिटी की नींद बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, लोग अक्सर क्वालिटी को मात्रा से जोड़ने की गलती हैं। कई लोग शिकायत करते हैं कि दिन में आठ से दस घंटे सोने के बाद भी, वे तरोताजा व पर्याप्त ऊर्जावान महसूस नहीं करते हैं। वैसे, अपनी नींद - सुनहरे मानक की- का पता लगाने का सही तरीका 'पोलीसोम्नाग्राफी' कराकर किया जाता है या आम भाषा में, नींद का अध्ययन जहां आप सिर पर कुछ तारों को जोड़ते हैं। यह दरअसल आपकी दिमागी गतिविधि का पता लगाते हैं और आपकी आखों की गतिविधियां देखते हैं, आदि। हम असल में देख सकते हैं कि आप नींद के किस चरण में हैं या आप गहरी नींद या पुन: (त्वरित नेत्र गतिविधि) रेम नींद ले रहे हैं, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

आम तौर पर, पहला सवाल मैं अपने मरीज से यह पूछता है कि ''क्या आप पर्याप्त सो रहे हैं?'' कुछ लोग यह कहकर खुद को कम आंकते हैं कि उन्हें बस तीन से चार घंटे की नींद चाहिए, उसके बाद वे बहुत अच्छी तरह से काम करते हैं। लेकिन तब आप जानते हैं कि एक समय के बाद, उससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। और, स्वाभाविक तौर पर, जो स्पष्ट बताता है कि आप पर्याप्त नींद नहीं ले रहे हैं।

एक और प्रश्न जो हम अक्सर पूछा करते हैं, वो यह कि, ''क्या आप किसी वजह से रात में जागते हैं?'' अनेक प्रकार निद्रा समस्याएं होती हैं जिनके कारण लोग मध्य रात में उठ जाया करते हैं। इसलिए, यदि अक्सर नींद के समय के दौरान व्यक्ति रात में उठ जाया करता है तो यह हमें बताता है कि उनकी नींद की गुणवत्ता बहुत खराब है।

कुछ लोग बिना किसी समस्या के पूरी रात सोते हैं। लेकिन यदि वे फिर भी पूरे दिन नींद या सुस्ती या आलस्य या थका हुआ महसूस करते हैं, तो यह संभवत: यह मतलब हो सकता है कि उनकी अंतर्निहित नींद की गुणवत्ता पर्याप्त अच्छी नहीं है। आम तौर पर एक वयस्क के लिए 6 से 8 घंटे की नींद प्रस्तावित की जाती है।

**■ नींद संबंधी समस्याएं कौन सी हैं और वे कैसे हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं?**

सबसे आम बातें जो नींद की समस्याओं से जुड़ी होती हैं, वे हैं खर्राटें और स्लीप एप्निया।

वे सबसे आम हैं लेकिन लोगों के लिए इन दोनों के बीच का अंतर समझना बहुत जरूरी है। खर्राटें एक प्रकार का शोर/ध्वनि है जो गले के पीछे ऊपरी वायुमार्ग से आती है। इसे आम तौर पर कुछ मांसपेशियों के जरिए संभाला जा सकता है। कुछ लोगों के लिए, वायुमार्ग थोड़ा संकरा होता है और जब वे सोने जाते हैं, उनका शरीर आराम करता है, उनका दिमाग सुकून में और शांत रहता है और उससे मांसपेशियां भी शांत हो जाती हैं। हर चीज ढलाननुमा बन जाती है जब वे सोते हैं। कुछ लोगों के लिए, जब गले के पीछे की मांसपेशियां आराम करती हैं, तो उनके लिए हवा प्रसारण हेतु वायुमार्ग को पर्याप्त खुला रख पाना संभव नहीं रहता और तभी हम उनके खर्राटों की आवाज सुनते हैं।

**सबसे आम बातें जो नींद की समस्याओं से जुड़ी होती हैं, वे हैं खर्राटें और स्लीप एप्निया। वे सबसे आम हैं लेकिन लोगों के लिए इन दोनों के बीच का अंतर समझना बहुत जरूरी है। खर्राटें एक प्रकार का शोर/ध्वनि है जो गले के पीछे ऊपरी वायुमार्ग से आती है। इसे आम तौर पर कुछ मांसपेशियों के जरिए संभाला जा सकता है।**



इसका सर्वोत्तम उदाहरण जो मैं आपका बता सकता हूं वो यह कि यदि आप एक्सप्रेस मार्ग या राजमार्ग पर हैं, और आप एक इंच शीशा नीचे कर लें तो आपको एक खास शोर सुनाई देता है। और वह इसलिए कि हवा एक छोटे मार्ग से गुजर रही है। खर्राटे के साथ भी ऐसा ही है। हवा प्रतिरोध के साथ गुजरती है क्योंकि आपके वायुमार्ग का ऊपरी हिस्सा पर्याप्त खुला नहीं है।

**■ वे कौन से प्रमुख कारण हैं जिनसे नींद में कमी आती है?**

लोग आजकल क्यों पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं, इसकी सबसे बड़ी समस्या, दुर्भाग्यवश, उनकी जीवन शैली है। रोजमर्रा उन्नतियों व विकास से, हम सिर्फ एक स्थान पर बैठ रहे हैं और स्क्रीन से चिपके रहते हैं। बहुत सारा काम, जिसमें पहले शारीरिक हरकत शामिल होती थी, अब घर पर रहकर होने लगे हैं। उदाहरण के लिए आफिस या बाजार जाना जैसे काम, ये सारे काम काफी हद तक घर पर आनलाइन, और बिना हिलेडुले किए जा सकते हैं। टीवी-मोबाइल में हमारा समय बहुत ही ज्यादा बढ़ गया है। नीली रोशनी, जो स्क्रीन से निकलती है, हमारी नींद को बुरी तरह प्रभावित करती है क्योंकि यह व्यक्ति को दिमाग को जगाए रखने के लिए उकसाती है। इन दिनों, लोग रात में अपना काम पूरा होने के बाद आम तौर पर टीवी देखने या सोशल मीडिया सामग्री देखते हैं। जो कि करने वाला सबसे बदतर काम है!

**■ निर्बाध नींद दिनचर्या हासिल करने के क्या आप कुछ तरीके बताना चाहेंगे?**

अच्छी नींद दिनचर्या बनाए रखने कुछ तरीके इस प्रकार हैं:

- दिन में उतना ही सोएं जितना कि आपको तरोताजा व स्वस्थ महसूस करने के लिए आवश्यक है। बहुत ज्यादा न सोएं क्योंकि इससे पर्याप्त नींद न हासिल करने का एक और निरंतर चक्र आरंभ हो जाएगा और आप थकान महसूस करेंगे। व्यक्ति को शारीरिक आवश्यकताओं के मुताबिक सोना चाहिए। सोने और जागने की नियमित दिनचर्या बनाएं और उसका पालन करने की कोशिश करें।
- हर रोज का नियमित स्तर का व्यायाम आपको बेहतर गहरी नींद हासिल करने में सहायता कर सकता है। जरूरी नहीं कि रात में, हमेशा कोशिश करें कि आप हमेशा दिन के शुरूआती हिस्से में व्यायाम करें।
- आपके कमरे का वातावरण बहुत महत्वपूर्ण है। तेज शोर से बचें। कुछ लोग कच्ची नींद वाले होते हैं जिनकी मामूली आवाजों से भी नींद टूट जाती है। अगर आपकी स्थिति हैं तो अपने कमरे को ध्वनिमुक्त करने का प्रयास करें।
- कमरे का तापमान एक और महत्वपूर्ण पहलू है। यह अच्छी नींद हासिल करना आसान बनाता है। आप अच्छी नींद लेते हैं जब आप ठंडे वातावरण में होते हैं। गर्मी आपकी नींद खंडित करने के लिए जानी जाती है।
- भूख और बहुत ज्यादा खा लेना दोनों से नींद की समस्याएं हो सकती हैं। सुनिश्चित करें कि आपने पर्याप्त मात्रा में भोजन किया है ताकि आप रात में भूख या कुछ खाने की जरूरत नहीं महसूस करते हैं।
- नींद की गोलियां दूरगामी तौर पर अच्छी नहीं हैं। एक समय के बाद, उन पर आपकी निर्भरता बढ़ सकती है जो अंततोगत्वा आपकी खुराक भी बढ़ा सकती है।
- सायं 4 बजे के बाद कैफीन पीने से परहेज करें।
- अत्यधिक शराब पीने से बचें। यह आपको जल्दी और बहुत आसानी से सुला सकती है मगर इसके साथ ही साथ, यह आपकी नींद दिनचर्या को पूर्णतया बर्बाद कर सकती है।
- तंबाकू खाना आपकी नींद खराब कर सकता है क्योंकि सिगरेट का असर लगभग चालीस मिनट में खत्म होता है। कोशिश करें कि शाम को या सोने के समय से पहले धूम्रपान या मौखिक तंबाकू खाने से बचें।

## पेज 1 का शेष

# घर से काम? साइबर हमले से सावधान

**ब्रिंग योर ओन डिवाइस (बीवाईओडी):** आफिस कार्य के लिए फोन, लैपटॉप व टेबलेट् जैसे निजी उपकरणों का उपयोग आजकल आम हो गया है। जैसा कि कर्मचारी घर से काम करने लगे हैं , बहुत से ऐसे हैं जिन्होंने रोजमर्रा काम के लिए अपने घरेलू उपकरणों का उपयोग करना शुरू भी कर दिया है। हालांकि इन उपकरणों को कार्पोरेट नेटवर्क के साथ जोड़ने की कंपनियों की नीतियां हो सकती हैं, मगर सावधानियों के मद्देनजर अक्सर ढिलाई व लापरवाही रहती है। और महामारी के दौरान कुछ ज्यादा। विशिष्ट सांस्थानिक साइबर सुरक्षा प्रावधानों की गैरमौजूदगी उनके लिए साइबर खतरा पेश करती है। यदि इनमें से किसी उपकरणों में लापरवाही होती है, तो वह हैकरों को कार्पोरेट नेटवर्क में घुसने व डाटा तक पहुंचने और उनका दोहन करने का अवसर प्रदान कर सकती है। यदि कर्मचारी लगातार घर से काम करते हैं और निकट भविष्य के लिए व्यक्तिगत उपकरणों पर भरोसा करते हैं, तो ज्यादा सक्षम प्रावधान लागू किए जाने चाहिए जो व्यक्तिगत उपकरणों पर आफिस में उपयोग आने वाले सुरक्षा साफ्टवेयर के अद्यतन एवं अवस्थापन की मांग करते हैं।

**साइबर सुरक्षा के आसान पहलुओं पर ध्यान दें:** अभी तक, साइबर सुरक्षा संबंधी चर्चा आम तौर पर आईटी अवसंरचना तथा उन खतरों के इर्दगिर्द रही है जो साफ्टवेयर और हार्डवेयर व्यवसायों को पेश कर सकते हैं। हालांकि रेनसमवेयर जैसे साइबर खतरों की व्यापकता, पासवर्ड्स चुराना, फिशिंग और बिजनेस इमेल जैसे सोशल इंजीनियरिंग हमले तथा अन्य लापरवाहियां व्यवसायों को मजबूर कर रही हैं कि वे जागरूकता, प्रशिक्षण एवं सुरक्षा पहले वाली संस्कृति जैसे साइबर सुरक्षा के आसान व कम वास्तविक पहलुओं पर विचार करें। जिम्मेदार आनलाइन आचरण के संदर्भ में उच्च स्तरीय स्थितिजन्य जागरूकता, बुनियादी साइबर सुरक्षा मानदंड कायम करना तथा प्रशिक्षण भी यह सुनिश्चि करने के लिए अनिवार्य हैं कि नए व मौजूदा कर्मचारी साइबर हमलों से पूरी तरह परिचित हैं।

### सरकार व साइबर जोखिम

दुनिया भर की सरकारों ने हालिया महीनों में महामारी के फैलाव के साथ उभरने वाले साइबर अपराधों में चिंताजनक तेजी की ओर ध्यान दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों, व्यवसायिक व कानूनी संस्थाओं ने इस साल अगस्त माह तक लगभग सात लाख साइबर हमलों का सामना किया है। साइबर हमलों में त्वरित तेजी को पहचानकर, भारत सरकार ने मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ अधिकारियों) के लिए उनकी प्रमुख भूमिकाओं व क्रियान्वयन/अवसंरचना एवं अनुपालन सुनिश्चित करने करने वाले दायित्वों से संबंधित दिशानिर्देश जारी किया है। केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों के सभी मंत्रालय/विभाग तथा सभी महत्वपूर्ण क्षेत्र 'साइबर हमलों व साइबर आतंकवाद विरोधी साइबर संकट प्रबंधन योजना' को लागू कर रहे हैं। 12 अक्टूबर को मुंबई को प्रमुख ऊर्जा कटौती का सामना करना पड़ा जिसे हल करने में कई घंट लग गए। आज, अधिकारी जांच कर रहे हैं कि कहीं यह साइबर हमला तो नहीं था। साइबर खतरा वास्तविक है, और यह खतरनाक है। सभी डिजीटल नागरिकों व संस्थाओं के लिए यह एक ऐसी वास्तविकता है जो महामारी को बनाए रखेगा। समस्त उद्योग क्षेत्रों, सरकारी तंत्रों, सार्वजनिक सेवाओं की विशिष्ट साइबर सुरक्षा चुनौतियां अत्यंत व्यापक हैं। जैसा कि साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कहते हैं, जहां तक साइबर सुरक्षा का प्रश्न है आपका काम कभी पूरा नहीं होता है। साइबर खतरे व धमकियां बदलती रहती हैं और इसलिए साइबर सुरक्षा उपायों व प्रणालियों को बदलते रहना चाहिए। यह वो खेल है जिसमें आपको डिजीटल जगत में आगे बढ़ने व खुद को टिकाए रखने के लिए निरंतर जीत हासिल करनी होगी।

- लेखक कार्पोरेट सलाहकार व मार्गदर्शक हैं। उन्होंने हाल में साइबरस्ट्रांग: ए प्राइमर आन साइबर रिस्क मैनेजमेंट फार बिजनेस मैनेजर्स नामक किताब लिखी है जो सेज पब्लिकेशन इंडिया से प्रकाशित है।

# बदलाव का दूसरा नाम है वह

**राजस्थान की 16 साल की वसुंधरा प्रजापति अपने गांव में लड़की के बाल विवाह को रोकने तथा अधिक खुलकर माहवारी स्वच्छता पर चर्चा हेतु महिलाओं को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस पीस प्राइज 2020 के लिए नामित हुई हैं। डॉ. आभा शर्मा की रिपोर्ट**

कुछ साल पहले तक, वह एक साधारण शर्मिली लड़की थी। यह कहें, कि बाहर से आने वाले मेहमानों व संबंधियों के साथ बातचीत करने में संकोची तथा डरपोक। वह बस जल्दी से सबका अभिवादन करती और यथासंभव तेजी से वहां से खिसकने का अवसर तलाशती। आज वह एक युवा मिसाल है, अपने गांव में सर्वाधिक मुख शक्तियों में से एक। 16 वर्षीय वसुंधरा प्रजापति, जो इंटरनेशनल चिल्डेंस पीस पुरस्कार 2020 के लिए नामित हुई है, के पास मुस्कुराने के सभी कारण है। राजस्थान में टोंक जिले के दर्दातुर्की गांव की निवासी, वसुंधरा को उनके जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता की पैरवी के उनके सक्रिय प्रयासों के लिए नामित किया गया।

अपनी अब तक की यात्रा से रोमांचित, वसुंधरा ने याद किया कि किस तरह वह शुरूआत में सेव द चिल्डेन और शिव शिक्षा समिति, पिछले तीन दशकों से टोंक जिले में सक्रिय स्थानीय एनजीओ , द्वारा आयोजित बैठकों में शामिल होने में संकोच करती थी। उसके माता पिता किसी भी रूप में बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं थे। लेकिन जब उसके मित्रों द्वारा उसे प्रेरित किया गया तो उसमें सहज रूचि विकसित हो गयी। उसने कहा, ''यह आंख खोलने वाला अनुभव था, नयी सोच से परिचय। सबसे प्रेरणादायी तथ्य जो आज मेरे दिमाग में गूंजता रहता है- अपने खुद के मामलों से निपटने में सक्षम कैसे हों।''

एक ऐसे क्षेत्र में पली- बढ़ी जहां बाल विवाहों को कानूनी कार्रवाई किए जाने के बजाय सामाजिक स्वीकार्यता हासिल थी, वसुंधरा ने शादियों को खाने, नाचने और मस्ती के अवसर से परे नहीं सोचा था। प्रजनन अधिकारों के जागरूकता अभियान की मेहरबानी, कि वह किशोरावस्था स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता, लड़कियों के पढ़ने के अधिकारों व कम उम्र में विवाह के प्रभावों व अन्य अनेक बातों से परिचित हुई। उसने महसूस किया कि ये सभी पहलू नौजवानों के जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं लेकिन घरों या स्कूलों में इन पर बिरले ही चर्चा या इनका उल्लेख किया जाता है। इस चिंतन ने उसके दिमाग में अनेक सवाल पैदा किए।

हालांकि, शिव शक्ति समिति के साथ उसका सक्रिय जुड़ाव तब शुरू हुआ जब वे ढोली के संपर्क में आई, और फिर शादी बच्चों का खेल नहीं अभियान की प्रोजेक्टर समन्वयक बनी। वह जल्द बाल समूह की सदस्य बन गयी और जीवन योग्यता प्रशिक्षण हासिल किया। सामाजिक कार्य के प्रति उसकी समझदारी को महसूस करके, धोली ने वसुंधरा के माता पिता को उसे प्रेरित व उत्साहित करने की अपील की। यह उसकी यात्रा की शुरूआत थी जैसा कि वह 2017 में किशोर विमर्श समूह की सदस्य बन गयी।

वर्तमान प्रोजेक्ट समन्वयक, सीताराम, ने कहा, ''अभियान 'सहपाठी शिक्षक अवधारणा' पर जोर देता है, जहां खुद को पहचानने से लेकर, आत्मविश्वास एवं संवाद योग्यताओं से लेकर परानुभूति तक के दायरों से संबंधित विभिन्न प्रारूपों पर जीवन कौशल प्रशिक्षण के लिए समूह बनाए जाते हैं। उन्हें जेंडर नियमों की चुनौतियों को संबोधित करने के लिए तैयार किया जाता है यानी 'समाज, मैं और मेरा तन' में बदलाव कैसे लाए जाएं, जिसमें शारीरिक हिंसा संबंधी जागरूकता समेत स्वास्थ्य समस्याएं शामिल होती हैं।''




समय के साथ, वसुंधरा किशोरावस्था समस्याओं के प्रति ज्यादा पारखी व संवेदनशील बन गयी। उसने ध्यान देना शुरू किया कि लड़कियां सिर्फ खेतों में काम करती रह जाएंगी यदि गांवों में कोई लड़कियों का स्कूल नहीं है। उसने उन वर्जनाओं को पहचानना भी शुरू किया - माहवारी स्वच्छता कैसे महत्वपूर्ण थी, महिला शिक्षा और सशक्तीकरण की सरकारी योजनाएं क्या हैं, स्वास्थ्य केन्द्रों पर सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को कैसे हासिल किया जाए, आदि।

इसने चेंजमेकर बनने की उसकी यात्रा को गढ़ दिया। प्रोजेक्ट के हिस्से के बतौर, फरवरी 2019 में कल्पना नामक पंचायत स्तरीय संघ गठित किया गया। लगभग 20 लड़कियों को ग्राम पंचायत और ब्लाक स्तरीय संघ तथा विभिन्न भूमिकाओं के निर्वहन के लिए चुना गया। वसुंधरा को उसकी अच्छी वाचन योग्यताओं के कारण, मीडिया की जिम्मेदारी दी गयी। वह मानती है, ''महत्वपूर्ण मसलों पर उचित आम समझ पर जोर देते हुए व्यक्ति लोगों को अपना लक्ष्य के बारे मे बताने की ताकत आ सकती है।''

लेकिन लड़कियों के साथ या फिर उनकी मांओं के साथ बातचीत चलाना उतना आसान नहीं था जितना कि उसने सोचा था। सबसे मुश्किल काम था माहवारी स्वच्छता व बाल विवाह पर बात करना। लेकिन निरंतर प्रयासों ने इस जड़ता को तोड़ने में सहायता की। उसने लड़कियों के अन्य समूहों को भी खुलकर माहवारी स्वच्दता पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। वह अब अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ भी सभी मुद्दों पर विचार करने में आत्मविश्वास महसूस करती है और वह उन्हें अपनी सहायता के लिए मनाने में सक्षम है। बल्कि उसने अपनी मां को भी सिखाया कि सेनिटरी पैड का उपयोग कैसे करते हैं।




वसुधंरा के गांव के स्कूल लड़कों व लड़कियों के लिए कक्षा 12वीं तक हैं लेकिन पंचायत के अनेक अन्य गांवों के लड़कियों के लिए केवल प्राइमरी स्कूल हैं। चूंकि माता पिता अपने गांव से बाहर अपनी लड़कियों को पढ़ने भेजना नहीं चाहते हैं, अधिकांश लड़कियों की पढ़ाई कक्षा पाचवीं के बाद छूट जाती है। वसुंधरा ने पढ़ाई छोड़ चुकी लड़कियों को समिति द्वारा आयोजित दो मासिक सत्र में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और मूल अंग्रेजी व हिन्दी में पारंगत होने में उनकी सहायता की।

उसने आत्मविश्वास से ग्राम पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तरों पर सभी अभियानों का नेतृत्व किया, चाहे वह पड़ोसी गांव खेदुला गांव में कन्या विद्यालय का स्तरोन्नयन करके उसे आठवें दर्जे तक पहुंचाना हो या प्राइवेट स्कूलों में सेनिटरी नेप्किंस प्रदान करना हो और टोंक जिले को राष्ट्रीय किशोरावस्था स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल करने की मांग करना हो। वह सभी मंचां पर समस्याएं उठाने तथा संरपंच, जिला कलेक्टर, स्थानीय सांसद और निश्चित रूप से मीडिया के सामने ज्ञापन देने में अत्यंत मुखर थी।

वसुंधरा ने कहा, ''हालिया तालाबंदी के दौरान, सरकार व अन्य संगठनों का पूरा ध्यान खाद्य आपूर्तियों को बरकरार रखने पर था जो निश्चित तौर पर समय की आवश्यकता थी। लेकिन लड़कियां और महिलाएं सेनिटरी पैड कहां से प्राप्त करें क्योंकि सप्लाई स्वास्थ्य केन्द्र पर रूक गयी थी? जब स्कूल खुलते हैं, लड़कियो को वहां पैड मिलते हैं, लेकिन यह अत्यावश्यक था कि तालाबंदी के दौरान भी आपूर्ति श्रंखला को बनाए रखा जाए।'' उसकी चिंताओं को सोशल मीडिया पर भी उठाया गया और शिव शिक्षा समिति की सहायता की अपील की गयी। मांग को प्रशासन तक भी पहुंचा दिया गया। वसुंधरा ने सेनिटरी पैड के निस्तारण के लिए भी इनसिनरेटर लगवाने का आवेदन भी किया था। उसके सदिच्छापूर्ण प्रयासों द्वारा प्रेरित होकर, सरपंच ने अब गांव में लड़कियों का स्कूल खोलने का वादा किया है।

शिव शिक्षा समिति के सचिव, शिवजी राम यादव ने हमें बताया कि कैसे वसुंधरा ने जीवन कौशल सत्रों के जरिए लगभग 180 लड़कियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा, ''माहवारी स्वच्छता पर केन्द्रित, चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम में उसकी भूमिका बहुत शानदार रही है। उसने बाल विवाह व किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने में बहुत सराहनीय काम किया है।''

वसुंधरा अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और इसलिए, उसके दादा-दादी उसकी भी शादी कराने को लेकर उत्सुक थे। वे उससे बहुत प्यार करते थे लेकिन वे पुरानी मानसिकता में भी जकड़े थे इसलिए वसुंधरा ने साहस करके अपने माता पिता से बातचीत की और उन्हें उसे पढ़ाई करने की अनुमति देने के लिए मनाया। उसने तीन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करके तीन बाल विवाह रोकने में सहायता की। विवाह धीरे धीरे बंद हो गए लेकिन अपनी कथित मुखर स्वभाव के कारण गांव वालों से उसने काफी नाराजगी मोल ले ली। कुछ ने उसके परिवार के साथ नाता तोड़ लिया कि ''उसे देखो। अब वह हमें सिखाएगी कि क्या सही है।'' यह जुमला एक आम संबोधन बन गया। लेकिन वसुंधरा के लिए, उसके पारिवारिक सहयोग ने उसे अपनी राह पर चलने में सहायता की। वह कहती है, ''अगर आपका परिवार आपके साथ है तो आप कुछ भी कर सकते हैं।'' अवार्ड के लिए उसके हालिया नामांकन ने हालांकि उसके प्रति विपरीत वातावरण को थोड़ा बहुत आसान बना दिया है। खैर, अब उसे प्रशंसाएं प्राप्त होने लगी है। जब उससे उसके सपनों के बारे में पूछा गया तो उसने उत्तर दिया, ''मैं राजनीति में जाना चाहती हूं ताकि लोगों व लड़कियों के जीवन को बेहतर बना सकूं।'' वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अपनी हमनाम, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नेतृत्वकारी गुणों से खासतौर पर अत्यंत प्रभावित है। उसे लगता है कि जन शिकायतों को दूर करने की कुंजी सरकार से मिलती है। उसने कहा, ''समस्या का हल सरकार से ही आता है। यदि आप उस स्थिति में हैं तो आप लोगों के लिए, खास तौर पर लड़कियों के बेहतर जीवन के लिए, बदलाव लाने में उपयोगी बन सकते हैं।'' वह हर उस लड़की की मदद करना चाहती है जो उसकी पसंदीदा फिल्म, द सीक्रेट सुपरस्टार की नायिका की तरह सपने देखने की हिम्मत रखती है।

**- चरखा फीचर्स**



मुझे बागवानी करना और प्रकृति के साथ एक होना पसंद है। यह सकारात्मक रहने का मेरा तरीका है, जीवन में सरल चीजों की सराहना करना और पृथ्वी से जुड़ना।
- प्रीति जिंटा



# 'पहले कदम के बाद गंतव्य भी अधिक दूर नहीं रहेगा'

**गायिका निकिता गांधी का कहना है कि उनका नया गाना 'खुद को ही पाके, आत्मअन्वेषण का ही काव्यात्मक प्रतिनिधित्व करता है और बताता है कि जीवन का एकमात्र सत्य ये है कि आप कौन हैं और स्वयं पर विश्वास कीजिये। प्रस्तुत है टीम पायनियर की रिपोर्ट**



**एमटीवी बीट्स लव डुयेट, शो, जो लैंगिक दृष्टि से निरपेक्ष एलबम है, के साथ अपने सहयोग के बारे में बताइये। आपका ये अनुभव कैसा रहा?**

मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा है। मैं इसके लिए बहुत कृतज्ञ हूं कि मेरा गाना 'खुद को ही पाके' एलबम के दर्शन के जैसा ही है। लव डुयेट प्यार के संबंध में चल रहे विमर्श को सामान्य बनाने की ओर पहला कदम है और इसमें लैंगिकता रूढ़िवादिता से परे की बात की गई है। इसके कारण एलजीबीटीक्यू समुदाय के कुछ महान कलकारों को मंच मिल सका है। ताकि वो अपनी प्रतिभा दिखा सकें और अपने स्वर बुलंद कर सकें। मुझे प्रसन्नता है कि इस छोटी सी यात्रा में मुझे भी एक लघु योगदान देने का सौभाग्य मिला। ये मात्र एक संयोग ही है कि ये गाना इस एलबम की भावना का ही प्रतिनिधित्व करता है और इसकी यही बात मुझे सर्वाधिक प्रिय है। मैं इसी म्यूज़िक वीडियो में एक सहयोगी चरित्र निभाकर रोमांचित अनुभव कर रही हूं। मैं वीडियो में दो ऐसे प्राणियों की कहानी है जो एक दूसरे से प्यार करते हैं लेकिन सालों से वे एक एक संकुचित जीवन जीने को बाध्य हैं। मुझे विश्वास है कि गाना लोगों को अच्छा लगेगा और लोगों के विचारों को कुछ सीमा तक प्रभावित भी कर सकेगा।

**'खुद को ही पाके' गाने के पीछे का विचार क्या था? आपके अनुसार ये मुख्यधारा के दूसरे गानों से किस प्रकार भिन्न है?**

मैंने ये गाना एक ऐसे व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए बनाया था जो पहचान की समस्या से जूझ रहा था। गाने में विचार ये है कि हम सभी को अपने जीवन में अपने हिस्से के दुख और सुख मिलते हैं और कोई भी इससे बच नहीं सकता। इसमें आत्मस्वीकृति को अभिव्यक्ति देने का प्रयास किया गया है। इसके अनुसार जीवन में सत्य केवल ये है कि आप स्वयं को जाने और वही बने रहने का प्रयास करें। एक प्रकार से ये स्वयं से प्यार करने और प्यार को उसके हर रूप में स्वीकार करने का प्रकटीकरण मात्र है।

**इसके वीडियो में आप भी दिखाई दे रहे है। इस वीडियो को बनाने के लिए आपको किस प्रकार के प्रयास करने पड़े?**

जब मुझे वीडियो हेतु एमटीवी बीट्स के विज़न के बारे में पता चला तो मुझे इससे तुरंत ही प्यार हो गया था। ये दो लोगों के प्यार की कहानी है और इसमें लीड इवांका दास ने की है और उसे अपनी लैंगिक पहचान को लेकर कुछ समस्या होती है। इसमें दिखाया गया है कि किस प्रकार उसकी पत्नी उसका साथ देती है और उसमें स्वयं के प्रति प्यार की भावना जागृत करने में सहायक होती है। जबकि पत्नी को अपनी गर्भावस्था का भी ध्यान रखना पड़ता है। उसे अपने पति में आ रहे बदलावों के कारण अपना भविष्य भी अनिश्चित लग रहा होता है। ये मार्मिक कहानी है जिसमें एक दंपत्ति प्यार और स्वीकृति को पुनर्परिभाषित करते हैं।

चूंकि इवांका एलजीबीटीकयूप्लस कर्मी है और समुदाय के भीतर उसकी एक आवाज है तो ऐसे में मुझे उससे विचार विमर्श करने से काफी मदद मिली। इस प्रकार पूरी प्रक्रिया असाधारण रही और ये एक ऐसा प्रोजेक्ट रहा है जिससे जुड़ना मेरे लिए सदा गर्व का विषय रहेगा।

**आप कैसे सोचती हैं कि एक माध्यम के रूप में संगीत देश की कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं के समाधान में सहायक हो सकता है?**

मैं सदा से मानती आई हूं कि कला एक विचार है और कई प्रकरणों में ये समाज और लोगों के लिए दर्पण समान होता है। मेरे लिए तो संगीत एक जॉनर की बजाय आत्मअनवेषण का ही एक माध्यम है। संगीत हमें समुदाय की भावना प्रदान करने का सामर्थ्य रखता है। इसमें लोगों को निकट लाने की क्षमता है और ये सदा ही प्यार एकता तथा शांति की सार्वभौमिक भाषा की भूमिका निभाता रहेगा।

**धारा 377 के संबंध में निर्णय हुए दो साल बीत चुके हैं। आपके अनुसार उसके बाद हमारे समाज ने कितनी प्रगति की है? क्या अब भी इसमें समय लगेगा?**

ये सही है कि हमने एक इतिहास रचे जाते देखा है। लेकिन अभी हमें लंबा रास्ता तय करना शेष है। हमारे समाज ने प्रगति की है और हम सभी के लिए समानता के लिए अधिक मुखर हुए हैं। लेकिन कुछ नकारात्मकता आज भी शेष है। मेरे कुछ मित्र हैं जो आज भी इस सामाजिक कलंक से भयभीत रहते हैं। उन्हें बहिष्कृत किये जाने का भय आज भी सताता है। ये किसी के लिए भी कष्टकारक होता है। लेकिन समय लग सकता है परंतु किसी भी यात्रा में पहला पग महत्वपूर्ण होता है। हम अपनी यात्रा में काफी आगे निकल आए हैं तो गंतव्य भी अधिक दूर नहीं रहेगा।

**आपकी भावी परियोजनाएं क्या हैं?**

संगीतकार के रूप में मेरा पहला गाना पिछले सप्ताह ही आया है ऐसे में पिछले कुछ सप्ताह काफी रोचक रहे हैं। मैंने नेटलिक्स के मिसमैच्ड के लिए भी एक गाना बनाया था। एक एलबम के लिए गाने का सौभाग्य भी मुझे मिला था। अमेरिका स्थित कलाकार राजीव ढाल के साथ भी एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी हुआ है। हमनें तब 'खुद को ही पाके, रिलीज़ ही किया था। इसके अलावा कुछ सिंगल्स पर भी काम चल रहा है। साथ ही कुछ अद्भुत कलाकरों के साथ सहयोग की बात भी चलती रहती है। अधिक से अधिक संगीत रचना किये बिना मुझे चैन नहीं पड़ता।



# 'पितृत्व ने मुझे पूरी तरह से बदल कर रख दिया है'



अभिनेता सुमीत व्यास मानते हैं कि हमारे पितृसत्तात्मक समाज में हम पुरुष के भावनात्मक तथा दुर्बल पक्ष के बारे में बात ही नहीं करते। उनका कहना है कि पितृत्व ने उन्हें भावनात्मक स्तर पर परिवर्तित कर दिया है। उनके अनुसार उनके पुत्र वेद के जन्म के बाद वो अब एक बिलकुल अलग प्रकार के व्यक्ति बन चुके हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए ये भी बताया कि जहां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाया और आयोजित किया जाता है वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के बारे में पता ही नहीं चलता कि ये कब आया और कब चला गया।

अभिनेता ने आगे कहा, 'जब बात पुरुषों की आती है तो यदि पितृसत्तात्मक समाज में रहते हुए हम कभी भी अपने भावनात्मक पक्ष के बारे में न ही बात करते हैं और न ही उसे किसी भी प्रकार से सामने रखते हैं। मैं आधुनिक प्रगतिशील समाज का पुरुष हूं जो लैंगिक समानता में विश्वास करता है लेकिन कई बार हम किसी विषय पर आवश्यकता से अधिक सोच डालते हैं और फिर बात जटिल होती चली जाती है। लेकिन मेरा मानना है कि हमारी अगली पीढ़ी को ये सब नहीं देखना पड़ेगा।'

अपने पुत्र के बारे में बात करते हुए जिसका जन्म पिछली 3 जून को हुआ था, उन्होंने इस बात को सामने रखा। उन्होंने कहा, 'वो केवल छः माह का ही है लेकिन पिता होने के साथ ही मेरे भीतर कुछ भावनात्मक परिवर्तन आया है। इस बात में भी कोई संदेह नहीं है कि दुनिया में कोई भी बच्चे के लिए मां के भावनात्मक प्रयासों की समानता नहीं कर सकता। लेकिन हम सदैव कहा करते हैं कि मां बनने के बाद स्त्री में परिवर्तन आते हैं और आते भी होंगे लेकिन मैं ये कह रहा हूं कि पिता बनने पर पुरुष में भी परिवर्तन आते हैं।

आगे बताते हुए उन्होंने कहा, 'अब मैं जो कुछ भी करता हूं मेरे सामने मेरा बच्चा आ जाता है। बच्चे के जन्म से पहले मैं अपने लिए एक महंगी सायकिल लेना चाह रहा था लेकिन अब मैं पुत्र के लिए खिलौना साइकल या दूसरे खिलौनों के बारे में पता कर रहा हूं कि कौन से खिलौने अच्छे रहते हैं।'

उन्होंने ध्यान दिलाया कि हमेशा लैंगिक समानता की बात की जाती है लेकिन पुरुष और स्त्री को समर्पित दिवसों को एक जैसे ढंग से नहीं मनाया जाता। उनके अनुसार, 'ये एक प्रकार का मजाक है कि हमें 19 नवंबर को संपन्न अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का पता ही नहीं चला। इसे तो ऐसे ही बिसरा दिया गया। उनका कहना है कि वो केवल ऐसे विषयों पर कुछ अधिक ही सोच डालते हैं। हो सकता है कि पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष होने के नाते ऐसा होता हो। जब मेरी पत्नी दिन भर की थकी घर आती है तो मैं उसे प्रसन्नता से कॉफी बनाकर देता हूं क्योंकि ये स्वाभाविक है। लेकिन जब मैं ऐसी ही अपेक्षा करता हूं तो मन में आता है कि कहीं मैं आदतन पुरुष होने के कारण तो ऐसा नहीं कर रहा कि महिलाओं को ऐसा करना ही चाहिये? जैसा कि मेरे दादाजी की पीढ़ी में सोचा जाता होगा।'

दास बताते हैं, 'मैं उस श्रेणी में नहीं आना चाहता लेकिन मेरा कहना है कि एक व्यक्ति के लिए तो वही कार्य प्रगतिशील बन जाता है लेकिन दूसरे के लिए अधोगति का प्रतीक। हो सकता है कि मैं कुछ अधिक सोच रहा हूं लेकिन ये वास्तविक है। ऐसा मैं अक्सर सोचा करता हूं और ऐसे में ही एक विचार मन में आता है, कॉफी मशीन ज़िंदाबाद!' हंसते हुए उन्होंने कहा।

## रजनीकांत की आध्यात्मिक राजनीति किसी धर्म के खिलाफ नहीः मनियन

**चेन्नई।** सुपरस्टार रजनीकांत के नजदीकी सहयोगी टी. मनियन ने शनिवार को कहा कि रजनीकांत की राजनीति का किसी धर्म विशेष से लेना देना नहीं होगा और वह बिना किसी भेदभाव के, समावेश की राजनीति करेंगे। मनियन ने कहा कि आध्यात्मिक राजनीति की शुरुआत महात्मा गांधी ने की थी। रजनीकांत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वह जनवरी 2021 में अपनी राजनीतिक पार्टी की शुरुआत करेंगे और आध्यात्मिक राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। पूर्व कांग्रेस नेता मनियन को रजनीकांत ने अपनी प्रस्तावित पार्टी में प्रभारी की भूमिका दी है। मनियन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आध्यात्मिक राजनीति और धार्मिक राजनीति के बीच कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, आध्यात्मिकता का कोई धर्म नहीं होता। एक आध्यात्मिक व्यक्ति वह है जो प्रत्एक प्राणी में स्वयं को और सबको स्वयं में देखता है। उसकी कोई जाति, धर्म या भेद नहीं होता। आध्यात्मिकता सबसे प्रेम करने का माध्यम है। रजनी वही करने जा रहे हैं।

## कमल हासन ने स्थापित किया मय्यम महिला कार्य बल

**चेन्नई।** मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) पार्टी के संस्थापक कमल हासन ने शनिवार को मय्यम महिला कार्य बल स्थापित करने को घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का उद्देश्य महिलाओं को समानता और विभिन्न गतिविधियों में उन्हें और अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। हासन ने यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस पहल का मकसद महिलाओं को पार्टी में अग्रणी भूमिका देना है। उन्होंने कहा, इसके लिए नए मय्यम महिला कार्य बल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से महिला पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के लोग जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, जो पार्टी से नहीं जुड़े हैं बल्कि लोक कल्याण में रुचि रखते हैं और तमिलनाडु के हैं वे साथ मिलकर काम कर सकते हैं। इस बीच हासन ने अन्ना विश्वविद्यालय के कुलपति एम के सुरप्पा को समर्थन दिया। सुरप्पा, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों के चलते सरकारी जांच के दायरे में हैं।

## केबीसी में विशेषज्ञ बनकर आएंगे सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार

**पटना।** सुपर 30 के संस्थापक और मशहूर गणितज्ञ आनंद कुमार सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति के सोमवार को आने वाले एपिसोड में विशेषज्ञ के रूप में नजर आएंगे। सुपर 30 ने एक बयान में कहा कि केबीसी के 51वें, 61वें और 62वें एपिसोड में वह विशेषज्ञ के रूप में शिरकत करेंगे। इस शो के प्रस्तोता अभिनेता अमिताभ बच्चन हैं और इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों की मदद के लिए प्रत्एक एपिसोड में एक विशेषज्ञ भी होते हैं, जो एक लाइफलाइन के तहत प्रत्एक प्रतिभागी के एक सवाल का जवाब दे सकते हैं।

## गूगल असिस्टेंट की मदद से हंगामा म्यूज़िक पर अपने पसंदीदा गानों का आसानी से आनंद लीजिए

उपयोगकर्ता अब गूगल असिस्टेंट की मदद से देश के सबसे बड़े म्यूज़िक स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्मों में से एक हंगामा म्यूज़िक की लाइब्रेरी में उपलब्ध विभिन्न भाषाओं एवं विभिन्न शैलियों के गीत.संगीत के विशाल संग्रह का बेहद आसान तरीके से आनंद ले सकते हैं। गूगल असिस्टेंट सेवा को सपोर्ट करने वाले स्मार्टफ़ोन और गूगल नेस्ट स्मार्ट स्पीकर पर अपनी आवाज़ में आदेश देकरए उपयोगकर्ता बेहद सरल तरीके से अपने पसंदीदा गाने सुन सकते हैं। इस सुविधा के जरिए उपयोगकर्ता गूगल असिस्टेंट को अपनी आवाज़ में किसी भी गानेए प्लेलिस्टए एलबमए विशिष्ट कलाकारों के गानेए या फिर किसी भी शैली अथवा अवसरों और त्योहारों के लिए गाने चलाने का आदेश दे सकते हैं। अपनी आवाज़ में आदेश देकर पसंदीदा गानों को सुनने की यह सुविधाए उपयोगकर्ताओं को अपने हाथों का इस्तेमाल

किये बिना किसी गाने को चुनने या बदलने की सुविधा देती है । इससे उन्हें अपनेबाकी काम को जारी रखने की आज़ादी मिलती है। उपयोगकर्ता अब अपने हंगामा म्यूज़िक अकाउंट को गूगल होम ऐप से लिंक कर सकते हैं और इसके बाद हंगामा म्यूज़िक लाइब्रेरी पर देश.विदेश की 20 से ज्यादा भाषाओं में 1०5 करोड़ से अधिक गीतों का आनंद ले सकते हैं। वे हंगामा म्यूज़िक को अपनी डिफ़ॉल्ट म्यूज़िक स्ट्रीमिंग सेवा भी बना सकते हैंए जिसके बाद गूगल असिस्टेंट को आदेश देते समय उन्हें संगीत सेवा प्रदाता का नाम बताने की भी जरूरत नहीं होगी। हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओए श्री सिद्धार्थ रॉय ने गूगल के साथ इस जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहाए श्विगत दो वर्षों के दौरान एआई की सुविधा वाले उपकरणों का बड़े पैमाने पर प्रसार हुआ है। और पिछले 6 महीनों के दौरान घर से काम करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी की वजह से इस तरह के उपकरणों की लोकप्रियतामें भी काफी वृद्धि हुई है। हम उम्मीद करते हैं किए अगले 12 महीनों के दौरान ऐसे उपकरणों के माध्यम से गीत.संगीत सुनने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में लगभग 2०5 गुना की बढ़ोतरी होगी। हम एआई उपकरणों के इस परिवेश में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में सक्रियतापूर्वक काम कर रहे हैंए और गूगल के साथ इस सहयोग पर हमें बेहद ख़ुशी हो रही है। हमें पूरा यक़ीन है कि उनके उपयोगकर्ताओं को भी हंगामा म्यूज़िक पर उपलब्ध गीत.संगीत का यह विशाल संग्रह बेहद पसंद आएगाए और अब वे बेहद सरल तरीके से इसका आनंद ले सकेंगे।श श्री सौरभ आर्यए हार्डवेयर बिज़नेस डेवलपमेंट लीड ;भारत एवं दक्षिण एशियाद्धए गूगलए ने कहा नेस्ट ऑडियो और नेस्ट मिनीए आपको अपने हाथों का इस्तेमाल किए बिना ही घर के किसी भी कमरे से गूगल असिस्टेंट की सुविधा का लाभ उठाने में मदद करते हैं।



गोरखपुर में एक कार्यक्रम में अभिनेता और सांसद रवि किशन, अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और अभिनेता-गायक दिनेश लाल यादव

## नीतू कपूर और और वरुण धवन कोविड-19 से संक्रमित हुए



**मुम्बई।** गुजरे जमाने की अभिनेत्री नीतू कपूर और अभिनेता वरूण धवन शुक्रवार को चंडीगढ़ में जांच में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। दोनों ही चंडीगढ़ में अनिल कपूर और कियारा आडवाणी के साथ अपनी आगामी फिल्म जुग जुग जियो की शूटिंग कर रहे थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार नीतू (62) बेटे रणबीर कपूर द्वारा जरूरी इंतजाम किए जाने के बाद अब मुम्बई लौट रही हैं। सूत्र ने कहा, वह आज जांच में कोविड-19 संक्रमित पाई गईं। इसलिए रणबीर ने उन्हें वापस लाने के लिए एयर एंबुलेंस का इंतजाम किया। यदि वह यहां रहेंगी तो उनका उचित रूप से अस्पताल में पृथक इंतजाम होगा, अन्यथा वह चंडीगढ में अकेली हो जातीं। धवन और फिल्म के निर्देशक राजमेहता ने चंडीगढ़ में पृथक-वास में रहने का निर्णय लिया। मेहता भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। सूत्र ने कहा, वरूण और निर्देशक भी संक्रमित पाए गए लेकिन दोनों ने वहीं ठहरने का निर्णय लिया। अनिल कपूर ने ट्वीट करे इन अटकलों को खारिज किया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं।